शनि मन्त्री हो तो शासकों में विनम्रता का अभाव रहे। शासकों के कठोर एवं निर्दयतापूर्ण व्यवहार से जनता में दुःख और असन्तोष की भावना रहे। मेघों से पर्याप्त वर्षा न हो मनुष्यों में सुख और धन का अभाव रहे।

सस्येश चन्द्र फलम् -

सस्याधिपे शीतकरे प्रजासुखं मेघ पयो मुञ्चति गोपगोधुक्।
देवद्विजाराधनतत्परा नृपा धरा भवेद्धान्य धनौघ पूर्णा।।

यदि चन्द्रमा सस्येश हो तो प्रजा सुखी रहे। वृष्टि पर्याप्त मात्रा में हो। दूध आदि पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हों। शासक वर्ग तथा संभ्रान्त वर्ग देव-द्विजों की उपासना तथा सम्मान करें। पृथ्वी पर धन-धान्य अधिक हों।

धान्येश प. धा. सूर्य फलम् -

पश्चाद्धान्याधिपे सूर्ये पश्चाद्धान्यं तदा नहि।
विग्रहं भूभृतां धान्यं महर्घं ज्वरपीडनम्।।

सूर्य के धान्येश होने से शीतकाल की फसलें अल्प मात्रा में होती हैं। शासकों में परस्पर विग्रह हो, अन्न महंगा हो। जनता ज्वर आदि की रोग पीड़ा से ग्रस्त हो।

मेघेश शुक्र फलम् -

भृगुसुतो जलदस्य पतिर्यदा जलमुचो जलदादि विशोभनाः।
धन-निधानयुता द्विजपालकाः नृपतयो जनता सुखदायकाः।।

शुक्र मेघेश हो तो मेघ पर्याप्त वर्षा करते हैं। शासक वर्ग विप्रो और विद्वानों की सेवा करें तथा धर्मपरायण होकर जनता की सुख समृद्धि की बढ़ोतरी करे।

रसेश बुध फलम् -

रसपतौ द्विजराजसुते मही सुलभधान्य घृतादियुता जनाः।
प्रमुदिताः वरनायक पालिता बहुजलाखिल देशसुरक्षिताः।।

बुध के रसेश होने से अन्न, घी पर्याप्त मात्रा में सुलभ हो। वर्षा पर्याप्त परिमाण में उचित समय पर हो। जननायक, नेतावर्ग शासन को सुचारू रूप से चलायें तथा राष्ट्र को सुरक्षित रखें।

नीरसेश चन्द्र फलम् -

शुक्ल वर्णादिवस्तूनां मुक्तारजत वाससाम्।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत शशांके नीरसा धिपे।।

नीरसेश चन्द्रमा हो तो सफेद रंग की वस्तुएं, चांदी, मोती और वस्त्र महंगे हों।

फलेश शुक्र फलम् -

यदि फलस्य पतौ भृगुजे धरा मृदु कुमार महीरुहराशयः।
बहुफला नरनाथसुभोगदा द्विजवराः श्रुतिपाठ परायणाः।।

शुक्र फलेश हो तो भूमि पर कोमल घास, शाक, पुष्पों, फलों की फसलें अधिक हों। शासकों को विशेष भोग्य पदार्थ प्राप्त हो। धर्म परायण लोग, वेद पाठ, धार्मिकता की ओर अधिक प्रवृत्त हों।

धनेश चन्द्र फलम् -

धनपतिर्मृगलांछनको यदा रसचय क्रय विक्रय तो धनम्।
वसनशालि सुगंध रसं बहुद्रविणतैल घृतं नृप सौख्यदम्।।

चन्द्रमा धनेश हो तो क्रय-विक्रय में धन संग्रह हो। व्यापार में पर्याप्त लाभ हो। वस्त्र, चावल, घी-तैल, सुगन्धित पदार्थ, रसादि वस्तुओं के व्यापारी विशेष लाभान्वित हो। शासक वर्ग सुख सुविधा से सम्पन्न रहे।

दुर्गेश शुक्र फलम् -

नगर देश विशेषपतिर्यदा भृगुसुतो बहुसौख्यकरो मतः।
विनयवाणिजगेह समः सुखोनगवने निकटेऽपि च दूरतः।।

शुक्र दुर्गेश हो तो शासकों को अनेक प्रकार की सुख सुविधा उपलब्ध हो। व्यापारी सुखी रहें। नगरों और पर्वतों-वनों में समान सुख मिले।

वर्षनाम ज्येष्ठ का फलम् -

ज्येष्ठे जातिकुलधनश्रेणीश्रेष्ठा नृपाः सधर्मज्ञाः।
पीड्यन्ते धान्यानि च हिंत्वा कडगुं शमीजातिम्।।

ज्येष्ठ नाम संवत्सर में अच्छे कुल में उत्पन्न, अति धनी, बहुतों में प्रधान, शासक लोग, धर्म को जानने वाले और कंगनी तथा शमी के अतिरिक्त सब धान्य पीड़ित होते हैं।

चतुर्मेघ - इस वर्ष **'द्रोण'** नाम का मेघ है।

'द्रोणे वर्षति सर्वदा' के अनुसार वर्षा विपुल परिमाण में होगी। जलप्लावन, अतिवृष्टि के कारण कुछ स्थलों पर क्षति होगी।

महीशाः स्वसंपत्तिवृद्ध्या समेताः समस्ता मही भूरिधान्येनयुक्ता।
यदा जायते द्रोणनामा पयोदस्तदा देवराजो भवेत्सत्प्रयोदः।।

द्रोण मेघ होने से राजकोष भरे रहें। समस्त पृथ्वी पर धन-धान्य बहुत हों तथा वर्षा भी अच्छी मात्रा में हो।

नवमेघ - नवमेघों में इस वर्ष **'नील'** नाम का मेघ है।

सत्पयोदिशतिगोकुल पूर्णा वस्त्राखिल मही परिपूर्णा।
नीलनाम्निजलदे जलवृष्टिर्जायते सकल मानव तुष्टिः।।

नील नाम का मेघ हो तो वर्षा उत्तम व पर्याप्त मात्रा में हो। जनता समृद्ध और सुखी हो। दूध पर्याप्त परिमाण में उपलब्ध हो। रुई-कपास आदि अधिक हो।

द्वादश नाग - इस संवत्सर में **'वज्रदंष्ट्र'** नाम का नाग है।

यत्र संवत्सरे नागो वज्रदंष्ट्राभि धानकः।
तत्रांबुवर्षणं नैव सर्वसस्य विनाशनम्।

वज्रदंष्ट्र नाग हो तो उस वर्ष जल नहीं बरसे और फसलें सूख जाएं।

रोहिणी निवास - इस वर्ष रोहिणी निवास **'समुद्र'** पर है।

यदा पयोनिधिस्थलेगतोविरंचिभंतदा।
अतीववर्षणं भवेत्समस्त धान्य वर्द्धनम।।

समुद्र में रोहिणी के वास से अत्यन्त वर्षा होती है और सब अनाज फसलें बड़ी मात्रा में उत्पन्न होती हैं।

समय निवास - इस वर्ष समय का निवास **'माली'** के घर में है। इसके फलस्वरूप वर्षा अच्छी मात्रा में हो। पुष्प, शाक, सब्जी आदि पर्याप्त मात्रा में उत्पन्न होंगी।

समय वाहन - इस वर्ष समय वाहन **'मृग'** है। पृथ्वी पर वर्षा अधिक होगी। कुछ स्थानों पर जलप्लावन से क्षति की सम्भावना रहेगी। भूमि पर फल, पुष्प धान्य प्रचुर मात्रा में उत्पन्न होंगे।

वर्षा आदि के विश्वामान - वर्षा १५, धान्य ५, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ७, तृषा १३, निद्रा ९, आलस्य ५, उद्यम ५, शान्ति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उग्रत्व १३, पाप ११, पुण्य १५, व्याधि १३, व्याधिनाश ९, आचार ७, अनाचार ११, मृत्यु ७, जन्म १५, देशोपद्रव ३, देश स्वास्थ्य ७, चौर १३, चौरनाश ५, अग्नि १, अग्निशान्ति ३, उद्भिज १५, जरायुज ३, अण्डज ५, श्वेदज ७, टिड्डी ९, शुक १५, मूषक १९, स्वर्ण १५, ताम्र १३, स्वचक्र ११, परचक्र १३, वृष्टि १५, वृष्टि नाश ५, उत्पत्ति विश्वा ८७, खपति विश्वा ९६, सम्वत् विश्वा २०, सोमवती अमावस्या ०।

वर्ष स्तम्भ चतुष्टय विचार - इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का योग ३ प्रतिशत है। जलस्तम्भ का परिमाण नगण्य है। अनेक क्षेत्रों में जल का अभाव अनुभव हो सकता है। भूमिगत जल का स्तर कुछ क्षेत्रों में नीचा जा सकने की सम्भावना रहेगी। पेयजल की आपूर्ति में बाधा तथा कमी अनुभव हो सकती है। वैशाख शुक्ल

२९

प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का योग लगभग २० प्रतिशत है। तृण स्तम्भ दुर्बल है। यद्यपि तृण स्तम्भ का परिमाण अल्प है किन्तु अन्य कारकों रोहिणी वास, चतुर्मेघ, नवमेघ विचार, समय वाहन आदि के विचार से क्षतिपूर्ति की सम्भावना है तथापि शासन को पशुओं के चारे की समुचित व्यवस्था पहले से कर लेना हितावह होगा। ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का योग ५४ प्रतिशत है। वायु स्तम्भ लगभग आधा बना है। वर्षा काल में मेघ संचालन उचित परिमाण में होगा तथा वर्षा के अनुकूल स्थिति निर्मित होगी। कुछ स्थानों पर झंझावात से हानि की सम्भावना रहेगी। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का योग ४२ प्रतिशत है। अन्न स्तम्भ लगभग आधा बना है। अन्नोत्पादन आशा के अनुरूप नहीं होगा। फसलों की हानि के कारण अनाज महंगे होंगे। कहीं अतिवृष्टि, कहीं अल्पवृष्टि के कारण अन्नोत्पादन में कमी का अनुभव होगा तथा खाद्यान्नों की मूल्यवृद्धि से सामान्य जनता को कष्ट होगा। प्रशासन के लिए समय रहते उचित व्यवस्था कर लेना हितावह होगा।

आर्यमान चतुष्टय विचार (राष्ट्र रक्षा के चार स्तम्भ) - वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को रोहिणी नक्षत्र का योग १३ प्रतिशत है। गत संवत्सर की पौष कृष्ण अमावस्या को मूल नक्षत्र का योग ३५ प्रतिशत है। श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का योग नहीं होने से इस आर्यमान का अभाव है। कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का योग ८८ प्रतिशत है। चारों आर्यमानों का तत्सम्बन्धी नक्षत्रों से मध्यम योग ३४ प्रतिशत बना है। चारों आर्यमानों का मध्यम मान लगभग तृतीयांश बनने से राष्ट्र रक्षा के सन्दर्भ में शासन को सतर्क- सचेत रहना अति आवश्यक है। यह खेद का विषय है कि वर्तमान काल के शासक वर्ग के मन में शत्रु पड़ौसियों से तथाकथित फैशनेबल 'परस्पर विश्वास निर्माण के उपाय' ढूंढने की निरर्थक प्रवृत्ति अनावश्यक रूप से विद्यमान है। इसका मूल कारण राष्ट्र रक्षा की अवहेलना करके वोट बैंक को सुदृढ़ करना है जिसकी परिणति शत्रु देशों द्वारा 'विश्वासघात' के रूप में सामने आ सकती है। शासन को अपने गुप्तचर तन्त्र को समय रहते सबल सक्रिय करके देश में अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों पर अंकुश लगाना समयोचित होगा। आतंकवाद का समय रहते शमन करने के लिए देश के सशस्त्र बलों को खुला हाथ देना श्रेयस्कर होगा अन्यथा दुष्परिणाम प्रकट हो सकते हैं। प्राकृतिक विपत्तियों से निबटने के लिए आपदा-प्रबन्धन तन्त्र को सबल और सक्रिय करना देश हित में आवश्यक है।

अधिक मास - विक्रम संवत् २०६४ में ज्येष्ठ अधिक मास है। **'द्वि ज्येष्ठे नृप विग्रहः'** के अनुसार ज्येष्ठ अधिक मास होने से शासकों में परस्पर विरोध व राज्य विग्रह होता है।

गुरुचार :- विगत विक्रम संवत् २०६३ कार्तिक शु. ५, दि. २७ अक्टूबर २००६ ई. को मूल नक्षत्र और धनु राशि में स्थित चन्द्रमा के समय 'गुरु' २२ घं. १८ मि. पर वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होकर वर्तमान वि. सं. २०६४ में कार्तिक शु. ११, दि. २२ नवम्बर २००७ ई. तक संक्रमण करेगा।

वृश्चिक राशि के गुरु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	रोग, शोक	यशोवृद्धि	पीड़ा	सुख	वैर हानि	धन लाभ	पीड़ा	भय	धन लाभ	क्लेश, अशान्ति	धन हानि	सुख, लाभ

वृश्चिक राशि में गुरु के संक्रमण का फल -

वृश्चिके च गुरुर्यातो दुर्भिक्षं तत्र जायते।
स्वल्पवृष्टिर्भवेतत्र भूर्युता नरकिल्बिषैः॥

गुरु के वृश्चिक राशि में संक्रमण होने से दुर्भिक्ष, अल्पवर्षा तथा अनेक प्रकार के पाप, उपद्रव होते हैं।

कार्तिक शु. ११, दि. २२ नवम्बर २००७ ई. को रेवती नक्षत्र और मीन राशि में स्थित चन्द्रमा के समय गुरु ५ घं. ४ मि. पर धनु राशि में प्रविष्ट होकर संवत् के अन्त तक वहीं संक्रमण करता रहेगा।

धनु राशि के गुरु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	लाभ सुख	हानि, रोग	सुख सम्मान	पीड़ा	सम्मान सुख	वैर, हानि	धन लाभ, सुख	पीड़ा, भय	भय	धन लाभ	क्लेश, अशांति	धन हानि

धनु राशि में गुरु के संक्रमण का फल -

धन राशि स्थिते जीवे गोधूमादि महर्घता।
वर्षाकाले भवेत्तत्र समर्घं च तिलं गुडम्॥

धनु राशि में गुरु का संक्रमण होने से वर्षा काल में गेहूं महंगे हों और तिल तथा गुड़ सस्ते होते हैं।

भद्रबाहु संहिता के अनुसार धनु राशि के गुरु में मार्गशीर्ष संवत्सर होता है। इसमें वर्षा अधिक होती है। सोना, चांदी, अनाज, कपास, लोहा, कांसा आदि सभी पदार्थ सस्ते होते हैं। मार्गशीर्ष से ज्येष्ठ तक घी कुछ महंगा रहता है। चौपायों से अधिक लाभ होता है, इनका मूल्य बढ़ जाता है।

शनि की दृष्टि:- वर्षारम्भ में शनि वक्री होकर कर्क राशि में संक्रमण कर रहा है। यह २० अप्रैल को मार्गी होगा तथा आषाढ़ शु. १ दि. १६ जुलाई २००७ ई. को सिंह राशि में प्रविष्ट होकर वर्ष के अन्त तक इसी राशि में रहेगा। इस संवत्सर में शनि वक्री तथा मार्गी होकर कर्क तथा सिंह राशियों में संक्रमण करेगा तथा इसकी दृष्टि दक्षिण दिशा पर होगी। शनि की दक्षिण दिशा पर दृष्टि होने से भारत के दक्षिणी क्षेत्रों में प्राकृतिक विपत्तियों, जलप्लावन, चक्रवात, झंझावात आदि तथा आतंकवाद, हिंसा, अराजकता के कारण व्यापक हानि की संभावना रहेगी।

कर्क राशि में प्रविष्ट शनि का फल :- गत वर्ष माघ कृ. ७ बुधवार दि. १० जनवरी २००७ ई. को हस्त नक्षत्र कन्या राशिस्थ चन्द्रमा के काल में वक्री शनि १८ घं. ३ मिनट पर कर्क राशि में प्रविष्ट होकर वि. सं. २०६४ आषाढ़ शु. १ दि. १६ जुलाई २००७ ई. तक संक्रमण करेगा।

वक्र गति से कर्क राशि में प्रविष्ट शनि का फल

राशि	ढैय्या या साढ़ेसाती	अंग	प्रारम्भ या समाप्ति	पाद	फल
मिथुन	साढ़ेसाती	पैर	समाप्ति	लौह	अधिक परिश्रम, धनहानि, रोग व शत्रुओं से पीड़ा
कर्क	साढ़ेसाती	हृदय	मध्य	ताम्र	सामान्य फल, धन लाभ, मानसिक चिंता।
सिंह	साढ़ेसाती	मस्तक	आरम्भ	रजत	शुभ कार्यों में व्यय, व्यवसाय में प्रगति, परिवार में विरोध।
धनु	ढैय्या	-	-	ताम्र	धन लाभ, शत्रुओं से विरोध।
मेष	ढैय्या	-	-	स्वर्ण	यात्रा, परिवारजनों से विवाद, धन लाभ।

विक्रम संवत् २०६४ में आषाढ़ शु. १, दि. १६ जुलाई २००७ ई. को आश्लेषा नक्षत्र एवं कर्क राशि के चन्द्रमा के काल में ४ घं. ३८ मि. पर शनि सिंह राशि में प्रविष्ट होकर वर्षान्त तक वहीं संक्रमण करता रहेगा।

साढ़ेसाती में शनि का अरिष्ट फल प्रत्येक राशि के लिए इस प्रकार है- मेष राशि के व्यक्तियों को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ, वृष को प्रथम अढाई वर्ष, मिथुन को अंत के अढाई वर्ष और कर्क को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ हैं। सिंह को पहले पांच वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। कन्या को प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी बीच के अढाई वर्ष विशेष अशुभ और तुला को अंत के अढाई वर्ष विशेष अनिष्ट कारक हैं।

सिंह राशि के शनि का फल

राशि	ढैय्या या साढ़ेसाती	अंग	प्रारम्भ या समाप्ति	पाद	फल
कर्क	साढ़ेसाती	पैर	समाप्त	सुवर्ण	अधिक परिश्रम, कार्यों में सफलता, सम्मान वृद्धि, आर्थिक लाभ उत्तम
सिंह	साढ़ेसाती	हृदय	-	लौह	आर्थिक हानि, अशान्ति, क्लेश, विवाद
कन्या	साढ़ेसाती	शिर	आरम्भ	सुवर्ण	सामान्य शुभफल, आर्थिक लाभ, कार्यों में सफलता
मकर	ढैय्या	-	-	ताम्र	सामान्य फल, धन लाभ, व्यवसाय में उन्नति
वृष	ढैय्या	-	-	ताम्र	सामान्य शुभ फल, कुटुम्ब का सुख, व्यवसाय में उन्नति

वृश्चिक को अन्तिम पांच वर्ष अशुभ, उसमें भी बीच के अढाई वर्ष विशेष नेष्ट हैं। धनु को आरंभ के अढाई वर्ष, मकर को प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी पहले के अढाई वर्ष विर्शेष अशुभ हैं। कुम्भ को आरंभ और अंत के पांच वर्ष, उस कालावधि में अंत के अढाई वर्ष अधिक नेष्ट हैं। मीन को पूरे साढ़ेसात वर्ष उसमें भी अन्तिम अढाई वर्ष विशेष अशुभ फलदायक होते हैं।

जिनकी कुंडली में शनि शुभ फलप्रद हो तथा दशान्तर्दशा भी शुभ चल रही हो उनके लिए शनि का अशुभ फल कम होगा। जन्मकुंडली में चन्द्र शनि अशुभ ग्रहों से युक्त अशुभ स्थानों में हों तो साढ़ेसाती और ढैय्या चिन्ता, पीड़ा, धन-हानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, कलह पशु पीड़ा, धन खर्चा एवं हानि आदि नेष्ट फलप्रद होती है। शनि के अनिष्ट फल निवारणार्थ तैल-छायापात्र का दान, शनि मंत्र का जप, दशांश हवन व श्रीहनुमानजी की पूजा, अभिषेक, तैलयुक्त सिन्दूर समर्पण कर भक्तिपूर्वक शनिवार का व्रत, सप्तधान्य दान, प्रात: शनिवार को पीपल का पूजन करने से शनि का अनिष्ट फल निवृत होता है। साढ़ेसाती, ढैय्या का विचार जन्मकालीन स्पष्ट चन्द्रमा के अंशों से करना चाहिए। केवल राशि से साढ़ेसाती का विचार स्थूल है।

महर्षि पिप्पलाद के बतलाये हुए शनि के दशनाम स्तोत्र का स्नानादि के बाद नित्य प्रात:काल पाठ करने से शनि की साढ़ेसाती और ढैया की पीड़ा नष्ट हो जाती है। अनुभूत है और शनि पीड़ा निवारण का अत्यन्त सरल अचूक उपाय है। *पिप्पलाद उवाच*-

नमस्ते कोणसंस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तुते। नमस्ते बभ्रुरुपाय कृष्णाय नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चांतकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो।।
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तुते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च।।

राहु काल

भारत के दक्षिणी प्रदेशों में इस काल की विशेष मान्यता है। वहां के लोग इस काल में कोई भी शुभ कार्य नहीं करते। विशेषकर नवीन कार्यारम्भ के समय इस काल को टाल देना उचित मानते हैं तथा राहु काल का विशेष विचार करते हैं। यह काल प्रत्येक स्थान के स्थानीय समयानुसार प्रत्येक वार के लिए क्रमश: निम्नलिखित है :

	घं. मि.		घं. मि.	
सोमवार को स्थानीय समयानुसार प्रात:	७।३०	से	९।००	तक
मंगलवार को स्थानीय समयानुसार अपरान्ह	१५।००	से	१६।३०	तक
बुधवार को स्थानीय समयानुसार मध्यान्ह	१२।००	से	१३।३०	तक
गुरुवार को स्थानीय समयानुसार अपरान्ह	१३।३०	से	१५।००	तक
शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार प्रात:	१०।३०	से	१२।००	तक
शनिवार को स्थानीय समयानुसार प्रात:	९।००	से	१०।३०	तक
रविवार को स्थानीय समयानुसार सायं	१६।३०	से	१८।००	तक

राहुचार- विगत विक्रम संवत् २०६३ में कार्तिक कृ. ६, गुरुवार दि. १२ अक्टूबर २००६ ई. को मृगशिरा नक्षत्र और मिथुन राशि में स्थित चन्द्रमा के समय राहु ७ घं. ३९ मि. पर कुम्भ राशि में प्रविष्ट होकर वर्षान्त तक वही संक्रमण करेगा।

कुम्भ राशि के राहु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	सुख, सौभाग्य	विवाद, कष्ट	धन हानि	धन लाभ	रोग भय	पीड़ा	भाग्योदय	यशलाभ	द्रव्य लाभ	विवाद	भय, कष्ट	मानहानि

जगत् लग्न

वैशाख कृष्ण एकादशी शनिवार दिनांक १४ अप्रैल सन् २००७ ई. को दिन के १२ बजकर २८ मिनट पर कर्क लग्न के समय सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेगा। लग्न में अष्टम स्थान का अधिपति शनि स्थित है एवं लग्न का स्वामी ग्रह अष्टम स्थान में राहु एवं भौम के साथ स्थित है। इससे लग्न एवं लग्न का स्वामी ग्रह दोनों ही पीड़ित हैं। अत: यह वर्ष विश्व शान्ति के लिए अशुभ फलदायक है। द्वितीय भाव में केतु स्थित है। द्वितीयेश उच्च का है किन्तु द्वितीयेश पर शनि की दृष्टि भी है तथा द्वितीय भाव पर भौम की दृष्टि भी है इसके प्रभाववश कुछ राष्ट्रों की आन्तरिक स्थिति बिगड़ेगी तथा आतंकवादी कुछ बड़ी 'विध्वंसक घटनाओं' को मूर्त्तरूप देने में सफल होंगे। जिसके फलस्वरूप जन-धन की भारी हानि होगी। तृतीयेश नीच राशि का होकर स्थित है अत: कुछ राष्ट्रों का अपने पड़ौसियों से सम्बन्धों में गतिरोध उत्पन्न होगा। चतुर्थ भाव का अधिपति लाभ भाव में अपने घर स्थित है। चतुर्थ भाव कृषि भूमि एवं कृषि की उपज को दर्शाता है। कृषि उत्पादन पर्याप्त होगा एवं कृषि भूमि का विश्व स्तर पर विकास होगा। पंचम भाव का अधिपति अष्टम भाव में स्थित है तथा रिपुभाव का स्वामी पंचम भावस्थ होने से बाल मृत्युदर में वृद्धि करने वाला है तथा रोगों की अधिकता होगी एवं शिक्षा का विकास-विस्तार मन्द गति से होगा। अष्टम स्थान में राहु तथा भौम की स्थिति कुछ राष्ट्रों की आर्थिक स्थिति को बिगाड़ देगी तथा इसके फलस्वरूप आन्तरिक अशान्ति, मंहगाई में भारी वृद्धि होगी तथा जन असन्तोष बढ़ेगा। मंहगाई के विरुद्ध प्रदर्शन होगा। शनि-मंगल का षड्ष्टक योग विश्वशान्ति के लिए भारी विपरीत स्थिति दर्शाता है। बड़ी दुर्घटनाएं होंगी। नवम भाव का स्वामी पंचम भावस्थ है तथा तृतीयेश-द्वादशेश नीच का होकर नवमस्थ है। धर्म-विश्वराजनीति का मुख्य भाग रहेगा। धर्म मुख्यतया वैमनस्य बढ़ायेगा। बुध नीति निर्धारक ग्रह है वह नीच का है तथा धर्म भावस्थ है अत: धर्म का स्वार्थ सिद्धि के लिए उपयोग होगा। दशम भाव राज्य-शासक-शासन की स्थिति को दर्शाता है। दशमभाव का स्वामी अष्टम भाव में राहु के साथ स्थित है। दशम भाव पर शनि की दृष्टि भी है। इसके प्रभाव से कुछ राष्ट्रों में सत्ताशीर्ष में परिवर्तन होगा तथा कहीं बल प्रयोग (क्रान्ति) से भी शासक को सत्ताच्युत किया जाने का ग्रह स्थिति संकेत दे रही है। रूस, स्वीडन, बलूचिस्तान, पाकिस्तान, ब्रिटेन, जर्मनी, पोलैण्ड, अमेरिका, अफ्रीका, हालैण्ड, भारत, अफगानिस्तान आदि देश उपरोक्त ग्रह स्थितियों के कुप्रभाव से विशेष रूप से प्रभावित होंगे। सप्तम भाव का विचार महिलाओं के सन्दर्भ में करने पर स्पष्ट है कि जो ग्रह सप्तमेश है वही ग्रह अष्टमेश भी है इसके प्रभाव से महिलाओं पर अत्याचार कि घटनाओं में कमी नहीं होगी एवं तलाकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। पंचमेश अष्टम में है अत: भ्रूणहत्या की संख्या में भारी वृद्धि लिंग-भेद के कारण होगी। द्वादश भाव का स्वामी नीच का होने से कुछ राष्ट्रों की विदेश नीति त्रुटिपूर्ण, भेदभावपूर्ण होने से भी विश्वशान्ति के लिए अवरोध उत्पन्न होगा। लग्न का शनि, दशम में उच्च का रवि तथा शनि-मंगल का षडष्टक किसी बड़े सैनिक टकराव या किसी राष्ट्र के विरुद्ध सैनिक कार्यवाही का संकेत दे रहा है।

जगत लग्न कुण्डली

श. ४
के. ५
३
६
शु. २
सू. १
७
१०
गु. ८
बु. १२
९
११ रा.चं.मं.

जगत लग्न की ग्रह स्थिति के अनुसार कर्कस्थ शनि लग्न में स्थित है तथा उसकी दशम दृष्टि मेषस्थ सूर्य पर पड़ रही है। शनि से पंचम भाव में वृश्चिकस्थ गुरु लग्न से

नवम पंचम योग बनाकर शनि पर पूर्ण दृष्टि डाल रहा है। गुरु नीचस्थ बुध पर भी अपना दृष्टि प्रभाव डाल रहा है। वक्री गुरु शुक्र से दृष्ट है। अष्टमस्थ चन्द्रमा पापी राहु व क्रूर मंगल से युत होकर केतु से दृष्ट है। विश्व के अधिकतर देश जो मेष राशि से प्रभावित होंगे, उन राष्ट्रों में शासक वर्ग के स्वेच्छाचार को वहाँ की नियामक संसद का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग सत्तारूढ़ों की अनुशासनहीनता व अराजकता के कटु अनुभव प्राप्त करेंगे अर्थात् उन्हें शासनतन्त्र पर अपनी पकड़ ढीली होती अनुभव होगी। विश्व में श्रमिक वर्ग तथा कृषक वर्ग हड़ताल, तालाबन्दी, आन्दोलन आदि के द्वारा अपना दबाव शासन पर बनाने का प्रयास करेगा। विश्व में जन्म दर से अधिक अनुपात में मृत्युदर, आत्महत्याएं या रक्तपात जनित नरसंहार का परिमाण बढ़ता दिखाई देगा। संसार के कुछ प्रमुख राष्ट्रों के ध्वज शोक से अवनत होंगे। विश्व व्यापार एक आकस्मिक मन्दी की स्थिति से गुजरेगा। प्राकृतिक आपदाओं, भूकम्प, जलप्लावन, अग्निकांड आदि के कारण स्थिति भयावह होगी। लगभग समस्त विश्व जेहादी आंतक का सामना करेगा। धर्मान्धता, छल-कपट, विश्वासघात का तांडव जनता को त्रस्त करेगा। नये किस्म के मानसिक व शारीरिक रोग व्याधियाँ जिनका निदान व उपचार वर्तमान आयुर्विज्ञान की क्षमता से बाहर होगा, प्रकट होकर जनता को ग्रसित करेंगी। कुछ परामानसिद्ध शक्तियों द्वारा प्रेरित घटनाएं भी घटित होंगी, जिनके औचित्य को वर्तमान विज्ञान अपने दम्भपूर्ण असत्य पर आधारित कुतर्क देकर नकारने का प्रयास कर जनता की दृष्टि में अपने आपको हास्यास्पद स्थिति में खड़ा करेगा। स्त्री वर्ग में कहीं-कहीं अध्यात्मिक जागृति के लक्षण स्पष्ट दिखाई देंगे। विश्व के शासक वर्ग से सम्बन्धित अधिकांश नेता किंकर्त्तव्यविमूढ़ावस्था में दिखाई देंगे अतः किसी निर्णयात्मक स्थिति में अपने आपको न पा सकेंगे। इस दिग्भ्रम में फंसे हुए उन शासकों के निर्णय उनके लक्ष्य प्राप्ति में बाधक होंगे। जहाँ संयत शान्तचित रहने की आवश्यकता होगी वहाँ वह लोग जड़ता, अनिर्णय की हालत में अपने को असहाय पायेंगे। उक्त जड़ता से मुक्ति के प्रयास में वह अपना मानसिक संतुलन बिगड़ता पायेंगे। उनका निर्णय उत्तेजनात्मक होगा जो उन्हें लक्ष्य भ्रष्ट करने में समर्थ होगा।

स्काटलैण्ड, हालैण्ड, न्यूजीलैण्ड, उत्तर पश्चिमी अफ्रीकी क्षेत्र, मारिशस आदि देशों में प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि की स्थिति न्यूनाधिक बनी रहेगी। उग्रवाद की समस्याओं से भी यह क्षेत्र पीड़ित रहेगा। इन क्षेत्रों में शीर्षस्थ लोग चाहते हुए भी अपनी जनता को त्राण प्रदान करने में असहाय अनुभव करेंगे।

जापान, इग्लैण्ड, जर्मनी, पोलैण्ड, सीरिया, डेनमार्क, फिलिस्तीन आदि के क्षेत्रों में शासकवर्ग, आन्तरिक व बाह्य समस्याओं से निरन्तर जूझते रहेंगे। अन्त में आशिंक सफलता भी उन्हें प्राप्त होगी। व्यापार, आयात-निर्यात की स्थिति कोई अधिक सन्तोषजनक न होगी। श्रमिक वर्ग तथा कृषक वर्ग में असन्तोष की भावना समय-समय पर प्रकट होती रहेगी। धर्मान्धता के झंझावात से यह क्षेत्र प्रभावित हुए बिना न रहेंगे।

संयुक्त राज्य अमेरिका, बेल्जियम, इजिप्ट, नार्वे, आरमेनिया आदि भूक्षेत्रों में रहने वाले लोग, आतंक, भय भ्रम की मानसिक यंत्रणा से पीड़ित रहेंगे। इन देशों की आर्थिक स्थिति पूर्ववत सुदृढ़ नहीं रहेगी। इन क्षेत्रों के शासक वर्ग में अनिश्चितता के मनोभाव कभी-कभी अति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होंगे। इस दुविधा की स्थिति से उबरने के प्रयास तथा इच्छाशक्ति कोई अधिक सहायक नहीं होगी। इन देशों की व्यापारिक व राजनैतिक सन्धियाँ कोई अवलम्बन प्रदान करने में समर्थ नहीं होगी।

भारत, अफगानिस्तान, बलगारिया, मोक्सिको, सीरिया, यूनान, बांगलादेश, अल्बानिया, बंगाल, पंजाब आदि भूखण्ड के क्षेत्र आर्थिक पक्ष से उत्तरोत्तर सुदृढ़ स्थिति में अग्रसर होंगे। राजनैतिक दृष्टि से अपने आपको अस्थिरता तथा आतंकवाद के झंझावातों से घिरे होने पर भी अपना अस्तित्व बचा पाने में सफल होंगे। अपने-अपने अर्थतन्त्र पर अकस्मात पड़ा बोझ झेलकर परस्पर अधिकाधिक सहयोग करने की भावना से प्रेरित रहेंगे।

अरब, रूस, अबीसिनीया, स्वीडन, पोलैण्ड आदि देशों के शासन तन्त्र नित्य, नवीन समस्याओं में अपने को उलझा पायेंगे। एक समस्या को सिर तोड़ परिश्रम कर सुलझा पाने से पहले नयी-नयी समस्याओं का अम्बार लगता देखेंगे। आर्थिक स्थिति के दृष्टिकोण से डांवाडोल हालात बने रहेंगे। इन क्षेत्रों में इतनी प्रतिकूल परिस्थिति के होते हुए भी विलासिता का दौर चलता दिखाई देगा। जनसाधारण में नैतिक व चारित्रिक पक्ष ढलान की ओर लुढ़कता दिखाई देगा। आस्ट्रेलिया, हंगरी, स्पेन, मेडागास्कर आदि के समीपवर्ती क्षेत्रों में विश्वव्यापी अनिश्चितता के दौर का प्रभाव दिखाई देगा, फिर भी उस अन्धकूप से निकलने का प्रयास यहाँ के शासक वर्ग निष्ठापूर्वक करते दिखाई देंगे। अन्ततः पर्याप्त सीमा तक अपने प्रयासों में सफल होंगे। टर्की, स्विटरजलैण्ड, वेस्टइंडीज, यूनान, पेलेस्टाईन, ईराक, फ्रांस, पाकिस्तान आदि भूक्षेत्र आर्थिक व व्यापारिक पक्ष से अपने को हीनतर स्थिति में पायेंगे इन देशों के अन्य राष्ट्रों से व्यापारिक सम्बन्ध भी इन्हें उबारने में आशिंक रूप से ही सफल हो पायेंगे। ऐसा प्रतीत होता है। तथापि कुछ इलैक्ट्रोनिक्स आदि के रोगी उद्योग येनकेन प्रकारेण चलते रहेंगे। वैसे भी इन देशों की सर्वाङ्गीण स्थिति स्थिर न होकर ढुलमुल रहेगी। आतंकवाद की भयावह अग्नि के ताप से यह क्षेत्र भी कुप्रभावित रहेंगे। प्राकृतिक दुर्घटनाओं की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

रूस, स्वीडन, भूतपूर्व रूसी गणराज्य के देश आदि भू-मंडल के क्षेत्र अपने आपको विचित्र सी असमंजस की स्थिति में पायेंगे। इस क्षेत्र की जनता मानसिक घुटन

सी अनुभव करेगी। ऐसा भय है कि यह मानसिक घुटन कहीं जनता के कण्ठ से विद्रोह व असन्तोष के स्वर न प्रस्फुटित करने लगे। इन क्षेत्रों के इस्लामी देश आतंकवाद की भयावह अग्नि के ताप से दग्ध हुए बिना न रह पायेंगे। आतंक की विचाराधारा के वाहक, इन क्षेत्रों की जनता के रोष व असहयोग के भागी बनने प्रारम्भ हो जाएंगे।

पुर्तगाल, अफ्रीकी सहारा स्थित भू-भाग में भी विश्व के अन्य क्षेत्रों में व्याप्त असन्तोष तथा आतंक की ज्वालाओं का ताप स्पष्टत: अनुभव किया जा सकेगा। शासकवर्ग अपने आपको इस आपत्ति से निकाल पाने में असमर्थ अनुभव करेगा।

आर्द्रा प्रवेश लग्न - शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी शुक्रवार दिनांक २२ जून सन् २००७ ई. को दिन के ३ बजकर २५ मिनट पर तुला लग्न के समय सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। वर्षा काल में सूर्य के आगे शुक्र-शनि, कुछ अवधि के लिए सूर्य के साथ बुध रहेगा। इसके प्रभाव से वर्षाकाल में अधिकांश भागों में वर्षा सामान्य होगी। कुछ भागों में बुध-शनि के प्रभाव से तेज वायु-तूफान के साथ वर्षा व ओलावृष्टि भी होगी। लग्न कुण्डली में मंगल केन्द्र में अग्नितत्त्व राशि में ही स्थित है इसके प्रभाव से कुछ पश्चिमी भागों में वर्षा में कमी सम्भव है। उत्तर एवं दक्षिणी भागों में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की सम्भावना है। वायव्य कोण के भागों में प्राकृतिक प्रकोपों अल्पवर्षण, अतिवर्षण, ओलावृष्टि, रोगों आदि से कृषि को अधिक क्षति होने की सम्भावना है। ईशान कोण के देशों में वर्षा सामान्य होगी तथा कृषि उत्पत्ति पर्याप्त होगी। आग्नेय कोण के भागों में यद्यपि कृषि का उत्पादन वर्षा होने से सामान्य होगा किन्तु कुछ भागों में कृषि की हानि भी होगी। नैऋत्य में असामान्य वर्षा कहीं अल्प कहीं अतिवर्षण होगा। इसी प्रकार उत्पादन कहीं सामान्य व कहीं-कहीं कृषि का उत्पादन सामान्य से कम होगा।

आर्द्रा प्रवेश लग्न

गु. ८ | चं. ६ | ९ | ७ | ५ के. | शु. श. ४ | १० | मं. १ | रा. ११ | बु. सू. ३ | १२ | २

शारदीयसस्य- शुद्ध ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी मंगलवार दि. १५ मई २००७ ई. को सूर्य वृष राशि में प्रात: ९ बजकर १९ मिनट पर प्रवेश करेगा। सूर्य के आगे शुक्र एवं पीछे चन्द्रमा है एवं बुध सूर्य के साथ स्थित है तथा गुरु की शुभ दृष्टि भी सूर्य पर है। अत: सूर्य पर शुभ ग्रहों का प्रभाव होने से शारदीयसस्य की उत्पत्ति पर्याप्त होगी। केन्द्र में राहु एवं केतु की स्थिति से कुछ भागों में प्राकृतिक प्रकोपों तथा रोगों से कृषि की कुछ हानि होगी किन्तु धान्य

शारदीयसस्य कुण्डली

शु. ३ | चं. १ | श. ४ | सू. बु. २ | मं. १२ | ह. रा. ११ | के. ५ | गु. ८ | ने. १० | ६ | ७ | प्लू. ९

की कुल निष्पत्ति पर्याप्त मात्रा में होगी। शास्त्र में स्पष्ट लिखा है कि यदि सूर्य पर बलवान गुरु की शुभ दृष्टि हो तो धान्यों की अभिवृद्धि होती है।

ग्रीष्मसस्य - वृश्चिक राशि में सूर्य कार्तिक शुक्ल षष्ठी शुक्रवार दिनांक १६ नवम्बर सन् २००७ ई. को रात्रि १० बजकर ५२ मिनट पर प्रवेश करेगा। सूर्य के साथ गुरु भी स्थित है तथा सूर्य से द्वादश भाव में बुध स्थित है इसके प्रभाववश ग्रीष्मसस्य की उत्पत्ति पर्याप्त होगी। शास्त्र में लिखा है कि वृश्चिक राशि के सूर्य से द्वितीय या द्वादश भाव में बुध या शुक्र हो अथवा दोनों हो और सूर्य से केन्द्र में शुभ ग्रह हो या शुभ ग्रह की सूर्य पर दृष्टि हो तो अत्यधिक धान्योत्पत्ति होती है। **"अर्कात्सिते द्वितीये बुधेऽथवा युगपदेव वा स्थितयो:। व्ययगतयोरपि तद्वन्निष्पत्तिरतीव गुरुदृष्टया"**।। केन्द्र में पाप ग्रह शनि-केतु-राहु भी स्थिति है। इनके प्रभाव से प्राकृतिक प्रकोपों, अतिवर्षण-अल्पवर्षण, रोगों आदि से कृषि की कुछ भागों में हानि होगी। कुम्भ राशिस्थ केन्द्र का चन्द्रमा सस्य निष्पत्ति बढ़ाने वाला है।

ग्रीष्मसस्य कुण्डली

९ प्लू. | बु. ७ | १० ने. | सू. गु. ८ | शु. ६ | श. के. ५ | चं. रा. ह. ११ | २ | १२ | ४ | १ | मं. ३

मुस्लिम राष्ट्र - माघ शु. ३, रविवार दि. २१ जनवरी २००७ ई. को मुस्लिम हिजरी सन् १४२८ की पहली तारीख मुहर्रम महीने की है और इस दिन रविवार होने से सूर्य गुर्रा या मुस्लिम वर्ष का राजा है। पहली मुहर्रम से पूर्व दिन की संध्या को चन्द्र दर्शन के समय सूर्यास्त काल में कन्या लग्न उदित है।

मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली

के. ५ | ३ | ६ | श. ४ | २ | १ | ७ | सू.बु.शु. चं. ने. | गु. ८ | ९ | १० | ११ | १२ | मं. प्लू. | रा. ह.

सूर्य का गुर्रा फल - शासक वर्ग, प्रजा, पशु-पक्षी सुखी रहें। वर्षा उत्तम होवे। गुड़, शक्कर, चीनी इत्यादि तथा रुई, कपास के भाव महंगे हों। अन्न, गेहूं, खरबूजा, मेवा, दुग्ध, घृत की उपज अच्छी होवे। वायु-विकार, शीत अधिक पड़े। जनता में धार्मिक अशान्ति व्याप्त हो। अनेक प्रकार के रोगों से सामान्य जनता पीड़ित हो तथा जन-धन की क्षति हो। वर्षा समयानुकूल न हो। शासकीय कार्यों में रुकावट तथा विलम्ब दिखाई दे। व्यापारी वर्ग को हानि हो। धनवान, पूंजीपती वर्ग को विशेष कठिनाई का अनुभव हो। स्वेच्छाचारिणी प्रमदाओं को पीड़ा, स्त्रियों को स्तन पीड़ा।

लग्न का स्वामी लग्न को देख रहा है किन्तु अष्टमेश जो कि सप्तमेश भी है लग्न में स्थित होकर लग्न को पीड़ित कर रहा है साथ ही भौम भी अष्टम दृष्टि से लग्न को देख रहा है तथा शनि मंगल का परस्पर षडष्टक योग भी बन गया है इससे यह वर्ष

अशुभ फलप्रद है। कोई राष्ट्र शत्रु से पीड़ित होगा या युद्धाग्नि में सम्मिलित होगा। कुटुम्ब स्थान में केतु के स्थित होने से राष्ट्र विशेष की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी तथा आन्तरिक व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा एवं अशान्ति का वातावरण बनेगा। पंचम भाव का अधिपति रिपुभाव में स्थित होने से शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सुधार नहीं होंगे तथा धार्मिक कट्टरतावाद शिक्षा का एवं योजनाओं का महत्वपूर्ण भाग होगा। सप्तम भाव में पंचग्रही योग महिलाओं की स्थिति में सुधार को नहीं दर्शा रहा है। व्यापारिक दृष्टि से उत्थान होगा। अष्टम स्थान में राहु की स्थिति किसी देश विशेष की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले भारी विपरीत प्रभाव को दर्शा रहा है। नवमभाव का अधिपति पंचम भाव में स्थित है। पंचमभाव नीति निर्धारक होता है तथा नवमभाव धर्म से सम्बन्ध रखता है। अतः राष्ट्रों की नीतियां धर्म के आधार पर निर्धारित होंगी। मंगल की दृष्टि भी नवमभाव पर होने से अधिकांश धार्मिक नेताओं का कट्टरवाद मात्र दिखावे के लिए ही होगा। उनका आचरण उनके कर्तव्य के विपरीत होगा। दशम भाव राज्य पर व सत्ता पर शासक की पकड़ को दर्शाता है। दशमेश रिपुभाव में स्थित है इसके प्रभाव से कुछ राष्ट्रों में शासकों की सत्ता पर पकड़ कमजोर होगी तथा शासकों को जनता के विरोधों का सामना करना पड़ेगा। चतुर्थ भाव का अधिपति मित्र के घर में स्थित है इसके प्रभाव से आवासीय भू-भागों का विकास, कृषि क्षेत्र का विकास एवं कृषि उत्पादन के प्रयास तीव्र गति से किये जायेंगे। तृतीय भाव के अधिपति की स्थिति से कुछ राष्ट्र विशेष प्रगति करेंगे।

मुस्लिम राष्ट्रों की वर्तमान ग्रह स्थिति के अनुसार यह देश पाश्चात्य जगत की बैशाखियों पर घिसटने की चेष्टा करते रहेंगे। पाश्चात्य जगत से प्राप्त आर्थिक सहायता की प्राणवायु प्राप्त कर येनकेन प्रकारेण अपना आर्थिक अस्तित्व बचाने के प्रयास में सफल रहेंगे। जेहादी उन्मादको प्रच्छन्न रूप से यथावत प्रश्रय मिलता रहेगा। इन क्षेत्रों के शासक वर्ग अमेरिका आदि देशों की सहायता प्रश्रय प्राप्त करते रहेंगे।

ख्रिस्त्राब्द की सातवीं शताब्दी में प्रादुर्भूत विशेष सभ्यता जिसकी ज़न्मभूमि पश्चिम एशिया का क्षेत्र रहा, दिन-प्रतिदिन पतनोन्मुख होकर जनता की हेय दृष्टि का पात्र होकर अन्ततः विस्मृति के अंधकारमय गर्त की ओर बढ़ती दिखाई देगी। विश्व जनमत की दृष्टि में यह सभ्यता अपनी उपादेयता खोकर उपहास और हेय दृष्टि का पात्र बनेगी। अपनी अतार्किक विचार प्रणाली के कारण यह सभ्यता अपना स्वरूप खोकर गहन अन्धकार में समाहित होती दिखाई देगी। अपने अव्यवहारिक तथा जड़तापूर्ण अतीत एवं वर्तमान में इनके पृष्ठपोषक तथाकथित बुद्धिजीवीवर्ग इस सभ्यता को उपहासजनक तथा हेय स्थिति में लाकर खड़ा कर देंगे। ईसाइयत के साथ इनका 'विचार वैभिन्य' प्रकट विरोध व संघर्ण का रूप ले लेगा। जोकि अन्ततः रक्तरंजित घटनाक्रम को जन्म देगा। यह परिस्थिति दोनों विरोधाभासी सभ्यताओं के लिए अपने-अपने अस्तित्व को बनाए रखने के अनवरत संघर्ष का अन्ततः सूत्रपात कर देगी।

पौष शु. ३, शुक्रवार दि. ११ जनवरी २००८ को मुस्लिम हिजरी सन् १४२९ की पहली तारीख मुहर्रम महीने की है। मुस्लिम हिजरी सन् १४२९ का अल्पभाग वि.सं. २०६४ को स्पर्श करेगा अतः उस पर विचार अगले वर्ष के पंचांग में प्रस्तुत किया जाएगा।

विंशोत्तरीमत से आय-व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
व्यय	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

अष्टोत्तरीमत से आय व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	१४	८	११	५	८	११	८	१४	२	५	५	२
व्यय	२	११	८	८	२	८	११	२	११	५	५	११

आय-व्यय देखने की विधि- आय-व्यय के दोनों अंकों को जोड़कर एक घटावें और आठ का भाग देकर यदि १, २, ६, ७, शेष रहें तो उस वर्ष में अच्छा लाभ होगा और यदि ३, ४, ५, ० शेष रहें तो लाभ कम खर्च अधिक होगा तथा अनेक प्रकार की चिन्ताएं उपस्थित होंगी।

जगल्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार- जन्म कुण्डली में लग्न बलवान हो तो लग्न से और चंद्रमा बलवान हो तो जन्म राशि से जगल्लग्न जिस स्थान से आये वह भाव स्वस्वामी शुभ ग्रहों से युक्त दृष्ट बलवान हो तो उस भाव की वृद्धि होती है। यदि वह भाव पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो उस भाव की हानि होती है। जन्म राशि और अपने वर्ष प्रवेश लग्न से यदि वर्षेश लग्न (जगल्लग्न) आठवें बारहवें हो तो उस व्यक्ति के लिए वह वर्ष शुभ लाभ फल प्रद नहीं होता।

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र

संवत् २०६४ वि. (सन् २००७-२००८ ई.) की ग्रह परिषद् का विचार

संसार की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति का दिग्दर्शन

दिग्दर्शक- सुधाकर शर्मा त्रिवेदी, सोलन (हि.प्र.)

श्री विनोद विजल्वाण, ऋषिकेश

श्री विवेकानन्द सत्येश, सोलन

पं० हरदेव शर्मा त्रिवेदी

- प्राकृतिक विपत्तियों अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, जलप्लावन, भूकम्प, ज्वालामुखी विस्फोट, चक्रवात' आदि के कारण व्यापक जन-धन क्षति की सम्भावना।
- किसी रोग विशेष के प्रसार से जनता में भय व्यापेगा।
- स्त्रियों पर घिनौने अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि, तलाक दर में वृद्धि होगी तथा कन्या भ्रूण हत्या विकट समस्या बनेगी।
- कला की विधाएं और मनोरंजन के साधन अपसंस्कृति से प्रभावित होकर विकृति को बढ़ावा देंगे।
- धार्मिक नेताओं की रुचि राजनीति में बढ़ेगी, उनका आचरण समग्रत: धार्मिक मर्यादा के अनुरूप नहीं रह पायेगा।
- भूगर्भस्थ-सम्पदा की प्राप्ति तथा दोहन से भविष्य में आर्थिक लाभ की सम्भावना सुदृढ़ होगी।
- कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद भारत के सम्मान में वृद्धि होगी। भारत का अर्थतन्त्र विकासोन्मुखी बना रहेगा।
- पश्चिम का शत्रु पड़ौसी परोक्ष रूप से 'आतंकवाद-उग्रवाद' के पिशाच को पूर्ववत् प्रौत्साहित-पोषित करता रहेगा। अन्तत: यह 'पिशाच-पोषण' उसके स्वयं के लिए कालान्तर में हानिकारक सिद्ध होगा।
- समय-समय पर भारत का शासक वर्ग अनिर्णय, असमंजस, बुद्धिभ्रंश के महारोग से कुण्ठित होकर असहाय, जड़वत् सा दृष्टिगोचर होगा।
- वोट-बैंक भुनाने की कलुषित राजनीति, संविधान की मूल भावना और आत्मा का हनन कर देगी। फलत: जन असन्तोष की अग्नि स्थान-स्थान पर प्रस्फुटित होगी।
- सत्ता पक्ष व विपक्ष में संसद तथा संसद से बाहर किसी विषय पर भारी टकराव मतभेद प्रकट होगा।
- श्रमिक वर्ग में असन्तोष भड़केगा। हड़ताल, तालाबन्दी की परिणति आकस्मिक दंगे आगजनी में हो जाना अप्रत्याशित न होगा।
- विश्व में जेहादी उग्रवाद 'आतंकवादी हिंसा' की कार्रवाइयों की पुनरावृत्ति में यथावत संलिप्त रहेगा। विवश होकर आहत सभ्य विश्व का इस नृशंसता के शमन हेतु एकजुट होने की पूर्व-भूमिका बनाना अप्रत्याशित न होगा।

स्वतन्त्रता का ६०वाँ वर्ष

१५ अगस्त सन् २००६ ई. को मिथुन लग्न के समय भारत की स्वतन्त्रता का ६०वाँ वर्ष आरम्भ हुआ है। मुंथा लाभ स्थान में स्थित होने से यह वर्ष प्रगतिकारक एवं आर्थिक दृष्टि से सामान्य शुभ फलप्रद है। औद्योगिक विकास तीव्रगति से होगा। लग्नेश, चतुर्थ भाव का अधिपति, पराक्रम भाव का स्वामी, रन्ध्रेश, नवमेश, पंचमेश, द्वादशेश एक ही भाव, धन भाव में स्थित हैं इसके फलस्वरूप विकास दर में वृद्धि होगी। पंचम भाव में सप्तमेश-दशमेश स्थित है इसके प्रभाववश शिक्षण संस्थाएं व्यावसायिक लाभ के केन्द्र की तरह व्यवहार करेंगे। शिक्षण संस्थाओं का मूल उद्देश्य विद्या दान न होकर अर्थोपार्जन मात्र रह जायेगा। चतुर्थ भाव पर शनि की दृष्टि कृषि भूमि एवं कृषि की हानि का कारण बनेगी। कृषि की प्राकृतिक प्रकोपों, रोगों, अतिवर्षण-अल्पवर्षणादि से हानि होगी। चतुर्थ भाव में केतु भी स्थित है अतः लोगों में भय भी व्याप्त होगा। प्राकृतिक प्रकोपों, रोगादि मंहगाई, भ्रष्टाचार एवं समाजविरोधी, राष्ट्रविरोधी, देशद्रोही एवं आन्तरिक अशान्ति उत्पन्न करने वाले तत्वों से लोगों को कष्ट होगा। स्वतन्त्रता का ६१वाँ वर्ष १५ अगस्त २००७ को दिन के ९ बजकर १० मिनट पर कन्या लग्न के समय प्रारम्भ होगा। मुंथा नवम भाव में स्थित होने से शुभफलप्रद है। लग्न का स्वामी लाभ स्थान में स्थित होकर राष्ट्र की प्रगति का द्योतक है। लग्नेश ही राज्येश भी होने से राष्ट्र की मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख भाव एवं सप्तम भाव का स्वामी गुरु पराक्रम भाव में स्थित है। इसके फलस्वरूप कृषि एवं कृषि क्षेत्र का विस्तार होगा। कृषि क्षेत्र के विकास की ओर ध्यान दिया जायेगा। महिलाओं के कल्याण की योजनाओं को मूर्तरूप दिया जायेगा। रिपु भाव में राहु की स्थिति तथा रिपुभावाधिप की द्वादश भाव में स्थिति शत्रु की परोक्ष रूप से आतंकवाद को प्रोत्साहित करने की पूर्वनीति को दर्शाने के साथ ही विरोधी राष्ट्र का भी समस्याग्रस्त होना दर्शा रहा है। राहु शत्रु की हानि करने में सक्षम है। नवमाधिप द्वादश भाव में स्थित है। नवमाधिप ही धनाधिप भी है इसके प्रभाववश गैर योजना व्यय में भारी वृद्धि होगी। शनि की दृष्टि धनभाव पर भी है इससे लोगों में अशान्ति एवं भय का वातावरण बनेगा। मंहगाई, भ्रष्टाचार एवं राष्ट्र विरोधी, समाजविरोधी तत्त्वों की गतिविधियों से अशान्ति एवं असन्तोष बढ़ेगा। प्राकृतिक प्रकोपों एवं दुर्घटनाओं में वृद्धि द्वादश भाव में चतुर्ग्रही योग के कारण होगी। योजना का प्रतिनिधित्व करने वाला ग्रह शनि द्वादश भाव में स्थित है। जिससे योजनाओं के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं होगा एवं बाल-मृत्युदर में भी भारी वृद्धि होगी। शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित सुधार नहीं होंगे। किसी राष्ट्र विशेष के सम्बन्धों में इस वर्ष कुछ गतिरोध उत्पन्न होने की सम्भावना है।

स्वतंत्रता का ६०वाँ वर्ष

स्वतंत्रत भारत की कुंडली

स्वतंत्रत भारत का ६१वाँ वर्ष

सत्ता हस्तांतरण व तथाकथित स्वतन्त्रता दिवस का ६१वाँ वर्ष जो १५ अगस्त २००७ को आरम्भ होता है, के समय कन्या लग्न उदित है। प्रस्तुत वर्ष कुण्डली के ग्रहानुसार अगामी वर्ष में कोई आशातीत परिणाम प्राप्त होने की सम्भावना क्षीण ही दृष्टिगोचर हो रही है। लग्नेश का अस्त होना तथा भाग्य भाव में अकारक ग्रह स्थित होने के कारण तथा क्रूर ग्रह से दृष्ट होने के कारण भावी परिणाम सुखद होने की सम्भावना न्यून है। शुभ ग्रह गुरु की दृष्टि तथा मुंथा की स्थिति इस गिरती हुई परिस्थिति को अधिक सम्बल न प्रदान कर पाएगी। विपक्ष तथा विरोधी लोग बल प्राप्त करेंगे। देश की तन्त्रवाहिनी शासकीय संस्था कभी-कभी तो मृतप्राय सी दिखाई देगी। राजनैतिक इच्छाशक्ति से विहीन यह शासन किसी भी महत्वपूर्ण समुचित निर्णय लेने से पूर्व ही हाँफता दिखाई देगा। आय से अधिक अपव्यय बढ़ता जाएगा। फिर भी यह सरकार सम्भवत: घिसटती-घिसटती अपना वर्ष पूरा कर लेगी।

भारतीय गणतन्त्र का ५८वाँ वर्ष

५८वें गणतंत्र की कुण्डली २६ जनवरी २००७ ई. २५/०० भा.स्टै.टा.

२६ जनवरी २००७ को रात्रि १ बजे भारतीय गणतन्त्र का ५८वाँ वर्ष प्रवेश होगा। लग्न का स्वामी पंचम भाव मित्र के घर राहु के साथ स्थित है तथा मुंथा भी तृतीय भावस्थ है। इसके प्रभाववश राष्ट्र उन्नति करेगा। विकास योजनाएं समग्र विकास को ध्यान में रखकर बनायी जायेंगी। राष्ट्र लगभग सभी क्षेत्रों में प्रगति करेगा। तृतीयस्थ मुंथा पराक्रम से फल देती है अत: विभिन्न शोधकार्यों में भी इस वर्ष सफलता प्राप्त होगी। कुटुम्ब भाव में गुरु स्थित है। इसके प्रभाववश राष्ट्र आर्थिक उन्नति करेगा। शनि-मंगल का षडष्टक योग कुछ बड़ी दुर्घटनाओं, अग्निकाण्डों या आतंकी-विध्वंसक कार्यवाहियों को जन्म देगा। चतुर्थेश चतुर्थ भाव को देख रहा है। इसके प्रभाव से कृषि की पैदावार पर्याप्त होगी एवं कृषि क्षेत्र का विकास होगा। किन्तु चतुर्थ भाव में सूर्य भी स्थित है इसके प्रभाव से प्राकृतिक प्रकोपों से कृषि एवं कृषि क्षेत्र की हानि भी होगी। आवासीय क्षेत्रों का भी विकास चतुर्थेश की स्थितिवशात् होगा। सूर्य आवासीय या पुनर्वास समस्या को भी दर्शा रहा है। पंचम भाव में शुक्र एवं राहु दोनों स्थित हैं। शुक्र अष्टमेश होकर स्थित है अत: जनसंख्या नियन्त्रण के प्रयास होंगे तथा भ्रूणहत्याओं की संख्या में भारी वृद्धि

होगी। शिक्षा के क्षेत्र में 'सुधार'; प्रयासों के होने पर भी प्रभावी रूप से दृष्टिगोचर नहीं होगा। रिपु भावेश द्वितीय भाव में स्थित है अत: शत्रु आतंकवाद को पोषित करने की अपनी विध्वंसक नीति पर चलता रहेगा। इस वर्ष शत्रु राष्ट्र को भौम की चतुर्थ दृष्टि से विषम स्थिति का सामना करना पड़ेगा। सप्तम भाव का अधिपति भौम तृतीयस्थ है। इसके फलस्वरूप महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में कमी नहीं होगी। शनि की दशम दृष्टि भी सप्तम भाव को पीड़ित कर रही है तथा सप्तमेश एवं शनि का षड्ष्टक योग भी है अत: तलाक के मामलों, महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में भारी वृद्धि का ग्रह स्थिति संकेत दे रही है। अष्टम भाव का अधिपति ही लग्नेश भी है तथा मित्रराशि में मित्र के साथ स्थित है अत: राजकोष की स्थिति को सुदृढ़ बनाने के प्रयास होंगे किन्तु गैरयोजना व्यय में भारी वृद्धि होने से योजना व्यय में कटौती करनी पड़ सकती है। नवम भाव का अधिपति चतुर्थ भाव में स्थित है। अत: न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था में सुधार के प्रयास किये जायेंगे। शनि की धर्मेश पर दृष्टि धार्मिक नेताओं की राजनीति में रुचि को दर्शा रही है तथा वे अपने कर्त्तव्य का निर्वाह मात्र दिखावें के लिए ही करेंगे एवं उनका आचरण मर्यादा के विपरीत होगा। दशमाधिपति सप्तम भाव में स्थित है तथा चतुर्थेश दशम भाव में स्थित है तथा दशमाधिपति चतुर्थाधिपति से दृष्ट है। यह ग्रह स्थिति राजसत्ता पर विपक्ष की स्थिति को कुछ मजबूत बना रही है तथा शासक को निर्बल करने वाली है। इसका प्रभाव यह भी हो सकता है कि सत्ताशीर्ष पर कुछ प्रभावी परिवर्तन हो जाये या प्रधान शासक को भारी चुनौती का सामना करना पड़े जिससे उसके सत्ता शीर्ष पर बने रहने में बाधा उत्पन्न हो। वास्तव में यह मात्र गणतन्त्र की कुण्डली से परिभाषित करना सम्भव नहीं है। यह संकेत मात्र हो सकता है। द्वादश भाव का अधिपति चतुर्थ भाव में है तथा शनि से दृष्ट भी है इससे विदेश नीति में त्रुटि से विपक्ष के प्रभाव में वृद्धि होने की सम्भावना भी है। गणतन्त्र के ५९वें वर्ष की कुण्डली का विचार करने से जो मूल बात सामने आ रही है वह आर्थिक क्षेत्र एवं आन्तरिक व्यवस्था से सम्बंधित है। यद्यपि मुंथा लग्नस्थ है किन्तु द्वितीय भाव का राहु तथा चतुर्थेश शत्रु राशि में होकर रिपु भाव में स्थित है इसके प्रभाव से आर्थिक क्षेत्र में विषम स्थिति का सामना करना पड़ सकता है तथा लोगों में अशान्ति एवं भय का वातावरण असुरक्षा की भावना के कारण उत्पन्न होगा।

गणतन्त्र की कुण्डली

१ चं.
११
सू.गु. शु.
२
१२ रा.
बु. ९
१०
३
मं. के.
६
४
८
श. ५
७

५९वें गणतंत्र की कुण्डली

रा. ११
गु. शु. ९
१२
सू.बु. मु. १०
८
७
१
४
चं. ६
२
५
मं. ३
के. श.

प्रस्तुत गणतन्त्र की वर्ष लग्न कुण्डली की ग्रह स्थिति सत्ता हस्तान्तरण की वर्ष कुण्डली के ग्रहों के प्रभाव की तरह न्यूनाधिक एक से ही घटनाक्रम की ओर इंगित करती है। चतुर्थेश और पंचमेश का क्रूर ग्रहों से दृष्ट होकर वक्री होना कोई उत्साहवर्धक स्थिति का द्योतक नहीं है। लग्नेश का पाप ग्रह से युत होना इस स्थिति की गंभीरता को और गहन कर रहा है। मात्र मंगल का तृतीयस्थ होकर मुंथा के साथ स्थित होना कुछ-कुछ स्थिति को सकारात्मक रूप देने की चेष्टा करेगा जो कि पर्याप्त फल नहीं देगा। देश में गणतन्त्र स्पष्टत: दिन प्रतिदिन अपनी महत्ता खोता दिखाई देगा। गणतन्त्र के नाम पर ढोंग, छल, छद्म का ढोल ही पीटा जाता सुनाई देगा। वस्तुत: फूट डालो और स्वार्थ साधन की नीति ही सर्वत्र दिखाई देगी। कहीं आरक्षण, कहीं अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की आड़ में सरकार जनता का शोषण करती तथा उन्हें अपनी स्वार्थ परायणता का निमित्त बनाती दिखाई देगी। उपरोक्त प्रवृत्ति के फलस्वरूप जन असन्तोष स्थान-स्थान पर प्रस्फुटित होगा। लोकतन्त्र के नाम पर जनतन्त्र की मृतक देह का ममीकरण कर उसे मात्र प्रदर्शन की वस्तु बना दिया जाएगा।

ज्योतिष एक विज्ञान है

विगत ६२ वर्षों से इस पंचांग में यह स्तम्भ लिखा जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके देश-विदेश के संबंध में जो भी भविष्यवाणी की गयी हैं, वे अधिकांश में सत्य सिद्ध हुई हैं। इसके साक्षी "श्रीविश्वविजयपंचांग" के विज्ञ वाचकवृंद दे रहे हैं। दैवज्ञ ने कभी यह अभिमान नहीं किया कि जो कुछ भविष्यवाणी वह करता है वह शत-प्रतिशत सही होती है। जहां राज्याश्रय प्राप्त एलौपैथी डाक्टरी और आयुर्वेद-विज्ञान अभी तक शत-प्रतिशत सफलता की गारंटी नहीं दे पाये, वहां निराश्रित ज्योतिष-विज्ञान के गणित-विज्ञान ने शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दिखाई है। ज्योतिष गणित के द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों के स्पर्श मोक्ष का जो समय निश्चित कर दिया जाता है उसमें एक मिनट का भी अंतर नहीं आता। यद्यपि ज्योतिष शास्त्र के फलित विभाग में अभी इतनी सूक्ष्मता नहीं बन पायी है। फलित ज्योतिष को 'दैव-विद्या' कहा गया है, इसलिए राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के संबंध में भविष्यवाणी करने वाले को "दैवज्ञ" कहा जाता है। यह "दैव-विद्या" तपस्या, साधना एवं अनुभव गम्य है। आधुनिक वातावरण का एक साधनहीन दैवज्ञ भी मनुष्य है सर्वज्ञ निर्भ्रान्त नहीं, अत: उसकी बुद्धि भी भ्रान्त हो सकती है। ग्रहगति रूप दैवी संकेतों को समझने में भूल हो सकती है। उसका ज्ञान ईश्वरीय ज्ञान के समान सत्य ही हो- यह नहीं कहा जा सकता। मेरा विश्वास है कि भारतीय ज्योतिष विज्ञान का भविष्य कथन शास्त्र इस देश का अत्यन्त पुरातन विज्ञान है। इसका निरीक्षण-परीक्षण अवश्य होना चाहिए, और उससे प्राप्त होने वाले तथ्यों का विचार शासकीय स्तर पर भी अवश्य होना चाहिए। आज तक बिना किसी रिसर्च या शासकीय आश्रय के यह शास्त्र देश के कुछ चोटी के विद्वानों के पास सुरक्षित चला आ रहा है, और अब तक चमत्कारी विज्ञान की मान्यता पाने लगा है। आज के विज्ञान ने चाहे प्रगति क्यों न की हो पर भविष्य जानने का उसके पास कोई साधन नहीं है। अत: इस भारतीय विज्ञान की ओर शासन का ध्यान अवश्य जाना चाहिए। अनेक उच्च

राज्याधिकारी फलित ज्योतिष पर पूर्ण विश्वास रखते हैं। श्री नेहरू जी और स्वर्गीया प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी एकाधिक बार दैवज्ञों से परामर्श लिया जिसके प्रमाण मौजूद हैं, किन्तु जो मंत्री निजी तौर पर दैवज्ञों के सामने नतमस्तक होते हैं वे सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि "हम ज्योतिष पर आस्था नहीं रखते।" इस पर सर्वसाधारण जनता को इनके दोहरे चरित्र पर आश्चर्य और खेद ही होगा, अस्तु।

मोदिनीय अथवा राष्ट्रीय भविष्य

राष्ट्रीय भविष्य अनेक प्रकार से देखा जाता है। इस विज्ञान की अनेक शाखाएं हैं, जिसके लिए जो मार्ग प्रशस्त हो जिसको गुरु से जैसा ज्ञान मिलता हो- निर्णय करें, यही उचित है। हमारे सामने सर्वप्रथम वराह-मिहिराचार्य कृत 'वाराही-संहिता' प्रमुख ग्रन्थ है, इसके अनुसार ग्रहों के परस्पर युद्ध, उदयास्त वक्रमार्ग, ग्रहों के विशेष योग और विश्व में कहाँ पर शांति और कहाँ अशांति रहेगी, इसके निर्णयार्थ सर्वतोभद्रचक्र, कर्पूरचक्र, कूर्मचक्र और नरपतिजयचर्या का संघट्ट चक्र भी है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, झंझावातादि के लिए सप्तनाड़ी चक्र उपयोगी है। इन्हीं को आधार मानकर जो कुछ इस पंचांग में लिखा जा रहा है वह भी ८० प्रतिशत से अधिक सत्य सिद्ध हुआ है। यदि इस विज्ञान को राज्याश्रय प्राप्त हो और सभी शाखाओं के विशेषज्ञ अनुभवी विद्वान एकत्र होकर सामूहिक निर्णय दें, तो इसमें शत-प्रतिशत सफलता निश्चित है। नये वर्ष का फल जानने के लिए ग्रहों की राश्यंशात्मक सूक्ष्म स्थिति का पर्यवेक्षण आवश्यक है अत: यहाँ प्रमुख ग्रहों की स्थिति का वर्षारंभ और वर्षांत का उल्लेख किया जाता है।

नये वर्ष सम्वत् २०६४ विक्रमी में ग्रह स्थिति

नये वर्ष सम्वत् २०६४ विक्रमी में प्रमुख ग्रहों की स्थिति चित्रापक्षीय निरयणमान से इस प्रकार है-

चैत्र शु. प्रतिपदा दि. १९ मार्च २००७ ई.							चैत्र कृ. अमावस्या दि. ६ अप्रैल २००८ ई.					
प्रमुख ग्रह	राशि	अं.	क.	मार्गी/ वक्री	उदय/ अस्त	नक्षत्र	राशि	अं.	क.	मार्गी वक्री	उदय अस्त	नक्षत्र
शनि	कर्क	२५	५	वक्री	उदय	आश्ले	सिंह	८	२	वक्री	उदय	मघा
गुरु	वृश्चिक	२५	१९	मार्गी	उदय	ज्येष्ठा	धनु	२६	४०	मार्गी	उदय	उ.षाढ़ा
मंगल	मकर	२१	५८	मार्गी	उदय	श्रवण	मिथुन	१९	००	मार्गी	उदय	आर्द्रा
हर्षल	कुम्भ	२१	२९	मार्गी	उदय	पूभा	कुम्भ	२६	१४	मार्गी	उदय	पू.भा.
नेप्च्यून	मकर	२६	५५	मार्गी	उदय	धनिष्ठा	मकर	२९	३६	मार्गी	उदय	धनिष्ठा
वेंकटेश	धनु	४	५७	मार्गी	उदय	मूल	धनु	७	१०	वक्री	उदय	मूल
राहु	कुम्भ	२१	३८	वक्री	अस्त	पूभा	कुम्भ	१	१६	वक्री	अस्त	धनिष्ठा
केतु	सिंह	२१	३८	वक्री	अस्त	पूफा	सिंह	१	१६	वक्री	अस्त	मघा

गुरु- वर्षारम्भ में गुरु मार्गी है। ६ अप्रैल को गुरु वक्री होकर ७ अगस्त को मार्गी होगा। वर्षारम्भ में गुरु वृश्चिक राशि में है तथा २२ नवम्बर को धनु राशि में प्रवेश करेगा तथा वर्षान्त तक धनु राशि में ही संचार करेगा।

शनि- वर्षारम्भ में शनि वक्री है। २० अप्रैल को मार्गी होकर १९ दिसम्बर को पुन: वक्री होगा तथा वर्षान्त तक वक्री ही रहेगा। वर्षारम्भ में शनि कर्क राशि में है तथा १६ जुलाई को सिंह राशि में प्रवेश करेगा तथा वर्षान्त तक शनि सिंह राशि में ही संचार करेगा।

मंगल- वर्षारम्भ में मंगल मार्गी है। १५ नवम्बर को वक्री होकर ३१ जनवरी को मार्गी होगा तथा वर्षान्त तक मार्गी ही रहेगा। वर्षारम्भ में मंगल मकर राशि में है। २९ मार्च को कुम्भ में, ७ मई को मीन में, १६ जून को मेष में, २९ जुलाई को वृष में, १६ सितम्बर को मिथुन राशि में प्रवेश करेगा एवं वर्षान्त तक मिथुन राशि में ही रहेगा।

राहु-केतु- मध्यम गति से सदैव वक्री रहने वाले राहु-केतु वर्षारम्भ में राहु कुम्भ में तथा वर्षान्त में भी कुम्भ ही राशि में रहेगा। इसी प्रकार केतु भी राहु से सप्तम राशि सिंह में ही पूरे वर्ष संचार करेगा।

हर्षल- वर्षारम्भ में मार्गी है। २३ जून को वक्री होगा एवं २४ नवम्बर को मार्गी होगा तथा वर्षान्त तक मार्गी रहेगा। पूरा वर्ष हर्षल कुम्भ राशि में ही संचार करेगा।

नेपच्यून- वर्षारम्भ में नेपच्यून मार्गी है। २५ मई को वक्री होगा तथा १ नवम्बर को मार्गी होगा तथा वर्षान्त तक मार्गी रहेगा पूरा वर्ष मकर राशि में संचार करेगा।

प्लूटो (वेंकटेश)- वर्षारम्भ में मार्गी, १ अप्रैल को वक्री, ७ सितम्बर को मार्गी व पुन: २ अप्रैल २००८ को वक्री होगा व वर्षांत तक वक्री है। पूरे वर्ष प्लूटो धनु राशि में संचार करेगा।

कुछ मुख्य अशुभ योग - वर्षारम्भ में शनि-मंगल का समसप्तक योग है। २९ मार्च सन् २००७ ई. से भौम के राशि परिवर्तन करने से शनि-मंगल का अशुभकारी षड्ष्टक योग आरम्भ हो जायेगा। वैशाख मास में पांच मंगलवार एवं शनि-मंगल का षड्ष्टक योग दोनों अशुभ योग हैं। श्रावण शुक्ल पक्ष में चतुर्ग्रही योग हैं। श्रावण मास में पांच मंगलवार हैं। भाद्रपद कृष्ण पक्ष में चतुर्ग्रही योग तथा कार्तिक मास में पांच शनिवार हैं। पौष कृष्ण पक्ष में प्लूटो सहित चतुर्ग्रही योग हैं तथा पौष मास में पांच मंगलवार हैं। माघ कृष्ण पक्ष में नेपच्यून सहित चतुर्ग्रही योग है। फाल्गुन कृष्ण पक्ष में हर्षल सहित पुन: चतुर्ग्रही योग तथा फाल्गुन शुक्ल पक्ष में पंचग्रही योग तथा वर्षान्त चैत्र कृष्ण पक्ष में पुन: चतुर्ग्रही योग बन रहा है।

कुछ अन्य अशुभ योग- ज्येष्ठ मास अधिक है तथा श्रावण कृष्ण पक्ष में १३ दिन का घस्र पक्ष हैं। श्रावण शुक्ल पक्ष में सुदूर पूर्वी भागों में खग्रास चन्द्र ग्रहण २८

अगस्त सन् २००७ ई. को तथा माघ शुक्ल पक्ष में सुदूर पश्चिमी भागों में दृश्य खग्रास चन्द्र ग्रहण दिनांक २१ फरवरी सन् २००८ ई. को है।

वर्ष २००७-२००८ ई.

दि. १९ मार्च २००७ ई. सोमवार को नववर्ष संवत् २०६४ का आरम्भ प्रात: भारतीय समयानुसार ८ बजकर १३ मिनट पर मेष लग्न के मिथुन नवांश में होगा। लग्न का स्वामी ग्रह जो कि अष्टमेश भी है, उच्च राशि का होकर दशम भाव में स्थित है। लग्न राष्ट्र की सामान्य स्थिति के अतिरिक्त राष्ट्र की प्रतिष्ठा एवं प्रगति का भी संकेत देता है। लग्नेश के अष्टमेश भी होने से कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी किन्तु राष्ट्र की प्रतिष्ठा-मान-सम्मान में वृद्धि होने से अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को ध्यान से सुना जायेगा। अष्टमेश के प्रभाववश विभिन्न प्रकार की आन्तरिक समस्याएं भी उत्पन्न होंगी। शुक्र के लग्नस्थ होने से ऐश्वर्य प्रधान वस्तुओं के उत्पादन में, मनोरंजन के साधनों की वृद्धि में एवं वाहनों के उत्पादन में भारी वृद्धि एवं प्रगति होगी। धन भाव का अधिपति लग्न में स्थित है एवं गुरु की दृष्टि भी धन भाव में है। इससे आर्थिक उन्नति का संकेत मिलता है तथा विकास की गति वह चाहे आर्थिक विकास या औद्योगिक विकास-ढांचागत क्षेत्र का विकास इन सभी विकास सूचक तत्त्वों पर गुरु की शुभदृष्टि का अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। तृतीय भाव का अधिपति लाभ भाव में मित्र के घर है किन्तु राहु के साथ स्थित है इससे पड़ौसी राष्ट्र दोहरी नीति पर चलकर परोक्षरूप से आतंकवाद को पोषित करने की मित्रद्रोही नीति पर चलता रहेगा। राहु छाया ग्रह है अत: सौहार्दपूर्ण वातावरण को ग्रहण लगाकर संबन्धों में कटुता उत्पन्न करने का कारण उत्पन्न करेगा। संचार एवं यातायात के संसाधनों में भारी वृद्धि एवं सुधार के प्रयास होंगे। राहु के प्रभाववश यातायात व संचार व्यवस्था में प्राकृतिक कारणों या सामाजिक कारणों जैसे हड़ताल-विरोध-प्रदर्शन आदि से व्यवधान उत्पन्न होगा। इसके फलस्वरूप अव्यवस्था होने से लोगों को कष्ट होगा। चतुर्थ भाव का अधिपति पंचमेश के साथ द्वादश भाव में स्थित है तथा चतुर्थ भाव में शनि वक्री होकर स्थित है तथा अष्टमेश भौम की सप्तम दृष्टि भी चतुर्थ भाव पर पड़ रही है। इसके प्रभाव से प्राकृतिक प्रकोपों अतिवर्षण-अल्पवर्षण-रोगों आदि से कृषि की हानि होगी एवं कुछ क्षेत्रों में कृषि भूमि की भी हानि होने की संभावना है। इसी प्रकार आवासीय क्षेत्रों की भी हानि शनि की स्थिति होने से प्राकृतिक प्रकोपों द्वारा होगी। मंगल की दृष्टि भी होने से कुछ भागों में जन-धन हानि की भी सम्भावना है। मंगल एवं शनि की स्थितियों से ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं कोई बड़ी आवासीय या पुनर्वास की समस्या उत्पन्न हो सकती है। चन्द्रमा जो कि चतुर्थ भाव का अधिपति है व्यय भाव में स्थित है इससे इस समस्या के उद्भव का कारण विदेश या विदेश नीति भी हो सकती है। इस सन्दर्भ में विदेश नीति में इस वर्ष भारी सतर्कता बरतना राष्ट्र-हित में होगा। विपक्ष का प्रतिनिधित्व भी चन्द्रमा ही कर रहा है अत: विपक्ष को विदेश नीति से कोई लाभकारी मुद्दा हाथ लग सकता है। पंचम भाव में केतु स्थित है तथा पंचमेश द्वादश भावस्थ है इसके फलस्वरूप बालविकास कार्यक्रम एवं शिक्षा के क्षेत्र में सुधार अपेक्षित परिणाम नहीं देंगे। भ्रूण हत्या के मामलों में भारी वृद्धि होगी तथा कागजों पर बड़े-बड़े विकास कार्यक्रम एवं विकास योजनाएं होंगी किन्तु उनका क्रियान्वयन अपेक्षित गति से नहीं होगा। मनोरंजन के साधन अपसंस्कृति का क्षेत्र बढ़ायेंगे एवं संस्कारों की उपेक्षा होगी। बाल मृत्युदर में वृद्धि होगी। इस वर्ष रिपु भाव का अधिपति लाभ स्थान में राहु के साथ स्थित है तथा शनि की दृष्टि रिपु भाव पर है तथा नवांश चक्र में रिपु भावेश शत्रु की राशि में ही स्थित है तथा सूर्य की सप्तम दृष्टि भी रिपु भाव पर है इस ग्रह स्थिति के प्रभाव से शत्रु अपनी आतंकवाद को पोषित करने की पूर्व नीति पर चलता रहेगा तथा कुछ बड़ी अस्थिरता एवं अशांति फैलाने वाली घटनाओं को क्रियान्वित करने का प्रयास करेगा जिसमें उसे आंशिक सफलता भी मिलेगी किन्तु इसके परिणामस्वरूप उसे भारी हानि भी उठानी पड़ेगी। इस वर्ष किसी रोग के महामारी का रूप धारण करने की प्रबल संभावना है जिससे भय एवं अशान्ति का वातावरण बनेगा। कुछ क्षेत्रों में भारत प्रतिस्पर्धा में आगे निकलेगा या बराबरी करेगा। औद्योगिक विकास की गति तेज होगी। जो ग्रह तृतीयेश है वही ग्रह रिपुभावेश भी है इसके प्रभाव से किसी देश विशेष से सम्बन्धों में गतिरोध उत्पन्न होगा। इससे उत्पन्न स्थिति पर सरकार व विपक्ष में भारी टकराव होने की सम्भावना है। सप्तम भाव का स्वामी शुक्र लग्न में स्थित होकर सप्तम भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है तथा सप्तमेश पर शनि की दशम पूर्ण दृष्टि एवं भौम की पूर्ण चतुर्थ दृष्टि है। इससे विकास योजनाओं में तथा हर प्रकार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में भारी वृद्धि होगी तथा तलाक के मामलों में इस वर्ष अप्रत्याशित रूप से भारी वृद्धि होने का ग्रह स्थिति संकेत दे रही है। महिलाओं के कल्याण हेतु बड़ी योजनाएं तथा महिलाओं की

नववर्ष प्रवेश कुण्डली

२
सू. चं. १२
३
१ शु.
बु. रा. ११
मं. १०
४ श (व)
७
के. ५
९
६
गु. ८

नवमांश कुण्डली

४ श.
२
के. ५
३
१
१२
६
चं. ९
७ मं. सू.शु. गु.
रा. ११
८ बु.
१०

	उदय	अस्त	उदय	अस्त	उदय	अस्त	उदय	अस्त	उदय	अस्त	उदय	अस्त.	उदय	अस्त	उदय	अस्त	उदय	अस्त	उदय	अस्त
	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
जन.१	०६।४७	१७।१५	०७।१५	१८।०९	०६।२०	१६।५९	०६।१४	१६।३९	०७।१९	१७।४१	०६।५४	१७।३९	०७।२१	१७।२८	०६।३५	१७।५०	०७।२८	१७।२८	०७।३३	१७।३४
६	०६।४९	१७।१९	०७।१७	१८।१२	०६।२२	१७।०३	०६।१४	१६।४२	०७।१९	१७।४४	०६।५४	१७।४३	०७।२२	१७।३२	०६।३७	१७।५३	०७।२८	१७।३२	०७।३४	१७।३७
११	०६।४९	१७।२२	०७।१८	१८।१५	०६।२२	१७।०६	०६।१४	१६।४६	०७।१९	१७।४८	०६।५४	१७।४६	०७।२२	१७।३६	०६।३८	१७।५६	०७।२९	१७।३७	०७।३४	१७।४१
१६	०६।४९	१७।२६	०७।१८	१८।१८	०६।२२	१७।१०	०६।१४	१६।४९	०७।१९	१७।५४	०६।५३	१७।४९	०७।२१	१७।४१	०६।३९	१७।५७	०७।२८	१७।४१	०७।३३	१७।४६
२१	०६।४९	१७।३०	०७।१८	१८।२२	०६।२२	१७।१३	०६।१३	१६।५३	०७।१९	१७।५७	०६।५३	१७।५२	०७।२०	१७।४५	०६।३९	१८।०१	०७।२६	१७।४५	०७।३२	१७।५१
२६	०६।४७	१७।३३	०७।१८	१८।२४	०६।२१	१७।१६	०६।१३	१६।५७	०७।१८	१८।०१	०६।५३	१७।५५	०७।१८	१७।४९	०६।३९	१८।०३	०७।२४	१७।४९	०७।३०	१७।५६
३१	०६।४५	१७।३७	०७।१७	१८।२८	०६।२०	१७।२०	०६।१२	१७।०१	०७।१६	१८।०५	०६।५२	१७।५९	०७।१६	१७।५४	०६।३९	१८।०६	०७।२२	१७।५४	०७।२७	१८।००
फर.५	०६।४३	१७।४१	०७।१५	१८।३०	०६।१८	१७।२३	०६।०९	१७।०५	०७।१३	१८।०९	०६।५२	१८।०२	०७।१४	१७।५८	०६।३८	१८।०८	०७।१९	१७।५९	०७।२४	१८।०५
१०	०६।४०	१७।४४	०७।१३	१८।३३	०६।१५	१७।२६	०६।०२	१७।०८	०७।१०	१८।१३	०६।५१	१८।०५	०७।११	१८।०२	०६।३७	१८।१०	०७।१५	१८।०४	०७।२०	१८।१०
१५	०६।३७	१७।४८	०७।११	१८।३५	०६।१२	१७।२९	०६।०३	१७।१२	०७।०६	१८।१६	०६।४८	१८।०८	०७।०७	१८।०६	०६।३५	१८।११	०७।११	१८।०८	०७।१६	१८।१४
२०	०६।३३	१७।५१	०७।०८	१८।३७	०६।०९	१७।३२	०५।५९	१७।१५	०७।०२	१८।१९	०६।४५	१८।१०	०७।०२	१८।१०	०६।३३	१८।१३	०७।०६	१८।१२	०७।११	१८।१८
२५	०६।२९	१७।५४	०७।०५	१८।३९	०६।०५	१७।३४	०५।५५	१७।१८	०६।५८	१८।२२	०६।४१	१८।१३	०६।५६	१८।१४	०६।३१	१८।१४	०७।००	१८।१६	०७।०६	१८।२२
मार्च२	०६।२४	१७।५६	०७।०१	१८।४१	०६।०१	१७।३७	०५।५०	१७।२१	०६।५४	१८।२५	०६।३८	१८।१५	०६।४९	१८।१८	०६।२८	१८।१४	०६।५३	१८।२०	०७।००	१८।२६
७	०६।२०	१७।५९	०६।५८	१८।४३	०५।५७	१७।३९	०५।४५	१७।२४	०६।४९	१८।२८	०६।३३	१८।१६	०६।४३	१८।२१	०६।२५	१८।१५	०६।४७	१८।२४	०६।५४	१८।२९
१२	०६।१५	१८।०१	०६।५४	१८।४४	०५।५२	१७।४१	०५।४०	१७।२६	०६।४४	१८।३१	०६।२९	१८।१८	०६।३७	१८।२५	०६।२२	१८।१६	०६।४०	१८।२९	०६।४८	१८।३१
१७	०६।१०	१८।०४	०६।५०	१८।४५	०५।४८	१७।४३	०५।३५	१७।२९	०६।३८	१८।३३	०६।२५	१८।२०	०६।३०	१८।२८	०६।१९	१८।१६	०६।३४	१८।३३	०६।४२	१८।३६
२२	०६।०४	१८।०६	०६।४५	१८।४७	०५।४३	१७।४४	०५।२९	१७।३१	०६।३२	१८।३६	०६।२०	१८।२२	०६।२४	१८।३१	०६।१६	१८।१७	०६।२८	१८।३६	०६।३६	१८।३९
२७	०५।५९	१८।०८	०६।४१	१८।४८	०५।३८	१७।४६	०५।२४	१७।३४	०६।२६	१८।३८	०६।१५	१८।२३	०६।१८	१८।३४	०६।१२	१८।१७	०६।२१	१८।३९	०६।२९	१८।४२
अप्रै १	०५।५४	१८।१०	०६।३७	१८।४९	०५।३३	१७।४८	०५।१८	१७।३६	०६।२०	१८।४१	०६।११	१८।२५	०६।१२	१८।३८	०६।०९	१८।१७	०६।१५	१८।४२	०६।२३	१८।४६
६	०५।४९	१८।१३	०६।३३	१८।५०	०५।२९	१७।५०	०५।१३	१७।३८	०६।१५	१८।४४	०६।०६	१८।२६	०६।०६	१८।४१	०६।०६	१८।१८	०६।०८	१८।४५	०६।१७	१८।५०
११	०५।४३	१८।१५	०६।२९	१८।५१	०५।२४	१७।५२	०५।०८	१७।४१	०६।११	१८।४७	०६।०२	१८।२८	०६।०१	१८।४५	०६।०२	१८।१८	०६।०२	१८।४९	०६।११	१८।५३
१६	०५।३९	१८।१७	०६।२५	१८।५३	०५।२०	१७।५३	०५।०३	१७।४३	०६।०६	१८।४९	०५।५८	१८।२९	०५।५५	१८।४८	०५।५९	१८।१८	०५।५६	१८।५२	०६।०५	१८।५६
२१	०५।३४	१८।१९	०६।२१	१८।५४	०५।१५	१७।५५	०४।५८	१७।४५	०६।०१	१८।५१	०५।५४	१८।३१	०५।४९	१८।५१	०५।५७	१८।१९	०५।५०	१८।५६	०५।५९	१८।५९
२६	०५।३०	१८।२२	०६।१८	१८।५५	०५।१२	१७।५७	०४।५४	१७।४८	०५।५६	१८।५४	०५।५०	१८।३३	०५।४४	१८।५४	०५।५४	१८।२०	०५।४५	१८।५९	०५।५३	१९।०३
मई १	०५।२६	१८।२४	०६।१५	१८।५७	०५।०८	१७।५९	०४।५०	१७।५०	०५।५२	१८।५७	०५।४७	१८।३५	०५।३९	१८।५८	०५।५२	१८।२१	०५।४०	१९।०२	०५।४८	१९।०६
६	०५।२२	१८।२७	०६।१२	१८।५९	०५।०५	१८।०२	०४।४६	१७।५३	०५।४८	१८।५९	०५।४४	१८।३७	०५।३५	१९।०१	०५।५०	१८।२२	०५।३६	१९।०६	०५।४३	१९।०९
११	०५।१९	१८।२९	०६।१०	१९।००	०५।०२	१८।०४	०४।४३	१७।५६	०५।४५	१९।०२	०५।४१	१८।३९	०५।३१	१९।०४	०५।४८	१८।२३	०५।३२	१९।०९	०५।३९	१९।१३
१६	०५।१६	१८।३२	०६।०८	१९।०२	०५।००	१८।०६	०४।४०	१७।५९	०५।४२	१९।०५	०५।३८	१८।४१	०५।२८	१९।०८	०५।४७	१८।२४	०५।२८	१९।१३	०५।३६	१९।१६
२१	०५।१४	१८।३५	०६।०६	१९।०४	०४।५८	१८।०८	०४।३८	१८।०१	०५।३९	१९।०८	०५।३७	१८।४३	०५।२५	१९।११	०५।४६	१८।२५	०५।२५	१९।१६	०५।३३	१९।१९
२६	०५।१२	१८।३७	०६।०५	१९।०६	०४।५६	१८।११	०४।३६	१८।०४	०५।३७	१९।११	०५।३६	१८।४५	०५।२२	१९।१४	०५।४५	१८।२७	०५।२२	१९।२०	०५।३०	१९।२१
३१	०५।११	१८।३९	०६।०४	१९।०८	०४।५५	१८।१३	०४।३५	१८।०६	०५।३५	१९।१३	०५।३५	१८।४७	०५।२०	१९।१७	०५।४५	१८।२८	०५।२०	१९।२३	०५।२८	१९।२६
जून ५	०५।११	१८।४२	०६।०४	१९।१०	०४।५५	१८।१५	०४।३४	१८।०८	०५।३५	१९।१५	०५।३५	१८।४८	०५।१९	१९।१९	०५।४५	१८।३०	०५।१९	१९।२५	०५।२७	१९।२९
१०	०५।११	१८।४४	०६।०४	१९।११	०४।५५	१८।१७	०४।३४	१८।११	०५।३५	१९।१८	०५।३५	१८।४९	०५।१९	१९।२१	०५।४५	१८।३१	०५।१८	१९।२७	०५।२७	१९।३२
१५	०५।११	१८।४६	०६।०५	१९।१३	०४।५५	१८।१८	०४।३४	१८।१२	०५।३५	१९।२०	०५।३५	१८।५१	०५।२०	१९।२२	०५।४६	१८।३३	०५।१९	१९।२९	०५।२७	१९।३४
२०	०५।१२	१८।४७	०६।०६	१९।१४	०४।५६	१८।२०	०४।३५	१८।१४	०५।३६	१९।२१	०५।३६	१८।५३	०५।२०	१९।२४	०५।४७	१८।३४	०५।२०	१९।३०	०५।२८	१९।३५
२५	०५।१३	१८।४८	०६।०७	१९।१५	०४।५७	१८।२१	०४।३६	१८।१५	०५।३७	१९।२२	०५।३७	१८।५५	०५।२१	१९।२६	०५।४८	१८।३५	०५।२१	१९।३२	०५।२९	१९।३६
३०	०५।१४	१८।४९	०६।०८	१९।१६	०४।५८	१८।२२	०४।३८	१८।१५	०५।३८	१९।२२	०५।३९	१८।५६	०५।२२	१९।२७	०५।४९	१८।३६	०५।२२	१९।३४	०५।३१	१९।३६

यह सूर्योदयास्त किरण वक्री भवन संस्कार रहित है, यही धर्म कृत्योपयोगी है, किरण भवन उपयोगी संस्कार युक्त सूर्योदयास्त पाश्चात्य पंचांगों में लिखा जाता है।

भारतीय कतिपय प्रसिद्ध नगरों के सूर्योदयास्त (भा. स्टे. टाईम)

	वाराणसी		मुम्बई		कलकत्ता		गोहाटी		जयपुर		नागपुर		शिमला, सोलन		मद्रास		धर्मशाला, कांगड़ा		जम्मू (काश्मीर)	
तारीख	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.	उदय घं.मि.	अस्त घं.मि.
जुला.५	५।१६	१८।४९	६।१०	१९।१६	५।००	१८।२२	४।३९	१८।१५	५।४०	१९।२२	५।४०	१८।५६	५।२४	१९।२६	५।५१	१८।३६	५।२४	१९।३५	५।३३	१९।३६
१०	५।१८	१८।४८	६।११	१९।१६	५।०२	१८।२१	४।४१	१८।१५	५।४२	१९।२१	५।४२	१८।५६	५।२६	१९।२५	५।५२	१८।३६	५।२७	१९।३४	५।३५	१९।३५
१५	५।२०	१८।४७	६।१३	१९।१६	५।०४	१८।२१	४।४४	१८।१४	५।४५	१९।२०	५।४४	१८।५५	५।२९	१९।२३	५।५३	१८।३६	५।३०	१९।३२	५।३७	१९।३४
२०	५।२३	१८।४६	६।१५	१९।१५	५।०६	१८।१९	४।४६	१८।१२	५।४८	१९।१८	५।४६	१८।५४	५।३१	१९।२१	५।५५	१८।३६	५।३३	१९।२९	५।४०	१९।३२
२५	५।२५	१८।४४	६।१७	१९।१४	५।०८	१८।१८	४।४९	१८।१०	५।५०	१९।१६	५।४८	१८।५२	५।३४	१९।१९	५।५६	१८।३५	५।३६	१९।२६	५।४३	१९।२९
३०	५।२७	१८।४१	६।१८	१९।१२	५।१०	१८।१५	४।५१	१८।०८	५।५३	१९।१३	५।५०	१८।५०	५।३८	१९।१६	५।५७	१८।३४	५।३९	१९।२३	५।४७	१९।२६
अग.४	५।३०	१८।३८	६।२०	१९।१०	५।१२	१८।१३	४।५३	१८।०५	५।५६	१९।१०	५।५२	१८।४८	५।४१	१९।१२	५।५८	१८।३२	५।४२	१९।१९	५।५०	१९।२२
९	५।३२	१८।३५	६।२२	१९।०७	५।१४	१८।१०	४।५६	१८।०१	५।५८	१९।०६	५।५३	१८।४५	५।४४	१९।०७	५।५९	१८।३०	५।४६	१९।१५	५।५३	१९।१७
१४	५।३४	१८।३१	६।२३	१९।०४	५।१६	१८।०६	४।५८	१७।५७	६।०१	१९।०२	५।५५	१८।४२	५।४७	१९।०२	६।००	१८।२८	५।४९	१९।१०	५।५६	१९।१२
१९	५।३६	१८।२७	६।२४	१९।०१	५।१८	१८।०२	५।०१	१७।५३	६।०३	१८।५७	५।५७	१८।३८	५।५०	१८।५७	६।००	१८।२५	५।५२	१९।०४	६।००	१९।०६
२४	५।३९	१८।२२	६।२६	१८।५७	५।२०	१७।५८	५।०३	१७।४८	६।०५	१८।५३	५।५८	१८।३४	५।५३	१८।५२	६।०१	१८।२२	५।५५	१८।५८	६।०३	१९।०१
२९	५।४१	१८।१७	६।२७	१८।५३	५।२१	१७।५४	५।०५	१७।४३	६।०७	१८।४८	६।००	१८।३०	५।५६	१८।४६	६।०१	१८।१९	५।५९	१८।५१	६।०६	१८।५६
सित.३	५।४३	१८।१२	६।२७	१८।४९	५।२३	१७।४९	५।०७	१७।३८	६।०९	१८।४२	६।०१	१८।२५	५।५८	१८।४०	६।०१	१८।१५	६।०२	१८।४५	६।०९	१८।५०
८	५।४४	१८।०७	६।२८	१८।४५	५।२४	१७।४४	५।०९	१७।३३	६।१२	१८।३७	६।०२	१८।२१	६।०१	१८।३४	६।०१	१८।१३	६।०६	१८।३८	६।१२	१८।४३
१३	५।४६	१८।०२	६।२९	१८।४१	५।२६	१७।४०	५।११	१७।२७	६।१४	१८।३१	६।०३	१८।१६	६।०४	१८।२८	६।०१	१८।०९	६।०९	१८।३२	६।१५	१८।३७
१८	५।४८	१७।५६	६।३०	१८।३६	५।२७	१७।३४	५।१३	१७।२२	६।१७	१८।२६	६।०४	१८।११	६।०७	१८।२१	६।०१	१८।०५	६।१२	१८।२५	६।१८	१८।३०
२३	५।५०	१७।५१	६।३१	१८।३२	५।२९	१७।२९	५।१५	१७।१६	६।१८	१८।२०	६।०६	१८।०७	६।१०	१८।१५	६।०१	१८।०२	६।१५	१८।१८	६।२१	१८।२४
२८	५।५२	१७।४६	६।३२	१८।२७	५।३०	१७।२५	५।१७	१७।११	६।२०	१८।१४	६।०७	१८।०२	६।१४	१८।०८	६।०२	१७।५८	६।१८	१८।११	६।२४	१८।१७
अक्टू.३	५।५४	१७।४०	६।३३	१८।२३	५।३२	१७।२०	५।२०	१७।०५	६।२३	१८।०९	६।०९	१७।५७	६।१७	१८।०१	६।०२	१७।५५	६।२२	१८।०५	६।२८	१८।११
८	५।५६	१७।३५	६।३४	१८।१९	५।३४	१७।१५	५।२२	१७।००	६।२६	१८।०४	६।१०	१७।५३	६।२१	१७।५५	६।०२	१७।५२	६।२५	१७।५८	६।३१	१८।०५
१३	५।५९	१७।३०	६।३५	१८।१५	५।३५	१७।१०	५।२४	१६।५५	६।२८	१७।५८	६।१२	१७।४८	६।२४	१७।५०	६।०२	१७।४८	६।२९	१७।५२	६।३४	१७।५९
१८	६।०१	१७।२५	६।३७	१८।११	५।३७	१७।०६	५।२७	१६।५०	६।३१	१७।५३	६।१३	१७।४४	६।२८	१७।४४	६।०३	१७।४६	६।३२	१७।४६	६।३७	१७।५३
२३	६।०४	१७।२१	६।३९	१८।०८	५।४०	१७।०२	५।३०	१६।४५	६।३४	१७।४९	६।१६	१७।४१	६।३१	१७।३९	६।०४	१७।४३	६।३६	१७।४१	६।४१	१७।४८
२८	६।०७	१७।१७	६।४०	१८।०५	५।४२	१६।५९	५।३३	१६।४१	६।३७	१७।४४	६।१८	१७।३७	६।३५	१७।३४	६।०५	१७।४१	६।४०	१७।३६	६।४५	१७।४३
नवं.२	६।१०	१७।१४	६।४२	१८।०२	५।४५	१६।५६	५।३६	१६।३८	६।४०	१७।४०	६।२०	१७।३४	६।३९	१७।३०	६।०६	१७।३९	६।४४	१७।३२	६।४९	१७।३८
७	६।१३	१७।१०	६।४५	१८।००	५।४८	१६।५३	५।३९	१६।३४	६।४३	१७।३७	६।२३	१७।३२	६।४४	१७।२६	६।०८	१७।३८	६।४९	१७।२९	६।५३	१७।३४
१२	६।१६	१७।०८	६।४७	१७।५८	५।५१	१६।५१	५।४३	१६।३२	६।४७	१७।३४	६।२६	१७।३०	६।४८	१७।२३	६।१०	१७।३६	६।५३	१७।२५	६।५८	१७।३०
१७	६।२०	१७।०६	६।५०	१७।५७	५।५४	१६।४९	५।४६	१६।३०	६।५१	१७।३२	६।२९	१७।२९	६।५२	१७।२०	६।१२	१७।३६	६।५७	१७।२२	७।०३	१७।२७
२२	६।२३	१७।०५	६।५३	१७।५७	५।५७	१६।४८	५।५०	१६।२८	६।५५	१७।३१	६।३२	१७।२८	६।५६	१७।१८	६।१४	१७।३६	७।०२	१७।१९	७।०८	१७।२५
२७	६।२७	१७।०४	६।५६	१७।५७	६।०१	१६।४८	५।५४	१६।२८	६।५९	१७।३१	६।३५	१७।२७	७।००	१७।१७	६।१७	१७।३६	७।०६	१७।१७	७।१२	१७।२४
दिसं.२	६।३१	१७।०४	६।५९	१७।५७	६।०४	१६।४८	५।५७	१६।२७	७।०२	१७।३१	६।३८	१७।२८	७।०३	१७।१६	६।१९	१७।३७	७।१०	१७।१६	७।१६	१७।२४
७	६।३४	१७।०४	७।०२	१७।५८	६।०७	१६।४८	६।०१	१६।२८	७।०६	१७।३१	६।४१	१७।२८	७।०७	१७।१६	६।२२	१७।३८	७।१३	१७।१६	७।२०	१७।२४
१२	६।३७	१७।०५	७।०५	१७।५९	६।१०	१६।५०	६।०४	१६।२९	७।०९	१७।३२	६।४५	१७।३०	७।११	१७।१७	६।२५	१७।४०	७।१६	१७।१७	७।२३	१७।२५
१७	६।४१	१७।०७	७।०८	१८।०१	६।१३	१६।५१	६।०७	१६।३१	७।१२	१७।३४	६।४८	१७।३२	७।१४	१७।१८	६।२८	१७।४२	७।१९	१७।१८	७।२६	१७।२६
२२	६।४३	१७।०९	७।११	१८।०३	६।१६	१६।५४	६।१०	१६।३२	७।१५	१७।३६	६।५०	१७।३४	७।१७	१७।२०	६।३०	१७।४४	७।२२	१७।२०	७।२९	१७।२८
२७	६।४५	१७।१२	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

...जैसे वृश्चिक का केतु स्वराशि का समझा जाता है वैसे ही मीन का

हर्शल का संक्षिप्त फल-विचार

सूर्य की एक प्रदक्षिणा करने में इस ग्रह को लगभग ८४ वर्ष लगते हैं, अर्थात् यह एक राशि में लगभग ७ वर्ष तक रहता है। यह ग्रह शनि से अत्यन्त खल बलिष्ठ तमोगुणी अशुभ ग्रह है। आकस्मिक घटना तथा रोगोत्पादक विलक्षण प्रकृति का वियोग और स्थान त्याग प्रिय है। वर्तमान समय इस जगत में मोटर, रेलवे, तार, बिजली, टेलीफोन आदि यन्त्रों का शोध तथा नित्य प्रयोग में और वायुप्रकोप सम्बन्धी इन्फ्लूएंजा आदि रोगों से यथा सुधार प्रिय देशों में स्त्री, पति, माता, पिता, बन्धु आदि के त्याग से सिद्ध होता है कि इस ग्रह का प्रभाव जगत के मनुष्य प्राणी पर पड़ने लगा है। इस ग्रह की कुम्भ राशि है। इसका आशय यह नहीं है कि शनि कुम्भ का स्वामी नहीं, प्रत्युत जैसे वृषभ और तुला का स्वामी शुक्र होता है, फिर भी वृषभ राशि का राहु स्वगृही माना जाता है, इसी प्रकार कुम्भ में हर्शल हो तो स्वगृही माना जाता है। यह वायुवेग-प्रिय गृह है। जिस पुरुष की कुण्डली में चन्द्र हर्शल से युक्त और स्त्री की कुण्डली में रवि हर्शल से युक्त हो अथवा केन्द्र तथा प्रतियोग करता हो तो ऐसे पुरुष या स्त्री को पूर्ण दाम्पत्य सुख नहीं होता। एवम् पाँचवें सातवें स्थान में हर्शल हो तो उस पुरुष और स्त्री की चित्त-वृत्ति को चंचल करता है।

राशि विचार- हर्शल मिथुन, तुला और कुम्भ राशि में अत्यन्त बलवान समझा जाता है। मेष और वृश्चिक राशि में अत्यन्त घातक फल देता है।

भाव विचार- यह ग्रह ५-९-१०-११ वें स्थान में शुभ और अन्य स्थानों में अशुभ माना गया है। लग्न में हर्शल हो तो मनुष्य विलक्षण स्वभाव का होगा। किन्तु मिथुन, तुला, कुम्भ राशि का हो तो तीव्र बुद्धि और शोधक होगा। द्वितीय भाव में हो तो कौटुम्बिक सुख के लिए प्रतिकूल और अशुभ राशि का हो तो द्रव्य- हानि। तृतीय भाव में भ्रातृ सुख विघातक, सदा स्थानान्तर, यान्त्रिक वाहन से प्रवास योग। चतुर्थ भाव में आप्तवर्गों से शत्रुत्व, आयुष्य के अन्त समय में द्रव्य-हानि भूमि-सम्बन्धी कलह। पंचम भाव में सन्तति प्रतिबन्ध अथवा नाश, सन्तति सुख का अभाव। षष्ठ भाव में मातुल सुख का अभाव, रोग वृद्धि। सप्तम भाव में वैवाहिक जीवन दाम्पत्य सुख का नाश, परराष्ट्र सम्बन्ध। अष्टम भाव में आकस्मिक मृत्यु। नवम भाव में धार्मिक संस्था से सम्बन्ध, शास्त्रीय शोध में रुचि। दशम भाव में अधिकारी वर्ग से सम्बन्ध। ग्यारहवें भाव में कायदे कौंसिल देशी संस्था आदि से सम्बन्ध। बारहवें भाव में द्रव्य हानि, ऋण-योग, शत्रु के कारण कष्ट।

नेपच्यून का संक्षिप्त फल-विचार

सूर्य की प्रदक्षिणा करने में इस ग्रह को लगभग १६५ वर्ष का समय लगता है, अर्थात् एक राशि में लगभग १३$\frac{3}{4}$ वर्ष तक रहता है। यह जल राशि ग्रह है। अर्थात् मीन इसकी राशि है। इसका आशय यह नहीं है कि मीन राशि का स्वामी बृहस्पति नहीं है, प्रत्युत मेष और वृश्चिक का स्वामी मंगल होते हुए भी जैसे वृश्चिक का केतु स्वराशि का समझा जाता है वैसे ही मीन का नेपच्यून स्वगृही माना जाता है। इसका अर्थ, धर्म गुरु चन्द्रमा के समान शुभ है। जल में रंग मिलने से जिस प्रकार जल का रंग बदल जाता है- उसी प्रकार नेपच्यून से जो ग्रह युक्त होगा, वैसे ही वह फल देता है। इसका प्रभाव रुधिराभिसरण में अधिक होता है। यह ग्रह १-५-९वें स्थान में सत्वप्रधान, २-४-६-८-१२ वें में तम प्रधान, ३-७-१०-११वें स्थान में रज प्रधान समझा जाता है। किन्तु यदि अशुभ स्थान और राशि में हो तो मनुष्य का स्वभाव पापवृत्ति की ओर होता है। इस ग्रह को ११-७-३-४-१२ इस क्रम से राशि प्रियतर है। शेष राशियाँ अप्रिय हैं। यह ग्रह १-३-५-९-११वें स्थान में कर्क, वृश्चिक, मीन, मिथुन, तुला राशि में स्थित हो तो ऊँचा फल मिलना निश्चित है।

भावफल- लग्न में नेपच्यून हो तो जल प्रवासी, गौरवपूर्ण, निद्रारोगी। दूसरे भाव में हो तो साम्पत्तिक-हानि, कुटुम्ब-हानि। तीसरे भाव में १-३-५-९-११वें स्थान के स्वामी शुभ योग करता हो तो प्रवास से लाभ, मानसिक उत्कर्ष। चतुर्थ भाव में माता को कष्ट, सांपत्न मातृ योग, पापग्रह से युक्त हो तो कारावास, कृषि में हानि। पंचम भाव में पंचमेश और गुरु से युक्त हो तो पुत्र सन्तति, पंचमेश और शुक्र से युक्त हो तो कन्या सन्तति, शुक्र से अशुभ योग करता हो तो व्यभिचार वृत्ति। छठे भाव में र. चं. से युक्त या दृष्ट हो तो मूत्राशय रोग, अतिसार, संग्रहणी, विश्वासघात। ७वें भाव में सुन्दर रूप और स्वभाव की स्त्री का लाभ, स्त्री राशि या स्त्री ग्रह से युक्त हो तो स्त्री से लाभ, पापग्रह से पीड़ित हो तो स्त्री कष्ट। श. मं. रा. से युक्त और दृष्ट हो तो अत्यन्त अशुभ। अष्टम भाव में शुभ ग्रह से युक्त हो तो आकस्मिक लाभ पापग्रह से युक्त और दृष्ट हो तो गुह्य भाग में विकार, राज दरबार में हानि। नवम् भाव में चर राशि का हो तो प्रवासी। दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट, व्यापार में हानि। ग्यारहवें भाव में हो तो मित्र, जामाता, बन्धु लाभ आदि विचार करें। बारहवें भाव में चन्द्र से युक्त हो तो जहाज में नौकरी का योग, मंगल से युक्त हो तो अस्पताल सम्बन्धी नौकरी, शनि से युक्त हो तो गुप्त विभाग की नौकरी। यह ग्रह हर्शल से अधिक सामर्थ्यवान है। संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया गया है। इस भाव की राशि, स्वामी, ग्रह-दृष्टि ग्रहपूर्ति आदि का शुभाशुभ विचार कर फलादेश कहना चाहिए।

मंगली योग परिहार- यदि कन्या की जन्मकुण्डली में १-४-७-८-१२वें घर में मंगल हो और केन्द्र त्रिकोण १-४-५-७-९-१०वें बृहस्पति हो तो मंगली दोष न होकर वह कन्या सुख-सौभाग्य सम्पन्न रहती है। यथा-

"वाचस्पतौ नवमपंचमकेन्द्र-संस्थे जाताऽङ्गना भवति पूर्ण-विभूतियुक्ता।
साध्वी सुपुत्रजननी सुखिनी गुणाढ्या सप्ताष्टके यदि भवेदशुभग्रहोऽपि।।"

होरा चक्र ज्ञान

सिद्ध होरा मुहूर्त्त

यस्य ग्रहस्य कर्म किंचित् प्रकीर्तितम्। तस्य ग्रहस्य होरायां सर्वकर्म विधीयते॥

इष्ट कार्य सिद्धि के लिए होरा मुहूर्त्त सर्वश्रेष्ठ है। होरा के अनुसार काम आरम्भ करके प्रत्येक व्यक्ति किसी भी नेष्ट समय में से अभीष्ट होरा निकाल कर अपनी वांछित कार्य सिद्धि प्राप्त कर सकता है। सप्त ग्रहों की अपनी-अपनी होराएं भी कुल मिलाकर सात होती हैं। रवि की होरा शासकीय कार्य, नौकरी आदि के लिए शुभ होती हैं। निविदाओं के आदान-प्रदान तथा सरकारी कार्य के दायित्व लेने व देने के लिए भी शुभ होती हैं। चन्द्रमा की होरा सर्वकार्य सिद्धि के लिए उत्तम होती है। भौम की होरा युद्ध, मुकदमा, विवाद, जुआ, यात्रा, ऋण देने, सभा और समाज में आने-जाने के लिए शुभ होती हैं। बुध की होरा कला, काव्य, गणित आदि का शुभारम्भ 'धन संग्रह करना तथा व्यापार आरम्भ करना, पुस्तक प्रकाशन तथा आवेदन प्रस्तुत करने हेतु' शुभ होती है। बृहस्पति की होरा विवाह आदि मांगलिक कार्य, पूजन, यज्ञ आदि शुभ कार्य हेतु, वृद्ध व आदरणीय व्यक्तियों के दर्शन हेतु, कोष संचय के लिए, विद्या व ज्ञान प्राप्ति के लिए, नव काव्य सम्पादन व प्रकाशन हेतु अनेक कार्यों में सिद्धि हेतु अभीष्ट है। शुक्र की होरा नववस्त्र, आभूषण धारण करने के लिए, यात्रारम्भ तथा विवाह सम्बन्धी सौभाग्यवर्धक कार्यों के लिए, कलात्मक कार्य, नाटक, चलचित्र सम्बन्धी सभी कार्यों के लिए शुभ होती हैं। शनि की होरा धन संग्रह, नवगृह तथा भवन निर्माण आरम्भ करने के लिए, भूमि तथा भवन की नींव रखने के लिए, कल-कारखानों, यन्त्रों सम्बन्धी कार्य सिद्ध करने हेतु तथा सर्व प्रकारेण स्थिर कार्य सिद्धि हेतु शुभ होती हैं। प्रत्येक होरा का समय अढ़ाई घड़ी अर्थात् साठ मिनट यानि एक घंटे का होता है। जिस दिन जो वार होता है उस वार की प्रथम होरा सूर्योदय के समय से शुरू होकर एक घंटा तक की समयावधि की होती है। इसके पश्चात दूसरी होरा उस दिन से छठे वार की होती है। इसी क्रमानुसार दूसरी होरा के दिन से छठे दिन की तीसरी होरा होती है। इस तरह से सूर्योदय से अगले दिन सूर्योदय तक साठ घड़ी अर्थात २४ घंटों में २४ होराएं घूम जाती हैं। अभीष्ट कार्य की सिद्धि के लिए जो होरा अनुकूल, उपरोक्त क्रम में कहीं है उसके अनुसार ही निर्दिष्ट समय में कार्यारम्भ करने से वांछित परिणाम मिलेंगे। आर्ष ग्रन्थों में इसी होरा को क्षणवार भी कहा गया है। यदि क्षणवार तथा ग्रहवार या दिनवार दोनों अनुकूल हों तो कार्य सिद्धि निर्विघ्न व निश्चित हैं। वर्जित दिन में अनुकूल होरा पर यात्रा करने से भी दिक् शूल का परिमार्जन हो जाता है।

वार	होरा १	होरा २	होरा ३	होरा ४	होरा ५	होरा ६	होरा ७	होरा ८	होरा ९	होरा १०	होरा ११	होरा १२	होरा १३	होरा १४	होरा १५	होरा १६	होरा १७	होरा १८	होरा १९	होरा २०	होरा २१	होरा २२	होरा २३	होरा २४
रवि	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध
सोम	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु
मंगल	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र
बुध	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि
गुरु	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि
शुक्र	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम
शनि	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल	रवि	शुक्र	बुध	सोम	शनि	गुरु	मंगल

अर्थात् भाव का स्वामी जिस राशि में स्थित हो उस राशि का स्वामी ही अनित्य कारक कहलाता है। सर्व फल का दाता वही है। यदि वह बलशाली हो- उच्चस्थ, स्वक्षेत्री, वर्गोत्तम, मित्रक्षेत्री आदि और शुभ कर्तरी में हो तो श्रेष्ठ फल देता है। यदि नीचस्थ, शत्रु दृष्ट, अशुभ दृष्ट, अस्त हो तो शुभ फल नहीं देता।

स्वक्षेत्र वर्गोत्तम तुङ्ग मित्र शुभ ग्रहाणां यदि मध्यवासः।
स कारको भद्रतरं करोति नीचारि मूढोऽशुभदृग विहीनः।। *(द्वितीय/३२९)*

२. अंशादि स्फुटः- ये योग ग्रन्थ में नाड़ी फल में कहे गए हैं।

ये पांच योग गुरु के गोचर वश स्फुट योग से बनते हैं।

(i) .... सुखेशांश त्रिकोणगे।।१९२६ *(प्रथम भाग)*

स्फुट योगं गते जीवे विवाहोत्सवमादिशेत।

चतुर्थेश जिस राशि में हो वह राशि अथवा चतुर्थेश से पूर्ण दृष्टि से देखे जानी वाली राशि में, अथवा चतुर्थेश नवमांश में जिस राशि में हो तो वह राशि, अथवा उसकी दोनों त्रिकोण राशियों में, चतुर्थेश के अंश के ऊपर जब गुरु गोचर करे तो जातक का विवाह कहे।

(ii) .... सुतेशांश त्रिकोणगे।। *(प्रथम भाग, १८४६)*

स्फुट योगं गते जीवे विवाहोत्सवमादिशेत्।

पंचमेश जिस राशि में हो वह राशि अथवा पंचमेश से दृष्ट राशि; पंचमेश नवांश में जिस राशि में हो वह राशि तथा उसकी दोनों त्रिकोण राशियों में, पंचमेश के अंश पर जब गोचर में गुरु भ्रमण करे तो जातक का विवाह कहे।

(iii) .... मदेशांश त्रिकोणगे।

स्फुटयोगं गते जीवे विवाहोत्सवमादिशेत्।। *(प्रथम/२७९५-९६)*

सप्तमेश जिस राशि में हो वह राशि अथवा सप्तमेश से दृष्ट राशि में; सप्तमेश नवांश में जिस राशि मे हो वह राशि तथा उसकी दोनों त्रिकोण राशियों में; सप्तमेश के अंश ऊपर जब गुरु गोचर करे तो जातक का विवाह कहे।

(iv) ...... भाग्येशांश त्रिकोणगे।

स्फुटयोगं गते जीवे विवाहोत्सवमादिशेत्।। *(प्रथम/२३६७)*

नवमेश जिस राशि में हो वह राशि अथवा नवमेश से दृष्ट राशि में; नवमेश नवांश में जिस राशि में हो वह राशि अथवा उसकी दोनों त्रिकोण राशियों में, नवमेश के अंश ऊपर जब गोचर में गुरु भ्रमण करे तो विवाह कहे।

(v) .... कर्मेशांश त्रिकोणगे।

स्फुट योगं गते जीवे विवाहोत्सवमादिशेत्।। (प्रथम/२६९६)

दशमेश जिस राशि में हो वह राशि अथवा दशमेश से दृष्ट राशि में; अथवा दशमेश नवांश में जिस राशि में हो वह राशि अथवा उसकी दोनों त्रिकोण राशियों में; दशमेश के अंश पर जब गोचर में गुरु भ्रमण करे तो जातक का विवाह कहे।

अब कुछ उदाहरण देते हैं।

उदाहरण-१

जन्मतिथि : २७ मार्च, १९६९
जन्म समय : १६ बजकर ५ मिनट (सायंकाल ४ बजकर ५ मिनट)
जन्म स्थान : अक्षांश २८।३८ चित्रा पक्ष अयनांश : २३।२५।३८
रेखांश : ७७।१२ निरयन लग्न : ४।१०।५८
भोग्य गुरु दशा ५ वर्ष ९ मास १८ दिन (१५ जनवरी १९७५ तक)

ग्रह	स्फुटांश	नवांश राशि	ग्रह	स्फुटांश	नवांश राशि
सू.	११।१३।९।३६	७	चं.	२।२८।३०।४८	३
मं.	७।१८।१३	९	बु.	११।१।४।२३	४
गु.	५।७।१	१२	शु.	०।१।४५	१
श.	०।२।२१	१	रा.	११।६।३९	५
के.	५।६।३९	११	लग्न	४।१०।५८	४
			दशम	१।९।१८	

जन्म लग्न ४।१०।८

गु. के. ६ | ५ | ४ | चं. ३ | २ | ७ | मं. ८ | ११ | ९ | १० | १२ | शु. श. १

विवाह तिथि :- ९ फरवरी, १९९२

जातक को शनि महादशा में गुरु का अंतर ३ जुलाई १९९१ से प्रारम्भ होकर १५ जनवरी १९९४ तक था। शनि यद्यपि नीचस्थ है परन्तु वर्गोत्तमी होने से दोष न्यून है। गुरु पंचमेश है तथा स्वनवांश मीन में है। इस प्रकार सप्तमेश पंचमेश की दशा, अंतर्दशा विवाह का संकेत देती है। गुरु १ फरवरी को सिंह राशि में वक्र गति से भ्रमण कर रहा था। स्पष्टांश १८।२०। इस कुण्डली में चतुर्थेश मंगल के स्पष्टांश ७।१८।१३ है तथा नवमांश में वह धनु राशि में है जिसकी दो त्रिकोण राशियां सिंह और मेष हैं। गुरु का स्पष्टांश चतुर्थेश के स्पष्टांश तुल्य ही है। इस प्रकार अंशादि स्फुट के नियम (१) के अंतर्गत विवाह समय ठीक उसी दिन का आता है।

उदाहरण-२

जन्म तिथि : १२-११-१९३४
जन्म समय : ०४:०४ (भारतीय स्टैण्डर्ड समय) सूर्योदय से पूर्व
जन्म स्थान : अक्षांश २८।१३ चित्रा पक्षीय अयनांश : २२:५६:५१
रेखांश : ७७:५० निरयन लग्न : ५।२२।१४
भोग्य सूर्य दशा ५ वर्ष ८ मास (११ जुलाई, १९४० तक)

शेष पृष्ठ : २४ पर

१४९

सौन्दर्य-लहरी का चमत्कारी प्रयोग

लेखिका- राजराजेश्वरी उपाध्याय

सौन्दर्य लहरी के चमत्कारी प्रयोग शीर्षक से विगत वर्षों से श्रीविश्वविजय पंचांग के माध्यम से सौन्दर्य लहरी के विविध प्रयोग व उपलब्धियां तथा 'दीक्षा रहस्य'' आदि प्रसंगों को सुधि पाठकों ने बहुत अपनाया अब इस श्रृंखला में श्लोक संख्या ६ से १५ तक १० श्लोकों के क्रमशः मंत्र, न्यास, ध्यान एवं प्रयोग विधि प्रस्तुत की जा रही है।

विशेष दृष्टव्य:- श्री विद्या साधना-सपर्या-वरिवश्या यह गुरुगम्य है, इसमें ''मतयो: यत्र गच्छन्ति तत्र गच्छन्ति वानरा:'' नहीं होना है- शास्त्राणी यत्र गच्छन्ति तत्र गच्छन्ति ते नरा:।।'' शास्त्र चक्षु से कर्त्तव्य, विधि निषेध का पालन करना परमावश्यक है।

''सौन्दर्य लहरी के समग्र प्रयोग'' हेतु प्रथमत: गुरु दीक्षा अनिवार्य है- सौन्दर्य लहरी एवं श्री विद्या साधना के प्रमाणिक ग्रन्थों में श्रीविद्या वरिवश्या, श्रीविद्या सपर्या पद्धति, लेखक धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज, स्वामीजी दतिया, चण्डी कार्यालय की सार्थ सौन्दर्यलहरी तथा द्वारका शारदापीठ द्वारा प्रकाशित सौन्दर्यलहरी प्रमाणिक साहित्य है।

''दीक्षा रहस्य'' सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण सामग्री श्रीविश्वविजय पंचांगम् सं. २०६३ के पृष्ठ १९०-१९१ पर गत वर्ष प्रकाशित है कृपया पुन: अवलोकन करें।

सौन्दर्य लहरी ''श्रीविद्या'' दीक्षा के सम्बन्ध में कुछ जान लेना आवश्यक है। ''पूर्णाभिषिक्त'' साधक ही इसकी दीक्षा दे सकते हैं। आजकल तथाकथित श्री विद्या साधक, श्रीविद्या श्रीयन्त्र बेचने वालों की बाढ़ जैसी आ रही है अत: जल्दबाजी करके जोश में होश नहीं खोवें। कारण आज

''गली-गली में गुरु घूमे बान्ध लटकाये थेला।
आवो रे कोई दीक्षा ले लो बन जावो रे चेला।।
गुरु आप अग्यानी जुगत न जानी चेला मुक्ति चहन्दा है,
अन्धे पर अन्धा धर कर कन्धा खरड़ खप्प खपिन्दा है।''

इस तरह की ठगों धूर्त, ढोंगी लोगों से सावधान रहें तथा- साधक जन भी पात्रता देखकर ही श्रीविद्या दीक्षा दें ऐसा कहा गया है क्योंकि ''अपात्र के हाथ में आया हुआ शस्त्र-शास्त्र का दुरुपयोग होता है अत: महर्षियों ने पात्रता की पहचान एवं योग्यता की शर्त रखी है श्रीविद्या दीक्षा के सम्बन्ध में यह पंक्ति ध्यान देने योग्य है-

अतिप्रियतमं देयं सुतदाराधनादिकम्। राज्यदेयं शिरोदेयं न देया पञ्चदशाक्षरी।।

- विधि निषेधों का पालन करते हुए साधना की जाये तो भगवती अवश्य कामना पूर्ण करती हैं पुरुषार्थ चतुष्टय की सिद्धि भगवती के द्वारा तत्काल होती है-

अर्थ की वृद्धि महेश करें, कमलापति केवल मुक्ति निसेनी,
कामना पूर गनेस करें, निजदासन की मति राखत पेनी।
धर्म कला को प्रकाशत भानु जथा दरसे परसे तिरवेनी,
सज्जन देखो विचारि हिये जगदम्ब जू चारों पदारथ देनी।।

साधक के क्षेम लाभार्थ अहर्निश जगदम्बा-प्रत्यक्ष रहती है लिखा है-

''अस्माकं क्षेमलाभाय जागर्ति जगदम्बिका।''

जगदम्बा के आराधकों के लिए कहा है -

यत्रास्ति भोगो न च तत्र मोक्ष:, यत्रास्ति मोक्षो न च तत्र भोग:।
श्रीसुन्दरीसाधनतत्पराणां, भोगश्च मोक्षश्च करस्य एव।।

प्रयोग सं. ६, इसमें सौन्दर्यलहरी के छठे श्लोक का आधार है

श्लोक का स्वरूप-

''धनु: पौष्पं मौर्वी मधुकरमयी पञ्च विशिखा........''

इस श्लोक के आधार से भगवती की सपर्या करें।

सन्तान प्राप्ति प्रयोग
क्लीं क्लीं क्लीं साध्यम् क्लीं क्लीं क्लीं

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्णपत्र में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो २१ दिन तक प्रतिदिन ५०० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'धं' है। जप का दशांश हवन 'धं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'धं मार्जयामि नम:' से तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'धं तर्पयामि नम:' से करें। तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। गन्ने के टुकड़े का नैवेद्य विहित है।

इस यन्त्र के प्रयोग से नपुंसकता की निवृत्ति होती है तथा सन्तान सुख मिलता है।।६।।

विनियोग - अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'धनु: पौष्पं मौर्वी' इति षष्ठमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषि:। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। धं बीजं। ह्रीं शक्ति:। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोग:।

कराङ्गन्यासौ - ह्रां .... अंगुष्ठाभ्यां नम: .... हृदयाय नम:।
ह्रीं .... तर्जनीभ्यां स्वाहा .... शिरसे स्वाहा।।
ह्रूं .... मध्यमाभ्यां वषट् .... शिखायै वषट्।
ह्रैं .... अनामिकाभ्यां हुं .... कवचाय हुम्।
ह्रौं .... कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ..... नेत्रत्रयाय वौषट्।
ह्र: .... करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् ...... अस्त्राय फट्।

ऋष्यादिन्यास - ईशान भैरवाय ऋषये नमः .... शिरसि।
गायत्र्यनुष्टप छन्दोभ्यां नमः .... मुखे।
श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः .... हृदि।
धं बीजाय नमः .... लिंगे।
ह्रीं शक्तये नमः .... नाभौ।
ॐ आं ह्रीं कीलकाय नमः .... पादयोः।
मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अञ्जलौ सर्वाङ्गे।

ध्यानम् -

षड्भुजां मेघवर्णां च रक्ताम्बरधरां पराम्। वरदां शुभदां रम्यां चतुर्वर्ग-प्रदायिनीम्। एवं ध्यात्वा धकारं तु मन्त्रं च दशधा जपेत्। त्रिकोणरूपरेखायां त्रयो देवा वसन्ति च। विश्वेश्वरी विश्व-माता विश्वस्य-धारिणीति च।

पञ्चोपचार पूजन

लं पृथिवीतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै.......................... गन्धं परिकल्पयामि।
हं आकाशतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै.......................... पुष्पं परिकल्पयामि।
मं वायुतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै.......................... धूपं परिकल्पयामि।
रं वह्नितत्वात्मिकायै ललितादेव्यै.......................... दीपं परिकल्पयामि।
वं जलतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै.......................... नैवेद्यं परिकल्पयामि।
सं सर्वतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै...................... सर्वोपचारान् परिकल्पयामि।

प्रयोग सं. ७ में सातवें श्लोक का आधार है

सप्तम श्लोक का स्वरूप-

"क्वणत्काञ्चीदामा करिकलभकुम्भस्तननता......।।

शत्रु-विजय प्रयोग

क्लीं

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्णपत्र में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो ४५ दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'क्वं' (क्+व) है। जप का दशांश हवन 'क्वं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'क्वं मार्जयामि नमः' से, तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'क्वं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात् १० बार मन्त्र का पाठ करे। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। पुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। क्षीर तथा पायस का नैवेद्य विहित है।

मतान्तर में भस्म अभिमन्त्रित कर धारण करना चाहिए। इस प्रयोग से शत्रु पर विजय प्राप्त की जा सकती है।।७।।

विनियोग - अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'क्वणत्काञ्चीदामा' इति सप्तममन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। क्वं बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

कराङ्गन्यासौ - पूर्व वर्णित कराङ्गन्यास के अनुसार करें।

ऋष्यादिन्यास - बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें।

बीज न्यासः- क्वं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् -

जपापावकसिन्दूरसदृशीं कामिनीं परां। चतुर्भुजां त्रिनेत्रां च बाहुवल्लीविराजिताम्। कदम्बकोरकाकारः स्तनयुग्मविराजिताम्। रत्नकङ्कणकेयूरहारनूपुरभूषिताम्। एवं ककारंध्यात्वा तु हन्मत्रं दशधा जपेत्। शङ्खकुन्दसमा कीतिर्मात्रा साक्षात् सरस्वती। कुण्डलीचांकुशाकारा कोटिविद्युल्लताऽऽकृतिः। कोटिचन्द्रप्रतीकाशो मध्ये शून्यः सदाशिवः। शून्यगर्भस्थिता काली कैवल्यपददायिनी। अर्थश्च जायते देवि! तथा धर्मश्च नान्यथा। आसनं त्रिपुरा देव्याः ककारः पञ्चदेवतः। ईश्वरो यस्तु देवेशि! त्रिकोणे तत्त्वसंस्थितः। त्रिकोणमेतत् कथितं योनिमण्डलमुत्तमम्। कैवल्यं प्रपदे यस्याः कामिनी सा प्रतीर्तिता। एषा सा कादिविद्या चतुर्वर्गफलप्रदा। कुन्दपुष्पप्रभां देवीं द्विभुजां पङ्कजेक्षणम्। शुक्लमाल्याम्बरधरां रत्नहारोज्वलां पराम्। साधकाभीष्टदां सिद्धां सिद्धिदां सिद्धसेविताम्। एवं ध्यात्वा 'व' कारं तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। 'व' कारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डलीमोक्षमव्ययम्। पञ्चदेवमयं वर्ण पीतविद्युल्लतामयम्। चतुर्वर्गप्रदं शान्तं सर्वसिद्धिप्रदायकम्।

पञ्चोपचार पूजन - पूर्ववत् करें।

प्रयोग सं. ८ में ८वें श्लोक का आधार है

आठवां श्लोक का स्वरूप- "सुधा सिन्धुधर्मध्ये सुरविटपिवाटीपरिवृते.....।।

कारागार निवृत्ति प्रयोग

रं

प्रस्तुत यन्त्र को लाल चन्दन के टुकड़े में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो १२ दिन तक प्रतिदिन १२०० मन्त्र का जाप करें। (बीजाक्षर 'सुं' (स्+उ) है। जप का दशांश हवन 'सुं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'सुं मार्जयामि नमः' से तथा मार्जन का दशांश दर्पण 'सुं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। काली मिर्च का नैवेद्य विहित है।

लाल चन्दन के टुकड़े में यन्त्र लिखकर अनुष्ठान के बाद गले में धारण करने का भी विधान है। इस यन्त्र के प्रयोग से सकलकार्य जय तथा कारागार से निवृत्ति होती है।।८।।

विनियोग - अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'सुधासिन्धोर्मध्ये' इति अष्टममन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। सुं बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

करान्न्यासौ – पूर्व वर्णित करान्न्यास के अनुसार करें।
ऋष्यादिन्यास – बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें
बीज न्यासः– सुं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् –
करीषभूषिताङ्गीं च साट्टहासां दिगम्बराम्। अस्थिमाल्यामष्टभुजां वरदामम्बुजेक्षणाम्। नागेन्द्रहारभूषाढ्यां जटामुकुटमण्डिताम्। सर्वसिद्धिप्रदां नित्यां धर्मकामार्थमोक्षदाम्। एवं ध्यात्वां सकारं तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। सकारं श्रृणु चार्वाङ्गि शक्तिबीजं परात्परम्। कोटिविद्युल्लताकारं कुण्डलीमयसंयुतम्। पञ्चदेव मयं देवि पञ्चप्राणात्मकं सदा। रजसत्वतमोयुक्तं त्रिविन्दुसहितं सदा। पीतकर्णां त्रिनयनां च पीताम्बरधरां पराम्। द्विभुजां जटिलां भीमां सर्वसिद्धिप्रदायिनीम्। एवं ध्यात्वां सुरश्रेष्ठां तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। उकारं परमेशानि! अधः कुण्डलिनी स्वयम्। पीतचम्पकसङ्काशं पञ्चदेवमयं सदा। पञ्चप्राणमयं देवि! चतुर्वर्गप्रदायकम्।

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें।

प्रयोग सं. ९ में ९वें श्लोक का प्रयोग है

श्लोक का स्वरूप-

"महीं मूलाधारे कमपि मणिपूरेहुतवहं......।"

पञ्चभूत विजय प्रयोग

यं यं यं
साध्यम्
आं क्रों

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्णपत्र में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो १० दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'मं' है। जप का दशांश हवन 'मं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'मं मार्जयामि नमः' से, तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'मं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात् १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। क्षीर तथा पायस का नैवेद्य विहित है।

इस यन्त्र के प्रयोग से बाहर गये व्यक्ति का प्रत्यागमन एवं पञ्चभूत जय की प्राप्ति होती है।।९।।

विनियोग – अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'महीं मूलाधारे' इति नवममन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। 'मं' बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

करान्न्यासौ – पूर्व वर्णित करान्न्यास के अनुसार करें।
ऋष्यादिन्यास – बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें ।
बीज न्यासः– मं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् –
कृष्णां दशभुजां भीमां पीतलोहितलोचनाम्। कृष्णाम्बरधरां नित्यां धर्मकामार्थमोक्षदाम्। एवं ध्यात्वां मकारं तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। मकारं श्रृणु चार्वाङ्गि। स्वयं परमकुण्डली। तरुणादित्यसङ्काशं चतुर्वर्गप्रदायकम्। पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं तथा।

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें।

प्रयोग सं. १०– इसमें दसवें श्लोक की अराधना है–

"सुधाधारासारैश्चरणयुगलान्तर्विगलितैः......।"

शरीरशुद्धि/वीर्यवृद्धि प्रयोग

ह्रीं
ह्रीं क्लीं ह्रीं
ह्रीं
ह्रीं क्लीं ह्रीं
ह्रीं

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्णपत्र में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो ६ दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'सुं' है। जप का दशांश हवन 'सुं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'सुं मार्जयामि नमः' से, तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'सुं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। केले का नैवेद्य विहित है।

मतान्तर में लाल धागे में यन्त्र को बांध धारण करें। इस यन्त्र के प्रयोग से वीर्य वृद्धि एवं रजोदर्शन होता है।।१०।।

विनियोग – अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'सुधा-धारा-सारैश्चरण' इति दशममन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। सुं बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

करान्न्यासौ – पूर्व वर्णित करान्न्यास के अनुसार करें।
ऋष्यादिन्यास – बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें।
बीज न्यासः– सुं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् –
करीषभूषिताङ्गीं च साट्टहासां दिगम्बराम्। अस्थिमाल्यामष्ट भुजां वरदामम्बुजेक्षणाम्। नागेन्द्रहारभूषाढ्यां जटामुकुटमण्डिताम्। सर्वसिद्धिप्रदां नित्यां धर्मकामार्थमोक्षदाम्। एवं ध्यात्वां सकारं तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। सकारं शृणु चार्वाङ्गि। शक्तिबीजं परात्परम्। कोटिविद्युल्लताकारं कुण्डलीमयसंयुतम्। पीतकर्णां त्रिनयनां च पीताम्बरधरां पराम्। द्विभुजां जटिलां भीमां सर्वसिद्धिप्रदायिनीम्। एवं ध्यात्वां सुरश्रेष्ठां तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। उकारं परमेशानि! अधः कुण्डलिनी स्वयम्। पीतचम्पकसङ्काशं पञ्चदेवमयं सदा। पञ्चप्राणमयं देवि! चतुर्वर्गप्रदायकम्।

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें।

बन्ध्यात्व निवृत्ति प्रयोग

श्रीं

प्रयोग सं. ११ में एकादश श्लोक का वर्णन है-

"चतुर्भिः श्रीकण्ठैः शिवयुवतिभिः पञ्चभिरपि.......।"

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्णपत्र में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो ८९ दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'चं' है। जप का दशांश हवन 'चं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'चं मार्जयामि नमः' से, तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'चं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात् १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। गुड़ की खीर का नैवेद्य विहित है।

इस मन्त्र के प्रयोग से बाँझपन से निवृत्ति प्राप्त होती है और दीर्घजीवी बुद्धिमान संतान प्राप्त होती है।।११।।

विनियोग - अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'चतुर्भि श्रीकण्ठैः शिव' इति एकादशमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। चं बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

कराङ्गन्यासौ - पूर्व वर्णित कराङ्गन्यास के अनुसार करें।

ऋष्यादिन्यास - बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें।

बीज न्यासः- चं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् -

तुषार-कुन्द-पुष्पाभां नानालङ्कार-भूषिताम्। सदा षोडश-वर्षीयां वराभय-करां पराम्।
शुक्ल-वस्त्रावृतकटीं शुक्लवस्त्रोत्तरीयिणीं। वरदां शोभनां रम्यामष्ट-बाहु-समन्विताम्।
च-वर्णं श्रृणु सु-श्रोणि चतुर्वर्ग-फलं प्रदं। कुण्डली-सहित धूम्रं महा-चण्डार्चितं पुरा।
सततः कुण्डली-युक्तं पञ्च-देव-मयं सदा। सर्व-सृष्टि-प्रदं वर्णं पञ्च-प्राणात्मकं प्रिये!।

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें।

कवित्वशक्ति प्राप्ति प्रयोग

सौः

सौः

प्रयोग सं. १२- इसमें १२वें श्लोक की आराधना है-

"त्वदीयं सौन्दर्यं तुहिनगिरिकन्ये तुलयितुं...........।"

प्रस्तुत यन्त्र को जल में मध्यमा उँगली से लिखकर पूर्वाभिमुख हो ४५ दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'त्वं' है। जप का दशांश हवन 'त्वं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'त्वं मार्जयामि नमः' से, तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'त्वं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य हैं। मधु का नैवेद्य विहित है। इस अनुष्ठान का फल अतिविशिष्ट है तथा सद्यःफल प्रदायक है।

इस यन्त्र के प्रयोग से वशीकरण एवं कवित्व शक्ति प्राप्त होती है, मूक भी वाक्पटु हो जाते हैं।।१२।।

विनियोग - अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'त्वदीयं सौन्दर्यं' इति द्वादशमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। त्वं बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

कराङ्गन्यासौ - पूर्व वर्णित कराङ्गन्यास के अनुसार करें।

ऋष्यादिन्यास - बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें।

बीज न्यासः- त्वं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् -

चतुर्भुजां महाशान्तां महामोक्षप्रदायिनीं सदाषोडशवर्षीयां रक्ताम्बरधरां पराम्।
नानालङ्कारभूषां व सर्वसिद्धिप्रदायिनीं। एवं ध्यात्वा तकारं तु मन्त्ररूपं सदा यजेत्।
तकारं चञ्चलापाङ्गि स्वयं परमकुण्डली। पञ्चदेवात्मकं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं तथा।
त्रिशक्ति सहितं वर्णं आत्मादितत्वसंयुतम्। त्रिबिन्दुसहितं वर्णं पीतविद्युत्समप्रभम्।
कुन्दपुष्पप्रभां देवीं द्विभुजां पङ्कजेक्षणाम्। शुक्लमाल्याम्बरधरां रत्नहारोज्जवलां पराम्।
साधकाभीष्टदां सिद्धां सिद्धिदां सिद्धसेवितां। एवं ध्यात्वा वकारं तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्
वकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डलीमोक्षमव्ययं। पञ्चप्राणमयं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं मन्त्रमात्मादि तत्वसंयुतम्। पञ्चदेवमयं वर्णं पीतविद्युल्लतामयम्।

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें

वशीकरण प्रयोग

क्लीं क्लीं क्लीं
साध्यम्
क्लीं क्लीं क्लीं

प्रयोग सं. १३ में १३वें श्लोक का प्रयोग है

"नरं वर्षीयांसं नयनविरसं नर्मसु जडं.......।"

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्णपत्र में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो ६ दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'नं' है। जप का दशांश हवन 'नं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'नं मार्जयामि नमः' से तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'नं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। त्रिमधु का नैवेद्य विहित है।

अनुष्ठान के अनन्तर अभिमन्त्रित यन्त्र को विधानपूर्वक गले में धारण करें। इस यन्त्र के प्रयोग से स्त्री-पुरुष का परस्पर वशीकरण होता है।।१३।।

विनियोग - अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'नरं वर्षीयांसं' इति त्रयोदशमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। नं

बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

कराङ्गन्यासौ – पूर्व वर्णित कराङ्गन्यास के अनुसार करें।

ऋष्यादिन्यास – बीज न्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें।

बीज न्यासः– नं. बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् –

दलिताञ्जनवर्णाभां ललज्जिह्वां सुलोचनाम्। चतुर्भुजां चकोराक्षीं चारु-चन्दन-चर्चिताम्। कृष्णाम्बर-परीधानां ईशद्धास्यमुखीं सदा। एवं ध्यात्वां नकारं तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। नकारं शृणु चार्वङ्गि! रक्तविद्युल्लताकृतिः। पञ्चदेवमयं वर्णं स्वयं परमकुण्डली। त्रिगुणाशक्तिसंयुक्तं हृदि भावय पार्वतिः!

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें

प्रयोग सं. १४ में १४वें श्लोक का प्रयोग है

"क्षितौ षट्पञ्चाशद्द्विसमधिकपञ्चाशदुदके.....।"

दुर्भिक्ष/रोगनिवृत्ति प्रयोग	
श्रीं	श्रीं
श्रीं	श्रीं
श्रीं	श्रीं

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्ण पत्र में चन्दन से लिखकर पूर्वाभिमुख हो ४५ दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'क्षं' है। जप का दशांश हवन 'क्षं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'क्षं मार्जयामि नमः' से तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'क्षं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य हैं। क्षीर तथा पायस का नैवेद्य विहित है।

एकान्त स्थान में विधिवत् अनुष्ठित यह अनुष्ठान शीघ्र फल प्रदान करने वाला है। इस यन्त्र के प्रयोग से दुर्भिक्ष निवारण तथा वसन्तादिरोग की निवृत्ति होती है।।१४।।

विनियोग – अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'क्षितौषट्-पञ्चाशद' इति चतुर्दशमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। क्षं बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

कराङ्गन्यासौ – पूर्व वर्णित कराङ्गन्यास के अनुसार करें।

ऋष्यादिन्यास – बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें।

बीज न्यासः– क्षं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् –

चतुर्भुजां त्रि-नयनां बाहु-वल्ली-विराजिताम्। रत्न-कङ्कण-केयूर-हार-नूपुर-भूषिताम्। शुक्लाम्बरांशुक्ल वर्णां द्विभुजां रक्त-लोचनाम्। श्वेत-चन्दन-लिप्ताङ्गीं मुक्ताहारोप-शोभिताम्।। एवं ध्यात्वां क्ष-कारं तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्। क्षकारं शृणु चार्वङ्गि! कुण्डलीत्रयसंयुतम्। चतुर्वर्ग-मयं वर्णं पञ्च-देव-मयं तु तत्। आघण्ट-सिंह बीजं च पञ्च-प्राणात्मकं प्रिये!। शरच्चन्द्र-प्रतीकाशं हृदि भावय सुन्दरि!।

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें।

प्रयोग १५ में १५वें श्लोक का वर्णन है

"शरज्जयोत्स्नाशुद्धां शशियुतजटाजूटमुकुटां......।"

विद्या-कवित्व-प्राप्ति प्रयोग	
सं	सं
सं	सं
सं	सं

प्रस्तुत यन्त्र को स्वर्णपत्र अथवा जल में चन्दन अथवा उँगली से लिखकर पूर्वाभिमुख हो ४१ दिन तक प्रतिदिन १००० मन्त्र का जाप करें। बीजाक्षर 'शं' है। जप का दशांश हवन 'शं स्वाहा' से, हवन का दशांश मार्जन 'शं मार्जयामि नमः' से तथा मार्जन का दशांश तर्पण 'शं तर्पयामि नमः' से करें। तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें। फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें। रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव तथा घृत हवनीय द्रव्य है। मधु, केला तथा चीनी का नैवेद्य विहित है।

जल में यन्त्र लिखें तो अनुष्ठान के बाद उसे पी जाय और स्वर्ण गले में धारण करें। इस मन्त्र के प्रयोग से ज्ञान और कवित्व शक्ति की प्राप्ति होती है।।१५।।

विनियोग – अस्य श्री त्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'शरज्ज्योत्सना-शुद्धां' इति पञ्चदशमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। शं बीजं। ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम्। मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

कराङ्गन्यासौ – पूर्व वर्णित कराङ्गन्यास के अनुसार करें।

ऋष्यादिन्यास – बीजन्यास के अतिरिक्त पूर्ववत् करें।

बीज मन्त्र न्यासः– शं बीजाय नमः .... लिंगे।

ध्यानम् –

चतुर्भुजां चकोराक्षीं चारु-चन्दन-चर्चितां। शुक्लवर्णां त्रिनयनां वरदां च शुचिस्मिताम्। रत्नालङ्कारभूषाढ्यां श्वेतमाल्योपशोभितां। देववृन्दैरभिवन्द्यां सेवितां मोक्षकांक्षिभिः। शकारं परमेशानि शृणु वर्णं शुचिस्मिते! रक्त-वर्ण प्रभाकारं स्वयं परम-कुण्डली। चतुर्वर्ग-प्रदं देवि! शकारं ब्रह्मविग्रहं। पञ्चदेव मयं वर्णं पञ्च-प्राणात्मकं प्रिये!। त्रिशक्ति-सहितं वर्णं आत्मादि-तत्त्व-संयुतम्। रत्न-पञ्च-तमोयुक्तं त्रिकूट-सहितं सदा।

पञ्चोपचार पूजन पूर्ववत् करें।

"श्रीविद्यादीक्षा" श्रीविद्यासाहित्य एवं प्रमाणित स्फटिक श्रीयन्त्रो के समन्बन्ध में जानकारी हेतु कृपया निम्न पते पर सम्पर्क करें।

लेखक प्रस्तोता- पं. कृष्णानन्द उपाध्याय "किशन महाराज"
धर्मशाला रोड, पोस्ट. किशनगंज, बिहार, सम्पर्क-०६४५६-२२३९९३, ०९४३१४-११६.०

प्रत्यक्ष वेध-गणित से स्खलित भारतीय पञ्चाङ्ग

लेखक- शास्त्री भोलादत्त महातौल्य

हमारी मन्दाकिनी के अन्तर्गत गतिशील इस सृष्टि के रचनाकार को **'अयोनिजब्रह्म'** कहा गया है। यजुर्वेद (४०।८) में सृष्टिकर्ता को **'स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्'** बताते हुए योनिज जीवों से भिन्न कर दिया है अर्थात् वह 'परि अगात्' यानि कि चारों ओर को समान रूप से व्याप्त है। शरीर रहित (अकायम्) है। यदि शरीर रहेगा तो उसका कोई न कोई आकार अर्थात् एक निश्चित् सीमा अवश्य होगी तब वह 'परिअगात्' नहीं हो सकता। परन्तु वह है। शरीर होगा तो उसमें विकारों का होना स्वाभाविक है। परन्तु वह अस्नाविरम्, अव्रणम्, शुद्ध और अपापविद्ध है। मुण्डकोपनिषद् (१।१) में सृष्टिकर्ता के निमित्त 'ब्रह्मा देवानां प्रथमं बभूव विश्वस्यकर्ता भुवनस्य गोप्ता' कहा है। ब्रह्मा ने इस चराचर जगत में जड़-स्थावर-जंगम की रचना करके मनुष्य नाम के प्राणी को सार्थक वाणी और बुद्धि से युक्त भी कर दिया, उसे भौतिक सुख-सम्पदा-ज्ञान-विज्ञान की प्राप्ति के लिए अपराविद्या और मोक्ष रूप में ईश्वर की प्राप्ति के लिए परविद्या को प्रकाशित किया। देखें मुण्डकोपनिषद् (१।४-५) के निम्न दोनों मन्त्र-

'द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद् ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च।।४।। तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेद: सामवेदोऽथर्ववेद: शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति। अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते।।५।।

अपरा विद्या के अन्तर्गत चारों वेद ही उस अक्षर ब्रह्म के चार मुख हैं। शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द एवं ज्योतिष को वेदांग कहा गया है। चार वेद, चार उपवेद, छ: वेदांग, १०८ उपनिषद्, १८ पुराण, १८ उपपुराण तथा स्मृति व नीति ग्रन्थों के अतिरिक्त रामायण-महाभारतादि में अपरा विद्या का विस्तार हुआ है और सदैव ही होता रहेगा। वेदों और ब्राह्मण ग्रन्थों में वेदांगों का समग्र वर्णन नहीं मिल पाता यह अन्यत्र विकसित है।

ज्योतिष नामक वेदांग को वेदों का नेत्र कहा गया है। नेत्रों का काम देखना है। अत: ज्योतिष में वर्णित विषयों की पुष्टि देखने के बाद ही मान्य है। जैसे कि यदि किसी ज्योतिष ग्रन्थ या किसी पंचांग में किसी अभीष्ट दिन-दिनांक को मकरार्क, उत्तरायण, शिशिरर्तु का प्रारम्भ लिखा हो तो केवल लिखने मात्र से सही नहीं मानना चाहिए क्योंकि सूर्य प्रत्यक्ष दृश्य पदार्थ है। सूर्य-चन्द्र दोनों को आबाल-वृद्ध, साक्षर-निरक्षर, स्त्री-पुरुष सभी जानते-पहचानते हैं। दोनों का उदयास्त और याम्योत्तर लंघन देखकर सत्यासत्य की परीक्षा की जा सकती है। सिद्धान्त गणित के सभी ग्रन्थों में ग्रहों के परीक्षण का आदेश है। सूर्य सिद्धान्त में स्पष्ट घोषणा है कि 'स्फुटं दृक्तुल्यतां गच्छे दयने विषुवे द्वये' अर्थात् दोनों अयन संक्रान्तियों और दोनों विषुव संक्रान्तियों के दिनों में दोपहर के समय छायार्क के द्वारा पंचांगीय सूर्य की तुलना अवश्य कर लेनी चाहिए। विषुव दिनों में दोपहर के समय १२ अंगुल लम्बे शंकु की छाया से ही पलभा का निर्धारण युगों से किया जाता रहा है। भास्कराचार्य ने सन् ११३० में ३६ वर्षायु होने पर खगोल विद्या के अनुपम ग्रन्थ सिद्धान्त शिरोमणि की रचना कर ली थी। परन्तु जब उन्होंने देखा कि केवल मन्दफल संस्कार से गणितागत सूर्य मध्यान्ह के समय छायार्क से नहीं मिलता तो ३७वें वर्ष बीजोपनय नामक एक लघु पुस्तिका की रचना करके यह आदेश दिया कि केवल प्रत्यक्ष दृक्तुल्य सूर्य-चन्द्र ही धर्म-कर्मोपयोगी है, अन्यथा त्याज्य है। देखें पुस्तिका का ५६वाँ छन्द-

अत: कुमध्याद् गत खार्ध सूत्रे दृक्तुल्यतामेति नभश्चरो य:।
स एव शुद्ध परमार्थत: स्यात्स्फुटस्ततोन्ये विहगास्त्वतथ्या:।।

अर्थ है कि जो ग्रह स्वस्थान के सममण्डल (Prime Vertical) में गणितागत रूप से दृक्तुल्य हो केवल वही शुद्ध है अन्य सब व्यर्थ हैं।

भास्कराचार्य के उक्त कथन के अनुसार हमने वि. संवत् २०६१ की मकर संक्रांति के गणित को जाँचने का मन बनाया। सूर्य सिद्धान्त के आधार पर बने काशी-विश्वपंचांग के पृष्ठ २९ में १४ जनवरी २००५ को घं. १०।२५ बजे सूर्य की मकर संक्रांति लिखी है। मकर संक्रांति की मुख्य पहचान यह है कि भूमध्य रेखा से उत्तर (आर्यावर्त) में इस दिन सबसे छोटा दिन होता है और अगले दिन से दिनमान क्रमश: बढ़ने लगता है। यदि १०।२५ बजे का सूर्य स्पष्ट ८।२९°।५९'।६०'' हो तो सूर्य को मकर या २७०वें अंश में जाता हुआ मानेंगे। ऐसी दशा में इस समय की सूर्य क्रान्ति ठीक परमक्रान्ति के तुल्य होनी ही चाहिए। सूर्य सिद्धान्त में परमक्रान्ति २४ अंश और उसकी ज्या को १३९७ माना गया है। देखें- सू.सि. २/२८ का श्लोकार्ध 'परमापक्रमज्यातु सप्तरन्ध्र गुणेन्दव:'। परन्तु विश्व पंचांग में इस दिन की सूर्य क्रान्ति २१ अंश २२ कला मुद्रित है। अत: प्रत्यक्ष रूप से प्रमाणित हो गया कि मकर संक्रान्ति या फिर सूर्य क्रान्ति दोनों अथवा दोनों में से एक अवश्य अशुद्ध है। इस दोगले पन को क्या कहा जाय, समझ से परे है। सभी को सोचना चाहिए।

तब हमने काशी से ही प्रकाशित चिन्तामणिजन्त्री को देखा तो उसमें २१ दिसम्बर २००४ को घं. १८।१२ बजे सूर्य सायन मकर में उत्तरायण शिशिरर्तु लिखा हुआ मिला। पुन: १४ जन. २००५ को भी सूर्य की मकर संक्रान्ति घं. ५।४२ बजे (विश्वपंचांग से ४ घं. ४३ मि. पहले) लिखी हुई मिली। एक ही पंचांग में दो-दो मकर संक्रान्तियां? क्या आकाश में दो-दो सूर्य या दो-दो राशि चक्र सम्भव हैं? कदापि नहीं। तब फिर दो-दो अप्रामाणिक कथन क्यों? ज्योतिष शास्त्र में बिना प्रमाण के बिना वेधोपलब्ध ग्रहों

के कुछ भी लिखा मारना 'ब्रह्महत्या' के तुल्य होता है। बीजोपनय में भास्कराचार्य ने कहा भी है-

ज्योतिर्गणे शास्त्रपथातिवृत्तौ यद् ब्रह्महत्यां मुनयो वदन्ति।
नित्यं ग्रहाणामहरर्ध काले निर्णयमेतत्तु परीक्ष दक्षैः।।५७।।

अर्थ का सार ऊपर दे चुके हैं। देश के प्रसिद्ध ज्योतिषी लोगों को वेदांग के रूप में प्रसिद्ध ज्योतिर्गणित की सत्यता दिखाने और 'ब्रह्महत्या' के पाप से बचाने को 'छायार्क गणित' के द्वारा यह बताने का प्रयास करेंगे कि वर्षानुवर्ष की अवशिष्टि के कारण सूर्य संक्रान्तियां तथा सभी व्रत पर्व कहां के कहां चले गये हैं। इनमें प्रत्यक्ष गणित के द्वारा सुधार परमावश्यक हो गया है।

२१ दिसम्बर २००४ को रुद्रपुर का मध्यान्ह घं. १२।१० बजे था। हमने ४-५ दिन पहले से एक तख्ते में १२ डेसी मी. लम्बी एक मजबूत छड़ लम्बवत् ठोंक दी थी। छड़ की जड़ से लेकर लगभग १ मी. दूर तक हमने मि.मि. युक्त एक पैमाना चिपका दिया था। २१ ता. को हमने १२ बजे की शंकुछाया ११५ मिमि. (या १.१५ डेसी. मी.), १२।१० बजे की छाया १.१० डेसी मी. और पुनः १२।२० बजे की छाया १.१३ डेसी मी. मापी थी। इससे सूक्ष्म छाया मापने का हमारे पास कोई अन्य साधन न था और न भविष्य में हो सकता है। तीनों का औसत १.१५ + १.१० + .१.१३ = ३.३८ ÷ ३ = १.१२६६७ (५ अंक तक) लिया।

हमने सूर्य सिद्धान्त के अनुसार छाया कर्ण, सूर्य नतांश, नतांश-अक्षांश के द्वारा क्रान्ति को सिद्ध किया तो वह भारतीय खगोल पंचांग से नहीं मिली। इस समय की परमक्रान्ति का सूक्ष्म मान २३° २६' २६.६'', सूर्य भोग २६९° ४४' ४०'' और तज्जन्य सूर्य क्रान्ति २३° २६' २५.७'' आयेगी क्योंकि ज्या भोग × ज्या परमक्रान्ति = ज्या इष्ट क्रान्ति यह सू. सि. के सूत्र (२।२८) का एक रूपान्तरण ही है।

छाया को हम निकटतम मि.मी. से अधिक सूक्षम नहीं माप सकते। साथ ही 'खगोल पंचांग' द्वारा उपलब्ध आंकड़ों पर अविश्वास करना भी युक्ति युक्त नहीं है, क्योंकि वेधक्रिया खगोलीय अपरा विद्या का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अदृश्य तो केवल वही एक 'अदृश्य' है, बस।

∵ छायाकर्ण = $\sqrt{\text{छाया}^2 + \text{शंकु}^2} = \sqrt{१.१२६६७^2 + १२^2} = \sqrt{१४५.२६९३९}$ = १२.०५२७७५२ डेसीमी यह 'छायाकर्ण' का मान आया। यदि छाया में छायाकर्ण से भाग (आधार ÷ कर्ण) दिया जाय तो शीर्ष कोण (जो कि सूर्य का नतकोण है) की ज्या (Sine) आयेगी। इसे हमने अपने ही शीघ्र प्रकाश्यमान ग्रन्थ 'ललितार्क ज्योतिष' में स्वकर्ण भाजिता छाया नतांशज्या फलं रवेः' कहा है। सू.सि. (३।१४) से तुलना प्रार्थनीय है।

∵ नतांश ज्या = छाया ÷ छायाकर्ण = १.१२६६७ ÷ १२.०५२७७५२ = ०.०९३४७८१

इस नतांश ज्या का चाप (ज्या $^{-1}$) ५°२१' ४९'' यह मध्यान्ह कालिक रवि नतांश है। चूंकि सूर्य भूमध्य रेखा से दक्षिण में है अतः छाया नतांश दोनों उत्तर की ओर (+धनात्मक) रहेंगे। नतांश प्रकरण में उत्तर गोलीय अक्षांश ऋणात्मक माने जाते हैं। दोनों के चिन्ह भिन्न होने पर जो अन्तर हो वह मध्यान्ह कालिक 'सूर्यक्रान्ति' होती है।

∴ सूर्य क्रान्ति = अक्षांश + नतांश या - २८°४८'१४'' + ५° २१'४९' = -२३°२६' २५''

यह सूर्य की दक्षिणा क्रान्ति आ गयी। २८° ४८'१४'' रुद्रपुर का वेधोपयोगी अक्षांश (भौगोलिक २८°।५८') है। यहां पर भौगोलिक अक्षांश त्याज्य है।

'पराक्रान्ति ज्यया भक्ता क्रान्तिज्या ज्या रविर्धनुः' के अनुसार क्रान्तिज्या में परम क्रान्ति ज्या से भाग देने पर सूर्य की भुज ज्या आती है। प्रथम पद में भुजज्या का चाप ही सूर्य होता है। द्वितीयपद में प्राप्त चाप को १८०° अंश में घटा देते हैं। तृतीय पद में १८० अंश जोड़ते हैं। चतुर्थ पद में चाप को ३६०° अंश में घटा देते हैं। (सूर्य सिद्धान्त ३।१७-१९)।

∴ सूर्य भुजज्या = ज्या सूर्य क्रान्ति ÷ ज्या परम क्रान्ति
= ज्या २३° २६' २५'' ÷ ज्या २३° २६' २६.६''
= .३९७७९३ ÷ .३९७८ = .९९९९८२४ = ८९° ३९' ३६''

यह सूर्य का प्रथम पदीय भोग आया। यदि हम २१-२२ जून को छायार्क लिये होते अथवा भविष्य में कभी लेंगे तो लगभग (+ १° अंश) यही सूर्य आयेगा। परन्तु हम २१ दिसम्बर को छाया-छायार्क ला रहे हैं अतः ८९°३९'३६'' में १८०° अंश जोड़ने से खगोलीय सूर्य भोग (छायार्क) २६९°३९'३६'' आया। नैनीताल की वेधाशाला से सम्पर्क करने पर बाद में खगोल पंचांग वाले सूर्य २६९°४४'४०'' (+ १'') की ही पुष्टि हुई। स्पष्ट है कि सूर्य सिद्धान्त से गणित करने पर छायार्क भोग वास्तविक खगोलीय भोग २६९°४४'४०'' से मात्र ५'०४'' कम है। परन्तु इससे सूक्ष्म औसत छाया लाने के लिए हमें ५-६ बार छाया माप कर फिर औसत लेना होगा। भविष्य में पुनः पुनः करते रहने का विचार है।

यदि हम सूर्य सिद्धान्त के अनुसार २१-१२-२००४ को युगादि अहर्गण लायें तो वह २० दिस. २००४ को घं. २४।२७ बजे १८६४८९५ होंगे। इनके द्वारा घं. १२।१० बजे का मन्द फल संस्कृत सूर्यभोग २४५°३०'२४'' आता है। अर्थात् वेधागत सूर्य से

२४°१४'१६'' पीछे होने के कारण यह कर्मोपयोगी नहीं है। कुछ लट्ठ बुद्धि के लोग भारतीय खगोल पंचांग के सूर्यभोग को विदेशी गणित वाला सूर्य कह देते हैं। परन्तु हम कहना चाहते हैं कि पूर्ण रूप से भारतीय गणित करने के बाद हमारा छायार्क राफेल, अमेरिकन या फ्रैन्च पंचांगों से तो मिल रहा है किन्तु किसी भी भारतीय पंचांग से क्यों नहीं मिल रहा होगा? कारण के बारे में सोचने वाला कोई नहीं है। कोई भी यह नहीं सोचता कि भारत के खगोलीय गणित से निकाला गया सूर्यभोग विदेशी पंचांगों से इसलिए मिलता है कि वही वास्तविक भारतीय गणित है। उसी के द्वारा परिगणित ग्रह भोगों से ग्रहणादि दृश्य घटनाएं, शुद्धतम् रूप से दृश्य होती हैं। भारत के किसी भी प्राचीन ग्रन्थ से दृश्य घटनाओं को सही-सही नहीं दिखाया जा सकता है। सच को सच न मानना कौन सी परम्परा है?

पाठकों को सोचना चाहिए कि जिन पंचांगों से ग्रहण, चन्द्र दर्शन तथा उसका शौकल्य ठीक-ठीक नहीं बताया जा सकता है तो जातक की जन्म कुण्डली सही कैसी बनेगी? हमने २१ दिसम्बर २००४ को घं. १२।१० बजे का काशी विश्वपंचांग का सूर्य २४५°३०'२४'' निकाला है। परन्तु इस सूर्य से शुद्ध क्रान्ति नहीं लायी जा सकती। यदि क्रान्ति शुद्ध नहीं होगी तो शुद्ध चर एवं शुद्ध सूर्योदयास्त, दिन-रात्रि मान शुद्ध कैसे होंगे? तब फिर शुद्ध इष्टकाल तथा मुहूर्त शास्त्रों का क्या होगा? परन्तु भारतीय ज्योतिषी और यहां के धर्मशास्त्री लोग मकरार्क सबसे छोटे दिन के बजाय २४ दिन बाद बताते हैं। कुछ पंचांगों में तो दैनिक क्रान्ति दी ही नहीं जाती यदि होती है तो उसे सूर्य के द्वारा कदापि सिद्ध नहीं कर सकते हैं जैसे कि उक्त सूर्य २४५°३०'२४'' से विश्वपंचांग की सूर्यक्रान्ति २१°२२' नहीं आयेगी। धन्य है यहाँ के रूढ़िवादी धर्मान्ध लोग जो हमारे गणितीय सच को सच नहीं मानना चाहते और अशुद्ध पंचांगों की 'अन्धी दौड़' में आखें मूंदकर दौड़े जा रहे हैं। इस दौड़ के बारे में मुण्डकोपनिषद (१-८) ने क्या सुन्दर बता कही है-

अविद्यायामन्तरे वर्तमाना: स्वयंधीरा: पण्डितं मन्यमाना:।
जंघन्यमाना: परयन्ति मूढा अन्धेनैव नीयमाना यथाऽन्धा:।।८।।

मन्त्रार्थ तो सरल है लेकिन विमर्श यह है कि कुछ लोग अविद्या के घने अन्धकार में इतने गहरे धंस जाते हैं कि उनको अपनी मूर्खता भी प्रिय लगती है। वे इसी में मग्न रहते हुए स्वयं को बहुत बड़ा धीर-वीर और 'महापण्डित' समझते रहते हैं परन्तु ऐसे मूर्ख लोग सत्य को जानते हुए भी सत्य न कह पाने के कारण अपने ज्ञानान्धरूपी कुएं में बार-बार भटकते हुए उसी तरह कष्ट पाते हैं जैसे कि 'अन्ध-कूप-न्याय के अनुसार अन्धे व्यक्ति के द्वारा ले जाये जाने वाले लोग (सही लक्ष्य न मिलने से) कष्ट पाते हैं और व्यर्थ इधर-उधर भटकते रहते हैं।

भास्करादि लोगों ने व्रत-पर्वों के निमित्त भूकेन्द्रीय ग्रह-गणित तथा प्रत्यक्ष्य दृश्य घटनाओं या जातकादि के लिए भू-पृष्ठीय ग्रह-गणित का आदेश दिया था। आज से २५-३० वर्ष पहले हमें भी यही लगता था कि जो कुछ पूर्वज करके गये हैं उसी पर चलते रहना ठीक है परन्तु जब हमने देखा कि प्राचीन ग्रन्थों के आधार पर जो गणित किया जाता है उसकी पुष्टि वेधशाला नहीं करती हैं तो हमने पंचांग-गणित बन्द कर दिया था।

किसी शिशु का जन्म और सूर्य ग्रहण 'भूपृष्ठीय' घटनाएं हैं। इन दोनों के निमित्त भूपृष्ठीय ग्रह ही सार्थक होते हैं जैसे कि सूर्य ग्रहण के स्पर्श-मध्य-मोक्ष रुद्रपुर, दिल्ली या हरिद्वार हेतु अलग-अलग होते हैं तो इन स्थानों पर जन्मे जातकों के ग्रह-भोगांश भी अलग-अलग क्यों नहीं होने चाहिए? हमारे पंचांगों के ग्रह स्पष्ट भूपृष्ठ से लगभग ६३७० किमी. भीतर केन्द्र मान भूकेन्द्रीय गणित से बने होते हैं। २१ दिसम्बर वाले उदारहण में जो सूर्य भोग वेधशाला नैनीताल ने २६९°४४'४०'' के रूप में मान्य किया था, वह भी भूकेन्द्र से परिगणित है। आगामी दिनों में यदि कभी २१-२२ दिसम्बर को सूर्य ग्रहण हो (जैसे २०१४ ई.) तो वहां पर २४५° अंश वाला सूर्य काम नहीं आयेगा। वहां पर सूर्य-चन्द्र-राहु तीनों को भूपृष्ठीय बनाना पड़ेगा। पंचांगों में लिखा गया अमान्त काल में भी स्थान-स्थान के लिए भूपृष्ठीय संस्कार करना होगा यदि पंचांगीय ग्रहों में २४ अंश का अन्तर होगा तो ग्रहण का स्पर्श मोक्ष भी अन्तरित हो जायेगा जो चन्द्र ग्रहण गणित सही नहीं देगा तो वह 'दशाफल' सही कैसे दे सकता है? कृपया सोचें।

२२ दिसम्बर २०१४ को अद्यतन संशोधित भूकेन्द्रीय वेध सिद्ध गणित से 'अमान्त काल' घं. ७।०५ बजे होगा। इस समय का भूकेन्द्रीय सूर्य-चन्द्र भोग (लगभग) २७०°०६'३०'' के तुल्यतर और स्पष्ट राहु भोग लगभग १९६°१५'५७'' के आसन्न (∓ २'') होगा। मान्यता है कि औरस पुत्र के 'बात-बाप' दो नहीं होते हैं। अत: हम २२ दिसम्बर २०१४ तक जीवित रहने वाले या उस समय के गणमान्य लोगों से आग्रह करते हैं कि जो लोग इन दिनों प्रचलित सूर्य सिद्धान्त, मकरन्द, ग्रह लाघव, केतकी ग्रह गणित, सर्वानन्दकरण, रामविनोदादि से पंचांग बनाते हैं वे उक्त दिन का ग्रहण-गणित और ठीक अमान्त काल से कुछ आगे-पीछे जन्मे कल्पित शिशु का जन्मांग एक ही नियम से बना देवें। यदि तब तक जीवित रहे तो देखेंगे परन्तु कमलाकरभट्ट की भांति निम्न श्लोक मत गाइयेगा यथा- **'अदृष्टफल सिद्ध्यर्थंयथार्काद् युक्तितः कुरु। गणितं यदि दृष्ट्यर्थंतद् दृष्ट्युद्भवत: सदा।।'** (यदि व्रत पर्वादि या जातक सम्बन्धी न दिखाई देने वाली बातों का गणित हो तो उसे सूर्य सिद्धान्त से करो, परन्तु ग्रहणादि दृश्य पदार्थों का गणित हो तो उसे दृक्तुल्य गणित से ही बनाओ।)

यदि सूर्य सिद्धान्तकार का ऐसा विचार होता तो सू. सि. में ही उक्त श्लोक होता।

बाद के गणितज्ञ गणेश, मुनीश्वर, रंगनाथ, नित्यानन्द, केतकर, आप्टे तथा दफ्तरी आदि लोग भी उक्त नियम का पालन करते। परन्तु एक ने भी ऐसा नहीं किया। अतः सूर्य ग्रहण भूपृष्ठीय घटना होने के कारण उसका स्पर्श-मोक्षादि उक्त ग्रह भोगों से ही प्राप्त होगा। जबकि कम्प्यूटर वाले ७।०५ बजे जन्मे शिशु का चन्द्रभोग २४६°२'२७'' मानकर दशा-साधन करेंगे। सूर्यादि ग्रहों का प्रभाव उनकी रश्मियों के द्वारा ही मनुष्यों पर पड़ता है। जैसा कि हमने कहा भी है-

शुभानि विपरीतानि यच्छन्ति जन्मतो ग्रहाः। मारकाः कारकाः सन्ति स्वरश्मीषां प्रभावतः। जन्म से ही सूर्यादि ग्रह अपनी रश्मियों प्रभाव से शुभाशुभ और कारक-मारक का फल देते हैं।

ग्रहाणां रश्मयो नूनं भूतलैवापतन्ति हि। कुकेन्द्रे ताः कथं यान्ति किं धरा काच निर्मिता? ग्रह-रश्मियां भूतल पर पड़ती है। उन्हें भूकेन्द्रीय क्यों बनाते होंगे? भूकेन्द्र तक रश्मियां नहीं जा सकती हैं। पृथ्वी क्या कांच की बनी है?

प्राचीन आचार्य भी यह अवश्य जानते होंगे कि 'ग्रहणां चंचला गतिः'। अतः कोई भी मूलांक सदैव स्थिर नहीं रह सकता। शायद भास्कराचार्योवत बीजसंस्कार इसी बात को सिद्ध करने में सक्षम होता है। भास्कर स्पष्ट घोषणा करते हैं कि-

दृक्करणैक्य विहीनाः खेटाः स्थूला न कर्मणामर्हाः।
अतः इह तदर्हतायै तात्कालिक बीजविस्तरं वक्षे।।३।। *(बीजोपनय।)*

अर्थ है कि दृक्तुल्यता रहित 'ग्रह स्पष्ट' स्थूल होने से व्रत पर्व तथा अन्य कार्यों के योग्य कदापि नहीं हैं। अतः मैं ग्रहों को दृक्तुल्य बनाने हेतु 'बीज संस्कार' तात्कालिकरूप से कहता हूँ।

भास्कराचार्य का उक्त छन्द ११३१ ई. की रचना है, तब से आज तक ज्योतिष सूत्रों में अनेक संस्कार हो चुके हैं। सूर्य सिद्धान्त के मत से सूर्य की दैनिक मध्यम गति ५९'०८.१६९६'' या ३५४८.१६९६'' विकला है किन्तु इसे ५९'०८'' विकला ही प्रयोग किया जाता है और .१६९६ विकला भाग छूट जाता है। इसी प्रकार अन्य ग्रहों के साथ भी होता है। कभी-कभी तो अहर्गण बनाने में पूरे एक दिन का अन्तर होने पर अहर्गण में एक दिन घटा-बढ़ाकर अभीष्ट वार से मिलाना पड़ता है। इस प्रकार के छूटे हुए भाग को 'प्रयोगात्मक च्युति' कहते हैं। यही च्युति १ वर्ष में ६१.९'' विकला और लगभग १२७३५८५ दिनों में एक अंश तक हो जाती है। इसी च्युति का परिमार्जन ही दृक्तुल्यता है।

जब भी सूर्य भोग शून्य, क्रान्ति शून्य और विषुवांश शून्य होता है, ठीक वही क्षण सौर वर्षारम्भ माना गया है। ऐसा होने के बाद दिनानुदिन ३५४८''.१७ विकला की मध्यम गति से ३६५.२४२१९ दिनों के बाद सूर्यभोग पुनः शून्यमय होता है। परन्तु कुछ लोग इन दिनों को ३६५.२५८७५६५ मानते हैं। इस प्रकार दोनों के मध्य .०१६५६६५ दिनों के अन्तर को सुधार कर सूर्य के शून्य भोग की जांच ही दृक्तुल्यता है। जो लोग छायार्क की भांति दृक्तुल्यता जांचे बिना केवल पंचांगों के सहारे 'महा ज्योतिषी' बने होते हैं, वे छल करते हैं। यथा-

प्रत्यक्ष दृश्यैस्तु खगैर्विनैव फलं वदेन्नेति हि भास्करोक्तिः।
भावस्थितैर्दृश्य ग्रहैर्हि नूनं योगोत्थ सर्वाणि फलानि सन्ति।। (ल.ज्यो.)

(भास्कराचार्य ने सि.शि. और बीजोपनय में स्पष्ट किया है कि प्रत्यक्ष दृश्य ग्रहों के बिना कोई भी शुभाशुभ फल कदापि नहीं कहना चाहिए। क्योंकि दृश्य ग्रहों की भाव स्थिति के द्वारा ही योगोत्थ फल अवश्य प्राप्त होते रहते हैं।)

अतः अब समय आ गया है कि पंचांगों में व्याप्त कदाचार का परिमार्जन किया ही जाना चाहिए। उत्तरायण का त्यौहार केवल सबसे छोटे दिन को मनाना चाहिए। उत्तरायण के बाद आने वाले (या १-२ दिन पहले भी) अमान्त से ही माघ शुक्ल और पूर्णिमा के बाद माघ-कृष्ण होना चाहिए। क्योंकि हमारा नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ तो प्रारम्भ होता है किन्तु चैत्रमास मात्र १५ दिन में समाप्त कर दिया जाता है। ऐसा क्यों? है कोई सोचने वाला? ज्योतिष के नाम पर काल सर्पदोष या फिर वास्तु दोष के सहारे रोजी-रोटी कमाने वालों को चेतना चाहिए। 'अयने विषुवे द्वये' के घोष को अमान्य करके दक्षिणायन को सबसे बड़े दिन और उत्तरायण को सबसे छोटे दिन में न मनाना प्रथम दृष्ट्या ही शास्त्र विरोध है। जो व्यक्ति मोहान्धकार या अन्य किसी कामना से कार्य करता है वह यहाँ-वहाँ असिद्धि को पाता है। काली कमाई सद्गति तो दे ही नहीं सकती है। कृष्ण ने क्या सुन्दर बात कही है?

'यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः।
नरा सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।'

अतः हे भारत के ज्योतिषी! उठ और शास्त्रोक्त विधि से काम कर। तू चाहे तो कर सकता है।

'तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्य व्यवस्थितौ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्मकतुमिहार्हसि।।'

हमें आशा है कि ज्योतिर्विदों की धृतराष्ट्र सभा में से कोई तो सत्य को समझने वाला होगा।

पत्र संकेत- श्री देवभूमि ज्योतिष शिक्षा केन्द्र,
बी-८१६, 'ललितार्थ' आवास विकास,
पो. रुद्रपुर (उत्तरांचल) पिन-२६३१५३, फोन- ९४१२९५९५१५

॥ ॐ श्री शरभ-शालुव-पक्षिराजाय नमः ॥

दुर्लभ-स्तोत्र, मन्त्र-विधान

पं० भूपेन्द्र दत्त शर्मा
'ज्योतिर्विद'

।।पूर्व-कथन।।

स्नेही–पाठकों व जिज्ञासु–साधकों एवं आदरणीय विद्जनों से सुप्रतिष्ठित–प्रसिद्ध 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग' के माध्यम द्वारा मुझे जो स्नेह–सम्मान, यश–कीर्ति प्राप्त हो रही है, वही मेरा पारश्रमिक है। दुर्लभ–अप्राप्य–लुप्त तथा गोपनीय साधनात्मक–विषय को ही देना, पञ्चाङ्ग के माध्यम से उनकों आप सभी के सम्मुख प्रकट करना मेरा अपना परम–दायित्व बनता है तथा यही मेरा लक्ष्य भी है। जिससे कि आपके द्वारा यह 'आगमोक्त साधन–निधि' व प्रयोग सुरक्षित–सङ्हित रह सके। मेरा कार्य तो मात्र इन विषय को यथा–सम्भव शुद्ध–प्रकार व परिचय देकर, उनका उद्धार कर प्रस्तुत करना है। यह विषय, यह मार्ग साधारण नहीं! केवल शब्दोबद्ध कार्य–रूपी नहीं! अपितु अति–रहस्यपूर्ण तथा सिद्धि–प्रदा व प्रतिष्ठा–दायक भी है, किन्तु इसमें है बड़ा ही अवरोध! अवरोध का तात्पर्य – कि साधना–मार्ग में साधक का जब मात्र चञ्चु–भर ही प्रवेश होता है, तब साधक पर उच्चाटन–आलस्य–काम –क्रोध–भय–रोग–क्लेश आदि और भी स्वाभाविक तथा अन्य और भी अस्वाभाविक शत्रुओं का प्रभाव बन उठता है। क्षोभ–दोष से परस्पर सामना करना पड़ता है। फल–स्वरूप इन सभी कार्य–कारणों से साधक की मनःस्थिति त्रस्त–ग्रस्त अथवा प्रतिकूल हो उठती है, जिससे कि साधना अपूर्ण ही हो पाती है। किन्तु साधना में यह सभी कार्य–कारण परीक्षावत् ही होते हैं। इस परीक्षा में उत्तीर्ण हो पाना अर्थात् इन कार्य–कारणों पर विजय प्राप्त कर लेना ही साधना–सफलता की उच्चतर गति–स्थिति, सिद्धि के परम–लक्षण हैं। यहाँ यह कथन उन्हीं साधकों के लिए हो रहा है, जिनका लक्ष्य इस मार्ग में उच्च–स्थिति को प्राप्त करना है, न कि उन अल्प–समयावधि के साधकों के लिए, जो मात्र अपनी कामना–कार्य–पूर्ति हेतु ३–११ या २१ दिवसों के प्रयोग–अनुष्ठान सम्पन्न करने तक ही सीमित रहते हैं। अस्तु...

✡ विधान व प्रयोग–विधि सहित ✡

।। निग्रह-दारुण-सप्तक ।।

स्नेही–पाठकों व जिज्ञासु–साधकों के सस्नेह आग्रह से प्रेरित व प्रभावित हो पुनः 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग' में एक और अन्य विशेष, सिद्ध करने की विधि व परिचय–प्रयोग सहित 'निग्रह–दारूण–सप्तक' को प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रस्तुत विषय मेरी गुरू–परम्परा व मेरे व्यक्ति–गत पुस्तकालय से ही प्रेषित है। जहाँ, जिज्ञासु–साँधकों व पाठकों के लिए यह विषय विशेष होगा, वहीं 'तन्त्र–विषय' में शोधरत अनुसन्धान–कर्ताओं, विद्वान् के लिए भी यह विषय महत्वपूर्ण होगा।

यह विषय 'आकाश–भैरव कल्पोक्त' है, 'आकाश–भैरव–कल्प'– (अध्याय–१६, १८ व ८१) में यह मन्त्र व स्तोत्र प्रकट हैं। मेरे व्यक्तिगत पुस्तकालय के 'हस्तलिखित' ग्रन्थ–सङ्ह में भगवान् श्री शरभेश्वर के कुछ साधनात्मक 'हस्तलिखित' ग्रन्थ हैं, जैसे–**शरभ–पञ्चाङ्ग, शरभार्चन–पद्धति, शरभ–पटल, शरभ शाबर–मन्त्र, शरभ–नित्यार्चन– पद्धति**–(जिसमें प्रातः कृत्य, अर्चन–पद्धति, काम्य–प्रयोग, कवच, सहस्रनाम, शरभाष्टक, दिव्य शतनाम्–स्तोत्र, मन्त्र–विधान, माला–मंत्र, चित्रकलाकर्षण–मन्त्र, व निग्रह–दारूण–सप्तक विषय लिपिबद्ध हैं), **शरभ सहस्राक्षरी–मन्त्र, मन्त्रात्मक शरभ–कवच, चित्तकलाकर्षण–मन्त्र, शरभ–षट्कर्म–प्रयोग** व–(कई प्रकार के प्रयोग–विधि सहित)–**'निग्रह–दारूण–सप्तक'** एवं **'आकाश–भैरव कल्प'** आदि। अधिकांश–रूप से ये विषय भगवान् श्री शरभेश्वर के परिचय व उनसे सम्बन्धित अनुसन्धानात्मक लेखों व दुर्लभ–चित्रों सहित 'श्री विश्व–विजय पञ्चाङ्ग'–(सम्वत् २०५७ से २०६० तक) में प्रकाशित हो चुके हैं। **श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप**–(परिचय व प्रयोग–खण्ड) में भी उक्त विषय, कुछ अन्य और विषय–वृद्धि के साथ दृष्टव्य होंगे। इन्हीं में से एक 'हस्त–लिखित' ग्रन्थ से यहाँ यह

साधना–विधान प्रेषित है, किन्तु विधान प्रस्तुत करने से पूर्व सर्व–प्रथम विधान के, अधिष्ठिता–देवता श्री शरभेश्वर का कुछ परिचय ज्ञात करें (यह परिचयादि पञ्चाङ्ग के पूर्व के अङ्कों में प्रकाशित हो चुके हैं)——

।।श्री शरभेश्वर-परिचय।।

भगवान् श्री विष्णु के उग्रावतार श्री नृसिंह के गर्व–मर्दन हेतु भगवान् शिव ने 'शरभावतार'–(आठ–पैरों से युक्त, जिसका आधा–शरीर पक्षी व आधा– शरीर मृग का था) लिया था। शिव के इस विचित्र–रूप को नृसिंहजित्, महा–रूद्र, महा–भैरव, महा–स्कन्धिन्, आकाश–भैरव, आशु–गारूड, अष्ट–पाद, शरभ,शालुव, पक्षिराज, पक्षीन्द्र, पक्षेश्वर, खगेश्वर, खगपति, नील–रूद्र, नील–भैरव आदि कहा जाता है। शिव व लिङ्ग पुराणोक्त इनकी अवतरण–कथा का सार कुछ इस–प्रकार से है ——

जब भगवान् श्री विष्णु के अंशात्मक अवतार भी नृसिंह ने महा–बली दैत्य हिरण्यकशिपु का वध कर दिया, तब कार्य उपरान्त उनको श्री विष्णु के तेज में विलीन हो जाना चाहिए था। किन्तु श्री नृसिंह ऐसा न कर सके। अहङ्कार–वश व क्रोध के प्रभाव में, वे अपनी क्रोधाग्नि के प्रचण्ड–तेज से विश्व को दग्ध करने लगे, तो सम्पूर्ण प्राणियों को अत्यन्त कष्ट होने लगा। त्राहि–त्राहि मच गई। देवता उनकी स्तुति करने लगे, उनको समझाने भी लगे, किन्तु देवता भी उनके महा–क्रोध के आगे टिक न सके। तभी सभी देवों ने देवाधिदेव महादेव का ध्यान किया। तब भगवान् शिव ने अपने प्रिय–गण वीरभद्र को आदेश दिया कि वे जाकर श्रीनृसिंह को समझाएँ, उनका क्रोध शान्त कराएँ। वीरभद्र उनको समझाने गए, उन्होंने वीरभद्र की भी एक न सुनी और विपरीत वीरभद्र को ही मारने के लिए दौड़ पड़े। यह देख उसी–क्षण भगवान् शिव ने एक ऐसे विचित्र व विशाल–पक्षी का रूप धारण किया, जो देखने में बड़ा ही भयानक था। इस पक्षी का आधा–शरीर मृग व आधा–शरीर पक्षी का था। जिसके तीन–नेत्र थे, जिसमें चन्द्र, सूर्य व अग्नि का वास था। वज्र के समान नख, अत्यन्त–उग्र व चञ्चल– जीभ, बड़े–बड़े पङ्ख, जिनमें काली व दुर्गा विराजित थी। कण्ठ में–(काल) भैरव, हृदय व उदर–भाग में प्रलय–काल वाडवाग्नि और जङ्घाओं में व्याधि व मृत्यु तथा अष्ट–पादों (पैरों) में शिव की अष्ठ–मूर्तियाँ (शर्व, भव, रुद्र, उग्र, भीम, ईशान, महादेव और पशुपति) विराजित थी और पैर के नखों में इन्द्र का वास था। इनके उड़ने की गति अति–प्रचण्ड वायु के वेग वाली थी—— यही 'शरभावतार' था। इन्हीं अष्टपाद–(आठ–पैरों वाले) शरभ–पक्षिराज ने अपने तीक्ष्ण–पञ्जों से भगवान् श्री नृसिंह को पकड़ उठा लिया और आकाश–मार्ग में इतना भीषण चक्कर लगाया कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पलय के समान डोल गया। अपनी तीखी–चोञ्च से श्री नृसिंह की त्वचा को इन्होंने उखाड़ फेंका। यह सब घटित होता देख श्री नृसिंह आश्चर्य में पड़ गए और अपने–आपको 'पक्षिराज' के कठोर–बन्धनों से मुक्त करने का प्रयास करने लगे, किन्तु मुक्त न हो सके, तब श्री नृसिंह का क्रोध–अहङ्कार दूर हो पाया और वह दुःखी पीड़ित–व्याकुल हो, अपनी मुक्ति के लिए भगवान् श्री शरभेश्वर–(पक्षिराज) की स्तुति करने लगे, क्षमा याचना करने लगे। तब जाकर भगवान् श्री शरभेश्वर ने उनको अपने बन्धनों से मुक्त किया।

प्रस्तुत कथा 'श्री शिव महा–पुराण –(तृतीय शत–रूद्र संहिता, अध्याय–१०–१२), 'लिङ्ग –पुराण'–(अध्याय–६५–६६) में विस्तार–पूर्वक आई है। 'कालिका–पुराण'–(अध्याय २९–३० व ३५) में भी 'शरभावतार' की कथा का वर्णन आया है, किन्तु उसमें श्री विष्णु के 'वराहावतार' को संयमित करने के उद्देश्य से शिव का 'शरभावतार' लेने का प्रसङ्ग व दोनों में परस्पर घोर–युद्ध का वर्णन हुआ है। यद्यपि उक्त–पुराणों में इनकी कथा का वर्णन है। तथापि, फिर भी व्यवहारिक दृष्टि से जन–साधारण में इनके स्वरूप चरित्र व ज्ञान का वर्णन लुप्त है। शिव के इस विचित्र लीलामय रौद्रावतार स्वरूप होते हुए भी इनका परिचय जन–साधारण में तो क्या, 'तन्त्र–साधक–समुदाय' के मध्य भी पूर्ण–रूप से परिचित–प्रसिद्ध नहीं! उच्च–कोटि के साधकों को भी 'शरभ' विषय–परिचय का ज्ञान नहीं! किन्तु जिन साधकों को इनके विषय–परिचय का ज्ञान है, वे इनकी महत्ता को एक ही स्वर में उच्च–उद्घोष के साथ स्वीकार करते हैं। ये साधकों के संरक्षक एवं प्रबल से प्रबल शत्रुओं को घोर–दण्ड देने के लिए सर्व–प्रथम एवं अंतिम देवता के रूप में पूजित हैं। शत्रु–हन्ता, शत्रु–दमनकर्ता, प्रचण्ड–संहारक भगवान् श्री शरभेश्वर अपनी कृपा–दृष्टि से साधकों को अभेदीय–कवच प्रदान कर, सदैव सुरक्षित रखते हैं। इनकी साधना से साधक अपने शत्रुओं को एच्छिक दण्ड देने की सामर्थ्य रखता है।

।। कुछ सामान्य नियम-निर्देश।।

श्री शरभेश्वर–पक्षिराज की साङ्गोपाङ्ग साधना——जिसमें यन्त्रावरण पूजा–पद्धति, मन्त्र–जप–पुरश्चरण, कवच, स्तव–स्तोत्र–अष्टक, सहस्त्र–नाम आदि विषय–विधानों का समावेश हो अथवा कोई भी काम्य–प्रयोगार्थ कर्म–साधना हो, वह अत्यन्त–उग्र होती है। इसी–कारण इनकी साधना अथवा कोई काम्य–प्रयोग करना प्रत्येक के लिए

सम्भव भी नहीं! कोई –कोई साधक ही इनकी साधना में उत्तीर्ण–प्रवीण हो पाता है। यहाँ इनका सुप्रसिद्ध 'निग्रह–दारूण–सप्तक' –(मन्त्र–विधान सहित) ही प्रयोगार्थ रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसका मुख्य कार्य–फल शत्रु को घोरत्तम दण्ड देना होता है। साधकों का अन्तिम अकाट्य–अव्यर्थ व पूर्ण–विश्वसनीय एवं देवों द्वारा परमादरणीय इस महा–दिव्य व महिमाशाली 'निग्रह–दारूण–सप्तक' के समस्त श्लोकों में शत्रु को किस–किस विधि–प्रकार से दण्ड देने, क्रोधावेश से युक्त यमगणों द्वारा शत्रु के प्राण को हरण करने, तीखी–पैनी चोञ्च से शत्रु के अङ्गों को खण्ड–खण्ड करने, उसको गदा–मूसल आदि अस्त्रों से प्रहारित कर मार देने, अपनी कठोर महा–शक्तिशाली मुष्टिका से शत्रु के मस्तिष्क को जीर्ण–क्षीर्ण कर देने तथा शत्रु को शीघ्राति–शीघ्र–त्वरित ही यमपुरी का निवासी बना देने, शत्रु की भयङ्कर–घोर–विभस्त–दयनीय स्थिति बना देने की प्रार्थना भगवान् श्री शरभ–राज महादेव से की गई है। भगवान् शिव के सत्य–कथन व साधकों के अनुभव से प्रबल से प्रबल शत्रु भी इस 'दारूण–सप्तक' के पाठ–प्रयोग से समूल नष्ट हो जाता है–(यद्यपि भगवान् श्री शरभेश्वर के प्रत्येक मन्त्र–स्तोत्र आदि कर्म–विधानों में भी यही विशेषता है)। इस स्तोत्र के पाठानुष्ठान व प्रयोगकर्ता साधक को कुछ सामान्य–बातें ध्यान में रखनी चाहिए, यथा—

* 'निग्रह–दारूण–सप्तक' अपने श्री गुरूदेव की आज्ञा प्राप्त करके ही करें। यदि दीक्षित न हो तो किसी श्रेष्ठ मुहूर्त–पर्व में श्रेष्ठ ब्राह्मण–साधक से दीक्षा–रूप में प्राप्त कर आरम्भ करें।

* दीक्षा–प्राप्ति के पश्चात् अपने श्री गुरूदेव के मार्ग–निर्देशन में साधक इस प्रस्तुत–विधान को रविवार के दिन से आरम्भ करे। १० दिन, रात्रि के समय, उत्तराभिमुख होकर, प्रति–रात्रि 'दारुण–सप्तक' के दो सौ पाठ –(दो माला) करे – (यहाँ यह 'दारुण–सप्तक' सम्पुट रहित ही करना है)।

* विधान दिवसों के अन्तर्गत साधक पूर्णतः पवित्रावस्था में रहे, ब्रह्मचर्य का पालन हो, भूमि पर शयन करें तथा पर निन्दा–स्तुति करने व सुनने से बचे। शुद्ध सात्विक व अल्पहार गृहण करे एवं परान्न–जल से दूर रहे।

* पाठ के समय साधक स्वच्छ रक्त–वस्त्र–(बिना–सिले) धारण करे, रक्त कम्बलासन पर बैठें। रुद्राक्ष या भद्राक्ष की माला से जप–पाठ करें। दीप में गौघृत का उपयोग करें। नित्य भोग हेतु तीखे व मधुर दोनों प्रकार के पदार्थ हो। सभी पात्र कास्य अथवा ताम्र–धातु के हों।

* नित्य प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर शिवालय में जाकर भगवान् श्री शरभेश्वर का ध्यान करते हुए 'शिव–लिङ्ग' पर 'रुद्र–सूक्त' के द्वारा जलाभिषेक करे। यदि 'रुद्र–सूक्त' के पाठ का अभ्यास न हो, तो श्री शरभ–शिव का ध्यान करते हुए 'शिव–लिङ्ग' पर जलाभिषेक अवश्य करें।

* भगवान् श्री शरभेश्वर की प्रसन्नता एवं विधान की निर्विघ्नता हेतु साधक नित्य प्रति–दिन बटुक व कुमारी को कुछ न कुछ फल–मिष्ठान–द्रव्य प्रदान करे।

* १०वें दिन ही जितने पाठ हुए हैं, उनका दशांश–संख्या में हवन करें (अशक्त होने पर दशांश का दोगुणा पाठ व जप पृथक से कर लें), तब एक माला मूल मन्त्र व दस पाठ दारुण–सप्तक से हवन कर लें। ध्यान रहे दशांश तर्पण, मार्जनादि का क्रम अपरिवर्तनीय ही रहेगा।

* हवन हेतु समिधा बिल्व, आम्र व शमी तथा शाकल्य काले–तिल, पञ्च–मेवा, गुग्गल, शर्करा, मधु, बिल्व के पत्र–फल व अन्य सामान्य सामग्री का उपयोग हो।

* ब्राह्मण भोजन में कुमारी व बटुक को भी भोजन द्रव्य–दक्षिणा से संतुष्ट करना आवश्यक है।

* सम्पुटित 'निग्रह–दारुण–सप्तक' का पाठ तभी करें, जब किसी शत्रु पर प्रयोग करना हो, अन्यथा मूल–पाठ ही दैनिक–साधना में पर्याप्त है। जब मूल–पाठ करना हो, तब विनियोग अपनी कामना के अनुसार करे, जैसे, श्री शरभेश्वर कृपा प्राप्त्यर्थे, सर्व–रोग निवारणार्थे या अमुक–रोग शमनार्थे, धमार्थ–काम–मोक्षार्थे, अमुक ग्रह–पीड़ा निवारणार्थे, सर्व–शत्रु दमनार्थे या निष्काम–भाव से 'श्री शरभेश्वर प्रीत्यर्थे' व्यक्त करे (निष्काम–भाव से इस स्तोत्र का पाठ अपने गृह–स्थित पूजा–कक्ष में करें। इससे स्वतः ही वर्तमान व भावी–शत्रु व शत्रुकृत् आपदाओं का नाश होता है) और यदि सम्पुटित–पाठ ही करना हो, तब राष्ट्र में शान्ति की, समाज में प्रगति की कामना करते हुए तथा जिनके कारण राष्ट्र में अशान्ति व असुरक्षा की वृद्धि हो रही है, ऐसे **'राष्ट्र व समाज'** के शत्रुओं के विनाश हेतु : **'अमुक शत्रुणां'** के स्थान पर अपनी कामना संयुक्त करें (देखें, जैसा कि लेख के अंत में 'विचारणीय–कथन' के अन्तर्गत व्यक्त हुआ है)।

* प्रयोग समाप्ति के पश्चात् 'शान्ति' हेतु साधक गऊ दुग्ध, दही, घृत व शर्करा, मधु के पञ्चामृत द्वारा शिव–लिङ्ग पर 'रुद्र–सूक्त' से अभिषेक करे (या करायें) तथा शान्ति–पाठ कर 'क्षमा–प्रार्थना' करें।

* जब शत्रु अकारण बाधा पहुँचाए, शत्रु से वाद–विवाद हो, व्याधि–कष्ट

रोगादि से व्यक्ति पीड़ित हो, तब प्रयोग–रूप में, निराहार रहकर–(भूखे पेट अर्थात् पाठ करने से पूर्व कुछ भी न खाएँ), 'निग्रह–दारूण–सप्तक' स्तोत्र का पाठ रविवार से मङ्गलवार–(३ दिन) तक दस–पाठ नित्य–रात्रि में करे। निश्चित–रूप से फल की प्राप्ति होगी, शत्रु को अवश्य ही दण्ड मिलेगा, शत्रु–रूपी व्याधि–कष्ट से मुक्ति मिलेगी। ध्यान रहे कि अभिचार–प्रयोग शास्त्रों में निन्दनीय बताए गये हैं, किन्तु स्वरक्षा अथवा असहाय रक्षार्थ शत्रु को दण्ड देना निन्दनीय नहीं है। नित्य प्रति–दिन ही दस–पाठ करने से साधक के बाहरी शत्रुओं का नाश तो होता ही है, साथ ही साथ साधक के आन्तरिक षड्–रिपु अर्थात् शत्रुओं–(काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद व मात्सर्य) का भी दमन होता है।

* 'निग्रह–दारूण–सप्तक' का पाठ भूलवश भी भगवान् श्री विष्णु–नृसिंह के मंदिर में न करें। अन्यथा यह पाठ अति–उग्र हो जाता है–(यह नियम सामान्य साधकों के लिए है, 'शाक्त–सम्प्रदाय' के पूर्णाभिषिक्त, महा–विद्या की कृपा से अनुग्रहित साधकों के लिए वह नियम नहीं है)। काम्य–प्रयोगार्थ इसका पाठ–कर्म किसी शक्ति–पीठ या एकलिङ्ग-शिवालय, वीरभद्र अथवा बटुक–भैरव मंदिर या विशेष निर्देशिष्ट श्मशान–भूमि आदि स्थानों में करना चाहिए।

अनिवार्य :

किसी भी देवता की पूजा–पाठ–साधना से पूर्व स्वस्ति–वाचन, गुरू–गणपति पूजन, प्रथम अनिवार्य कर्म है। विशेष तो यह है कि इष्ट–देव की पूजा से पूर्व आसन–स्थापना, तीर्थावाहन, पवित्रीकरण, आचमन, दीप–स्थापन, श्री गुरूदेव–गणपति स्मरण–पूजन, (श्री शरभ)–सङ्कल्प, आसन–शोधन, पृथ्वी–प्रार्थना, शिखा–बन्धन, दिग्बन्धन, भूतापसारण, भू–शुद्धि, भैरव–नमस्कार व साधना–कर्म की आज्ञा, भूत–शुद्धि व आत्मप्राण–प्रतिष्ठा तथा अन्तर्मातृका व बहिर्मातृका–न्यास अवश्य कर लेने चाहिए। एक सामान्य–साधक इस क्रम से भले ही परिचित न हों, किन्तु जिज्ञासा उत्पन्न होने पर वह इस क्रम को अपने श्री गुरूदेव या किसी भी साधक से सुलभता से ज्ञात कर सकता है।

।। विधान व प्रयोग-कर्म आरम्भ।।

'मन्त्र व माला–मन्त्र विधान'

विनियोग :–

ॐ अस्य श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज मन्त्रस्य श्री कालाग्नि–रूद्र ऋषिः, जगती–छन्दः, श्री शरभेश्वरो देवता, खं बीजं, स्वाहा शक्तिः, फट् कीलकं शत्रु–संहारणार्थे श्री शरभेश्वर मन्त्र–जपे विनियोगः।

अपने दाएँ हाथ में जल लेकर–(आचमनी अथवा हथेली में) उपरोक्त विनियोग का उच्चारण करें, पश्चात् जल को किसी पात्र में छोड़ दें। तत्पश्चात् ऋष्यादि–न्यास तथा कर व हृदयादि षडङ्ग न्यास करें–

ऋष्यादि न्यास :–

ॐ श्री कालाग्नि–रुद्र ऋषये नमः शिरसि।
जगति–छन्दसे नमः मुखे।
श्री शरभेश्वर–देवतायै नमः हृदये।
खं बीजाय नमः गुह्ये।
स्वाहा–शक्तयै नमः पादयोः।
फट् कीलकाय नमः नाभौ।
शत्रु–संहारणार्थे श्री शरभेश्वर मन्त्र–जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

कर–न्यास :–

ॐ खें खां खं फट् अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् तर्जनीभ्यां नमः।
सर्व–शत्रु संहारणाय मध्यमाभ्यां नमः।
शरभ–शालुवाय अनामिकाभ्यां नमः।
पक्षिराजाय कनिष्ठिकाभ्यां नमः।
हुं फट् स्वाहा करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि षडङ्ग –न्यास :–

ॐ खें खां खं फट् हृदयाय नमः।
प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् शिरसे स्वाहा।
सर्व–शत्रु संहारणाय शिखायै वषट्।
शरभ–शालुवाय कवचाय हुं।
पक्षिराजाय नेत्रत्रयाय वौषट्।
हुं फट् स्वाहा अस्त्राय फट्।

एवं

ॐ खें खां खं श्री शरभास्त्राय हुं फट्–(मात्र उच्चारण करें)।

अनामिका एवं अङ्गुष्ठ के योग से –(तत्व–मुद्रा द्वारा) सम्पूर्ण न्यास करें। वैसे प्रत्येक न्यास के लिए पृथक–पृथक मुद्रा निर्मित की जाती है, किन्तु 'तत्व–मुद्रा' द्वारा भी–(सुलभता की दृष्टि से) न्यास सम्पन्न किया जाता है। न्यास के पश्चात् दिग्बन्धन करें–

दिग्बन्धन :–

ॐ भूर्भवः स्वः ॐ। अपने चारों ओर तीन चुटकी बजाकर,–'अस्त्र–मुद्रा' द्वारा अर्थात् दाएँ हाथ की तर्जनी व मध्याङ्गुली से बाएँ हाथ की हथेली पर तीन–ताली बजाएँ।

स्पष्टीकरण :–

'दिग्बन्धन' के अनेक प्रकार हैं, जिनमें कुछ का विस्तारमय–क्रम है, तो कुछ का मध्यम। प्रस्तुत 'दिग्बन्धन' लघु–क्रम में है। वैसे भगवान् श्री शरभेश्वर का भी 'दिग्बन्धन–मन्त्र' है, जो कुछ विस्तार–पूर्वक है। अन्य कुछ देवताओं के भी स्वतन्त्र 'दिग्बन्धन–मन्त्र' प्राप्त होते हैं।

'दिग्बन्धन' के पश्चात् भगवान् श्री शरभेश्वर का मूल–ध्यान' करें–

ध्यान :–

चन्द्रार्काग्निस्त्रि–दृष्टिः कुलिश–वर– नखश्चञ्चलोऽत्युग्र–जिह्वः।
काली–दुर्गा च पक्षौ हृदय–जठरगो भैरवो वाडवाग्नि।।
ऊरूस्थौ व्याधि–मृत्यू शरभ–वर–खगश्चण्ड–वातातिं–योगः।
संहर्ता सर्व–शत्रून् स जयति शरभः शालुवः पक्षिराजः।।१।।
मृगस्त्वर्ध–शरीरेण पक्षाभ्यां चञ्चुना द्विजः,
अधो–वक्त्रश्चतुष्पाद ऊर्ध्ववक्त्रश्चतुर्भुजः।
कालाग्नि–दहनोपेतो नील–जीमूत–सन्निभः,
अरिस्तद् दर्शना देव विनष्ट बल–विक्रमः।।२।।
सटा–छटोग्र–रूपाय पक्ष–विक्षिप्त–भूभृते।
अष्ट–पादाय रूद्राय नमः शरभ–मूर्तये।।३।।

स्पष्टीकरण :–

प्रस्तुत ध्यान भगवान् श्री शरभेश्वर का मूल व वृहद् ध्यान है, किन्तु कुछ साधक–जन इनका ध्यान **'चन्द्रार्काग्निस्त्रि दृष्टि..... शरभः शालुवः पक्षिराजः'** तक ही करते हैं और कुछ अन्य ध्यानों को स्वीकारते हैं–(क्योंकि भगवान् श्री शरभेश्वर के कई संख्या में ध्यान प्राप्त होते हैं, जिनमें कुछ ध्यान 'शतनाम, सहस्रनाम–स्तोत्र, तो कुछ काम्य–प्रयोगों के आधार पर हैं)। अन्य ध्यानों में एक ध्यान यह भी है–**'मृगस्त्वर्ध–शरीरेण पक्षाभ्यां.... अष्ट–पादाय रूद्राय नमः शरभ–मूर्तये'** जो इसी वृहद् ध्यान के अंतिम दो श्लोक हैं। कई ग्रन्थों, जैसे 'मन्त्र–कोष'–(पृष्ठ–७८), 'पुरश्चर्यार्णव–तन्त्र'–(पृष्ठ–७०४–५, अष्टम–तरङ्ग) में उक्त 'संयुक्त' श्लोकों का ही ध्यान हैं, तो कुछ ग्रन्थ, जैसे श्री बटुक–भैरव–साधना'–(पृष्ठ–१८८) व 'शरभ–कल्प' (पृष्ठ–२०) आदि में एक ही ध्यान को दो भागों में विभक्त कर पृथक–पृथक ध्यान दिया है। स्पष्ट तो यह है कि अन्तिम के दो श्लोकों में वर्णित ध्यान, प्रथम श्लोकों में वर्णित ध्यान का ही विस्तार करते हैं– (ऐसा स्पष्टीकरण 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग 'सम्वत् २०५८, पृष्ठ–१४५ में भी दिया गया है)।

ध्यान के पश्चात् 'मानस–पूजन' करें–

मानस–पूजन :–

१. अधोमुख कनिष्ठाङ्गुष्ठ से **'गन्ध–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ लं पृथ्वी–तत्वात्मकं गन्धं श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज प्रीतये परि–कल्पयामि नमः।
२. अधोमुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ हं आकाश–तत्वात्मकं पुष्पं श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज प्रीतये समर्पयामि नमः।
३. ऊर्ध्व–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ यं वायु–तत्वात्मकं धूपं श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज प्रीतये घ्रापयामि नमः।
४. ऊर्ध्व–मुख मध्यमाङ्गुष्ठ से **'दीप–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ रं अग्नि–तत्वात्मकं दीपं श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज प्रीतये दर्शयामि नमः।
५. ऊर्ध्व–मुख अनामिकाङ्गुष्ठ से **'नैवेद्य–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ वं जल–तत्वात्मकं नैवेद्यं श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज प्रीतये निवेदयामि नमः।
६. ऊर्ध्व–मुख सर्वाङ्गुलियों से **'ताम्बूल–मुद्रा'** दिखाते हुए –
ॐ सं सर्व–तत्वात्मकं ताम्बूलं श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज प्रीतये कल्पयामि नमः।

स्पष्टीकरण :–

उपरोक्त 'मानस–पूजन' का प्रस्तुत क्रम मूल 'हस्त–लिखित' विधान में नहीं था, 'हस्त–लिखित' विधान में लिपिबद्ध 'मानस–पूजन' का क्रम उपरोक्त से पूर्णतः पृथक है। यद्यपि उसमें अन्तिम का एक क्रम अधिक है, फिर भी 'मुद्रा–निर्माण' में भिन्नता–भेद प्रकट होने से सम्पूर्ण–क्रम में संशयात्मक स्थिति बनती है। जिज्ञासु साधक–जनों को 'मानस–पूजन' करने में 'उचित व ज्ञानात्मक–क्रम' ज्ञात हो, इस हेतु ही–(उपरोक्त) प्रयोगार्थ–क्रम देना आवश्यक समझा। प्रसङ्ग–वश मूल 'हस्त–लिखित'

विधान में 'मानस–पूजन' का जो क्रम है, मात्र परिचय–ज्ञान हेतु यहाँ उद्धृत किया जा रहा है। यदि जिज्ञासु–साधक चाहे तो इसकी 'मुद्रा–निर्माण विधि' को उपरोक्त क्रम के अनुसार परिवर्तित कर—— इस 'मानस–पूजन' का भी प्रयोग कर सकते हैं।

मानस–पूजन (पृथक–क्रम) :–

१. लं पृथिव्यात्मने गन्ध–तन् मात्र प्रकृत्या नन्दात्मने श्री शरभ–शालुव भैरवाय **'अङ्गुष्ठानामिका योगात्'** लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि।

२. हं आकाशात्मने परमात्मने शब्द–तन् मात्र प्रकृत्या नन्दात्मने श्री शरभ–शालुव भैरवाय **'अङ्गुष्ठ–तर्जनी योगात्'** हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि।

३. यं वायव्यात्मने स्पर्श–तन् मात्र प्रकृत्या नन्दात्मने श्री शरभ–शालुव भैरवाय **'अङ्गुष्ठ–मध्यमा योगात्'** यं वायव्यात्मकं धूपं समर्पयामि।

४. रं तेजात्मने रूप–तन् मात्र प्रकृत्या नन्दात्मने श्री शरभ–शालुव भैरवाय **'अङ्गुठानामिका योगात्'** रं तेजात्मकं दीपं समर्पयामि।

५. वं अमृतात्मने–परमात्मने रस–तन् मात्र प्रकृत्या–नन्दात्मने श्री शरभ–शालुव भैरवाय **'अङ्गुष्ठ–मध्यमानामिका योगात्'** वं अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि।

६. स शक्त्यात्मने परमात्मने सर्व–तन् मात्र प्रकृत्या नन्दात्मने श्री शरभ–शालुव भैरवाय **'सर्वाङ्गुली योगात्'** सं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं समर्पयामि।

७. हिं हिरण्यात्मने–परमात्मने रत्न–तन् मात्र प्रकृत्या नन्दात्मने श्री शरभ–शालुव भैरवाय **'पादुका–मुद्रया'** हिं हिरण्यात्मकं दक्षिणां समर्पयामि।

स्पष्टीकरण :–

उपरोक्त 'मानस–पूजन' में क्रम–७ पर 'पादुका–मुद्रा' का उल्लेख हुआ है, किन्तु यह मुद्रा कैसे निर्मित होती है, ज्ञात नहीं! नित्यार्चन में भी कभी 'पादुका–मुद्रा' का प्रयोग नहीं हुआ, 'तन्त्र–सार', 'मन्त्र–महार्णव' 'मुद्राएँ एवं उपचार' आदि ग्रन्थों में इस मुद्रा की निर्माण–विधि को खोजा, किन्तु इस मुद्रा की निर्माण–विधि का कहीं भी उल्लेख प्राप्त नहीं हुआ। सम्भव हो कि इस मुद्रा व इसकी निर्माण–विधि को ग्रन्थों में खोजने पर मुझसे 'दृष्टि–हीनता' भी हुई हो। क्योंकि इस मुद्रा का प्रमाण 'तन्त्र–ग्रन्थों' में अवश्य है, तभी तो इसका उल्लेख उपरोक्त क्रम–७ में हुआ है। यदि किसी विद्वान को इसकी मुद्रा निर्माण–विधि ज्ञात हो, तो इस अल्पज्ञ को अवश्य ही बताने की कृपा करें।

उल्लेखनीय :–

'तन्त्र–साधना' में इष्ट–शक्ति के अर्चन–क्रम के अन्तर्गत 'गुरु–पादुका–मन्त्र' जपादि क्रम का भी विधान–नियम है। यह 'पादुका–मन्त्र' लघु–पादुका, स्थूल अथवा मध्यम–पादुका और वृहत् या महा–पादुका तीन क्रम–भेद से शिष्य की सुपात्रता व साधना में दक्षता के आधार पर–(क्रमशः), श्री गुरूदेव द्वारा शिष्य को प्राप्त होती है। जिसका साधना में महत्व अति–विशेष है। जिस–प्रकार पादुका अर्थात् खड़ाऊ पैरों में पहनने से मार्ग के अवरोध–रूपी काँटे व कङ्कड़ों से मनुष्य की रक्षा होती है, उसी–प्रकार इस संसार–यात्रा के समय विभिन्न विघ्न–रूपी काँटों से 'गुरू–पादुका–मन्त्र' के द्वारा साधक की रक्षा होती है–(इस 'पादुका–मन्त्र' के विषय उल्लेख का उक्त 'पादुका–मुद्रा' से कोई सम्बन्ध नहीं। यहाँ 'पादुका' नाम होने से प्रसङ्ग–वश ऐसा कथन प्रस्तुत कर दिया गया है)।

'मानस–पूजन' के पश्चात् 'धेनू' व 'योनि–मुद्राओं' का प्रदर्शन करें, यथा–

धेनू–मुद्रा :–

दोनों हाथों की दोनों कनिष्ठिकाङ्गुलियों को दोनों अनामिकाङ्गुलियों से परस्पर मिलाएँ फिर दोनों मध्यमाङ्गुलियों को दोनों तर्जनी–अङ्गुलियों से मिलाकर दोनो अङ्गूठों को पृथक रखने से 'धेनू–मुद्रा' बनती है। इस मुद्रा का मुख्य–प्रदर्शन पात्रस्थ जल–द्रव्य को 'अमृती–करण' करने के लिए होता है।

योनि–मुद्रा :–

दोनों हाथों की दोनों कनिष्ठिकाङ्गुलियों को एक–दूसरे से सम्बद्ध करें, दाएँ हाथ की तर्जनी–अङ्गुली से बाएँ हाथ की अनामिकाङ्गुली को और बाएँ हाथ की तर्जनी–अङ्गुली से दाएँ हाथ की अनामिकाङ्गुली को आबद्ध करें। फिर दोनों अनामिकाङ्गुलियों के अग्र–भाग में दोनों मध्यमाङ्गुलियों को जोड़कर फैलाएँ। साथ ही उन्हीं दोनों मध्यमाङ्गुलियों के मूल में दोनों अङ्गूठे भी लगा दें। यही 'योनि–मुद्रा' होगी।

स्पष्टीकरण :–

जिस–प्रकार एक ही स्तोत्र अर्थात् 'निग्रह–दारुण–सप्तक' में अनेकों पाठ–भेद–प्रकार प्रकट–रूप से दृष्टि–गोचर होते हैं, उसी–प्रकार इस स्तोत्र के असंख्य–विधान भी हैं–(देखें, श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप, प्रयोग–खण्ड)। विधान के अन्तर्गत यह अधिकांश–रूप से दृष्टव्य हुआ है कि 'निग्रह–दारुण–सप्तक' में 'मुद्रा–प्रदर्शन' में भी परिवर्तन व क्रम–भेद है। उदाहरण स्वरूप, जैसे ..... स्तोत्र में कहीं–कहीं 'हृदयादि–न्यास' के पश्चात् 'मुद्रा–प्रदर्शन' है, तो कहीं ध्यान के पश्चात् और कहीं मानस–पूजन' के पश्चात् व स्तोत्र–पाठ से पूर्व मुद्राओं के प्रदर्शन का कथन है। 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग'–'सम्वत्–२०५७–(पृष्ठ–१४५–४८) में प्रकाशित

रिपु–मर्दनात्मक 'निग्रह–दारूण–सप्तक'–विधान में–('धेनू' व 'योनि') मुद्राओं का प्रदर्शन न्यास के पश्चात् हुआ। 'ध्यान' व 'मानस–पूजन' का क्रम बाद में आया है। सम्वत् – २०६० के इसी पञ्चाङ्ग –(पृष्ठ–१६६–७१) में –(रिपु–दमनार्थ 'निग्रह–दारूण–सप्तक' के ही अन्तर्गत) ' मुद्रा–प्रदर्शन' कुछ विशेष किन्तु भिन्न–रीति से हुआ है। इसमें भगवान् श्री शरभेश्वर के ध्यान के पश्चात्–('लिङ्ग ' व 'योनि') मुद्राओं का प्रदर्शन–('धेनू–मुद्रा का नहीं') पश्चात् 'मानस–पूजन' तत्पश्चात् –(पुनः) नौ अन्य मुद्राओं –(शङ्ख, चक्र, त्रिशूल, डमरू, धनु, बाण, परशु, पाश व अङ्कुश) प्रदर्शन का उल्लेख हुआ है। यहाँ एक स्पष्ट स्व–कथन कह देना उचित है कि भगवान् श्री शरभेश्वर के मुख्य साधनाधार ग्रन्थ 'आकाश–भैरव–कल्प'–(अध्याय–८१, 'निग्रह–दारूण–सप्तक) में 'मुद्रा–निर्माण–प्रयोग' के विषय में उल्लेख प्राप्त नहीं होता और न ही 'शरभ–तन्त्र' व 'श्री बटुक–भैरव–साधना' आदि ग्रन्थों में भी इस स्तोत्र–विधान के अन्तर्गत 'मुद्रा–निर्माण–प्रयोग' का ऐसा कहीं सङ्केत है। मात्र स्वतन्त्र निग्रह–दारूण–सप्तक' की कुछ 'हस्त–लिखित' प्रतियों अथवा 'गुरू–परम्परागत' कुछ विधानों में ही 'मुद्रा–निर्माण–प्रयोग' का कथन है, किन्तु प्रयोगार्थ रूप में यह कथन है अति–प्रभावी!

प्रस्तुत विधान में यही मुद्रा–प्रदर्शन', 'मन्त्र–साधन' के अन्तर्गत 'मानस–पूजन' के पश्चात् हुआ है, क्योंकि यहाँ 'मन्त्र–साधन' 'माला–मन्त्र' व 'निग्रह–दारूण–सप्तक' क्रम एक ही विधान में सम्मिलित हैं।

'मुद्राओं' के प्रदर्शन के पश्चात् 'मूल–मन्त्र' का १०८ जप 'रूद्राक्ष' या 'भद्राक्ष' की माला से करें–(जपारम्भ करने से पूर्व माला का भी पूजन–नमस्कार कर लेना चाहिए)। जप करते समय अन्य किसी को भी माला का स्पर्श न होने दें, अतः माला को गौमुखी के अन्दर रखकर ही जप करें। 'मूल–मन्त्र' यह है–

मूल–मन्त्र :–

ॐ खें खां खं फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।

स्पष्टीकरण :–

श्री शरभेश्वर के 'मूल–मन्त्र' के अन्तर्गत भी कई पाठ–भेद, शब्द–परिवर्तन विभिन्न मुद्रित व हस्त–लिखित प्रतियों में देखने को मिलते हैं, जैसे..... मन्त्र के विनियोग में **'ऋषि वामदेव'**, **'छन्द'** में **'अति–जगती'** व **'गायत्री'** भी एवं **'बीजं'** में **'खें'** —–आदि का पाठान्तर दृष्टि–गोचर होता है। 'मूल–मन्त्र' में भी ऐसे ही कई पाठ–भेद देखने को मिल जाएँगे, जैसे.....**'प्राण–ग्रहासि** के स्थान पर **प्राण–ग्रहसि, प्राण–ग्रहणासि, प्राण–ग्रसिसि** एवं **'संहारणाय** के स्थान पर **'संहारकाय'** आदि–आदि ....। यद्यपि मन्त्र एक ही है, फिर भी पाठ–भेद अनेक हैं। (श्री शरभेश्वर के मूल–मन्त्र की भाँति कुछ अन्य विशिष्ट व लघु– मन्त्रों का सङ्ग्रह –समह 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग' सम्वत्–२०६०– (पृष्ठ–१६४–६६) में दृष्टव्य है। इन सभी, प्रत्येक मन्त्रों की साधन–विधि व पाठ–भेद युक्त समीक्षा विस्तार के साथ 'श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप'–(प्रयोग– खण्ड) में प्राप्य है)।

'मन्त्र–जप' के पश्चात् 'श्री शरभ माला–मन्त्र' का भी कम से कम एकादश बार जप करें। 'माला–मन्त्र' यह है :——

माला–मन्त्र :–

ॐ नमो भगवते पक्षिराजाय निशित–कुलिश वर–दंष्ट्रा–नखाय अनेक कोटि ब्रह्म–कपाल मालालङ्ताय सकल–कुल महा–नागभूषणाय सकल–भूत निवारणाय नृसिंह–गर्व–निर्वापण कारणाय सकल–रिपु–रम्भाटवी–विमोटन महानिलाय ॐ शरभ–शालुव–पक्षिराजाय ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं प्रवेशय–प्रवेशय, रोग–ग्रहं बन्धय–बन्धय, बाल–ग्रहं बन्धय–बन्धय, यक्ष–ग्रहं बन्धय–बन्धय आवेशय–आवेशय, भाषय–भाषय, मोहय–मोहय, क्रोद्यातय–द्यातय, कुम्भय–कुम्भय, भूत–ग्रहं बन्धय–बन्धय, यक्ष–ग्रहं बन्धय–बन्धय, तापस–ग्रहं, बन्धय–बन्धय, चातुर्थ्य–ग्रहं बन्धय–बन्धय, भीम–ग्रहं बन्धय–बन्धय, अपस्मार–ग्रहं बन्धय–बन्धय, उन्मत–ग्रहं बन्धय–बन्धय, ब्रह्म–राक्षस ग्रहं बन्धय–बन्धय, ज्वाला–ग्रहं बन्धय–बन्धय, ज्वालामुख ग्रहं बन्धय–बन्धय, तमोहार ग्रह बन्धय–बन्धय, भूचर–ग्रहं बन्धय–बन्धय, खेचर–ग्रहं बन्धय–बन्धय, बेताल–ग्रहं बन्धय, कूष्माण्ड–ग्रहं बन्धय–बन्धय, स्त्री–ग्रहं बन्धय–बन्धय, आवेश–ग्रहं बन्धय–बन्धय, अनावेश–ग्रहं बन्धय–बन्धय, त्रोटय–त्रोटय, प्रैं त्रैं भें हैं मारय–मारय, शीघ्रं मारय–मारय, मुञ्च–मुञ्च, दह–दह, पच–पच, नाशय–नाशय, सर्व–दुष्टान्नाशय–नाश्य हुं फट् स्वाहा।

स्पष्टीकरण :–

यह 'माला–मन्त्र' 'आकाश–भैरव–कल्प'–(अध्याय–१८) में वर्णित है, किन्तु यहाँ प्रस्तुत और उक्त ग्रन्थ में वर्णित ..... इन दोनों के मिलान पर कुछ पाठ–भेद भी प्रकट होते हैं, दोनों में कहीं शब्द–वृद्धि है, तो कहीं शब्दों का ह्रास। इस 'माला–मन्त्र' के स्वतन्त्र पाठ–साधन में श्री शरभेश्वर का एक पृथक ध्यान भी है, जो 'आकाश–भैरव–कल्प'–(वही, अध्याय–१८) में प्राप्य है। यद्यपि मे स्वेच्छा से एक

अन्य 'माला–मन्त्र' भी इस विधान में सम्मिलित करना चाहता था, किन्तु इससे विधान में अनावश्यक हस्तक्षेप होता।

।।स्तोत्र–पाठ।।

'मूल–मन्त्र व 'माला–मन्त्र' जप के पश्चात् 'श्री वडवानल–भैरव' व 'श्री शरभेश्वर के बीजाक्षर' मन्त्र से सम्पुटित 'निग्रह–दारूण–सप्तक' का पाठ करें, मन्त्र में अमुक के स्थान पर शत्रु के नाम का उच्चारण करें। प्रथम विनियोग पश्चात् 'तत्व–मुद्रा' द्वारा न्यासादि कर, पाठ करें–

विनियोग :–

ॐ अस्य श्री निग्रह–दारूण–सप्तक स्तोत्र महा–मन्त्रस्य श्री वामदेव ऋषिः, अति–जगती छन्दः, श्री शरभ–शालुव–रूपी कालाग्नि–रूद्रो देवता, खं बीजं, ह्रीं शक्तिः, हुं फट् कीलकं शत्रु–संहारणार्थे, श्री निग्रह–दारूण–सप्तकं पाठे विनियोगः।

ऋष्यादि–न्यास :–

ॐ श्री वामदेव–ऋषये नमः शिरसि।
अति–जगती छन्दसे नमः मुखे।
श्री शरभ–शालुव–रूपी कलाग्नि–रूद्रो देवतायै नमः हृदये।
खं बीजाय नमः गुह्ये।
ह्रीं शक्त्यै नमः पादयोः।
हुं फट् कीलकाय नमः नाभौ।
शत्रु–संहारणार्थे श्री निग्रह–दारूण–सप्तकं पाठे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

कर–न्यास :–

ॐ ह्रां खां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ ह्रीं खीं तर्जनीभ्यां नमः।
ॐ ह्रूं खूं मध्यमाभ्यां नमः।
ॐ ह्रैं खैं अनामिकाभ्यां नमः।
ॐ ह्रौं खौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः।
ॐ ह्रः खः करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि षङ्ग–न्यास :–

ॐ ह्रां खां हृदयाय नमः।
ॐ ह्रीं खीं शिरसे स्वाहा।
ॐ ह्रूं खूं शिखायै वषट्।
ॐ ह्रैं खैं कवचाय हुं।
ॐ ह्रौं खौं नेत्रत्रयाय वौषट्।
ॐ ह्रः खः अस्त्राय फट्।

स्पष्टीकरण :–

'निग्रह–दारूण–सप्तक' स्तोत्र के 'विनियोग' में दो प्रकार पाए जाते हैं। एक प्रकार तो प्रस्तुत है ही, दूसरा प्रकार 'सङ्कल्प' की भाँति 'भाषा–शैली' में पाया जाता है, जो निम्न–रूप से परिवर्तित होता है, यथा......**'शत्रु–संहारणार्थे.....** पाठे विनियोगः के स्थान पर .....**मम ये ये प्रतिकूल कारिणस्तेषां पलायनार्थे निग्रह–दारूण–सप्तक**–(कहीं–कहीं 'शरभ' या 'शरभ–शालुव दारूण–सप्तक' कहा गया है) **परायणमहं करिष्ये'** आदि.....। प्रयोग हेतु इस स्तोत्र का अनुष्ठान मात्र तीन–दिवसीय है–(जैसा कि फल–श्रुति में कहा गया है), जो 'परायण–विधान' रूप से 'तन्त्र–साधकों' में प्रसिद्ध है—– किसी कर्म को तत्परता व लीनता से निरन्तर आवर्ती–पूर्वक–(कर्म–समाप्ति तक) करते रहने को 'परायण–(या पारायण) कहते हैं। यद्यपि ऐसा नियम तो प्रत्येक मन्त्रानुष्ठान साधन–प्रयोग के लिए होता है, किन्तु फिर भी अन्य किसी 'मन्त्र–साधना' या 'स्तोत्र–विधान' की अपेक्षा यह स्तोत्र–(प्रयोग–रूप में) 'परायण–विधान' नाम से विद् साधकों के मध्य अधिक चर्चित है। इसी–कारण विनियोग में.....**'परायणमहं करिष्ये'** भी कहा जाता है।

ध्यान व मानस–पूजन :–

यह क्रम प्रारम्भ में 'मूल–मन्त्र साधन–विधान' के अन्तर्गत आ गए हैं, यदि मात्र 'निग्रह–दारूण–सप्तकं' स्तोत्र–पाठ ही करना होता, तो यहाँ 'ध्यान' व 'मानस–पूजन' का क्रम भी संयुक्त रहता।

।। पाठ-आरम्भ ।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरु–कुरु हुं फट्, ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।

कोपोद्रेकाऽति–निर्यन् निखिल परिचरत् ताम्र–भार प्रभूतम्। ज्वाला–मालाग्र दग्ध स्मर–तनु सकलं त्वामहं शालुवेशम्।। याचे त्वत्पाद–पद्म–प्रणिहित–मनसं द्वेष्टि मां यः क्रियाभिः। तस्य प्राण प्रयाणं पर–शिव!

भवतः शूल–भिन्नस्य तूर्णम्।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट्, ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।।१।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट्, ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।

शम्भो! त्वद्धस्त–कुन्तक्षत–रिपु–हृदयान्निस्रवल्लोहितौघम्। पीत्वा–पीत्वाऽति–दर्पःदश–दिशि विचारास्त्वद् गणाश्चण्ड मुख्याः।। गर्ज्जन्तु क्षिप्रवेगा निखिल–जयकराः भीकराः खेल–लोलाः। सन्त्रस्त ब्रह्मदेवाः शरभ खग–पते! त्राहि नः शालुवेश!।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।।२।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।

सर्वाद्यं सर्व–निष्ठं सकल लयकरं त्वत्स्वरूपं शरण्यम्। याचेऽहं त्वाममोघं परिकर–सहितं द्वेष्टि मां यः क्रियाभिः।। श्री शम्भो! त्वत्कराब्ज–स्थित हल कठिनाघात वक्ष–स्थलस्य। प्राणाः प्रेतश–दूत–ग्रहण–परिभावऽऽक्रोश–पूर्व प्रयान्तु।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।।३।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः [illegible]मुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।

द्विष्मः क्षोण्यां वयं हि तव पद–कमल–ध्यान– निर्दग्ध–पापाः। कृत्याकृत्यैर्विमुक्ताः विहग कुल–पते! खेलया बद्ध–मूर्ते! तूर्णं त्वत्पाणि–पद्म प्रधृत–परशुना तुण्ड–खण्डी–कृताङ्गः। तद् द्वेषी यातु याम्यां पुरमति–कलुषं काल–पाशाग्र–बद्धः।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।।४।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वलं वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।

भीम! श्री शालुवेश! प्रणत–भय–हर! प्रणिनां दुर्मदानाम्। याचेऽहं चास्य–गर्व–प्रशमन–विहित–स्वेच्छयाऽऽबद्धमूर्ते! त्वामेवाशु त्वंघग्रष्टक–नख–विलुठद्ग्रीव–जिह्वोदरस्य। प्राणोत्काम–प्रमाद प्रकटित–हृदयस्यायुरल्पायतेश।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।।५।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।

श्रीशूलं ते कराग्र–स्थित–मुसल–गदाऽऽवर्त–वाताभिघाताद्। यातायातारि यूथ त्रिदश–रिपु–गणोद्भूत–रक्तच्छटार्दम्।। सन्दृष्ट्वाऽऽयोधने ज्यामखिल–सुर–गणश्चाशु नन्दन्तु नाना भूता वेताल पुगः पिबतु तदखिलं प्रीत–चित्तः प्रमत्तः।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।।६।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह–दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे हुं फट्।

त्वद्दोर्दण्डाग्रमुष्टि–प्रकटित–विनमच्चण्ड कोदण्ड–मुक्तैर्बाणैर्दिव्यैरनेकैः शिथिलित वपुषः क्षीण कोलाहलस्य।। तस्य प्राणावसानं पर–शरभ! विभोऽहं त्वादाज्ञा प्रभावैस्तूर्णं पश्यामि यो मां परि–हसति सदा त्वादि मध्यान्त–हेतो।।

ॐ नमो भगवते वडवानल–भैरवाय ज्वल–ज्वल वैरि–कुलं दह– दह वर्म–वर्म ठः ठः अमुक शत्रूणां मारय–मारय भस्मी कुरू–कुरू हुं फट् ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे

हुं फट्।।७।।

।।फल–श्रुति।।

इति निशि प्रयतस्तु निरासनो यम मुखः शिवभावमनुस्मरन्।
प्रति–दिनं दशवारं दिनत्रयं जपति निग्रह–दारुण–सप्तकम्।।
इति गुह्यं महा–वीर्यं परमं रिपु–नाशनम्।
भानुवारं समारभ्य मङ्गलान्तं जपेत् सुधीः।।

प्रति–दिन रात्रि–काल में दक्षिण–दिशा की ओर मुख करके निराहार, (भूखे पेट) इस स्तोत्र के दस पाठ–(तीन–दिन तक) करने चाहिए। दसवें पाठ पर 'फल–श्रुति' अवश्य ही पढ़नी–(उच्चारित) चाहिए। 'फल–श्रुति' के पश्चात् पुनः ध्यान कर 'मानस–पूजन' करें, तत्पश्चात् जप–समर्पण करें तथा क्षमा–प्रार्थना करें–

जप–समर्पण :–

ॐ गुह्यातिगुह्य गोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देव! त्वत्प्रसादान्शरभेश्वर।।

क्षमा–प्रार्थना :–

आवाहनं न जानामि, न जानामि विसर्जनम्।
पूजा–कर्म न जानामि, क्षमस्व परमेश्वरः।।
मन्त्र–हीनं क्रिया–हीनं, भक्ति–हीनं शरभेश्वर।
मयायत्–पूजितं देव! परिपूर्णं तदस्तु मे।।

स्पष्टीकरण :–

प्रयोग सङ्कलन ग्रन्थों में तथा कुछ हस्त–लिखित प्रतियों में 'निग्रह–दारुण–सप्तक' के पाठानुष्ठान में प्रतिदिन पाठ संख्या–१० तथा तीन–दिवस की अवधि बताई गई है, जैसे कि प्रस्तुत सप्तक स्तोत्र की फलश्रुति में, यथा—–

प्रतिदिनं दशवारं दिन–त्रय जपति निग्रह–दारुण–सप्तकम्। किन्तु कहीं–कहीं यह दिन अवधि दस–दिन उल्लेखित की गई है, जैसे कि मूल ग्रन्थ 'आकाश–भैरव–कल्प' – (प्रकाशित व हस्त–लिखित) में यह अवधि स्पष्ट की गई है। पाठ संख्या में भी दस–पाठ प्रतिदिन नहीं, अपितु दो सौ पाठ प्रतिदिन (अर्थात् दो माला) करने का स्पष्ट कथन है, यथा —–

दशादिनं प्रतिवार–शतद्वयं जपतु निग्रह–दारुण–सप्तकम्।
भानुवासरमाभ्य मङ्गलान्तं जपेत्सुधीः।

(देखें, 'आकाशः–भैरव–कल्प', अध्याय–८१, श्लोक ९ व १०)

उक्त कथन से स्पष्ट है कि रविवार से आरम्भ, मङ्गल को समापन तथा प्रतिदिन दो सौ पाठ। यदि दिन–क्रम अवधि की गणना करें, तो प्रथम की गणना में रविवार से मङ्गलवार तक तीन ही दिन हुए और दूसरी गणना में भी रविवार से दसवें दिन अर्थात् मङ्गलवार ही है, किन्तु दूसरा मङ्गलवार। इसमें दो रविवार व दो मङ्गलवार गणना में आते हैं। दस दिन व तीन दिन के कथन में तथा दो सौ पाठ व दस पाठ नित्य–इन कथनों के कारण साधक भ्रमित हो सकते हैं कि किस दिन संख्या व पाठ संख्या को मानकर साधना–कर्म आरम्भ किया जाये?

हमारे अनुभव व मत से प्रतिदिन दस पाठ का तीन–दिवसीय प्रयोग ही स्वीकार्य है। इसमें आवश्यक इतना ही है कि प्रयोग से पूर्व साधक इस स्तोत्र का प्रारम्भ में बताई गयी रीति अनुसार अनुष्ठान सम्पन्न कर ले–(या जैसे अपने श्री गुरुदेव से शिष्य को परम्परा–रूप से विधि प्राप्त हो) अधिकांश विद्वानों ने भी तीन दिवसीय मत को ही ग्रहण किया है, यद्यपि 'आकाश–भैरव–कल्प' के 'निग्रह–दारुण–सप्तक' के अध्याय में 'दस–दिन' की अवधि व्यक्त है, किन्तु ग्रन्थ के प्रारम्भ में दिए गए 'हिन्दी–भाष्य' में तीन–दिवसीय का ही मत ग्रहण कर भाष्य में व्यक्त किया है। इतने पर भी यहाँ यह कह देना उचित होगा कि यह मत भी निराधार नहीं, शास्त्रोक्त है, जिसका आधार 'गुरु–परम्परा' है।

● दो सौ पाठ प्रतिदिन दस–दिन वाला मत 'दारुण–सप्तक' के अनुष्ठान पूर्ण करने के लिए ग्रहण करें, प्रयोग हेतु नहीं। प्रारम्भ में बताई गई रीति में भी यही कथन व्यक्त किया गया है।

स्पष्टीकरण :–

'निग्रह–दारुण–सप्तक' नामक इस महा–प्रभावी स्तोत्र का पाठ–(काम्य–प्रयोग हेतु) अधिकांश–रूप से मन्त्र सम्पुट लगाकर किया जाता है, विशेषतः वडवानल–भैरव के मन्त्र का। किन्तु इसके 'मन्त्र–सम्पुट' क्रम में भी भेद है। कुछ 'मुद्रित' व 'हस्त–लिखित' प्रतियों में देखने में आया कि प्रथम श्लोक से पूर्व **"ॐ ह्रीं खें खां खं फं घृणे–(घ्राणे) हुं फट्"**–(यह 'माया–बीज' सहित श्री शरभेश्वर का बीजाक्षर मन्त्र है, जो सम्पुट के लिए प्रयोग हुए मन्त्र का संयुक्त भाग है और पृथक–रूप से स्वतन्त्र मन्त्र भी। इसमें भी कहीं–कहीं शब्द–परिवर्तन, पाठ–भेद देखने को मिलता है) मन्त्र का सम्पुट लगाकर स्तोत्र–पाठ आरम्भ किया जाता है। श्लोकान्त में पूर्ण मन्त्र, पुनः श्लोक पश्चात् पूर्ण मन्त्र.....क्रम से मन्त्र सम्पुटित स्तोत्र–पाठ पूर्ण किया जाता है, किन्तु यहाँ प्रस्तुत यह क्रम ऐसा नहीं, इसमें प्रथम

पूर्ण मन्त्र पश्चात् श्लोक, पुनः मन्त्र पश्चात् पुनः मन्त्र व श्लोक, पुनः मन्त्र अर्थात् प्रत्येक श्लोक के आदि व अन्त में मन्त्र का सम्पुट, प्रत्येक श्लोक ही मन्त्र से सम्पुटित हैं। ऐसा ही इस स्तोत्र का मन्त्र सम्पुटित क्रम सम्वत्–२०६० के 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग'–(पृष्ठ–१६६–६०) में प्रस्तुत हुआ था, उसमें मन्त्र–सम्पुट की गति–स्थिति में कुछ भेद था। कुछ भी हो, ऐसे क्रम परम्परा के आधार पर ही हैं, जो भेदाभेद की स्थिति प्राप्त होते हुए भी पूर्ण फलदाई होते हैं– (श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप के 'प्रयोग–खण्ड' में इस स्तोत्र का 'कई संख्याओं में एक ही स्थान पर एकत्रित कर' अद्‌भुत सङ्हात्नक–स्वरूप, अव्यर्थ प्रयोग–विधि सहित दृष्टव्य है)।

यद्यपि मूल–स्तोत्र के पाठ से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध–सम्पन्न होते हैं, फिर भी रोग–नाश, शत्रु–नाश, पुत्र–प्राप्ति, पदार्थ–रक्षा, वस्तु–आगमन, मोहनादि कामना–पूर्ति के लिए और भी अन्य देवताओं, जैसे–काल भैरव, वीरभद्र, रक्त–चामुण्डा, नारसिंहि आदि के मन्त्रों से भी इस स्तोत्र का सम्पुटिकरण किया जाता है, (इन देवताओं के मन्त्रों का उल्लेख श्री शरभ–कवच के मूल–पाठ व फल–श्रुति में आया है, जिसका स्वरूप व प्रयोग श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप (प्रयोग–खण्ड) में दृष्टव्य है), इसमे 'वडवानल–भैरव' के मन्त्र से सम्पुटिकरण 'शत्रुनाश' के लिए विशेष प्रसिद्ध है। कहा भी गया है...... **'वडवानल मन्त्रेण सम्पुटाद्वैरि नाशनम्'**–(देखें, 'आकाश–भैरव–कल्प' अध्याय–८१, फलश्रुति–श्लोक–६–१६)।

पुनः–

सम्पुटित प्रक्रिया के अनुसार इस स्तोत्र को 'वडवानल–भैरव' के मन्त्र से सम्पुट देने का निर्देश है, किन्तु अधिकांश यह मन्त्र भी शरभेश्वर के बीजाक्षरों से युक्त मिश्रित देखने को मिलता है। कुछ ऐसे भी मन्त्र प्राप्त होते हैं, जिनमें 'वडवानल–भैरव, श्री शरभेश्वर का मन्त्र–(अथवा बीजाक्षर), कालाग्नि–रूद्र एवं पाशुपतास्त्र बीज–मन्त्र का भी 'एकसाथ' संयुक्तिकरण–(मिश्रण) है, तो कुछ में वैदिक–ऋचाओं का भी समावेश प्राप्त होता है–(देखें, 'श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप'–'प्रयोग–खण्ड' जिनमें ऐसे मिश्रित मन्त्र, पृथक–रूप से 'वडवानल–भैरव' के मन्त्र सम्पुण्ट प्रयोगार्थ हेतु असंख्य रूप से प्राप्त होंगे। मिश्रित–सम्पुट मन्त्रों की गणना में ही महा–विद्या 'धूमावती' का भी प्रयोगार्थ एक मन्त्र 'प्रयोग–खण्ड' में द्रष्टव्य है) प्रसङ्ग–वश यहाँ 'वडवानल–भैरव' का कथासार–रूप में परिचय भी प्रस्तुत है–

'वडवानल'

• 'आकाश–भैरव–कल्प'–(अध्याय–३७) में इनका ध्यान, मन्त्र–साधन व प्रयोग–विधि का है। प्रायः अन्य किसी 'तन्त्र–ग्रन्थों' में इनकी साधना–विधि अथवा परिचय प्राप्य नहीं होता – ('कल्याण–मन्दिर–प्रकाशन', 'प्रयाग–राज' से प्रकाशित 'शाबर–मन्त्र–सङ्ग्रह', भाग–२, पृष्ठ १७५ (क्रम–२) व ८२–(क्रम–२) में संस्कृत–भाषा में वर्णित 'वडवानल–भैरव' के कुछ मन्त्र प्राप्य होते हैं, यह मन्त्र शाबर ही है अथवा अन्य किसी 'तन्त्र–ग्रन्थ' से उद्धृत! ज्ञात नहीं)। 'आकाश–भैरव–कल्प'–(या श्री शरभ–विषयक कुछ ग्रन्थों में) से पृथक अन्य किसी 'तन्त्र–ग्रन्थ' में इनकी साधना–पद्धति प्राप्त होना एक दुर्लभ व महत्व–पूर्ण-प्रयास ही होगा। यद्यपि 'तन्त्र–सम्प्रदाय' में वृहद्–वडवानल–तन्त्र की भी नाम–प्रतिष्ठा है, जिनकी कई संख्या है और विशेष साधना–परम्परा इस तन्त्र के आधार पर भी प्राप्त होती है, किन्तु यह है अत्यन्त गोपनीय व दुर्लभ! 'नेपाल–राष्ट्र' में 'शाक्त–साधना–परम्परा' इसी तन्त्र पर आधारित है– ऐसा कुछ–कुछ साङ्केतिक ही ज्ञात है। अस्तु.....

'वडवानल'–(वाडवानल या बडवानल) भगवान् शिव का ही स्वरूप–तेज है। कामदेव को भस्म करने हेतु शिव के तृतीय–नेत्र से उत्पन्न क्रोधानल–(क्रोधाग्नि) को 'वडवानल' नाम ब्रह्माजी ने दिया था। 'श्री शिव महापुराण'–(शत–रूद्र संहिता, तृतीय–(पार्वती–खण्ड, अध्याय–२०) के अनुसार भगवान् शिव ने अपने तृतीय–नेत्र से भयङ्कर अग्नि को प्रकट कर कामदेव को उसी अग्नि से त्वरित भस्म कर दिया था। भयङ्कर महा–ज्वालामय यह अग्नि कामदेव के भस्मी–करण के पश्चात् सर्वत्र चारो ओर फैलने लगी, जिससे जगत के सम्पूर्ण प्राणियों में हाहाकार होने लगा। इस अग्नि से रक्षा प्राप्त करने हेतु समस्त देवता, ऋषि आदि ब्रह्माजी के समीप गए और स्तुति कर अपना दुःख प्रकट किया, स्वयं ब्रह्माजी भी शिव की 'क्रोधाग्नि' के प्रभाव से अमुक्त थे। तब ब्रह्माजी ने उन सभी ऋषि व देवगणों के साथ भगवान् शिव का स्मरण कर, उस 'महा–अग्नि' को 'लोक–रक्षार्थ' स्तम्भित कर दिया। तीनों लोकों को दग्ध–भस्म करने की सामर्थ्य रखने वाली, शिव के परम–तेज से सम्पन्न, इस अग्नि को ब्रह्माजी ने एक 'अश्व' –(अर्थात् वडवा अथवा वाडव) के रूप में परिवर्तित कर दिया, जिसके मुख से सौम्य ज्वालाएँ निकासित हो रही थी। शिव की इच्छानुसार ब्रह्माजी उस वाडव–शरीर अर्थात् अश्व–(घोड़े) रूपी अग्नि को लेकर समुद्र–तट पर गए। ब्रह्मा व समुद्र–देव के परस्पर सम्मान उपरान्त ब्रह्माजी ने उस 'अश्व' की ओर सङ्केत करते हुए समुद्र से कहा कि अश्व–रूप में यह भगवान् शिव का परम–शक्तिशाली क्रोध है। इस प्रलयङ्कारी क्रोधाग्नि ने कामदेव को भस्म कर दिया, उपरान्त यह अब समस्त लोकों को भी दग्ध करने के लिए उद्यत हो गयी। समस्त

लोकों के रक्षार्थ इस 'क्रोधाग्नि' को मैंने स्तम्भित कर इसको 'वडवा–शरीर' दे दिया। हे समुद्र देव! यह शिव का अद्भुत 'अनल' जो अब 'अश्व–रूप' में है, अपने मुख से ज्वालाओं को बाहर फेंक रहा है, अन्यत्र कहीं भी यह अग्नि विश्व को दग्ध करने की सामर्थ्य रखती है। मात्र आप ही इसको अपनी अपार जल–राशि के प्रभाव से नियंत्रण में रख सकते हैं। अतः आप सम्पूर्ण लोक–प्राणियों के हितार्थ इसको प्रलयकाल तक अपनी जल–राशि में ऊपर ही रखना, अधिक अथवा अनन्त जल–राशि में इसको स्थान न देना। तुम्हारा जल ही इसका आहार होगा। ब्रह्माजी के ऐसे कथनादेश पर समुद्र–देव ने उस 'वडवानल' को अपने में धारण कर लिया और यह 'वडवाग्नि' अपनी भयङ्कर ज्वालाओं से समुद्र की जल–राशि को नित्य दहन करने लगी–(अर्थात् दहन करना ही इसका आहार हुआ)।

उपरोक्त कथासारानुसार यही 'शिव का क्रोधानल'–(जो ब्रह्माजी द्वारा अश्व–रूप में परिवर्तित कर दिया गया था) 'वडवानल' नाम से प्रसिद्ध हुआ, जो शास्त्र मान्यतानुसार भगवान् शिव का ही एक नाम है। यद्यपि शिव के क्रोधानल की नाम–संज्ञा 'वडवानल' अर्थात् अश्व–रूप शरीर के कारण है, तथापि इस परम–तेजस्वी अग्नि के स्वामी स्वयं भगवान् शिव ही हैं, जिनका (उक्त कथानुसार) 'वडवानल–भैरव' के नाम से स्मरण–पूजन किया जाता है। इसके ध्यान, विनियोग व मन्त्रादि में वडवामुख, वडवा–मुखाग्नि आदि नामों का प्रयोग है, तो कहीं ध्यान में उक्त सम्बोधन का प्रयोग हुआ ही नहीं! ये भगवान् श्री शरभेश्वर–(शरभ–शालुव–पक्षिराज) के अङ्ग देवताओं में से एक हैं, ये उनके हृदय व उदर–भाग में प्रतिष्ठित–पूजित हैं। भगवान् श्री वडवानल–भैरव की साधना के प्रभाव से शत्रु, शत्रु का क्षेत्र–दल, गृह–वास, उसकी कुल–सम्पत्ति आदि सर्वस्व भस्म हो जाता है, 'आग्नेयास्त्र' का भी इन्हीं से सम्बन्ध है, जिसका साधन–प्रयोग व प्रयोग का निराकरण 'वैदिक–ऋचाओं' के साथ किया जाता है।

स्पष्टीकरण :–

भगवान् श्री नीलकण्ठ, नृसिंह व हनुमान् के नामों के साथ भी 'वडवानल' नाम का सम्बोधन हुआ है, जैसे ...भगवान् श्री नीलकण्ठ का 'वडवानल श्री नीलकण्ठास्त्र'। श्री नृसिंह भगवान् का 'ज्वाला–नृसिंह पञ्चाङ्ग, जिसमें विषय के मध्य व अन्त में 'वडवानल–नृसिंह' का अनेकों स्थानों पर सम्बोधन हुआ है–(यह 'ज्वाला–नृसिंह पञ्चाङ्ग' (रुद्रयामल–तन्त्रोक्त) मेरे व्यक्तिगत पुस्तकालय के 'हस्त–लिखित' ग्रन्थ सङ्क्रह में सङ्ग्रहित व सुरक्षित है)। रुद्रावतार हनुमान जी का 'वडवानलास्त्र' तो प्रसिद्ध है ही।

● सूर्य की पत्नी भी 'वडवा' नाम से प्रसिद्ध है। एक बार इसने अश्विनी (वडवा अर्थात् घोड़ी) का रूप धारण किया था, तब सूर्य ने भी अश्व का रूप धारण करके इसके साथ समागम किया, जिससे दो पुत्र उत्पन्न हुए, जो अश्विनी कुमार कहलाये (यह कथन मात्र 'वडवा' नाम से है, उक्त 'वडवानल' से नहीं)।

आगे 'निग्रह–दारूण–सप्तक' के कुछ प्रयोग प्रस्तुत हैं। ध्यान रहे कि ये प्रयोग अत्यन्त ही उग्र हैं, जिनको अति–गम्भीर स्थिति आने पर ही, आत्म–रक्षा अथवा दूसरों की रक्षा हेतु ही विचार–पूर्वक निर्णय कर तथा अपने श्री गुरुदेव की आज्ञा–निर्देश प्राप्त करके ही करें। श्री शरभेश्वर की साधना तथा ऐसे प्रयोग करने से पूर्व 'शरभ–कवच' का पाठ कर स्वयं को संरक्षित भी अवश्य ही करें।

।। प्रयोग ।।

१. शत्रु के पैरों के नीचे की मृतिका उठाकर, उसमें चतुष्पथ एवं श्मशान–भूमि के द्वार की मृत्तिका मिलाकर बारह–अङ्गुल की पुतली बनाएँ। इसमें शत्रु की भावना रखते हुए, प्राण–प्रतिष्ठा मन्त्रों द्वारा शत्रु–रूपी इस पुतली की प्राण–प्रतिष्ठा करें। ध्यान रहे कि प्राण–प्रतिष्ठा मन्त्रों में **'सुखं'** के स्थान पर **'दुःखं'** शब्द का प्रयोग–(उच्चारण) होना चाहिए। रात्रि में 'दारूण–सप्तक' के दस–पाठ करें। ग्यारहवें पाठ के प्रत्येक श्लोक पूर्ण होने पर शत्रु–रूपी पुतली के अभीष्ट अङ्गों को, बबूल के काँटे से वेध दें। प्रत्येक श्लोक पर नए काँटे का प्रयोग करें। इस–प्रकार प्रथम–दिवस पुतली में सात काँटे वेधे जाएँगे। ऐसा तीन–दिन करें। तीन–दिन के कर्म समाप्ति पर काँटों से बेधित पुतली को निर्जन स्थान में फेंक आएँ। इस उग्र–प्रयोग से निश्चित ही प्रबल से प्रबल शत्रु का नाश होगा।

२. उक्त प्रकार से ही पुतली बनाएँ। मुँह में काली–मिर्च चबाते हुए, क्रोधावेग–पूर्वक 'दारूण–सप्तक' का पाठ करें तथा शत्रु के नाश की भावना रखकर, अपने बाएँ हाथ से उस पुतली को नीचे –(पैरों की ओर से) के अङ्गों को शनैः–शनैः, कठोर–मन से मर्दन करते जाएँ, अन्त में –(अर्थात् जब 'दारूण–सप्तक' के पाठ की दसवीं संख्या पूर्ण होने को हो तब) उस पुतली को–(मर्दन किए हुए अङ्गों के कारण पुतली की रूप–रेखा भले ही परिवर्तित हो) उठाकर शिला पर पटक दें। ऐसा कार्य क्रमबद्ध तीन–दिवस होगा। नित्य ही पुतली का निर्माण व प्राण–प्रतिष्ठा होगी। इस प्रयोग से शत्रु कहीं भी हो, कैसा भी हो और वह किसी उच्च–कोटि के देवता–शक्ति का उपासक भी क्यों

न हो! वह निश्चित ही श्री शरभ–राज के क्रोध से अन्त–गति को प्राप्त होगा।

३. महिष के गोबर में तिक्त रक्त–मिर्च, चतुष्पथ की मृतिका तथ शत्रु के पैरों के नीचे की मृतिका को परस्पर मिलाकर उक्त विधि–आकार में पुतली निर्माण कर उसमें प्राण–प्रतिष्ठा करें। श्मशान–भूमि में गड्ढा खोदकर उसको अधोमुखी खड़ा कर दबाएँ। उस पर आसन की स्थापना कर, नित्य–रात्रि 'दारूण–सप्तक' का दस–पाठ करें। इस कर्म में 'श्री शरभ–सहस्रनाम' का एक पाठ भी अवश्य करें– (आकाश–भैरव–कल्प, शरभ–तन्त्र व श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग, सम्वत्–२०५८ में यह सहस्रनाम प्राप्य है)। तीसरे दिन रात्रि में जब कर्म–पाठ पूर्ण हो, तब उस शत्रु–रूपी पुतली को गड्ढे से निकालकर, दाएँ–हाथ में ऊपर की ओर कर चिताग्नि में पटक मारे – (क्रोध– मुद्रा द्वारा)। इस प्रयोग के प्रभाव से कैसा भी शत्रु हो वह यमपुरी का अति–शीघ्र अतिथि अवश्य ही बनेगा।

उल्लेखनीय :–

अभिचारिक प्रयोग निन्दनीय है–ऐसा शास्त्रों का वचन भी है और विद्जनों का कथन भी! अभिचार–प्रयोग वहाँ निन्दनीय है, जहाँ किसी ब्राह्मण, कन्या, सज्जन–सुपात्र मनुष्य, निर्दोष–असहाय–बलहीन व्यक्ति पर ऐसे प्रयोग किए जाते हों। किन्तु यदि कोई आपका शत्रु हो–(या समाज–वर्ग का) जिससे आपको धन–प्राण–सम्मान की हानि रही हो या शत्रु द्वारा कृत कृत्यों से असहाय व्यक्ति की सहन–शक्ति सीमा का उल्लङ्घन कर रही हो, तो अभीष्ट शत्रु पर किए गए ऐसे प्रयोग कदापि भी निन्दनीय नहीं हैं। इसी कथन पर विचारणीय योग्य एक लघु किन्तु सत्य–प्रसङ्ग प्रस्तुत है–

एक ग्राम में एक दुष्ट व्यक्ति अत्याधिक मद्यपान का व्यसन करता तथा वह अपनी पालतू गाय व उसके शिशु–(बछड़े) को भी नलुकी – (बाँस की एक पोर में लेखनी के आकार का बनाया गया एक पात्र) में मद्य भरकर पिलाता पश्चात् इन निर्दोष धर्म–प्राणियों को बड़ी ही क्रूरता पूर्वक तीव्र–गति से मारता–पीटता जाता। इस हिंसात्मक कार्य से उसका स्वयं का मनोरञ्जन भी होता था। घोर मार से दोनों मूक–भोले–(व पूजनीय) जीवों की पीठ, घुटने, पूँछ सूज कर रक्तवर्णी हो जाते। गऊ के तो–कान तथा पूंछ शक्तिहीन–(मृतप्रायः) ही हो गए थे। दुःखी–पीडित व असहाय गऊ स्वयं को तो कभी अपने बछड़े को अश्रुपूर्ण नेत्रों से देखती। दुष्ट की दुष्टता के भय से कोई इस घोर हिंसक–कर्म का विरोध भी न करता, यदि कोई सज्जन–व्यक्ति विरोध भी करता तो उसको अपमानित ही होना पड़ता। इस दुष्टात्मा के दो भाई भी उसी जैसी प्रवृति के थे।

मेरे पूज्य–पिताजी – (ब्रह्मलीन) पं० रामेश्वर दत्त जी शर्मा को एक अवसर पर पूजा–पाठ कराने उस ग्राम में उसी दुष्ट के गृह के समीप–(पड़ोस) में जाना पड़ा। संयोग से उस दिन भी वह गऊ व उसके शिशु को पीट रहा था। समीप हो रहे इस घोर–हिंसक कृत्य–दृश्य को मेरे पिताजी ने बड़े ही कठोर हृदय से, अपनी आँखों से देखा। दुष्ट की प्रवृति को उन्होंने पूर्व से ही ज्ञात कर लिया था। अतः गऊ माता व उसके शिशु की दयनीय–दशा को देख वे मौन ही रहे तथा हृदय में अत्यन्त पीड़ा लिए, घोर–कृत्य करने वाले उस दुष्ट को अभिचार कर्म–प्रयोग करके घोरोत्तम दण्ड देने का सङ्कल्प भी कर उठे। पूज्य–पिताजी ने दुष्ट–व्यक्ति तथा उसके अन्य दोनों भाइयों के नाम–गोत्रादि ज्ञात कर और युक्ति–पूर्वक उनके निवास के प्रवेश द्वार देहली– मध्य की कुछ मात्रा में मिट्टी भी उठवाकर प्राप्त करा ली। अपने नगर–निवास आकर अभिचार–कर्म–प्रयोग हेतु उचित–स्थान का चयन कर–(एक भग्न शिव– मंदिर) उन्होंने उस दुष्टात्मा व उसके भाइयों पर अभिचार–कर्म–प्रयोग, आरम्भ कर दिये। वे नित्य–रात्रि में भगवान् श्री शरभेश्वर का पूजन कर कवच–सहस्रनाम का पाठ करते तथा 'निग्रह–दारूण–सप्तक' का–(प्रयोग क्रमानुसार) पाठ करते एवं 'श्री शरभ–शालुव–पक्षिराज' के मूल–मन्त्र का लोम–विलोम–(प्रति–वर्ण विलोम) रीति से जप भी करते, वे प्रति–दिन जप संख्या में वृद्धि भी करते जाते। अभिचार–कर्म पुतली माध्यम से था। प्रयोग–साधन के निश्चित दिवसों की अवधी पूर्ण भी नहीं हो पाई थी– (अर्थात् प्रयोग–कर्म दिवसों के मध्य) कि एक दिन रात्रि के समय उस दुष्टात्मा व उसके भाइयों में परस्पर द्वन्द–युद्ध हुआ, उठा–पटक चली तथा एक भाई ने–(जो कि उस दुष्ट से छोटा था) उस दुष्ट के सिर पर किसी भारी–भरकम वस्तु का 'पूर्ण बलावेग से' प्रहार कर दिया। दुष्टात्मा की वहीं एडियाँ रगड़–रगड़कर कुछ ही क्षणों में मृत्यु हो गयी, चिकित्सा कराने का भी समय न दे पाया। घातक प्रहार करने वाला भाई इस अकस्मात हुई घटना को घटित होते देख अत्यन्त भयभीत हो गया, भय के प्रभाव से उसने उसी घटना के समय उपरान्त बिना सन्देह उत्पन्न किए घर में रखे घातक विष–('सल्फास' जो गेहूँ में 'कीट–नाशक' दवा के रूप में रखा जाता है) का सेवन कर लिया। दुष्टात्मा की अनायास हुई मृत्यु से घर में वैसे ही शोक लहरों का आगमन हो चुका था। क्या करें? क्या न करें? यह विचारते हुए कुछ ही समय व्यतीत हुआ कि 'कीट–नाशक' विष का सेवन किए हुए उस छोटे भाई का स्वास्थ्य क्षीण होने लगा, वह पीड़ा से [illegible]

विरोध भी करता तो उसको अपमानित ही होना पड़ता। इस दृष्टान्त के दो भाई भी

है, यह ज्ञात कर परिवार के सभी सदस्य स्तम्भित हो उठे। अर्द्ध–मूर्छित अवस्था में चिकित्सालय तक ले गए, किन्तु वहाँ उसको बचाया न जा सका, उसकी मृत्यु हो गयी। तीसरा भाई कुछ दिनों पश्चात् विक्षिप्त हो गया था, सुना गया था कि उसको घर में लोहे की साङ्कल से बाँधकर रखा जाता था। उसके पागलपन को ठीक करने के लिए अनेकों चिकित्सा–उपाय किए गए, किन्तु सभी व्यर्थ–(कुछ माह पश्चात् उसकी भी मृत्यु हो गयी थी)।

अभिचार प्रयोग–कर्म २१ दिन में सम्पन्न हुआ। पापात्माओं को उनके किए हुए घोर–अधर्म कृत्यों के कारण घोरोत्तम–दण्ड भोगना ही पड़ा। इन सब घटना के पश्चात् एक सज्जन गौभक्त किसान गऊ व उसके बछड़े को खरीदकर अपने यहाँ ले आए।

घटना वर्षों पुरानी है, किशोरावस्था में था, तब मैंने एक प्रसङ्ग में सुनी थी। यह घटना निर्णय देती है कि अभिचार कर्म–प्रयोग किस पर, कब और क्यों करना चाहिए।

।। विचारणीय ।।

सम्पूर्ण 'साधना–मार्ग' में भगवान् श्री शरभेश्वर ही एकमात्र ऐसे देवता हैं, जिनकी साधना में 'राष्ट्र–कल्याण' की भावना व्यक्त हुई है। श्री शरभेश्वर 'राष्ट्र–भक्ति' के कारक देवता हैं, कहा भी गया है–––

राष्ट्रं शान्ति करः पातु राजनं धर्म–शासनः।

एवं– **न वदन्त्व शुभं वाक्यं जन्तवो मम देशके।**

मास्तु वैरं तु जन्तू नामन्योन्यं मम राज्यके।।

तथा– **सर्वे सर्वाश्च नन्दन्तु सन्तु कल्याण–कारिणः।**

राजवन्ती मही चास्तु राजा भवतु धार्मिकः।।(शरभ–कवच)

उक्त प्रस्तुत श्लोक–पंक्तियों से यह बात स्वतः स्पष्ट हो जाती है कि भगवान् श्री शरभेश्वर से किस–प्रकार राष्ट्र और समाज की भलाई, शान्ति, सुरक्षा तथा प्रगति की कामना व्यक्त की गई है। राष्ट्र में, राज्य में, नगर में, ग्राम में निवास या प्रवेश करने वाले कपटी–दुष्टी–भ्रष्टी–क्रोधी–छद्मी– तस्कर–शत्रु आदि से रक्षा व उनके पलायन की प्रार्थना इन्हीं की साधना में हुई है।

इस कलियुग में जब वैदिक – साधनाएँ पानी के सर्प की भाँति फिसल जाती हैं–(क्योंकि इसमें समय–शुद्धि नियम–अनुशासन का आधार है) और आगमोक्त–साधनाएँ विशेष फलदाई होती हैं और जिन विकट–विषम परि–स्थितियों से यह 'भारत–वर्ष' देश गुजर रहा है, जहाँ आज राष्ट्र–द्रोहियों, आततायियों, निर्दोषजनों का संहार करने वाले आतङ्कवादियों का मृत्यु–ताण्डव तथा घुसपैठ है––– **विशेषकर काश्मीर**, तो ऐसी इस गम्भीर परि–स्थिति में हम भगवान् श्री शरभेश्वर की शरण में न जाएँ और उनकी साधना न करें, तो यह ऐसा–दुर्भाग्य होगा जैसे कि कोई सामर्थ्यवान् व्यक्ति सर्व–सुविधा सम्पन्न होते हुए भी भरे–पूरे बाजार में भूख से मर जाए और यदि ऐसा होता है, तो यह उसकी मूर्खता है।

जब हमारे ऋषियों ने व्यक्तितित एवं सामाजिक–प्रगति सुरक्षा–समृद्धि के लिए **'शरभोपासना'** जैसी अचूक–विधि सर्जित की है, तो उनको न अपनाना और तदानुसार साधना न करना — इस देश के आ[illegible]क–जनों के लिए एक घोर–विडम्बना है।

राष्ट्र में शान्ति हो, चाहे वह वार्ता के माध्यम से अथवा युद्ध के माध्यम से ––– श्री शरभेश्वर दोनों ही प्रकार से फलीभूत हैं। ये जहाँ राष्ट्र में शान्ति की व्यवस्था रचते हैं, वहीं युद्ध की परि–स्थिति में वीर–सैनिकों के आत्म–बल व उनके साहस में वृद्धि करते हैं तथा उनके द्वारा शत्रुओं को मृत्यु प्रदान करते हैं। ऐसे देवता की विशेषता–महत्ता से प्रत्येक के लिए यह परम–विचारणीय, परम–दायित्व बन पडता है कि अपने निहित स्वार्थों का परि–त्याग कर इनकी साधना तथा प्रयोगों को 'राष्ट्र–हित' में आरम्भ व सम्पन्न करना चाहिए।

यद्यपि भगवान् श्री शरभेश्वर की विस्तृत एवं साङ्गोपाङ्ग साधना सभी के लिए आज के युग में सम्भव नहीं है। ऐसे व्यक्तियों के लिए उनका 'निग्रह–दारुण–सप्तक' सर्व–विध आपत्तियों से अपनी आत्मा, अन्तःकरण और शरीर की रक्षा के लिए पर्याप्त है। दतिया के महाराज पूज्यपाद राष्ट्र–गुरु श्री स्वामी जी ने आत्म–शुद्धि एवं काम–क्रोधादि शत्रुओं के शमन के लिए 'निग्रह–दारुण–सप्तक' का प्रयोग बताया है, किन्तु इसके साथ ही सभी–प्रकार की आपत्तियों से रक्षा और शत्रु–संहार के लिए इस सप्तक का प्रयोग साधना जगत में प्रचलित है, इसके लिए इस सप्तक के विनियोग में तदानुसार अपनी कामना का उल्लेख करके यथा वाञ्छित फल–प्राप्त किया जा सकता है। कहने का आशय 'राष्ट्र–कल्याण' हेतु ही है अर्थात् जिस–प्रकार यहाँ 'निग्रह–दारुण–सप्तक' व उसके प्रयोग प्रस्तुत हुए हैं, उसमें 'राष्ट्र–हित' को ही अपनी व्यक्ति–गत कामना मान कर, (भले ही समय–समय पर) इस महिमा–शाली सप्तक की साधना व प्रयोग को 'राष्ट्र–द्रोही', आतङ्कवादियों के विरुद्ध सरलता से सम्पन्न कर सकते हैं, उदाहरणतः विनियोग में कामना इस–प्रकार व्यक्त कर सकते

हैं–––

काश्मीर सहित समस्त भारत–राष्ट्रे सर्वेभ्यो, आन्तरिकेभ्यो, वाह्येभ्यो शत्रुभ्यो सुरक्षणाय एवं अस्माकं देशस्य सर्व–विद्य कल्याण विकासाय च दारुण–सप्तक नाम श्री शरभ–स्तोत्रस्य परायणं करिष्यामि।

तथा–

वडवानल–मन्त्र में 'अमुक शत्रुणां' के स्थान पर–

......'मम भारत देशस्य सर्व–आन्तरिक शत्रुणां वाह्य–आक्रमणकारिणां विनाशय–विनाशय' उच्चारित करें।

इस–प्रकार श्री शरभेश्वर की यह साधना राष्ट्र–हित, समाज–कल्याण, जन–शान्ति तथा प्रगति–कारक सिद्ध होगी, जिससे हमारा राष्ट्र के प्रति दायित्व का भी निर्वाह होगा।

।।अति–दुर्लभ।।

।।श्री शरभ-शाबर महा-मन्त्रराज।।

प्रस्तुत शाबर मन्त्र भगवान श्री शरभेश्वर का अत्यन्त दुर्लभ व प्रत्यक्ष सिद्धि–प्रद मन्त्र है, शाबर मन्त्र श्रेणी में इस मन्त्र को महा मन्त्र–राज तथा महा चमत्कारी कहा गया है। अपने व्यक्ति–गत पुस्तकालय में रखे 'हस्तलिखित' ग्रन्थ से शुद्ध करके साधकों के लाभार्थ इसको प्रस्तुत–प्रकाशित किया जा रहा है। इसके नित्य तीन पाठ करते रहने से सर्वाभीष्ट कामना की पूर्ति होती है, असाध्य से असाध्य कार्य पूर्ण–रूप से साध्य हो जाता है। राज–भय, चोर–भय, शत्रु–भय, रोग–भय आदि सभी प्रकार के भय से मुक्ति मिलती है तथा दैनिक दिनचर्या में अनेक आश्चर्य साधक के समक्ष घटित होते रहते हैं। यह परम–हितैषी मन्त्र है, इसके द्वारा अभिचार–कर्म दोष को भी त्वरित ही नष्ट किया जाता है। नित्य जप–करते समय धूप–दीप का प्रयोग अवश्य करें–

ॐ नमो आदेश गुरु को। आदिमायेचे स्वरूप तेजोमयाय अग्नि–दंष्ट्रा करालाय श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय नवनाथाय ओङ्काराय कृपा–कराय थर–थर कांपे हु हुं हुङ्कारे अगन–पसारे, पवन चले, जल चले चल–चल कर–पिण्ड कु रक्षण करावे, त्रिवार मन्त्र जपावे मनः कामना पूर्ण करावे।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय कोया कोन–कोन कु मारे नव–नरसिंग कु मारे, नव–हनुमान कु मारे, छप्पन–भैरव कु मारे, क्षेत्रपाल कु मारे, अठ्ठासी–सहस्र कोटि चामुण्डा कु मारे, तैंतीस – कोटि देवता कु मारे, देव–कान्ता कु मारे, नव–कोटि कात्यायनी कु मारे, चन्द्र कु मारे, सूरज कु मारे, परशु–राम कु मारे, पाँच–पाण्डव कु मारे, अष्ट–कुली नाग कु मारे, तैजपाल कु मारे, अजय – पाल कु मारे, अजान्त–पालक कु मारे, काल कु मारे, महा–काल कु मारे, काल–चक्र कु मारे, छत्तीस–वेताल कु मारे, एक–वीस म्हैसासुर कु मारे, आठरासे जोगिनी कु मारे, वारा–सटव्या कु मारे, सात–असरा कु मारे, एक–लाख अस्सी–हजार पीर–पैगम्बर कु मारे, नव–लाख तारा कु मारे, नव–ग्रह कु मारे कटकान् ताडय–ताडय, मारय–मारय, शोषय–शोषय, ज्वालय–ज्वालय, हारय–हारय, सकल–देवतान् नाशय–नाशय, अति–शोषय–शोषय, मम सर्वत्र रक्षय–रक्षय ॐ खे खां खं हुं फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।।१।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय स्वर्ग–लोक कु बाँधु, मृत्यु–लोक कु बाँधु, नव–लाख कुण्ड कु बाँधु, नव–लाख द्वार कु बाँधु, नव–लाख खैर कु बाँधु, चार–चक्रकु बाँधु, चवदा–भुवन कु बाँधु, साठ–संवत्सर कु बाँधु, दो–अयन कु बाँधु, छः ऋतु , बाँधु, बारा–मास कु बाँधु, दोन–पक्ष कु बाँधु, पंधरा–तिथि कु बाँधु, अठ्ठावी -नक्षत्र कु बाँधु, सत्रावीस– योग कु बाँधु, ग्यारा–करण कु बाँधु, सात–वार व बाँधु, बारा–राशि कु बाँधु, बारा–संक्रमण कु बाँधु, बारा–लग्न कु बाँधु बन्धय–बन्धय, छेदय–छेदय, ताडय–ताडय, मारय–मारय, शोषय–शोषय, ज्वालय–ज्वालय, हारय–हारय, नाशय–नाशय, मम सर्वत्र रक्षय–रक्षय ॐ खें खां खं फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।।२।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय पाशुपतास्त्र कु बाँधु, नारायणास्त्र कु बाँधु, ब्रह्मास्त्र कु बाँधु, वडवानलास्त्र कु बाँधु, प्रजन्यास्त्र कु बाँधु, वातास्त्र कु बाँधु, पर्वतास्त्र कु बाँधु, गरुडास्त्र कु बाँधु, सर्पास्त्र कु बाँधु, मारणास्त्र कु बाँधु, मोहनास्त्र कु बाँधु, वशीकरणास्त्र कु बाँधु, स्तम्भनास्त्र कु बाँधु, जृम्भणास्त्र कु बाँधु, आकर्षणास्त्र कु बाँधु, उच्चाटनास्त्र कु बाँधु, गदास्त्र कु बाँधु, त्रिशूलास्त्र कु बाँधु, पाशास्त्र कु बाँधु, शक्ति–अस्त्र कु बाँधु, खेटकास्त्र कु बाँधु, तोमरास्त्र कु बाँधु, खड्गास्त्र कु बाँधु, शरास्त्र कु बाँधु, शापास्त्र कु बाँधु, सकल–यन्त्रास्त्र कु बाँधु निवारय–निवारय, मुञ्चय–मुञ्चय, ज्वालय–ज्वालय

न शय–नाशय, मम सर्वत्र रक्षय–रक्षय ॐ खे खां ख फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।।३।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय जल कु बँधु, थल कु बाँधु, काष्ठ कु बाँधु, पवन कु बाँधु, पृथ्वी कु बाँधु, आकाश कु बाँधु, सप्त–द्वीप कु बाँधु, सप्त–पर्वत कु बाँधु, सप्त–पुरी कु बाँधु, नव–खण्ड कु बाँधु, छप्पन–देश कु बाँधु, नदी कु बाँधु, नाले कु बाँधु, कुवा कु बाँधु, बावड़ी कु बाँधु, तालाब कु बाँधु, घाट कु बाँधु, वाट कु बाँधु, आठरा–भार वनस्पति कु बाँधु, बन्धय–बन्धय, छेदय–छेदय, नाशय–नाशय, ज्वालय–ज्वालय, शोषय–शोषय, हारय–हारय मम सर्वत्र रक्षय–रक्षय ॐ खें खां खं फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।।४।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय एकाहिक–ज्वर कु बाँधु, द्वाहीक–ज्वर कु बाँधु, त्राहीक–ज्वर कु बाँधु, चातुर्थीक– ज्वर कु बाँधु, शीत–ज्वर कु बाँधु, विषम–ज्वर कु बाँधु, ब्रह्म–ज्वर कु बाँधु, विष्णु–ज्वर कु बाँधु, रुद्र–ज्वर कु बाँधु, गुङ्गाई कु बाँधु, वाय–शूल कु बाँधु, नाक–शूल कु बाँधु, अक्ष–शूल कु बाँधु, गुद–शूल कु बाँधु, कटि–शूल कु बाँधु, जानु–शूल कु बाँधु, जङ्घा–शूल कु बाँधु, हस्त–शूल कु बाँधु, पाद–शूल कु बाँधु, कपाल–शूल कु बाँधु, शिर–शूल कु बाँधु, तिथा–वर्णा कु बाँधु, काल–वर्णा कु बाँधु, तिडका कु बाँधु, विस्फोटक कु बाँधु, गण्ड–माला कु बाँधु, शिर–शिरा कु बाँधु, पेट के दर्द कु बाँधु, डूने कु बाँधु, धरनी कु बाँधु, आसि के दर्द कु बाँधु, ऊर्ध्व–वायु–मस्तका कु बाँधु, निकाला–रोग कु बाँधु, किर्म्या–दोष कु बाँधु, सन्निपात–दोष कु बाँधु, माण्डदवरी कु बाँधु, बोल–व्याधी कु बाँधु, आलक–वाणी कु बाँधु, वरण–वसुवन कु बाँधु, धन–धुनला कु बाँधु, लुला कु बाँधु, लङ्गडा कु बाँधु, गुङ्ग । कु बाँधु, बहिरा कु बाँधु, रेचनादि सकल–रोग कु बाँधु, रेचनादि सकल–रोगान निर्मूलय–निर्मूलय, ताडय–ताडय, मारय–मारय, ज्वालय–ज्वालय, हारय–हारय, नाशय–नाशय, शोषय–शोषय, मम सर्वत्र रक्षय–रक्षय ॐ खें खां ख फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हु फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय– पक्षिराजाय हु फट् स्वाहा।।५।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुव–पक्षिराजाय–नवनाथाय दानव कु बाँधु, दैत्य कु बाँधु, आठ–कोटि भूतावल कु बाँधु, सवा–लक्ष भूतनी कु बाँधु, सवा–लक्ष झोटिङ्ग कु बाँधु, छत्तीस–मसान कु बाँधु, नव–लाख खब्बीस कु बाँधु, नवसे मानविन्या कु बाँधु, आठ–कोटि सातसे सोळङ्डे कु बाँधु, छत्तीस–कोटि बारासे बावन नदी कु बाँधु, शाकिनी कु बाँधु, डाकिनी कु बाँधु, हाडी–बाई कु बाँधु, धना–बाई कु बाँधु, सहित सात–बहिणी कु बाँधु, दुहादे कु बाँधु, डाकू कु बाँधु, शङ्कु–देव कु बाँधु, देवता कु बाँधु, मुंज्या कु बाँधु, माडया कु बाँधु, खुडया कु बाँधु, खुडवान कु बाँधु, ब्रह्म–राक्षस कु बाँधु, लाग्या भूत कु बाँधु, जीन्द–भूत कु बाँधु, जिन्दाड़–भूत कु बाँधु, समंधीत–बाधा कु बाँधु, पिशाच कु बाँधु, प्रेत कु बाँधु, चलती–खोपड़ी कु बाँधु, चुच साडे बारा–खण्डे विद्या कु बाँधु, अविद्या कु बाँधु, तेलङ्गी–विद्या कु बाँधु, बङ्गाली–विद्या कु बाँधु, कानड़ी–विद्या कु बाँधु, द्रविड़–देश कु बाँधु, बङ्गाल–गोडे कु बाँधु, कावेरी–देश कु बाँधु, उल्टी कु बाँधु, सिधी कु बाँधु बन्धय–बन्धय, नाशय–नाशय, मारय–मारय, शोषय–शोषय, ज्वालय–ज्वालय, हारय–हारय, देवता नाशय–नाशय, प्रहारय–प्रहारय, भस्मी कुरु–कुरु ॐ खें खां खं फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहारि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।।६।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय वनिज कु बाँधु, रावुल कु बाँधु, देवल कु बाँधु, राजा कु बाँधु, प्रजा कु बाँधु, पापी कु बाँधु, पाखण्डी कु बाँधु, अगवाड़ी कु बाँधु, पिछवाड़ी कु बाँधु, अड़ोसी कु बाँधु, पड़ोसी कु बाँधु, नायका कु बाँधु, धोबी का कुवा कु बाँधु, काटका कु बाँधु, किटीका कु बाँधु, झूला–झूल कु बाँधु, आठरा–वर्ण कु बाँधु, छत्तीस–जात कु बाँधु, शिर–शूल कु बाँधु, सखी कु बाँधु, साली कु बाँधु, परदेशी कु बाँधु, मुसाफिर कु बाँधु, वातीचे वस्त्र–परी कु बाँधु, आह्वान–चक्र कु बाँधु, सभा–चक्र कु बाँधु, चहुँ–देशीचा चपेड़ा कु बाँधु, टाना कु बाँधु, टोना कु बाँधु, चेटकी कु बाँधु, दृष्टि कु बाँधु, मुष्टि कु बाँधु, धरची कु बाँधु, दारची कु बाँधु, उड़ती कु बाँधु, खेलती कु बाँधु, करेका कु बाँधु, कुर्तकका कु बाँधु, साधन कु बाँधु, साधक की क्रिया–कराय उस जाणते कु बाँधु, कराया कु बाँधु, जाणते का मुख बाँधु, कामीहा कु बाँधु, मारते के हाथ कु बाँधु, चलते के पाव कु बाँधु बन्धय–बन्धय, छेदय–छेदय, ताडय–ताडय, मारय–मारय, शोषय–शोषय, ज्वालय–ज्वालय, हारय–हारय, नाशय–नाशय, मम सर्वत्र रक्षय–रक्षय, कोई दृष्टि करे, कोई मुष्टि करे, कोई जन्तर करे, कोई मन्तर करे उलट–बलाय उसी पर पड़े, द्वन्दी–दुश्मन की तीन–सौ साठ मुञ्जा आवे तो फेर देना, फेर न देवे तो आधी– बीच खण्ड करे, आधी–बीच खण्ड न कर डाल तो गगन पोहचावे, गगन से फिरावे, दुश्मन

पर दुश्मन के गुरु घट–पिण्ड में प्रकाश करे। इस स्थल का धड़–पिण्ड पर कड़कड़ा सरे, इस बालक के घट–पिण्ड में जागती–ज्योत। श्री शरभेश्वर थाड़े।

श्री शरभेश्वराय–नवनाथाय ईश्वरी वाचा, थोड़े कुवाचा, चले न चले तो धोबी के कुण्ड में पड़े। ॐ नमो, ॐ नमो, ॐ नमो फट् स्वाहा करावे, गुरु–नारायण की शक्ति, मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा। ॐ खें खां खं फट् प्राणग्रहासि–प्राणग्रहासि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।।७।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय करा विनाय, गुरु की सङ्गत, आदि–दिगम्बर की वाचा ॐ खें खां खं फट् प्राण–ग्रहासि प्राण–ग्रहासि हुं फट् सर्व–शत्रु संहारणाय शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा। ॐ खें खां खं हुं फट् प्राण–ग्रासय–ग्रासय शीघ्रं शत्रु संहारय–संहारय श्री शरभेश्वराय–नवनाथाय–पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।।८।।

ॐ नमो भगवते श्री शरभ–शालुवाय–पक्षिराजाय–नवनाथाय ॐ नमो भगवते इं रूं क्लीं वं गं न वं वां कूं वां दिनी स्वाहा।।६।।

ये इदं पठते नित्यं सकल–दोष निवारणं, श्रीमद् दत्रात्रेय सद्गुरु नाथामृत मच्छिन्द्रनाथादि नवनाथ मन्त्रेण सकल–ज्वरादि सकल भूत–प्रेत–पिशाच समंधिक बाधादि नवनाथ समर्थेन सकल–भस्म कुरु–कुरु स्वाहा।।१०।।

।। शत्रु-संहाराष्टक ।।

'शत्रु–संहाष्टक' एक सिद्ध–साधक की रचना है, जो अत्यन्त प्रभाव–शाली होने के साथ–साथ उग्र भी है। 'विध्याञ्चल' पर्वत पर अष्ट–भुजा देवी के पश्चिम में अवस्थित 'सीता–कुण्ड' पर एक सिद्ध शाक्त–साधक श्री गुरू दत्तानन्द महाराज जी रहा करते थे, वे मात्र गौ–दुग्ध ही पीया करते थे। इनके समय में 'सीता–कुण्ड' के पास एक बस्ती भी थी। उन बस्ती के लोग महाराज जी को नाना–प्रकार के विघ्नों से तङ्ग किया करते थे तथा अपने पशुओं को इनकी फुलवाडी में छोडकर, फुलवाडी को नष्ट कर दिया करते थे। महाराज जी ने इन लोगों को अनेक बार समझाया, किन्तु दुष्टवृत्ति के ये लोग नहीं माने। एक बार इन लोगों ने महाराज श्री को कुछ अधिक ही तङ्ग कर दिया, तब महाराज श्री ने अति दुःखी हो, रुदन मन से भगवान् श्री भैरव जी का यह 'शत्रु–संहाष्टक' का निर्माण कर, स्तुति की। फल–स्वरूप उस बस्ती में हैजे का प्रकोप हो गया, जिससे पूरी बस्ती नष्ट हो गयी। आज भी वह स्थान निर्जन है, जङ्गल ही जङ्गल है।

यह 'शत्रु–संहाराष्टक' सर्व–प्रथम 'चण्डी' –(वर्ष–५०, अङ्क १२) में प्रयागराज निवासी ब्रह्मलीन वैद्य पण्डित श्री कृष्णानन्द जी के द्वारा प्रस्तुत हुआ था। जो सुप्रसिद्ध सिद्ध–शाक्त साधक स्वामी श्री अक्षोभ्यानन्द जी के शिष्य थे। स्वामी श्री अक्षोभ्यानन्द जी श्री विध्याञ्चल के 'भैरव–कुण्ड' पर रहा करते थे, जो 'शत्रु–संहाष्टक' के रचियता के पौत्र भी थे। 'चण्डी' में यह 'शत्रु–संहाष्टक' मात्र मूलवत् ही था, अर्थात् इसकी कोई पूजा–विधि आदि नहीं थी। लगभग ८ वर्ष पूर्व, जब मैं प्रयागराज गया–तब मैंने पूज्य वैद्य जी से भेंट की, तथा वार्ता में 'शत्रु–संहाष्टक' के विषय में कुछ जानकारी चाही, तब इस विषय पर मात्र उन्होंने इतना ही कहा कि, जब व्यक्ति किसी शत्रु के द्वारा अत्यन्त दुःखी हो जाये, तब श्रद्धा–विश्वासपूर्वक इस 'शत्रु–संहाष्टक' का श्री भैरव जी के सम्मुख ११ या २१ बार नित्य पाठ करे, कोई भी समय हो। श्री भैरव जी की यथा–शक्ति पूजा भी करे। ऐसा क्रम ११ दिन का ही रखे। श्री भैरव जी कृपा से साधक की सर्वत्र रक्षा होगी तथा उसके शत्रु का संहार होगा। कार्य–पूर्ण होने पर श्री भैरव जी के प्रति सदा भक्ति बनाये रखें।

।। पाठ ।।

हन–हन दुष्टन को, प्राणनाथ हाथ गहि, पटकि मही–तल मिटाओ सब शोक को।
हमें जो सतावे जन, काम–मन–वाक्यन ते, बार–बार तिनको पठाओ यम–लोक को।
भवन मसान करौ संसत शृगाल रोवैं, रुधिर कपाल भरो उर शूल चोक को।
भैरो महाराज ! मम काज आज एही करौ, शरण तिहारो वेग माफ करो चूक को।।१

भल–भल करे ओ विपक्षी पक्ष, आपनो टरे न टारे, काहू के त्रिशूल दण्ड रावरो।
घेरि–घेरि छलिन छकाओ, छिति छल माहिं बचै नाहीं, नाती–पूत–सहित स पाँवरो।
हेरि–हेरि निन्दक सकल निरमूल करो, चूसि लेहु रुधिर–रस धारो शत्रु–सागरो।
झपटि–झपटि झूमि–झूमि काल–दण्ड मारो, जाहि यम–लोक वैरि–वृन्द को विदा करो।।२

झपटि के सारमेय पीठ पै सवार होहु, दपटि दबाओ तिरशूल, देर ना करो।
रपटि–रपटि रहपट एक मारो, नाथ! नाक से रुधिर गिरै, मुण्ड से व्यथा करो।
हरषि निरखि यह काम मेरो, जल्दी करो सुनि के कृपा–निधान भैरोजी! कृपा करो।
हरो धन–दार–परिवार, मारो पकरि के, बचै सो बनि जाइ नारी–नार जा मरो।।३

जाहि जर–मूर से रहे न वाके बंस कोई, रोइ–रोइ छाती पीटै, करै हाइ–हाइ के।
रोग अरु दोष कर, प्राणी विललाइ, वोकैं कोई न सहाइ लागै, मरै धाई–धाई के।
खलन खधारि, दण्ड देहु दीना–नाथ ! मैं तो परमै अनाथ, दया करो आइ–आइ के।
जनम–जनम गुन गाइ के बितैहों दिन, भैरो महाराज ! वैरी मारो, जाइ – जाइ के।।४
रात–दिन पीरा उठै, लोहू कटि–कटि गिरै, फारि के करेजा ताके बंस में समाइ जा।
रिरिकि–रिरिकि मरै, काहू को उपाय कछू लागै नाहीं एको जुक्ति, हाड़–माँस खाइ जा।
फिरत–फिरत फिरि आवै, चाहे चारो ओर यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र को प्रभाव विनसाइ जा।
भैरो महाराज ! मम काज आज एही करौ, शत्रुन के मारि दुख – दुसह बढ़ाइ जा।।५
झट – झट पेट चीर–चीर के बहाइ देह, भूत औ पिशाच पीवैं रुधिर अधाइ कैं।
रटि–रटि कहत–सुनत नाहीं, भूत–नाथ ! तुम बिनु कवन सहाय करै आइ कैं?
भभकि – भभकि रिपु–तन से रुधिर गिरे, चभकि – चभकि पिओ कुकुर लिआइ कैं।
हहरि – हहरि हिआ फाटै सब शत्रुन को, सुनहु सवाल हाल कासौं कहँ जाइ कैं।।६
जरै ज्वर–जाल–काल भृकुटि कराल करौ, शत्रुन की सेखि देखि जात नहीं नेक हूँ।
तेरो है विश्वास, त्रास एको नहिं काहू केर लागत हमारे, कृपा – दृष्टि कर देख हूँ।
भैरो ! उनमत्त ताहि कीजिए, उनमत्त आज गिरै जम–ज्वाल–नदी जल्दी से फेंक हूँ।
यम कर दूत जहाँ भूत–सम दण्ड मारै, फूटे शिर, टूटे हाड़, बचै नहिं एक हूँ।।७
हवकि–हवकि मास काटि दाँतन से, बोटि–बोटि वीरन के, नवो नाथ खाइ जा।
भूत–वैताल ववकारत, पुकार करैं, आज नर–रुधिर पर वहै आइ जा।
डाकिनी अनेक डडकारैं, सब शत्रुन के रुधिर कपाल भरि–भरि के पिआइ जा।
भैरो भूत– नाथ! मेरो काज आज एही करौ, दुर्जन के तन–धन अबहीं नसाइ जा।।८

।। फल–श्रुति ।।

शत्रुन संहार आज, अष्ट्क बनाए आज, षट–जुग ग्रह शशि सम्वत में सजि कैं।
फागुन अजोरे पाख, वाण तिथि, सोमवार, पढ़त जो प्रातः–काल उठि नींद तजि कैं।
शत्रुन संहार होत, आपन सब काज होत, सन्तन सुतार होत, नाती–पूत रजि कैं।
कहँ गुरु–दत्त तीनि मास, तीनि साल महँ, शत्रु जम–लोक जैहै बचिहै न भजि कैं।।६

।। कुलोनुकूल-मनोच्छित व शीघ्र-विवाहार्थ ।।

गन्धर्व-राज श्री विश्वावसु मन्त्र-साधन एवं प्रयोग

वर्तमान समय में प्रत्येक मनुष्य–प्राणी कहीं न कहीं, कोई न कोई, प्रारब्ध अथवा भावी, कारण अथवा अकारण, किसी न किसी समस्या–बाधा से त्रस्त–ग्रस्त है। व्यक्ति की वह समस्या अथवा बाधा आकस्मिक धन–लाभ या आजीविका की प्राप्ति हो। व्यापार–वृद्धि या उच्च–शिक्षा व इच्छित प्रशासनिक सेवा एवं उसमें प्रगति (PROMOTION) हो या फिर भौतिक सुख–सम्पदा का सङ्ग्रह एवं स्वयं का गृह–भवन अथवा शारीरिक–स्वास्थ्य, असाध्य–रोग, शत्रु–बाधा, सामाजिक मान–प्रतिष्ठा....... आदि .... आदि से सम्बन्धित कोई भी, कैसी भी समस्या या बाधा हो सकती है। इन समस्याओं के दूरस्थिकरण हेतु व्यक्ति नित–प्रतिदिन अपनी शक्ति–सामर्थ्य के अनुसार सङ्घर्ष व उपाय करता रहता है, जिनमें वह अपने कर्म व भाग्य के बल से समस्या का निवारण करने में सफल भी होता है, किन्तु कुछ समस्याएँ ऐसी भी हैं, जिनके निवारण में व्यक्ति पूर्णतः असहाय व निराश होकर स्वयं को दुर्भाग्य–शाली समझने लगता है। ऐसी ही समस्याओं में से अब की सर्वाधिक प्रसिद्ध एक समस्या या बाधा है ——— **किन्हीं व्यक्तियों का समय पर विवाह न होना या विवाह ही न होना।**

कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं, 'जो उच्च–शिक्षा, श्रेष्ठ धन–सङ्ग्रह व उत्तम स्वास्थ्य एवं अन्य और भी गुणों से युक्त होते हुए भी' उनका समय पर विवाह नहीं हो पाता, जबकि उनकी आयु विवाह–समय की सीमा का उल्लङ्घन भी कर बैठती है। विवाह हेतु पारीवारिक–सम्बन्ध बनाने के लिए अनेकानेक यत्न–प्रयत्न भी किए जाते हैं, अनेक मध्यस्थाएँ सम्पन्न की जाती हैं। कुण्डली–मिलान पर उत्तम ग्रह–स्थिति व श्रेष्ठ गुणों की प्राप्ति आदि सभी दृष्टियों से सहमति व विवाह–मुहूर्त की निश्चित योजना के चलते, किसी अन्य के कारण–वश या किन्हीं कारण अथवा बिना किसी भी कारण के सभी प्रयास यत्न–प्रयत्न विफल हो उठते हैं। और ऐसा एक बार नहीं! अनेकों बार होता है, होता रहता है।

कुछ व्यक्तियों का वर्ग ऐसा भी है, जो अपने विवाह से प्रसन्न नहीं रह पाते। क्योंकि उनको अपने या अपने परिवार के अनुकूल पत्नी की प्राप्ति नहीं हो पाती, जिसके फल–स्वरूप पति और पत्नी—— इन दोनों के मध्य दाम्पत्य–जीवन कलह–पूर्ण बना रहता है, दोनों ही परस्पर एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप मण्डित करने में लगे रहते हैं, इसमें दो परिवारों की मान–मर्यादा का समाज–समक्ष घोर–ह्रास भी हो उठता है। ऐसे में दोनों के सम्बन्ध विच्छेद भी हो जाते हैं।

अविवाहित व्यक्ति के विवाह होने में क्या बाधा है? क्यों विलम्ब हो रहा है? कारण क्या है? इन प्रश्नों के उत्तर–प्राप्ति हेतु जन्म–पत्रिका दिखाई जाती है, जिसमें उत्तर–रूप में प्राप्त ग्रह–दोष से उत्पन्न बाधा–योग के निवाणार्थ उपाय किये जाते

हैं। किन्तु दुर्भाग्य–वश किए गए उपाय–प्रयोग भी व्यर्थ। समय पर विवाह न होना या मनोच्छित पत्नी की प्राप्ति न होना ---- इस समस्या से ग्रसित व्यक्ति अपने मित्रजनों के मध्य हीन–भावना उत्पन्न कर बैठता है तथा स्वयं को कुण्ठा–ग्रसित भी करने लगता है।

प्रायः सभी युवक, जिनकी आयु विवाह करने के लिए ठीक होती है और उनके विवाह हेतु परिवार में जब विषय–चर्चा आरम्भ होती है, तो उस–समय या उससे पूर्व ही, वे युवक यही इच्छा रखते हैं कि मुझे अति–सुन्दर पत्नी की प्राप्ति हो, जो अन्य और गुणों से भी सम्पन्न हो। किन्तु यह इच्छा सभी युवकों की पूरी हो, ऐसा सम्भव नहीं। और इसी इच्छा–पूर्ति की आशा में किन्हीं युवकों के विवाह में विलम्ब होता जाता है। या फिर ऐसे ही किसी युवक का जब किसी युवती के प्रति आकर्षण–भाव उत्पन्न हो तथा उस युवक की युवती से विवाह करने की प्रबल इच्छा हो, किन्तु विवाह से युवती असहमत हो अथवा उस युवक को वह युवती मन से स्वीकार करने की इच्छा ही न रखती हो, भले ही वह युवक कितना सुन्दर–सुशील–शिक्षित व धन–सम्पन्न ही क्यों न हो! तब भी, ऐसे में भी हताश–निराश युवक की यही इच्छा बनी रहती है कि 'मेरा विवाह उसी अमुक युवती से ही होना चाहिए' जिसके प्रति मेरा मन आकर्षट् है आदि...... आदि........।

ऐसी और इस विशेष समस्या के निवारण हेतु, इस बार यहाँ 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग' में ऐसे साधन–प्रयोग प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिनके साधन–उपाय–प्रयोग से समय पर विवाह होता है। अपने और अपने कुल के अनुकूल कन्या–(वधू) की प्राप्ति होती है अर्थात् जो सुन्दर हो, सुशील हो, जो गृह–कार्य में दक्ष हो व धर्माचरण में प्रवीण हो। अविवाहित–व्यक्ति जिस–रूप में इच्छित कन्या की प्राप्ति चाहता है, उसको वैसी ही कन्या वधू–रूप में प्राप्त होती है। विवाहार्थ 'तन्त्र–शास्त्र' सम्मत जितने भी उपाय–साधन व प्रयोग हैं, उन सभी में सर्व–श्रेष्ठ, अचूक, अकाट्य, अव्यर्थ व त्वरित फल–प्रद साधन–उपाय व प्रयोग हैं ---- **गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु की मन्त्र–साधना।** इनकी साधना से मनोच्छित पत्नी की प्राप्ति ही नहीं होती, अपितु मन्त्र–साधना के फल–स्वरूप विवाह उपरान्त पति और पत्नी दोनों का ही दाम्पत्य–जीवन–सम्बन्ध अति–मधुर व आनन्द–मय हो उठता है।

श्री विश्वावसु गन्धर्व–राज की साधना विशेषतः विवाह व प्रबल–वशीकरण हेतु होती है। इनकी साधना से जहाँ मनोच्छित व कुल के अनुकूल पत्नी की प्राप्ति होती है, वहीं इनकी साधना के प्रभाव से प्रेम में आहात, असफल, निराश व्यक्ति भी बड़े ही अकल्पनीय–ढङ्ग से अपनी प्रेयसी को पत्नी–रूप में प्राप्त कर लेता है। यही नहीं......! 'विवाह के उपरान्त' पत्नी–प्रताडित पति अर्थात् जिस–पुरुष की स्त्री एकदम कठोर, निष्ठुर, दम्भी, हठी, कलह–प्रिया व दुष्भाषी हो---- गन्धर्व–राज की साधना–प्रयोग के प्रभाव से ऐसी अवगुणों–लक्षणों से सम्पन्न नारी को भी 'वह पुरुष' अति–आश्चर्यजनक रूप से वशीभूत कर मनोनुकूल कर लेता है।

महा–भारत एवं प्रायः सभी पुराणों में गन्धर्वों का उल्लेख–वर्णन हुआ है। यक्ष, नाग, किन्नर, विद्याधर की भाँति अति–रूपवान् गन्धर्व भी उप–देवता की श्रेणी में आते हैं। ये सङ्गीत में पूर्ण–पारङ्गत व उसमें सर्वाङ्ग–रूप से अधिकार रखते हैं, तथा सङ्गीत –माध्यम से स्वर्ग में देवताओं का मनोरञ्जन करना इनका कार्य है। जिस–प्रकार साधक यक्ष, नाग, किन्नर, वेताल अथवा विद्याधर की साधना कर सर्व–सम्पन्न स्थिति को प्राप्त कर लेता है, उसी–प्रकार गन्धर्व की साधना से भौतिक सुख–समृद्धि इत्यादि अभीष्ट कामनाओं की पूर्ति होती है, जिसमें साधक को जगत–सम्मोहन व वशीकरण–आकर्षण का विशेष–बल भी प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार सम्पूर्ण गन्धर्व–समूह में चित्रचेन, अभ्राच, अन्धारि, रम्भारि, सूर्यवर्चा, कृधु, हस्त, सुहस्त, मूर्धवान्, महामना, विश्वावसु व कृशानु नामक प्रमुख गन्धर्व हैं, इनमें विश्वावसु (और चित्रसेन) की महत्ता सर्वाधिक है। ध्यान के अनुरूप कल्पतरू के नीचे मणि–मण्डप में सुन्दर सिंहासन पर विराजमान तथा अति–सुन्दर युवतियों से घिरे हुए इन गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु का यद्यपि पुराणादि में संक्षिप्त–रूप से ही परिचय मिलता है–(मार्कण्डेय–पुराण, अध्याय–६६ में इनका उल्लेख आया है, ये महासती मदालसा के पिता थे), तथापि 'तन्त्र' के साधना–पद्धति विषयक कई लघु व वृहद् ग्रन्थों में स्थान–स्थान पर इन्हीं की साधना पर प्रकाश डाला गया है–(अर्थात् अन्य गन्धर्वों की साधना की अपेक्षा)। 'तन्त्र–शास्त्रों' में प्रतिष्ठित व प्रमाणिक 'रुद्र–यामल महा–तन्त्र' में गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु का पञ्चाङ्ग – (पटल, पद्धति, कवच, सहस्रनाम व स्तव) भी सम्मलित है।

प्रस्तुत श्री विश्वावसु के कई मन्त्र–विधान 'विभिन्न दुर्लभ मन्त्र–प्रयोगों से पूर्ण एक प्राचीन हस्त–लिखित ग्रन्थ से प्रेषित है। यहाँ यह भी स्पष्ट कर दे कि इनकी विशिष्ट–रीति से साधना 'शाक्त–सम्प्रदाय' में 'कौलाचार' विधि के अन्तर्गत भी है। 'कौलाचार–विधि' के सभी जन पात्र न होने के कारण, उस विधि को यहाँ प्रकट करना उचित भी नहीं। ध्यान यह भी रहे कि इन मन्त्र–विधानों के प्रयोगों का लाभ विवाह

साधना में शीघ्र–अनुभव व सफलता

में आई बाधा दूर करने, मनोनुकूल पत्नी की प्राप्ति अथवा गृहस्थ–जीवन में आनन्द–मय स्थिति को प्राप्त करने के लिए ही है, न कि अपने क्षुद्र स्वार्थ–वश, किसी स्त्री पर अपनी वासना–पूर्ति हेतु।

कुछ निर्देश व प्रयोग

- प्रस्तुत मन्त्र–साधन–विधानों को आरम्भ व प्रयोग अपने श्री गुरूदेव (या किसी विद्वान ब्राह्मण) की आज्ञा–निर्देश व दीक्षा लेकर ही करें।
- यह साधना–विधान शुक्ल–पक्ष की पूर्णिमा की रात्रि से आरम्भ करें।
- साधना–स्थल इक्षु–(गन्ने) अथवा कदली–(केले) का खेत या नदी तट हो तो उत्तम अथवा एकान्त स्थान हो। साधना–स्थल सुगन्धमय रहे—— इस बात का विशेष ध्यान रखें।
- साधना–काल में स्वच्छ–पवित्रावस्था व अन्य आवश्यक नियमों का पालन रहे।
- साधना काल में श्वेत–वस्त्र धारण करें। आसन भी श्वेत–कम्बल का हो। माला–शुद्ध स्फटिक की होनी चाहिए।
- जप पूर्व अथवा उत्तर–दिशा की ओर मुख करके करें।
- जप से पूर्व गुरु–गणपति व कुल–देवता आदि के पूजन–नियम को भी ध्यान में रखें।
- साधना गोपनीय ही रखें। किसी से विषय–चर्चा कदापि भी न करें।
- अकारण अथवा किसी की देहाकर्षण से आसक्त हो या फिर अपने मनोरञ्जन हेतु इस साधना को आरम्भ व प्रयोग कदापि भी न करें।
- नित्य–जप पूर्ण होने के पश्चात् पुनः गन्धर्व–राज का ध्यानादि पूजन कर जप का समापन करें।
- श्री विश्वावसु के सभी मन्त्र–विधानों की निश्चित जप संख्या सवा–लक्ष है। सवा–लक्ष मन्त्र–जप पूर्ण होने पर बिल्व व आम्र की समिधाओं में त्रिमधु–(घृत, मधु व शर्करा) अथवा गुग्गल, घृत या फिर पायसान्न से जप–संख्या का दशांश हवन करें। दशांश–हवन–आहुति का दशांश–तर्पण, दशांश–तर्पण संख्या का दशांश–मार्जन व मार्जन की संख्या के दशांश–ब्राह्मण–भोजन कर्म करें। जप–दिवस की अवधि २५ दिन है।
- जप तक साधक जप–कर्म करें, उसके नित्य प्रातः स्नान करने के पश्चात् श्री विश्वावसु का ध्यान कर मूल–मन्त्र का जप करते हुए १०८ बार गन्धर्व–राज को जलाञ्जलि प्रदान करें। १०८ में अशक्त होने पर ७ बार जलाञ्जलि तो अवश्य दें। इससे मन्त्र–साधना में शीघ्र–अनुभव व सफलता प्राप्त होगी।
- मन्त्र में अमुकी अथवा देवदत्ता के स्थान पर अभीष्ट कन्या का नाम संयुक्त करें। यदि अमुकी या देवदत्ता पद मन्त्र से पृथक कर जप किया जाये, तो स्त्री–वर्ग पर साधक के आकर्षण का प्रभाव होगा।
- जिसके गृहस्थ–जीवन में स्त्री के प्रति दुविधा हो, कलह–पूर्ण वातावरण हो अथवा स्त्री आज्ञाकारिणी न हो, यदि वह व्यक्ति अपनी स्त्री का ध्यान करके विधान–पूर्वक जप करे तो उसका गृहस्थ–जीवन अति–आनन्द के साथ व्यतीत होगा तथा पत्नी का गृहस्थ आनन्द–सुख प्राप्ति के प्रति भरपूर सहयोग प्रदान होगा —— ऐसा प्रभाव विश्वावसु के मन्त्र–विधान का है।
- शाल–वृक्ष की ११ अङ्गुल प्रमाण की कील को १०८ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, अभीष्ट कन्या के गृह–निवास में रखने अथवा युक्ति से, सहजता–पूर्वक उसको अभिमन्त्रित रक्त या श्वेत–पुष्प देने से अभीष्ट कन्या पर त्वरित आकर्षण–वशीकरण प्रयोग सफल होता है।
- अविवाहित व्यक्ति जब इस मन्त्र अनुष्ठान को करता है, तो फल–स्वरूप उसके विवाहार्थ मनोनुकूल कन्या के यहाँ से प्रस्ताव आने लगते हैं। अर्थात् श्री विश्वावसु के मन्त्रानुष्ठान के प्रभाव से शीघ्र ही उसका मनोवाञ्छित कन्या से विवाह हो जाता है।
- मनोच्छिक कन्या से विवाह के लिए श्री विश्वावसु गन्धर्व–राज का यह मन्त्र–अनुष्ठान अविवाहितजनों के लिए एक मात्र साधन है।

आगे गन्धर्व–राज के मन्त्र–साधन–विधान–प्रस्तुत हैं ——

।। मन्त्र-साधना ।।

विनियोग

ॐ अस्य गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु मन्त्रस्य श्री कामदेव–ऋषिः, विराट् छन्दः, श्री विश्वावसु गन्धर्व–राज देवता, क्लीं बीजं, स्वाहा शक्तिः, श्री विश्वावसु नाम गन्धर्वः कीलकं, श्री विश्वावसु गन्धर्व–राज प्रीति–पूर्वक ममाभिलषितां अमुकीं कन्यां प्राप्त्यर्थे–जपे विनियोगः।

ऋष्यादि–न्यास

ॐ श्री कामदेव–ऋषये नमः —— शिरसि। विराट् छन्दसे नमः —— मुखे। श्री विश्वावसु गन्धर्व–राज देवतायै नमः —— हृदये। क्लीं बीजाय नमः —— गुह्ये।

स्वाहा शक्तये नमः — पादयोः। श्री विश्वावसु नाम गन्धर्वः कीलकाय नमः — नाभौ। श्री विश्वावसु गन्धर्व–राज प्रीति–पूर्वक ममाभिलाषितां अमुकीं कन्यां प्राप्त्यर्थे जपे विनियोगाय नमः — सर्वाङ्गे।

कर–न्यास

ॐ क्लां — अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं — तर्जनीभ्यां नमः। ॐ क्लूं — मध्यमाभ्यां नमः। ॐ क्लैं — अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लौं — कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ क्लः — करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि–न्यास

ॐ क्लां — हृदयाय नमः। ॐ क्लीं — शिरसे स्वाहा। ॐ क्लूं — शिखायै वषट्। ॐ क्लैं — कवचाय हुं। ॐ क्लौं — नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ क्लः — अस्त्राय फट्।

पुनः कर–न्यास

ॐ क्लीं विश्वावसु नाम गन्धर्वः – अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं कन्या नामधिपतिः — तर्जनीभ्यां नमः। ॐ क्लीं लभामि देवदत्तां — मध्यमाभ्यां नमः। ॐ क्लीं कन्यां सुरुपां — अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं सालङ्कारां — कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं तस्मै विश्वावसवे स्वाहा — करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि–न्यास

ॐ क्लीं विश्वावसु नाम गन्धर्वः — हृदयाय नमः। ॐ क्लीं कन्यानामी धपतिः — शिरसे स्वाहा। ॐ क्लीं लभामि देवदत्तां — शिखायै वषट्। ॐ क्लीं कन्यां सुरुपां — कवचाय हुं। ॐ क्लीं सालङ्कारां — नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ क्लीं तस्मै विश्वावसवे स्वाहा — अस्त्राय फट्।

दिग्बन्धन

'ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ' — मन्त्र का उच्चारण कर अपने चारों ओर तीन चुटकी बजाएँ तथा 'ॐ रां रं रं तेजोज्ज्वल प्रकाशाय नमः' — मन्त्र का उच्चारण कर यह भावना करें कि मेरे चारों ओर अग्नि के तीन वलय – (घेरे) हैं।

दिग्बन्धन के पश्चात् अपने शरीर में 'पीठ–न्यास' करें —

पीठ–न्यास

मं मण्डुकाय नमः — मूलाधारे। कां कालाग्नि–रुद्राय नमः — स्वाधिष्ठाने। कं कच्छपाय नमः — हृदये। आं आधार–शक्तये नमः। कं कूर्माय नमः। धं धरायै नमः। क्षीं क्षीर–सागराय नमः। श्वें श्वेत–दीपाय नमः। कं कल्प–वृक्षाय नमः। मं मणि–प्रकाराय नमः। हें हेम–पीठाय नमः। धं धर्माय नमः — दक्ष–स्कन्धे। ज्ञां ज्ञानाय नमः — वाम–स्कन्धे। वैं वैराग्य नमः — दक्ष–जानुनि। ऐं ऐश्वर्याय नमः — वाम–जानुनि। अं अधर्माय नमः — मुखे। अं अज्ञानाय नमः — वाम–पार्श्वे। अं अवैराग्याय नमः — नाभौ। अं अनैश्वर्याय नमः — दक्ष–पार्श्वे।

● ध्यान रहे कि 'कं कच्छपाय नमः' से लेकर 'हें हेम–पीठाय नमः' तक न्यास हृदय में होगा। शेष, जहाँ–जहाँ अङ्गों का सङ्केत दिया गया है, वहाँ–वहाँ उस अङ्ग में न्यास करना होगा। आगे सभी मन्त्रों से न्यास हृदय में ही होगा।

अं अनन्ताय नमः। चं चतुर्विंशति–तत्वेभ्यो नमः। पं पद्माय नमः। आं आनन्द–कन्दाय नमः। सं सम्विन्नालाय नमः। विं विकारमय–केसरेभ्यो नमः। प्रं प्रकृत्यात्मक–पत्रेभ्यो नमः। पञ्चाशद् वर्णाढ्य–कर्णिकायै नमः। सं सूर्य–मण्डलाय नमः। चं चन्द्र–मण्डलाय नमः। वैं वैश्वनार–मण्डलाय नमः। सं सत्वाय नमः। रं रजसे नमः। तं तमसे नमः। आं आत्मने नमः। अं अन्तरात्मने नमः। पं परमात्मने नमः। ज्ञां ज्ञानात्मने नमः। मां माया–तत्वात्मने नमः। कं कला–तत्वात्मने नमः। विं विद्या–तत्वात्मने नमः। पं पर–तत्वात्मने नमः।

हृदय में न्यास सम्पन्न कर चुकने के पश्चात्, हृदय में ही 'अष्ट दल कमल' की भावना करते हुए, उन दलों के मध्य, निम्न–मन्त्रों से क्रम–पूर्वक–(ऊपर दाएँ से आरम्भ कर अर्थात् प्रदक्षिणा की भाँति) पीठ–शक्तियों का न्यास करें—

कां कान्त्यै नमः। प्रं प्रभायै नमः। रं रमायै नमः। विं विद्यायै नमः। मं मदनायै नमः। मं मदनातुरायै नमः। रं रम्भायै नमः। मं मनोज्ञायै नमः।

तथा 'कर्णिका में' — ह्रीं सर्व–शक्ति कमलासनाय नमः।

न्यासादि कर चुकने के पश्चात् गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु का ध्यान व मानस–पूजन उसी हृदयस्थ पीठ में करें, जहाँ उपरोक्त 'पीठ–न्यास' पूर्ण किया है।

ध्यान

हस्ताब्धं विनिधाय पाणि कमले स्वीये तदीयं वरम्।
कन्यां प्रार्थयते वराय ददतं सद्वस्त्रभूषोज्जवलम्।।
कन्याभिः परितो वृत्तं नतमुखाम्भोजाभिरानन्दितम्।
नाना कल्प–कला कलाप कलितं विश्वावसुं चिन्तयेत्।।

मानस–पूजन

अधो–मुख कनिष्ठिकाङ्गुष्ठ से 'गन्ध–मुद्रा' दिखाते हुए —

ॐ लं पृथ्वी–तत्वात्मकं गन्धं गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु प्रीतये परि–कल्पयामि नमः।

अधो–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए—

ॐ हं आकाश–तत्वात्मक पुष्पं गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु प्रीतये समर्पयामि नमः।

ऊर्ध्व–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'धूप–मुद्रा'** दिखाते हुए —

ॐ यं वायु–तत्वात्मकं धूपं गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु प्रीतये घ्रापयामि नमः

ऊर्ध्व–मुख मध्यमाङ्गुष्ठ से **'दीप–मुद्रा'** दिखाते हुए —

ॐ रं अग्नि – तत्वात्मकं दीपं गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु प्रीतये दर्शयामि नमः

ऊर्ध्व–मुख अनामिकाङ्गुष्ठ से **'नैवेद्य–मुद्रा'** दिखाते हुए —

ॐ वं जल–तत्वात्मकं नैवेद्यं गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु प्रीतये निवेदयामि नमः।

ऊर्ध्व–मुख सर्वाङ्गुलियों से **'ताम्बूल–मुद्रा'** दिखाते हुए —

ॐ सं सर्व–तत्वात्मकं ताम्बूलं गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु प्रीतये कल्पयामि नमः।

ध्यान व 'मानस–पूजन' के पश्चात् पद्म, ताम्बूल और योनि–मुद्रा को प्रदर्शित करें, यथा —

पद्म–मुद्रा

दोनों हाथों को परस्पर मिलाएँ तथा सभी अङ्गुलियों को पुष्प की कली के समान ऊर्ध्व की ओर खड़ी करें और दोनों अङ्गूठों को अङ्गुलियों के तल से स्पर्श कराएँ तो **'पद्म–मुद्रा'** निर्मित होती है।

ताम्बूल–मुद्रा

अङ्गूठे और अनामिका के अग्र–भाग मिलाने से 'तत्व–मुद्रा' बनती है, इसी 'तत्व–मुद्रा' से 'ताम्बूल' देने के प्रक्रिया की भाँति **'ताम्बूल–मुद्रा'** निर्मित होती है।

योनि–मुद्रा

दोनों हाथों की दोनों कनिष्ठाङ्गुलियों को एक–दूसरे से सम्बद्ध करें, दाएँ हाथ की तर्जनी–अङ्गुली से बाएँ हाथ की अनामिकाङ्गुली को और बाएँ हाथ की तर्जनी–अङ्गुली से दाएँ हाथ की अनामिकाङ्गुली को आबद्ध करें। फिर दोनों अनामिकाङ्गुलियों के अग्र–भाग में दोनों मध्यमाङ्गुलियों को जोड़कर फैलाएँ। साथ ही उन्हीं दोनों मध्यमाङ्गुलियों के मूल में दोनों अंगूठे भी लगा दें। यही **'योनि–मुद्रा'** होगी।

मुद्राओं के प्रदर्शन के पश्चात् श्री विश्वावसु के गायत्री–मन्त्र का १० बार और मूल–मन्त्र का निर्धारित संख्या में जप करें —

गायत्री–मन्त्र

ॐ क्लीं गन्धर्व–राजाय विद्महे कन्याभिः परिवारिताय धीमहि तन्नो विश्वावसु प्रचोदयात् क्लीं।

मूल–मन्त्र

ॐ क्लीं विश्वावसु नाम गन्धर्वः कन्या नामधिपतिः लभामि देवदत्तां कन्यां सुरूपां सालङ्कारां तस्मै विश्वावसवे स्वाहा।

मूल–मन्त्र के निर्धारित जप के पश्चात् श्री विश्वावसु के 'माला–मन्त्र' का १२ बार जप करें —

माला–मन्त्र

ॐ क्लीं विश्वासु गन्धर्व–राजाय नमः ॐ ऐं क्लीं सौः हंसः सोहं ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं सौः ब्लूं ग्लौं क्लीं विश्वावसु गन्धर्व–राजाय कन्याभिः परिवारिताय कन्या–दान रतोद्यमाय धृत–मालाय भक्तानां भग–भाग्यादि वर–प्रदानाय सालङ्कारां सुरूपां दिव्य–कन्या–रत्नं मे देहि–देहि, मद् विवाहाभीष्टं कुरु–कुरु, सर्व–स्त्री वशमानय, मे लिङ्गोत्कृष्टबलं प्रदापय, मत्स्तोकं विवर्धय–विवर्धय, भग–लिङ्गानन्दं कुरू–कुरू, भग–लिङ्ग–रोगान् अपहर, मे भग–भाग्यादि महदैश्वर्यं देहि–देहि, प्रसन्नो मे वरदो भव, ऐं क्लीं सौः हंसः सोहं ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं सौः ब्लूं ग्लौं क्लीं नमः स्वाहा।।

जप–समर्पण

जप के पश्चात् पुनः ध्यान–पूजन करें तथा निम्न–मन्त्र द्वारा जप–फल को गन्धर्व–राज को अर्पण कर दें–

ॐ गुह्यातिगुह्य गोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादान्गन्धर्वेश्वर।।

पश्चात् क्षमा–प्रार्थना भी करें–

क्षमा–प्रार्थना–

आवाहनं न जानामि, न जानामि विसर्जनम्।
पूजा–कर्म न जानामि, क्षमस्व गन्धर्वेश्वरः।।
मन्त्र–हीनं क्रियां–हीनं, भक्ति–हीनं विश्वावसो।
मयायत् पूजित देव। परिपूर्णं तदास्तु मे।।

स्पष्टीकरण

श्री विश्वावसु के प्रस्तुत मन्त्र–विधान मेरे व्यक्ति–गत पुस्तकालय के प्राचीन हस्त–लिखित ग्रन्थ से प्रेषित हैं तथा गुरु परम्परागत भी। कई ग्रन्थकारों ने इस मन्त्र–विधान को अपने–अपने सङ्कालात्मक ....विधान के ग्रन्थों में भी दिए हैं। प्रस्तुत विधान में जो प्रथम विधान है। वह विधान विस्तारात्मक है। प्रथम विधान की भाँति शेष विधान को भी विस्तारमय किया जा सकता है, इसके लिए अपने भी गुरुदेव

का मार्गदर्शन अपेक्षित रहेगा।

'शाक्त–धर्म' की प्रख्यात पत्रिका 'चण्डी' वर्ष–५१ अङ्क ७ व ११ में भी इस विषय-पर मन्त्र विधान व कवच प्रकाशित हुआ है। यहाँ यह स्पष्ट कर देना उचित रहेगा कि 'चण्डी' के उक्त अंङ्क में कवच के साथ, जो मन्त्र प्रस्तुत किया है, वही मन्त्र यहाँ प्रस्तुत है, भेद इतना है कि उसमें इस मन्त्र को 'माला–मन्त्र' व्यक्त नहीं किया गया था, उसमें इसके विनियोग–न्यास का भी वर्णन है। मेरे पास विधान में इसको 'माला–मन्त्र' ही कहा गया है, जैसा कि प्रस्तुत है।

गन्धर्व–राज श्री विश्वावसु के तीन अन्य और विधान प्रस्तुत हैं। साधक–जन प्रथम विधान की भाँति, इन विधानों को भी विस्तारमय कर साधनोपयोगी कर सकते हैं।

(१)

विनियोग

ॐ अस्य श्री गन्धर्व–राज विश्वावसु मन्त्रस्य गौतम–ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, गन्धर्व–राजो श्री विश्वावसु देवता, ह्रीं बीजं, क्लीं शक्तिः अमुक नामस्य अभिलाषित कन्यां प्राप्त्यर्थे लक्ष–संख्याकं पुरुश्चरणां कृत्वेन चतुसहस्र–संख्याक जपे विनियोगः।

ऋष्यादि–न्यास

ॐ गौतम–ऋषये नमः — शिरसि। अनुष्टुप् छन्दसे नमः — मुखे। गन्धर्व–राजो श्री विश्वावसु देवतायै नमः — हृदये। ह्रीं बीजाय नमः — गुह्ये। क्लीं शक्तये नमः — पादयोः। अमुक नामस्य अभिलाषित कन्यां प्राप्त्यर्थे जपे विनियोगाय नमः — सर्वाङ्गे।

कर–न्यास

ॐ ह्रीं क्लीं गन्धर्व–राज — अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ विश्वावसो — तर्जनीभ्यां नमः। ॐ ममाभिलाषितां — मध्यमाभ्यां नमः। ॐ कन्यां — अनामिकाभ्यां नमः। ॐ प्रयच्छ — कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ स्वाहा — करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि – न्यास

ॐ ह्रीं क्लीं गन्धर्व–राज — हृदयाय नमः। ॐ विश्वावसो — शिरसे स्वाहा। ॐ ममाभिलषितां — शिखायै वषट्। ॐ कन्यां — कवचाय हुं। ॐ प्रयच्छ — नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ स्वाहा — अस्त्राय फट्।

ध्यान

गन्धर्व–राज निज दक्ष पाणीं, कन्यां दधानां कमलायताक्षम्।
करेण सव्येन् धृताब्जयुग्मं, दिव्याङ्गरागाभरणं नमामि।।

मानस–पूजन

पूर्वोक्त विधान में द्रष्टव्य।

मूल–मन्त्र

ॐ ह्रीं क्लीं गन्धर्व–राज विश्वावसो ममाभिलाषितां कन्यां प्रयच्छ स्वाहा।

जप–समर्पण

पूर्वोक्त विधान में दृष्टव्य।

क्षमा–प्रार्थना

पूर्वोक्त विधान में दृष्टव्य।

● मन्त्र सहस्र चतुष्टयं नित्यं जपेत्। एनं मन्त्रं जपधा पश्चाध्यानं कृत्वा समर्पयेत्। पञ्च–विंशति दिने जपेत् तदनंतर होमं दशांश, तद्दशांश तर्पणं, तद्दशांश मार्जनं, तद्दशांश ब्राह्मण भोजनम्।

(२)

विनियोग

ॐ अस्य श्री गन्धर्व–राज मन्त्रस्य, कौशिक ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्री विश्वावसु नाम गन्धर्व–राजो देवता, ॐ बीजं, स्वाहा शक्तिः मम इष्ट कन्या प्राप्त्यर्थे श्री विश्वावसु मन्त्र जपे विनियोगः।

ऋष्यादि–न्यास

ॐ कौशिक–ऋषये नमः शिरसि। अनुष्टुप् छन्दसे नमः — मुखे। श्री विश्वावसु नाम गन्धर्व–राजो देवतायै नमः — हृदये। ॐ बीजाय नमः — गुह्ये। स्वाहा शक्तये नमः — पादयोः। मम इष्ट कन्या प्राप्त्यर्थे श्री विश्वावसु मन्त्र जपे विनियोगाय नमः — सर्वाङ्गे।

कर–न्यास

ॐ नमो भगवते — अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ गन्धर्व–राज— तर्जनीभ्यां नमः। ॐ विश्वावसु — मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ममाभिलाषितां — अनामिकाभ्यां नमः। ॐ अमुक नाम्नीं कन्यां–कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ प्रयच्छ स्वाहा — करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि–न्यास

ॐ नमोभगवते—हृदयाय नमः। ॐ गन्धर्व–राज—शिरसे स्वाहा। ॐ विश्वावसु—शिखायै वषट्। ॐ ममाभिलाषितां—कवचाय हुं। ॐ अमुक नाम्नी कन्यां—नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ प्रयच्छ स्वाहा—अस्त्राय फट्।

ध्यान

यद्वादिक्षुरसौदधौरथवरे दुग्धेक्षुभिः कल्पिते।
कल्हारस्त्रज निर्मिताक्ष युगले कन्या–गणैः सेविते।।
गन्धर्वाधिपते प्रसन्न–वदन विश्वावसु यः पुमान्।
मन्त्रं तस्य जपे लभेद् नियतो कन्यामसौकांक्षिताम्।।

मानस–पूजन

पूर्वोक्त विधान में दृष्टव्य।

मूल–मन्त्र

ॐ नमो भगवते गन्धर्व–राज विश्वावसो ममाभिलषितां अमुक नाम्नी कन्यां प्रयच्छ स्वाहा।

जप–समर्पण

पूर्वोक्त विधान में दृष्टव्य।

क्षमा–प्रार्थना

पूर्वोक्त विधान में दृष्टव्य

जपन्ति पुनर्न्यासं कुर्यात् पश्चाद्विसर्जनम्।
कृतेनानेन ॐ विश्वावसु गन्धर्व–राज प्रीयताम्।।

(३)

विनियोग

ॐ अस्य श्री गन्धर्व–राज मन्त्रस्य यक्षसेनाधिपति ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, श्री विश्वावसु देवता ममेष्ट कन्या प्राप्त्यर्थे श्री विश्वावसु मन्त्र जपे विनियोगः।

ऋष्यादि–न्यास

ॐ यक्षसेनाधिपति ऋषये नमः —– शिरसि। त्रिष्टुप् छन्दसे नमः —– मुखे। श्री विश्वावसु देवतायै नमः —– हृदये। ममेष्ट कन्या प्राप्त्यर्थे श्री विश्वावसु मन्त्र – जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

कर–न्यास

ॐ क्लीं नमो —– अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ विश्वावसु —– तर्जनीभ्यां नमः। ॐ गन्धर्व–राज —– मध्यमाभ्यां नमः। ॐ यक्षसेनाधिपतये —– अनामिकाभ्यां नमः। ॐ इष्ट कन्यां मे देहि–देहि —– कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ दापय–दापय स्वाहा —– करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि–न्यास

ॐ क्लीं नमो —– हृदयाय नमः। ॐ विश्वावसु —– शिरसे स्वाहा। ॐ गन्धर्व–राज —– शिखायै वषट्। ॐ यक्षसेनाधिपतये —– कवचाय हुं। ॐ इष्ट कन्यां मे देहि–देहि —– नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ दापय–दापय स्वाहा —– अस्त्राय फट्।

ध्यान

ॐ विश्वावसु महाकाय कन्या–गण समन्वितः।
भजामि कन्या प्राप्त्यर्थं सर्वयक्षाधिपं विभुम्।।

मानस–पूजन

पूवोक्त विधान मे द्रष्टव्य।

मूल–मन्त्र

ॐ क्लीं नमो विश्वावसु गन्धर्व–राज यक्षसेनाधिपतये इष्ट कन्यां मे देहि देहि दापय–दापय स्वाहा।

जप–समर्पण

पूर्वोक्त विधान में दृष्टव्य।

क्षमा–प्रार्थना

पूर्वोक्त विधान में दृष्टव्य।

'कन्या के शीघ्र-विवाहार्थ'

कल्याण-गौरी मन्त्र-साधन

पूर्वोक्त विधान में अविवाहित युवकों में बाधा के कारण – कथन व्यक्त किये गए हैं। उन्हीं की भाँति समस्याएँ कन्या के विवाह में भी बाधक बन प्रकट होती हैं। अनेक परिवारों में यह प्रत्यक्ष देखने में आया है कि सुन्दर, गुणवती, सुशील, शिक्षित कन्या का विवाह सम्बन्ध समयानुकूल से नहीं बन पाता। माता–पिता अपनी कन्या के सुयोग्य वर की प्राप्ति व विवाह के प्रति चिन्तित रहने लगते हैं। अनेक प्रयास–प्रयत्न करते हुए भी, उनकों अपनी कन्या के अनुकूल श्रेष्ठ–वर की प्राप्ति में असम्भवता सी प्रतीत होने लगती है। माता–पिता की चिन्ता व्यर्थ नहीं! उनकी तथा कन्या की दृष्टि में समयानुकूल कन्या को श्रेष्ठ वर व परिवार की प्राप्ति हो तथा विवाह सम्पन्न हो, यही उत्तम है। इस समस्या के हेतु यहाँ कन्या के शीघ्र विवाहार्थ कुछ मन्त्र–प्रयोग साधन–विधान प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिनकों श्रद्धा–भाव के साथ करने से कन्या को इच्छित वर की प्राप्ति हो, शीघ्र विवाह सम्पन्न हो जाता है।

विनियोग

ॐ अस्य श्री कल्याण–गौरी मन्त्रस्य श्री वामदेव–ऋषिः, गायत्री–छन्दः, श्री कल्याण–गौरी देवता, ॐ बीजं, ह्रीं शक्तिः, मम शीघ्र विवाहार्थे श्री कल्याण–गौरी मन्त्र–जपे विनियोगः।

ऋष्यादि–न्यास

ॐ श्री वामदेव–ऋषये नमः — शिरसि। गायत्री–छन्दसे नमः — मुखे। श्री कल्याण–गौरी देवतायै नमः — हृदये। ॐ बीजाय नमः — गुह्ये। ह्रीं शक्तये नमः — पादयोः। मम शीघ्र विवाहार्थे श्री कल्याण–गौरी मन्त्र–जपे विनियोगाय नमः — सर्वाङ्गे।

कर–न्यास

ॐ — अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं — तर्जनीभ्यां नमः। नमो भगवती — मध्यमाभ्यां नमः। माहेश्वरी — अनामिकाभ्यां नमः। कल्याण–गौरी — कनिष्ठिकाभ्यां नमः। स्वाहा — करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि–न्यास

ॐ — हृदयाय नमः। ह्रीं — शिरसे स्वाहा। नमो भगवती — शिखायै वषट्। माहेश्वरी — कवचाय हुं। कल्याण–गौरी — नेत्रत्रयाय वौषट्। स्वाहा— अस्त्राय फट्।

ध्यान

धृतं कराभ्याय भयं च कन्याम्,
धृतं कटिस्थानिदुकूल सूत्रो —
तां देवता शीघ्र विवाह पद–दायिनीम्,
कल्याण–गौरी मनसा स्मरामि।।

मानस–पूजन

अधो–मुख कनिष्ठिकाङ्गुष्ठ से **'गन्ध–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ लं पृथ्वी – तत्वात्मकं गन्धं जगदम्बा श्री कल्याण–गौरी प्रीतये परि–कल्पयामि नमः।
अधो–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ हं आकाश–तत्वात्मकं पुष्पं जगदम्बा श्री कल्याण–गौरी प्रीतये समर्पयामि नमः।
ऊर्ध्व–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'धूप–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ यं वायु–तत्वात्मकं धूपं जगदम्बा श्री कल्याण–गौरी प्रीतये धापयामि नमः।
ऊर्ध्व–मुख मध्यमाङ्गुष्ठ से **'दीप–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ रं अग्नि–तत्वात्मकं दीपं जगदम्बा श्री कल्याण–गौरी प्रीतये दर्शयामि नमः।
ऊर्ध्व–मुख अनामिकाङ्गुष्ठ से **'नैवेद्य–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ वं जल–तत्वात्मकं नैवेद्यं जगदम्बा श्री कल्याण–गौरी प्रीतये निवेदयामि नमः।
ऊर्ध्वं –मुख सर्वाङ्गलियो से **'ताम्बूल–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ सं सर्व–तत्वात्मकं ताम्बूलं जगदम्बा श्री कल्याण–गौरी प्रीतये कल्पयामि नमः।

मूल–मन्त्र

ॐ ह्रीं नमो भगवती माहेश्वरी कल्याण गौरी स्वाहा।

जप–समर्पण

ॐ गुह्याति गुह्य गोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देवि! त्वप्रसादान्महेश्वरि !

क्षमा–प्रार्थना

आवाहनं न जानामि, न जानामि विसर्जनम्।
पूजा–कर्म न जानामि, क्षमस्व परमेश्वरि !।।
मन्त्र–हीनं क्रिया–हीनं, भक्ति–हीनं महेश्वरि !।
यत्पूजितं मया देवि! परिपूर्णं तदस्तु मे।।

मन्त्र–विधान

सर्व–प्रथम किसी भी शुभ–पर्व पर किसी विद्वान ब्राह्मण से इस मन्त्र की साधना–आज्ञा–निर्देश कन्या भली–भाँति ज्ञात– प्राप्त कर ले। पवित्र–स्थान–(पूजा–कक्ष अथवा कोई स्वच्छ एकान्त स्थान) में इस मन्त्र का जप आरम्भ करें। जप–काल–दिवसों के अन्तर्गत सात्विक आचार–विचार व आहार का ध्यान रखें। स्नानादि कर स्वच्छ–वस्त्र धारण कर, पूर्वाभिमुख हो, रक्तासन पर बैठकर, रक्त–चन्दन की माला से नित्य प्रातः ११ माला जप करें, ११ दिन तक। यद्यपि मन्त्र–पुरश्चरण सवा–लक्ष जप का है, किन्तु ११ हजार तप से भी कार्य–सिद्धि होती है। जप आरम्भ से पूर्व श्री गुरू, गणपति एवं कुल–देवता आदि का स्मरण–पूजन कर लें। उचित होगा कि जप–स्थान में भगवती पार्वती का कोई शास्त्रोक्त ध्यान–चित्र स्थापित कर, उसमें भगवती का मानसिक–भाव से आवाहन कर, सम्मुख गौ–घृत का दीप भी प्रज्वलित करें। भगवती से यही धरणा–कामना रखें कि **'मुझे शीघ्र ही मेरे अनुकूल वर की प्राप्ति हो, जो मेरे परिवार के अनुकूल भी हो'** .... आदि अपनी सत्व–धारणा–कामना भगवती के समक्ष मानसिक–रूप से कहें। ग्यारहवें दिवस को आम्र की समिधाओं में गौघृत

व लाजा-(खील) से मन्त्र-संख्या का दशांश हवन कर दें। दशांश-तर्पण, दशांश-मार्जन तथा वटुक-कुमारी व ब्राह्मण-भोजन भी करें। उचित होगा कि हवन-दिवस पर हवनादि क्रिया हेतु किसी ब्राह्मण का सहयोग-मार्गदर्शन लें। अथवा हवन में अशक्त होने पर हवन में प्रर्युक्त होने वाली दशांश-संख्याओं का दुगना जप पृथक से कर लें और १ माला का ही हवन कर लें। एक-एक वटुक-कुमारी व ब्राह्मण को भोजन अवश्य कराएँ। इस विधान से कन्या को शीघ्र ही सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। यह विधान मेरे द्वारा कई कन्याओं को अनुभूत हुआ है, जिनके विवाह होने में कारण-अकारण कई बाधाएँ-विलम्बताएँ प्रकट होती रहती थी। आज वे उत्तम-वर की प्राप्ति कर अपने गृहस्थ-जीवन में सुख-शान्ति व आनन्द का अनुभव कर रही हैं।

कन्या के विवाहार्थ कुछ और मन्त्र-विधान

१. मन्त्र

हे गौरि शङ्करार्धाङ्गि! यथात्वं शङ्कर-प्रिया !
तथा मां कुरू कल्याणि ! कान्तकान्तां सुदुर्लभाम्।।

विधान

उपरोक्त मन्त्र का जप किसी शुभ-पर्व पर प्रातः के समय आरम्भ करें। भगवती पार्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर यथोपचार पूजन कर पाँच माला नित्य जप करना है। शीघ्र ही उत्तम वर की प्राप्ति होगी। कार्य पूर्ण होने पर बटुक व कुमारी को फल-दक्षिणा प्रदान करें।

२. मन्त्र

ॐ श्री दुर्गायै सर्व-विघ्न-विनाशिन्यै नमः स्वाहा। सर्व-मङ्गल-मङ्गल्ये, सर्व-काम-प्रदे शिवे! देहि मे वाञ्छितं नित्यं, नमस्ते शङ्कर-प्रिये ! दुर्गे शिवेऽभये माये, नारायणि! सनातनि! जपे में मङ्गले देहि, नमस्ते सर्व-मङ्गले।।

विधान

किसी भी शुभ-पर्व पर प्रातः के समय स्नानादि से निवृत्त हो, भगवती गौरी के सम्मुख गौ-घृत दीप प्रज्वलित कर देवी का ध्यान व पूजन करें तथा उक्त मन्त्र-स्तुति का १०८ बार पाठ करें। पाठ-प्रभाव से कुछ ही दिनों में कन्या को मनोवाञ्छित वर की प्राप्ति होती है। यह वही विधान-स्तुति है, जिसको भगवती सीता ने भगवती गौरी की उपासना में किया था, फल-स्वरूप उनको वर रूप में भगवान् श्री राम की प्राप्ति हुई थी।

३. मन्त्र

कत्यायानि! महा-माये! महा-योगिन्यधीश्वरि!
नन्द-गोप-सुतं देवि! पतिं मे कुरू ते नमः।।

विधान

किसी भी शुभ-पर्व पर स्नानादि कर पवित्र वस्त्र धारण कर प्रातः व सायं दोनों ही समय में भगवती गौरी के सम्मुख गौ-घृत दीप प्रज्ज्वलित कर, ध्यान-पूजन कर उक्त मन्त्र की ३-३ माला का जप करें। नित्य कुछ न कुछ फल-दक्षिणा कुमारी व बटुक को देते रहने चाहिए। मन्त्र-प्रभाव के फल-सवरूप शीघ्र ही कन्या को मनोवाञ्छित वर की प्राप्ति होगी। यह विधान भी कई कन्याओं द्वारा अनुभूत है।

४. मन्त्र

ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रिय भामिनि !
विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्र लाभं च देहि मे।।

विधान

किसी भी शुभ-पर्व पर प्रातः के समय, स्नानादि से निवृत हो सर्व-प्रथम तुलसी-वृक्ष की पूजा करें। पश्चात् उक्त मन्त्र का १०८ बार जप तुलसी की माला से करें। जप के पश्चात् तुलसी की १२ परिक्रमा करें। उपरान्त अपने दाएँ हाथ में दूध और बाएँ हाथ में जल का लोटा लेकर, एक साथ ही भगवान् सूर्य देव को अर्घ्य दें। अर्घ्य देते समय उक्त मन्य का १२ बार जप करें। इस भाँति से नित्य विधि करते रहने पर शीघ्र ही कन्या को उत्तम वर की प्राप्ति होती है।

५. मन्त्र

ॐ शं शङ्कराय सकल जन्मार्जित पाप विध्वंसनाय पुरुषार्थ चतुष्टय लाभाय च पतिं मे देहि कुरुं कुरू स्वाहा।

विधान

शुक्ल-पक्ष सोमवार के दिन, प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर, धूप-दीपादि प्रज्वलित कर भगवान् शिव व भगवती पार्वती का पूजन करें। पूजा-स्थान पर ही एक गमले में केले के पौधे के पूर्व से व्यवस्था कर रखें। उस केले पर मौली को ११ बार लपेट दें और उसकी धूप-दीप-गन्धादि से पूजा करें, जल दें। पश्चात् उपरोक्त मन्त्र की ३ माला जप करें। जप के पश्चात् केले की १२ बार प्रदक्षिणा करें। ऐसा क्रम करते रहें। फल-स्वरूप कन्या को शीघ्र ही मनोनुकूल वर की प्राप्ति होगी। ध्यान रहे कि केले को मौली प्रथम-दिवस ही बाँधनी है।

निर्देश

सभी जप–विधानों को करना विवाह योग्य कन्या का ही कर्म है, अन्य का नहीं। उल्लेखित विधानों में प्रायः दिन संख्या निर्धारित नहीं, कर्म जब तक करते रहें जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो जाता। जप–कर्म दिवसों में फल की प्राप्ति के सङ्केत प्राप्त होने लगेंगे। कार्य–सिद्धि में अवश्य ही सफलता प्राप्त होगी। कार्य–पूर्ण होने पर यथा शक्ति कुमारी–बटुक व ब्राह्मण को भोजन–वस्त्र–दक्षिणा आदि प्रदान कर उनको सन्तुष्ट करें। ध्यान यह भी रखें कि सभी जप विधानों में रक्तासन, रक्त–वस्त्र, रक्त–पुष्प एवं जप हेतु रक्त–चन्दन की माला का उपयोग हो (जहाँ तुलसी की माला का निर्देश है, वहाँ तुलसी की माला लें)। पूजा–जप पूर्वाभिमुख होकर करें।

मुक्ति-चिन्तामणि

।। श्री गायत्री-कवच ।।

श्री विक्रम–सम्वत्–२०६० 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग' में 'दुर्लभ–स्तोत्र, मन्त्र–विधान' के अन्तर्गत–(पृष्ठ १८३) **'श्री गायत्री–भुजङ्ग –स्तोत्र'** प्रकाशित हुआ था, जो साधकों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुआ। उसी भाँति भगवती गायत्री का **'मुक्ति–चिन्तामणि कवच'** भी यहाँ प्रेषित है, जो साधकों के लिए अत्यन्त प्रभावशाली व साधनोपयोगी सिद्ध होगा। मेरे व्यक्तिगत पुस्तकालय के प्राचीन हस्त–लिखित ग्रन्थ–सङ्ग्रह में 'गायत्री–पञ्चाङ्ग' की एक प्राचीन हस्त–लिखित प्रति सङ्ग्रहित–सुरक्षित है, जो 'रुद्रयामल–तन्त्रोक्त' है। उसी से यह कवच उद्धृत प्रस्तुत किया गया है। आशा है कि साधक–जन इस कवच को अपनी दैनिक साधना में सम्मिलित कर अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

● *अत्यन्त दुर्लभ 'गायत्री–पञ्चाङ्ग', प्रकाशित 'गायत्री–पञ्चाङ्ग' से पूर्णतः भिन्न है। इस पञ्चाङ्ग की विशेषता यह है कि इसमें सम्पूर्ण विषय –(पटल, पद्धति, कवच, सहस्रनाम व स्तवराज) 'कौलाचार' सिद्धान्त–पद्धति के अनुरूप है, जो अन्यत्र कहीं भी, किसी भी प्रकाशित 'गायत्री–विषयक' स्वतन्त्र या सङ्कलित ग्रन्थों में दृष्टि–गोचर नहीं हुए। मात्र, आचार्य श्री रुद्रदेव जी त्रिपाठी के प्रकाशित ग्रन्थ 'रुद्रयामल–तन्त्र' (पृष्ठ २३८–४२) में प्रस्तुत 'मुक्ति–चिन्तामणि कवच' तथा 'त्रिपदागायत्री स्तवराज' (पृष्ठ २४३–४६ पर) एवं 'गायत्री–वीरवस्या'–(पृष्ठ ६५–६७) में वही, 'त्रिपदा–गायत्री स्तवराज' पाठ–भेद सहित अवश्य ही प्राप्य है। इस पञ्चाङ्ग के कवच–(उक्त, जो कि प्रस्तुत है), सहस्रनाम व स्तवराज विषयों का सम्पादन संशोधन तो हो चुका है, पटल व पद्धति का संशोधन कार्य अभी शेष है।*

।। श्री देव्युवाच पूर्व–पीठिका ।।

भगवन् सर्व–लोकेश! वेद–तत्वाधि–सागर।
सर्वज्ञ भैरवेशान, जगन्नाथ कृपा–निधे।।
कवचं देवी गायत्र्याः सर्व–तत्वमयं परम्।।
मुक्ति–चिन्तामणिं नाम त्वयामे प्राङ्निवेदितम्।।
मन्त्र–गर्भं सुरैः पूज्यं, सर्वापत्तारणं विभो।
ब्रह्म–विद्यामयं ब्रूहिं, यद्यऽहं तव बल्लभा।।

।। श्री भैरवोवाच ।।

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि, तव स्नेहाद् रहस्यकम्।
कवचं तत्व–भूतं ते, सर्व–मन्त्रैक विग्रहम्।।
मुक्ति–चिन्तामणिं नाम गायत्री–मन्त्र विग्रहम्।
मातृका–बीज निलयं व्याहृति ब्रह्म–सम्मितम्।।
सर्व शक्ति–मयं देवि! सर्वारिष्ट विमर्दनम्।
महा–पातक विघ्नौघ, ब्रह्म–हत्यादि नाशनम्।।

विनियोग

ॐ अस्य मुक्ति–चिन्तामणि श्री गायत्री–कवचस्य, सदाशिव ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, देवी श्री गायत्री देवता, प्रणव बीजं, लक्ष्मी शक्तिः, शिवा–भीमा कीलकं धमार्थ–काम–मोक्षार्थे मुक्ति–चिन्तामणि श्री गायत्री–कवच पाठे विनियोगः।

ऋष्यादि–न्यास

ॐ सदाशिव ऋषये नमः — शिरसि। त्रिष्टुप् छन्दसे नमः — मुखे। देवी श्री गायत्री–देवतायै नमः — हृदये। प्रणव–बीजाय नमः — गुह्ये। लक्ष्मी–शक्तये नमः — पादयोः। शिवा–भीमा कीलकाय नमः — नाभौ। धमार्थ–काम–मोक्षार्थे मुक्ति–चिन्तामणि श्री गायत्री–कवच पाठे विनियोगाय नमः –सर्वाङ्गे।

कर – न्यास

ॐ सौः ह्सौः सौः ऐं — अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं ह्रीं श्रीं भैं — तर्जनीभ्यां नमः। ॐ ग्लां गायत्री — मध्यमाभ्यां नमः। ॐ श्रीं श्रीं ह्रीं श्रीं — अनामिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रीं ह्रीं ऐं यं — कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ श्रां ह्रां स्वाहा — करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि–न्यास

ॐ सौः ह्सौः सौः ऐं — हृदयाय नमः। ॐ क्लीं ह्रीं श्रीं भैं — शिरसे स्वाहा। ॐ ग्लां गायत्री — शिखायै वषट्। ॐ श्रीं श्रीं ह्रीं श्रीं — कवचाय हुं। ॐ ह्रीं ह्रीं ऐं यं — नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ श्रां ह्रां स्वाहा — अस्त्राय फट्।

ध्यानम्

ॐ पञ्च–वक्त्रा चतुर्हस्ता, प्रति–वक्त्रां त्रिलोचनाम्।
नटा–किरीटा षट्कुक्षिस्त्रिपदी स्फटिक–प्रभाम्।।
अक्ष–सूत्राम्बुजे दिव्ये दधती दक्ष–हस्तयोः।
रत्न–कुण्डल केयूर–हार कङ्कण–नुपूरैः।।
चरणोद्दाम बन्धाद्यैरन्यैराभरणैर्वरैः।
शोभिता रत्न–पीठस्था गायत्री मोक्ष–दायिनी।।

मानस–पूजा

अधो–मुख कनिष्ठिकाङ्गुष्ठ से **'गन्ध–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ लं पृथ्वी–तत्वात्मकं गन्धं देवी श्री गायत्री प्रीतये परि–कल्पयामि नमः।
अधो–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ हं आकाश–तत्वात्मकं पुष्पं देवी श्री गायत्री प्रीतये समर्पयामि नमः।
ऊर्ध्व–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'धूप–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ यं वायु–तत्वात्मकं धूपं देवी श्री गायत्री प्रीतये घ्रापयामि नमः।
ऊर्ध्व–मुख मध्यमाङ्गुष्ठ से **'दीप–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ रं अग्नि–तत्वात्मकं दीपं देवी श्री गायत्री प्रीतये दर्शयामि नमः।
ऊर्ध्व–मुख अनामिकाङ्गुष्ठ से **'नैवेद्य–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ वं जल–तत्वात्मकं नैवेद्यं देवी श्री गायत्री प्रीतये निवेदयामि नमः।
ऊर्ध्व –मुख सर्वाङ्गुलियो से **'ताम्बूल–मुद्रा'** दिखाते हुए —
ॐ सं सर्व–तत्वात्मकं ताम्बूलं देवी श्री गायत्री प्रीतये कल्पयामि नमः।

मन्त्र

ॐ सौः ह्सौः सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं भैं ग्लां गायत्री श्रीं श्रीं ह्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं ऐं यं श्रां ह्रां स्वाहा।। (१०८ या ११ बार जप करें)

● प्रणव से पृथक उक्त मन्त्र २४ वर्ण का है, कवच–पाठ में प्रणव सहित मन्त्र के पृथक–पृथक वर्ण को मातृका–वर्ण के साथ श्लोक के प्रारम्भ में संयुक्त किया गया है।

।। कवच–पाठ ।।

ॐ अं ॐ शिरो मेऽवाद्देवी, गायत्री परमार्थदा।
ॐ आं सौः मेऽवताद्देवी, भालं वेदार्थ–सुन्दरी।।
ॐ इं ह्सौः भ्रुवौ पातु, मम तन्त्रार्थ–सुन्दरी।
ॐ ईं सौः नयने पातुः मम व्याहृति–सुन्दरी।।
ॐ उं ऐं मेऽवताद् कर्णौ, सदा भूर्लोक–सुन्दरी।
ॐ ऊं क्लीं मेऽवताद् गण्डौ, श्री भुवोलोक–सुन्दरी।।
ॐ ऋं ह्रीं मेऽवताद् नासां सदा स्वर्लोकैक–सुन्दरी।
ॐ ॠं श्रीं मेऽवतादोष्ठौ महर्लोकैक–सुन्दरी।।
ॐ ऌं भैं मेऽवताद् दन्तान् जनः लोकैक–सुन्दरी।
ॐ ॡं ग्लां मेऽवताज्जिह्वां तपोलोकैक–सुन्दरी।।
ॐ एं गां पातु मे वक्त्रं, सत्यलोकैक–सुन्दरी।
ॐ ऐं यं पातु मे कण्ठं, सदाभुवन–सुन्दरी।।
ॐ ओं त्रीं पातु मे स्कन्धौ, सदा ब्रह्माण्ड–सुन्दरी।
ॐ औं श्रीं पातु मे बाहू, सदा सर्वाङ्ग–सुन्दरी।।
ॐ अं श्रीं पातु मे हस्तौ, सदा सर्वार्थ–सुन्दरी।
ॐ अः ह्रीं पातु मे वक्षः सदा देवेन्द्र–सुन्दरी।।
ॐ कं श्रीं पातु मे पृष्ठं, सदा दानव–सुन्दरी।
ॐ खं ह्रीं पातु मे पार्श्वौ श्री विद्याधर–सुन्दरी।।
ॐ गं ह्रीं पातु मे कुक्षी अप्सरा–लोक–सुन्दरी।
ॐ घं ऐं पातु मे नाभिं यक्ष लोकैक–सुन्दरी।।
ॐ ङं यं मेऽवतान्मेढ्रं रक्षलोकैक–सुन्दरी।
ॐ चं श्रां मेऽवताच्छिश्नं सदा गन्धर्व–सुन्दरी।।
ॐ छं ह्रां मेऽवताद् गुह्यं सदा किन्नर–सुन्दरी।
ॐ जं स्वां मे कटिं पातु सदा पैशाच–सुन्दरी।।
ॐ झं हां पातु मे ऊरू सदा गुह्यक–सुन्दरी।
ॐ ञ हां पातु मे जानू सिद्धलोकैक–सुन्दरी।।
ॐ टं स्वां पातु मे जङ्घौ भूतलोकैक–सुन्दरी।
ॐ ठं ह्रां पातु मे गुल्फौ नागलोकैक–सुन्दरी।।
ॐ डं श्रां पातु मे पादौ मर्त्यलोकैक–सुन्दरी।

ॐ ढं यं पातु मे विस्मारितं च तत्स्थानं यत्स्थानं नाम–वर्जितम तत्सर्वं वपुस्त्रिपुर–सुन्दरी।।

ॐ णं ऐं पूर्वं इन्द्रोऽव्यात्।

ॐ तं ह्रीं अग्निरग्रतः।।

ॐ थं ह्रीं दक्षिणे धर्मो।

ॐ दं श्रीं निऋत्तिः स्वतः।।

ॐ धं ह्रीं श्रीं वरुणः पातु पश्चिमे मां जलेश्वरः।

ॐ नं श्रीं वायुतो वायुर्वायव्ये मां सदाऽवतु।।

ॐ पं श्रीं मामुत्तरे पातु कुबेरो यक्षराट् सदा।

ॐ फं त्रीं मामीश्वरः पातु स्वयमीशान नायकः।।

ॐ बं यं ऊर्ध्वमात्म भूर्भगवान् सर्वदाऽवतु।

ॐ भं गां पातु मां विष्णुरधस्तात सर्वदा हरिः।।

ॐ मं ग्लां मे गुरू प्रातः।

ॐ यं भैं मां परम–गुरू मध्य–वासरे।।

ॐ रं श्रीं मेऽवताद् सायं परमेष्ठि गुरूस्तथा।

ॐ लं ह्रीं मां निशीथेऽव्यात् परात्पर गुरूः सदा।।

ॐ वं क्लीं मां निशीथान्ते पातु साधक–नायकी।

ॐ शं ऐं सर्वत्र सर्वदा पातु सर्व–नायकी।।

ॐ षं सौः सदा पातु कुटुम्बं कुल–नायकी।

ॐ सं हसौः मेऽवतान्नित्यं विघ्नो वाम–नायकी।।

ॐ हं सौः मां चक्रतः पातु गायत्री चक्र–नायकी।

ॐ लं क्षं ॐ सौः हसौः सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं भैं ग्लां गायत्री श्रीं श्रीं ह्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं ऐं यं श्रां ह्रां स्वाहा मां पायाद सदा ब्रह्म–नायकी।।

ॐ ऐं मां भगवती ब्रह्म–रूपा दिनेऽवतु।

ॐ क्लीं मां जगन्माता विष्णु–रूपा सदाऽवतु–(मध्याह्ने)।

ॐ सौः मां वेदमाता शिव–रूपा सदाऽवतु–(सायाह्ने)।।

लक्ष्मीर्लक्ष्मीं सदा पातु, कीर्ति कीर्तिः सदाऽवतु।

धृतिं धैर्यं सदा पातु, धन्या भाग्यं ममाऽवतु।।

स्थिति स्थिता सदा पातु, शान्तिः शान्तिः प्रयच्छतु।

विभा दीप्तिं सदा पातु, मतिर्बुद्धिं ममाऽवतु।।

गतिर्गतिं च मे पातु, भ्रान्तिर्भ्रान्तिं सदाऽवतु।

नतिर्नतिं च मे पातु, वाणी वाणीं प्रयच्छतु।।

प्रभा सेनाधिपत्यं मे, शोभा शोभां प्रयच्छतु।

क्रिया देवी क्रिया–सिद्धिं नुतिर्नुतिः प्रयच्छतु।

एताः षोडश–पत्रस्थाः पान्तु मां सर्वतो भयात्।।

ब्राह्मी पूर्व–दले पातु, वह्नौ नारायणी तथा।

दक्षिणे पातु मां चण्डी, नैऋते शाम्भवी तथा।।

पश्चिमेऽपराजिताऽव्यात्कौमारी वायु–कोणतः।

वाराही चोत्तरे पातु, ईशाने नारसिंहिका।।

रूरू सङ्गमतः पातु, चण्डो धूप भयात् सदा।

करालोऽव्यात् श्मशाने –– मां संहारोऽव्यात् समुद्रतः।।

भीषणः पातु दुर्भिक्षात्, कालाग्निः काल–पाशतः।

उन्मत्तः पातु मां चौरात् क्रोधोऽव्यान्मां विपत्तितः।

एते सशक्तिकाः पान्तु, वसु–पत्रेषु भैरवाः।।

सरस्वती गिरं पातु, सती सत्यं सदाऽवतु।

दुर्गा दुर्गतितो रक्षेत्, सावित्री [illegible]सु रक्षतु।।

श्री ब्रह्म–वादिनी ज्ञानं, श्रीमती श्रियमुत्त[illegible]म्।

कुब्जिका च कुलं क्षिप्रं, पाशं संसार–ब[illegible]नात्।।

तारिणी चारितो रक्षेद् ध्रुवं [illegible] विश्व–मङ्गला।

बहिर्दशार–चक्रस्था, पातु मां सर्वतः सदा।।

त्रिपुरा पातु मां नित्यं, कालिकाऽवतु मां सदा।

तारा मां पातु सततं, सुमुखी च सर्वदाऽवतु।।

बगला पातु मां नित्यं, बाला मां पातु सर्वतः।

बैखरी पातु मां नित्यं, देवी तुर्या सदाऽवतु।।

छिन्नशीर्षावतान्नित्यं, पातु मां भुवनेश्वरी।

अन्तर्दशार–चक्रस्था देवता पातु मां सदा।।

गङ्गा मां पापनः (पावनः) यमुना पातु सर्वदा।

सरस्वती च मां पातु त्रिकोणस्थाश्च देवताः।।

मुल–विद्यां च मां पातु, गायत्री त्रिपदास्तवा।

चतुर्मुखः शिवः पातु, पातु पद्मासनः प्रभुः।।

अक्ष–सूत्रं च मां पातु, पद्मं पातु शिव–प्रियः।
त्रिशूलं सर्वदा पातु, लगूडं पातु सर्वदा।।
मूलं च सर्वदा पातु, चतुर्विंशाक्षरात्मकम्।
सर्वत्र सर्वदा पातु, परमार्थाधि–देवता।।

।। फल-श्रुति ।।

इति मन्त्रमयं दिव्यं, कवचं देव–दुर्लभम्।
गायत्र्यास्त्रिपदा देव्या लयाङ्गनिलयं परम्।।
मूल–विद्यामयं ब्रह्म–विद्या–निधिमयं परम्।
सर्व–देव प्रियं मुक्तेः, साधनं भुक्ति–वर्धनम्।।
मुक्ति–चिन्तामणिर्नाम, गायत्री–तत्वकारिणी।
मारणं सर्व–शत्रूणां, वारणं सकलापदाम्।।
तारणं च भवाम्भोधेः, सर्वैश्वर्यैक कारणम्।
रवौ यो ह्यष्ट–गन्धेन्, लिखेद् भुर्जे महेश्वरि!।।
श्वेत–सूत्रेण संवेष्ट्ये सौवर्णनाथ वेष्टयेत्।
पञ्च–गव्येन संशोध्य, गायत्री–रूपेण स्मरेत्।।
तामर्चयेन्महादेवि! विद्यया यन्त्र राजवत्।
मकारैः पञ्चभिर्गोप्यर्महार्चन–क्रमेश्वरः।।
यथार्थतस्तत् सम्पूज्य, गुटिं भोगापवर्गदाम्।
बध्नीयात् कण्ठ–देशे तु सर्व–सिद्धिः प्रजायते।।
शिरःस्था गुटिका देवि! राज–लोक वंशकरी।
भूतस्था गुटिका देवी। रणे विजय–दायिनी।।
कुक्षिस्थारोग–शमनी, वक्षःस्थापुत्र–पौत्रदा।
कण्ठस्थैश्वर्यदा लोके, सर्व–सारस्वत–प्रदा।।
इत्येवं कवचं देवि। गायत्री–तत्वमुत्तमम्।
गुह्य गोप्यत्रमं देवि। गोपनीयं स्वयोनिवत्।।
।इतिश्री रूद्रयामले महा–तन्त्रे मुक्ति–चिन्तामणिर्नाम श्री गायत्री–कवचं समाप्तम्।।

।। पञ्च-मुखी श्री वीर हनुमन्त-कवच ।।

श्री हनुमन्त–साधना पर अनेकों ग्रन्थ प्राप्य होते हैं। वैष्णव–प्रधान आगम–पञ्चरात्र में तो इनकी प्रतिष्ठा–पूजा का सम्पूर्ण विधान है। श्री हनुमन्तोपासना में प्रायः श्री राम–चन्द्र–(अथवा ब्रह्मा) ऋषि हैं, इनकी साधना की दीक्षा स्वयं श्री राम ने विभीषण को दी थी। विष्णु–मन्दिर हो या शिव–मन्दिर अथवा कोई भी शक्ति–पीठ हो— वहाँ श्री हनुमान् जी की प्रतिष्ठा अवश्य ही दृष्टित होती है। कुछ स्थानों में तो स्वयं श्री हनुमान् जी ही प्रधान–देवता हैं। विशेष–रूप से प्रत्येक सनातनी गृह–मन्दिर में इनका अपना स्थान है। यूँ तो श्री राम भक्ति के **'दास–भाव'** के कारण श्री हनुमान् जी की उपासना सौम्यता की प्रतीक है, किन्तु **'वीर–भाव'** में इनका जो 'रौद्र–रूप' है – (जिसका वर्णन गोस्वामी श्री तुलसी दास जी ने – **'बजरङ्ग–बाण'** में अच्छी–प्रकार से किया है), वही रौद्र अर्थात् 'क्रोध–रूप' तन्त्र–साधना का मुख्य–रूप–भाव व आधार है, क्योंकि श्री हनुमान् जी 'रूद्रावतार' हैं। स्वयं महा–काल शिव ने ही 'रावण' के विनाश हेतु श्री राम–चन्द्र जी की सहायतार्थ 'एकादश–रूद्र' के रूप में अवतार गृहण किया था।

श्री हनुमान् जी के इसी 'वीर–भाव', 'रौद्र–रूप' के अन्तर्गत 'तन्त्र–साधना' के लिए अन्य और विशेष–रूपों की साधना भी शास्त्रों में निहित है, जैसे कि पञ्च–मुखी, सप्त–मुखी व एकादश–मुखी श्री हनुमन्त–साधना। इन रूपों में भी पञ्च–मुखी श्री हनुमान् का रूप कुछ अधिक ही प्रसिद्ध है। जन–साधारण भी इस रूप से भली–भाँति परिचित है। इसी कारणवश साधना में पञ्च–मुखी श्री हनुमान–कवच के पाठ का प्रचलन–महत्व भी — 'एक–मुखी, सप्त–मुखी व एकादश–मुखी' श्री हनुमान् जी के, इन रूपों के स्तोत्र–कवचादि की अपेक्षा सर्वाधिक, अति–विशेष माना गया है। पञ्च–मुखी श्री हनुमन्त–कवच त्वरित फल–प्रद व अनेकों असाध्य कार्यों को सुसिद्ध करने के लिए प्रसिद्ध व प्रभावी है। यद्यपि यह कवच अनेक प्रकाशन–संस्थानों द्वारा प्रकाशित व प्राप्य है, किन्तु प्रायः सभी प्रतियों में इस कवच का स्वरूप संक्षिप्त ही प्राप्त होता है, तो कहीं गति–भ्रामक व भेद–युक्त! श्री हनुमान साधना–विषयक सङ्कलित–सङ्गहित व स्वतन्त्र–ग्रन्थों में भी यह कवच पूर्ण–रूप से प्राप्त नहीं होता, जैसे कि 'खेमराज श्री कृष्णदास श्री वेङ्कटेश्वर प्रेस–(मुम्बई) से प्रकाशित 'वृहद ज्योतिषार्णवान्तर्गत' श्री हनुमन्तोपासनाध्याय, श्री ठाकुर–प्रसाद पुस्तक–भण्डार–(वाराणसी) से प्रकाशित 'श्री हनुमद्रहस्य', आनन्द–प्रकाशन–(बुलन्दशहर) से प्रकाशित 'अद्भुत हनुमान', कलपतरू रिसर्च एकादमी–(बैंगलोर) से प्रकाशित 'हनुमत् कोश' (भाग–१) व मोतीलाल–बनारसीदास प्रकाशन–(दिल्ली) से प्रकाशित 'शत्रु–शमन' आदि किसी भी ग्रन्थ में यह कवच पूर्ण–रूप से प्राप्त नहीं हो सका। (या फिर अन्य

बहुत से लेखक की 'श्री हनुमन्त–साधना' विषयक कृतियों में भी) संक्षिप्त–रूप से ही यह कवच इन ग्रन्थों में प्रस्तुत–प्रकाशित हुआ है, वह भी एक–दूसरे के मिलान से पाठ–भेद–(जो कि स्वाभाविक है) व भ्रामकता उत्पन्न किए हुए। वाराणसी के सुप्रसिद्ध व सम्मानित विद्वान व अनेकों ग्रन्थों के यशस्वी लेखक–टीकाकार–आचार्य श्री शिवदत्त मिश्र जी शास्त्री द्वारा सम्पादित–सङ्कलित उक्त ग्रन्थ 'श्री हनुमद् रहस्य'–(पृष्ठ–१३२–४०)' में पञ्च–मुखी श्री हनुमत् कवच के प्रारम्भ में ही दिए गए विनियोग में भ्रम प्रकट होता है, उदाहरणतः **ॐ अस्य श्री पञ्च–मुख हनुमन्मन्त्रस्य ब्रह्मा–ऋषिः, गायत्री–छन्दः, पञ्च–मुख विराट् हनुमान् देवता, ह्रीं बीजं, श्री शक्तिः, क्रौं कीलकं, क्रूं कवचं, क्रैं अस्त्राय फट्।** इति दिग्बन्धः। ....(?)

'श्री हनुमद् रहस्य' में प्रकाशित उक्त पंक्तियों से यह निर्णय करना असम्भव है कि यह विनियोग है अथवा न्यास–(अङ्) या फिर अन्त में कहा गया –– **'इति दिग्बन्धः'** –– दिग्बन्धन! यद्यपि आचार्य श्री ने उक्त पंक्तियों के मार्ग–निर्देश में यही कहा है कि 'साधक को चाहिए कि सर्व–प्रथम **'ॐ अस्य श्री पञ्च–मुख हनुमन्मन्त्रस्य** से लेकर **क्रैं अस्त्राय फट्** पर्यन्त मन्त्र पढ़कर, दसों दिशाओं में चुटकी बजाता हुआ दिग्बन्धन करे।' सत्य तो यह है कि यह भ्रान्ति–युक्त विनियोग है, न कि दिग्बन्धन! कोई भी विद्वान यह तो साधारण–रूप से ज्ञान रखता ही है कि किसी भी मन्त्र–स्तोत्र अथवा कवच के विनियोग में ऋषि, छन्द, देवता, बीज, शक्ति, कीलक व अभीष्ट फल–कामना निहित रहती है– (कहीं–कहीं संक्षिप्त–रूप से मात्र ऋषि, छन्द व देवता का ही 'अभीष्ट फल–कामना सहित उल्लेख रहता है, यह भी मान्य है)। प्रस्तुत उक्त विनियोग (!) में 'अभीष्ट फल–कामना सहित 'विनियोग शब्द–सम्बोधन लुप्त है, किन्तु अन्य शब्दों में वृद्धि है– (देखें)। इसी–प्रकार पृष्ठ –१३५ में भी एक और अन्य विनियोग है, इन दोनों विनियोगों में से किसी एक में भी 'कवच' शब्द का उल्लेख नहीं हुआ, विशेषतः दूसरे विनियोग में।

● पुनः पृष्ठ–१३७ पर इसी कवच का ही एक अन्य और विनियोग आया है, जो कि एक मन्त्र का स्वरूप गृहण किए हुए है, किन्तु अन्त की पंक्ति में विनियोग का ही उच्चारण है! ऋषि, छन्द, देवतादि का उसमें उल्लेख ही नहीं हुआ! तब भी निर्देश में उसको विनियोग ही निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम व अन्तिम विनियोग यदि विनियोग ही है–(प्रथम विनियोग, विनियोग ही है, किन्तु है भ्रामक!) तो उनको ऋष्यादि–न्यास के लिए कैसे विभाजित करेंगे? क्योंकि किसी भी मन्त्र–स्तोत्र या कवच–पाठ से पूर्व यह न्यास करना आवश्यक है और यह न्यास विनियोग के आधार पर ही निर्मित हो, किया जाता है।

स्पष्ट तो यह है कि 'प्राचीन–प्रति के अनुसार ही' यह दोष प्रायः सभी ग्रन्थों–प्रतियों में प्रकाशित 'पञ्च–मुखी श्री हनुमन्त–कवच'–(जो कि संक्षिप्त है) में है, जिसको शुद्ध करने का प्रयास नहीं किया गया। तभी तो 'अद्भुत हनुमान्' व 'शत्रु–शमन' में भी उक्त ऐसा ही दोष व्याप्त है। 'शत्रु–शमन'–(पृष्ठ ६८–१०१) में इस कवच–विषय को 'श्री हनुमद् रहस्य' के समान ही, शब्दोशब्द–रूप में प्रस्तुत किया गया है--(अर्थात् उक्त दोष पर ध्यान न देकर, वैसे ग्रन्थ की लेखिका सौ० मृदुला त्रिवेदी जी ने इसी ग्रन्थ के पृष्ठ–२८४–६४ पर 'पक्षिराज–प्रयोग' विषय भी प्रस्तुत किया है। लेखिका महोदया ने इस विषय में अपूर्णता, भ्रान्ति–पूर्ण वाक्य–कथन व अनर्गल शीर्षकादि दोषों का समावेश किया है, जिसका उल्लेख विस्तार के साथ'श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप' के 'परिचय व प्रयोग–खण्ड' में सप्रमाण दिया गया है)। हाँ. .... 'अद्भुत–हनुमान'–(पृष्ठ – १०५–७) में उक्त प्रारम्भ के दोनों विनियोगों में अवश्य ही 'कवच' नाम का उल्लेख हुआ है, जो कि 'श्री हनुमद् रहस्य' व 'शत्रु–शमन' में नहीं! किन्तु तीसरे विनियोग के निर्देश में ध्यान कहा गया है। यह वही विनियोग है, जो एक मन्त्र का स्वरूप गृहण किये है, जिसमें ऋषि, छन्द, देवतादि किसी का भी उल्लेख नहीं हुआ। इस [illegible] से न तो यह ध्यान ही है, न मन्त्र और न ही विनियोग। प्रश्न यह भी उत्पन्न ह[illegible] है कि इस तीसरे विनियोग (!) को देने का क्या तात्पर्य है? आश्चर्य है कि 'प्राच्य–प्रकाशन'–(वाराणसी) से प्रकाशित 'मन्त्र–महार्णव'–(देवता–खण्ड, नवम–तरङ्ग, पृष्ठ – ५५२) में भी मन्त्र को विनियोग का ही स्वरूप दे भ्रामकता उत्पन्न की गई है (और वह सभी भ्रामकताएँ भी, जो उक्त ग्रन्थों में युक्त है)। सम्भवतः 'श्री हनुमद् रहस्य, 'अद्भुत–हनुमान्', 'शत्रु–शमन' आदि ग्रन्थों ने यह विषय 'मन्त्र–महार्णव' से ही उद्धृत कर गृहण किया हो, क्योंकि 'मन्त्र–महार्णव' नामक ग्रन्थ का प्रकाशन बहुत वर्षों पूर्व का है–(यह ग्रन्थ 'खेमराज श्री कृष्ण–दास' श्री वेङ्कटेश्वर–प्रेस–(मुम्बई) से भी प्रकाशित है) वैसे उक्त ग्रन्थों के अनुसार ही –– इसी कवच को –(एक–मुखी श्री हनुमन्त–कवच सहित) प्रसिद्ध धूप 'हरि–दर्शन' के प्रकाशन–मन्दिर–(दिल्ली) ने भी कुछ समय पूर्व प्रकाशित किया, जिसके सम्पादक कोई डॉ० आर०पी० दास हैं। इन प्रस्तुत–कर्ता महोदय ने इस कवच को अपनी विचित्र सम्पादन–शैली के द्वारा और भी अधिक अर्थ–हीन, भ्रामक–रूप में प्रस्तुत कर दिखाया है। इन महोदय ने इस कवच के विनियोग–(पृष्ठ–४ वही, भ्रान्ति–युक्त!) में आए **'अस्त्राय–फट्'** में **'फट्'** को 'शाबर मन्त्र–बीज' कह

अपनी विद्वता का परिचय प्रारम्भ में ही प्रस्तुत–प्रमाणित कर दिखाया है। इस प्रति में आगे भी ऐसे ही कई प्रमाण हैं, जिनको अब यहाँ देना, स्वयं भी भ्रमित हो जाने के प्रमाण तुल्य होगा। अस्तु.......

● प्रथम विनियोग पञ्च–मुखी श्री हनुमन्त मन्त्र–विधान व दूसरा विनियोग कवच का है (जो शुद्ध–क्रम है)। किन्तु कहीं–कहीं प्रारम्भ का विनियोग ही कवच का और कहीं प्रथम विनियोगादि विषय–क्रम को त्याज्य कर, दूसरे विनियोग से आरम्भ हो पञ्च–मुखी श्री हनुमन्त–मन्त्र या स्तोत्र–विधान के नाम से प्रचलित है और कहीं प्रथम विनियोगादि के अन्तर्गत मन्त्र को दूसरे विनियोगादि मन्त्र–क्रम में अर्थात् एक–दूसरे में स्थान परिवर्तन होते भी प्रकाशित प्रतियों में देखा गया है। यह एक ऐसा संयुक्ति–करण साधन–विषय है–(वह भी अपूर्ण), जिसमें भ्रामकता ही उत्पन्न होती है और निर्णय करना कठिन हो जाता है कि मन्त्र–विधान व कवच–विधान कहाँ से आरम्भवत रूप में है?

स्पष्टीकरण

'फट्' शब्द **'तन्त्र–साधना'** में एक **'अस्त्र–बीज'** है। इसके द्वारा **'अस्त्र–क्रिया'** की जाती है। **'अस्त्र'** शब्द **'अस्'** और **'त्र'** धातुओं से बना है, जिसका अर्थ है फेंकना या जलाना। इसके द्वारा साधक आध्यात्मिक, आधि–दैविक और आधि–भौतिक––– इन तीनों प्रकार के तापों को दूर फेंककर ज्ञानाग्नि में जलाकर भस्म करने की भावना करता है। व्यवहारिक दृष्टि–कोण से **'अस्त्र'** शब्द के अर्थ से जन–साधारण परिचित है ही। अस्त्र–युक्त व्यक्ति रक्षित रहता है, अस्त्र व्यक्ति की रक्षा करता है या शत्रु का संहार करता है–(वह **'अस्त्र'** जिसे फेंक कर या भेजकर शत्रु पर चलाया जाता हो, जैसे बाण–(जो मन्त्र–पूरित भी हो सकते हैं, शक्ति या शत्रु द्वारा फेंके गए अस्त्र–शस्त्रों को रोकने वाला अस्त्र, जैसे ढाल)। अतः **'प्रायोगिक–दृष्टि'** से इसी–कारण **'तन्त्र–साधना'** में इस **'फट्'** अर्थात् **'अस्त्र–बीज'** का प्रयोग न्यास व दिग्बन्धन–क्रिया में किया जाता है, जिसमें यहाँ **'अस्त्र–मुद्रा'** का प्रदर्शन भी होता है। इस विधि–क्रिया में **'अस्त्राय फट्'** या **'फट्'** का उच्चारण विभिन्न विघ्नों का नाश कर साधक की रक्षा करता है–(क्योंकि 'फट्' एक **'अस्त्र–बीज'** है, जो संहारक है–इसलिए)। प्रकट व गुप्त शत्रु के प्रति 'अभिचार–कर्म–प्रयोग–(संहारक–क्रिया) से सम्बन्धित मन्त्रों में **'स्वाहा'** के स्थान पर **'फट्'** का ही उच्चारण होता है––– **स्वाहाकार स्थाने फडित्याभिचारे।** **'फट्'** एक विशेष प्रधान ध्वनि–मय शब्द है, जिसके उच्चारण से अन्तरिक्ष–वायु–मण्डल में तीव्र–स्फोटक तरङ्ग–मय गति का सञ्चार उत्पन्न होता है। विशेष–रूप से यह **'अस्त्र–बीज'** उग्र व घोर ध्वनि प्रधानात्मक मन्त्रों के मध्य अथवा अन्त में घाताघात–क्रिया के बोधन–हेतु संयुक्त किया जाता है।

प्रस्तुत पञ्च–मुख श्री हनुमत् कवच मेरे व्यक्तिगत–पुस्तकालय के प्राचीन **'हस्त–लिखित'** ग्रन्थ से प्रेषित है। इस कवच की मूल **'हस्त–लिखित'** प्रति अत्यन्त प्राचीन एवं जीर्ण–क्षीर्णावस्था में थी। उसको अध्ययन कर प्रति–लिपि रूप में तैयार किया गया। इस हस्तलिखित प्रति में **'हनुमन्त–प्रत्यङ्गिरा'** भी लिपिबद्ध थी, किन्तु समय के प्रभाव से दोनों ही विषय अपनी मौलिकता नष्ट कर बैठे। क्योंकि हस्त–स्पर्श से ही पत्र–टूटने लगते थे। बड़ी कठिनाई से मात्र कवच को ही अध्ययन–पूर्वक उसकी प्रति–लिपि रूप पूर्ण किया गया।

।। कवच ।।

विनियोग

ॐ अस्य श्री पञ्च–––मुख वीर–––हनुमन्त कवच–––स्तोत्र–––मन्त्रस्य, ब्रह्मा–––ऋषिः, गायत्री–––छन्दः, पञ्च–––मुखी श्री वीर–––हनुमान् देवता, रां बीजं, मं शक्तिः, चन्द्र कीलकं, पञ्चमुखान्तर्गत श्री वीर हनुमन्त कृपा–––प्रसाद प्राप्त्यर्थे कवच–––पाठे विनियोगः।

ऋष्यादि–––न्यास

ॐ श्री ब्रह्मा–––ऋषये नमः–––शिरसि। गायत्री–––छन्दसे नमः–––मुखे। पञ्च–––मुखी श्री वीर–––हनुमान् देवतायै नमः–––हृदये। रां बीजाय नमः–––गुह्ये। मं शक्तये नमः–––पादयोः। चन्द्र कीलकाय नमः–––नाभौ। पञ्चमुखान्तर्गत श्री हनुमन्त कृपा–––प्रसाद प्राप्त्यर्थे कवच–––पाठे विनियोगाय नमः–––सर्वाङ्गे।

कर–––न्यास

ॐ रां–––अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ रीं–––तर्जनीभ्यां नमः। ॐ रूं–––मध्यमाभ्यां नमः। ॐ रैं–––अनामिका नमः। ॐ रौं–––कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ रः–––करतल–––कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि षडाङ्ग–––न्यास

ॐ रां–––हृदयाय नमः। ॐ रीं–––शिरसे स्वाहा। ॐ रूं–––शिखायै वषट्। ॐ रैं––– कवचाय हुं। ॐ रौं–––नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ रः–––अस्त्राय फट्।

दिग्बन्धन

ॐ भूर्भुव स्वः ॐ कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं णं तं थं दं

धं नं पं फं बं भं मं यं रं लं वं शं षं सं हं ल क्षं स्वाहा–(दशो दिशाओं में दृष्टिपात करते हुए अपने चारों ओर तीन चुटकी बजाएँ तथा 'अस्त्र–मुद्रा' निर्मित कर बाएँ हाथ की हथेली पर तीन ताली बजाएँ)।

ध्यान

वन्दे वानर–नारसिंह–खगराट् क्रोडाश्ववक्त्रान्वितम्।
दिव्यालङ्करणं त्रिपञ्च–नयनं दैदीप्यमानं ऋचा।।
हस्ताब्जैरसिखेट–पुस्तकं सुधा–कुम्भ अङ्कुशादीन्हलान्।
खट्वाङ्गं फणिभूरुहं दश–भुजं सर्वारिदर्पापहम्।।
पञ्च–वक्त्रं महा–भीमं त्रिपञ्च–नयनैर्युतम्।
दशभिर्बाहुभिर्युक्तं सर्व–कामार्थ सिद्धिदम्।।

पूर्व–दिशा को मुख–

पूर्वे तु वानरं वक्त्रं कोटि–सूर्य–समप्रभम्।
दष्ट्रा–कराल–वदनं भृकुटी–कुटीलेक्षणम्।।

दक्षिण–दिशा को मुख –

अस्यैव दक्षिणे वक्त्र नारसिंहं महादभुतम्।
अत्युग्र तेजो–ज्वलितं भीषणं भय–नाशनम्।।

पश्चिम–दिशा को मुख –

पश्चिमे गारूडं वक्त्रं वज्र–तुण्ड महा–बलम्।
सर्व–नाग–प्रशमनं विष–भूतादि कृन्तनम्।।

उत्तर–दिशा को मुख –

उत्तरे सूकरं वक्त्रं कृष्णादित्य महोज्वलम्।
पाताल–सिद्धिदं नृणां ज्वर–रोगादि नाशनम्।।

ऊर्ध्व–दिशा को मुख –

ऊर्ध्वं हयाननं घोरं दानवान्तकरं परम्।
येन वक्त्रेण विपेन्द्र सर्व–विद्याविनिर्ययु।।
एतत्पञ्च–मुखं तस्य ध्यायत्तोम् भयङ्करम्।।

।। आयुधादि ध्यान ।।

खड्गं त्रिशूलं खट्वाङ्गं पाशाङ्कुश–पर्वतम्।
खेटांसीनिपुस्तं च सुधा–कुम्भ–कलं तथा।।
एतान्यायुध जातानि धारयन्तं भजामहे।
प्रेतासनोपविष्ठं तु दिव्याभरण–भूषितम्।
दिव्य–मालाम्बर–धरं दिव्य–गन्धानुलेपनम्।।
सर्वेश्वर्यमयं देवमनन्तं विश्वतो मुखम्।
एवं ध्यायेत् पञ्च–मुखं सर्व–काम फल–प्रदम्।।
पञ्चास्यमच्युतमनेक विचित्र–वीर्यम्।
श्री शङ्ख चक्र रमणीय भुजाग्र–देशम्।।
पीताम्बरं मुकुटं कुण्डलं नूपुराङ्गम्।
उद्द्योतिं कपि–वरं हृदि भावयामि।।
चन्द्रार्द्ध चरणावरविन्द–युगलं कौपीन मौजी–धरम्।
नाभ्यां वैकटि–सूत्र–बद्ध–वसनं यज्ञोपवीतं शुभम्।।
हस्ताभ्यामवलम्ब्य चांचलि–पुटं हारावलिं कुण्डलम्।
बिभ्रद्वीर्य–शिखं प्रसन्न–वदनं विद्याजनेयं भजे।।
ॐ मर्कटेश महोत्साह सर्व–शोक–विनाशन।
शत्रून्संहार मां रक्ष श्रियं दापय मे प्रभो!।।

स्पष्टीकरण

पञ्च–मुख श्री हनुमन्त के ध्यान में जो प्रथम तीन श्लोक हैं, वह संयुक्त ध्यान हैं। तत्पश्चात् किस–किस दिशा में कौन–कौन सा मुख है, उसका ध्यान पृथक–पृथक आया है। तत्पश्चात् पञ्च–मुख श्री हनुमन्त के हाथों में कौन–कौन से आयुध हैं तथा वस्त्राभूषणादि क्या है, उनका उल्लेख आयुधादि–ध्यान के अन्तर्गत हुआ है।

मानस–पूजन

१. अधो–मुख कनिष्ठिकाङ्गुष्ठ से 'गन्ध–मुद्रा' दिखाते हुए —
ॐ लं पृथ्वी–तत्वात्मकं गन्ध पञ्च–मुख श्री वीर हनुमन्त–देवता प्रीतये परि–कल्पयामि नमः।

२. अधो–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से 'पुष्प–मुद्रा' दिखाते हुए —
ॐ हं आकाश–तत्वात्मकं पुष्पं पञ्च–मुख श्री वीर हनुमन्त–देवता प्रीतये समर्पयामि नमः।

३. ऊर्ध्व–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से 'धूप–मुद्रा' दिखाते हुए —
ॐ यं वायु–तत्वात्मकं धूपं पञ्च–मुख श्री वीर हनुमन्त–देवता प्रीतये घ्रापयामि नमः।

४. ऊर्ध्व–मुख मध्यमाङ्गुष्ठ से 'दीप–मुद्रा' दिखाते हुए —
ॐ रं अग्नि–तत्वात्मकं दीपं पञ्च–मुख श्री वीर हनुमन्त–देवता प्रीतये दर्शयामि नमः।

५. ऊर्ध्व–मुख अनामिकाङ्गुष्ठ से 'नैवेद्य–मुद्रा' दिखाते हुए —
ॐ वं जल–तत्वात्मकं नैवेद्यं पञ्च–मुख श्री वीर हनुमन्त–देवता प्रीतये निवेदयामि नमः।

६. ऊर्ध्वं –मुख सर्वाङ्गुलियो से 'ताम्बूल–मुद्रा' दिखाते हुए —
ॐ सं सर्व–तत्वात्मकं ताम्बूलं पञ्च–मुख श्री वीर हनुमन्त–देवता प्रीतये कल्पयामि नमः।

पञ्च–मुख श्री हनुमत् के पृथक–पृथक मुखों के गायत्री–मन्त्र सहित मन्त्र का पाठ —

ॐ पूर्व–दिशायां श्री कपि–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः। ॐ राम–दूताय विद्महे पवन–पुत्राय धीमहि तन्नो वीरः प्रचोदयात्। ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट्। ॐ वं वं वं वं वं हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ पञ्च–वदनाय पूर्वे कपि–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः।

ॐ दक्षिण–दिशायां श्री नारसिंह–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः। ॐ व्रज–नखाय तीक्ष्ण–दंष्ट्राय च धीमहि तन्नो नारसिंहः प्रचोदयात्। ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट्। ॐ फं फं फं फं फं हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ पञ्च–वदनाय दक्षिणे श्री नारसिंह–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः।

ॐ पश्चिम–दिशायां श्री गरुड़–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः। ॐ वीनता सुताय विद्महे सुवर्ण–पक्षाय च धीमहि तन्नो गरुडः प्रचोदयात्। ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट्। ॐ खं खं खं खं खं हुं फट् घे घे घे मारणाय स्वाहा। ॐ पञ्च–वदनाय पश्चिमे श्री गरुड़–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः।

ॐ उत्तर–दिशायां श्री वराह–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः। ॐ नारायणाय विद्महे विष्णु–स्वरूपाय च धीमहि तन्नो वराहः प्रचोदयात्। ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट्। ॐ ठं ठं ठं ठं ठं हुं फट् घे घे घे स्तम्भनाय स्वाहा। ॐ पञ्च–वन्दनाय उत्तरे श्री वराह–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः।

ॐ ऊर्ध्व–दिशायां श्री अश्व–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः। ॐ वागीश्वराय विद्महे हयग्रीवाय च धीमहि तन्नो हंसः प्रचोदयात्। ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट्। ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ हुं फट् घे घे घे आकर्षण–सकल–सम्पत्कराय स्वाहा। ॐ पञ्च–वदनाय ऊर्ध्वे श्री अश्व–मुखाय श्री वीर–हनुमते नमः।

दिशान्तर्गत श्री पञ्च–मुख श्री हनुमत् के पृथक–पृथक मुख के मन्त्र का पाठ—

ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते पञ्च–वदनाय पूर्वे श्री कपि–मुखाय ॐ नमो श्री वीर–हनुमते ॐ ठं ठं ठं ठं ठं सकल–शत्रु विनाशनाय सर्व शत्रु–संहारणाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते पञ्च–वदनाय दक्षिणे कराल–वदन श्री नारसिंह–मुखाय ॐ नमो श्री वीर–हनुमते ॐ हं हं हं हं हं सकल–भूत–प्रेत–दमनाय ब्रह्म–हत्या समंध बाधा निवारणाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते पञ्च–वदनाय पश्चिमे श्री वीर–गरूड़–मुखाय ॐ नमो श्री वीर–हनुमते ॐ मं मं मं मं मं महा–रुद्राय सकल रोग–विष–हरणाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते पञ्च–वदनाय उत्तरे श्री आदि वराह–मुखाय ॐ नमो श्री वीर–हनुमते ॐ लं लं लं लं लं लक्ष्मण प्राण–दात्रे, लङ्का–पुरी दाहनाय सकल–सम्पत–कराय पुत्र–पौत्राद्यभि वृद्धि–कराय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ हरि–मर्कट महा–मर्कटाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते पञ्च–वदनाय ऊर्ध्व–दिशे श्री अश्व–मुखाय श्री नमो श्री वीर–हनुमते ॐ रूं रूं रूं रूं रूं रुद्र–मूर्तये वेद–विद्या–स्वरूपिणे सकल–लोक–कारणाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

।। कवच माला–मन्त्र पाठ ।।

ॐ नमो भगवते आञ्जेनाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते प्रबल–पराक्रमाय आक्रान्ताय सकल–दिग्मण्डलाय, शोभितानयाय, धवलीकृताय, जगत्त्रयाय, वज्र–देहाय, रुद्रावताराय, लङ्का–पुरी दाहनाय, उदधिलङ्घनाय, सेतु–बन्धनाय, दश–कण्ठ–शिराक्रान्ताय, सीताऽऽश्वासनाय, अनन्त–कोटि–ब्रह्माण्ड–नायकाय, महा–बलाय, वायु–पुत्राय, अञ्जनी–देवी गर्भ–सम्भूताय, श्री राम लक्ष्मणानन्दकराय, कपि–सैन्य प्रिय–कराय, सुग्रीव सहायकारण कार्य–साधकाय, पर्वतोत्पातनाय, कुमार–ब्रह्मचारिणे, गम्भीर–शब्दोदयाय ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्व–दुष्ट–ग्रह–निवारणाय, सर्व–रोग ज्वरोच्चाटनाय, डाकिनी–शाकिनी–विध्वंसनाय ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते महा–बलाय, सर्व–दोष निवारणाय, सर्व–दुष्ट–ग्रह–रोगानुच्चाटनाय, सर्व–भूत–मण्डल, प्रेत–मण्डल, सर्व–पिशाच मण्डलादि सर्व–दुष्ट–मण्डलोच्चाटनाय–उच्चाटनाय ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते सर्व–भूत ज्वरं, सर्व–प्रेत–ज्वरं, एकाहिक–ज्वरं, द्वाहिक–ज्वरं, त्र्याहिक–ज्वरं, चातुर्थिक–ज्वरं, संतप्त–विषम ज्वरं, गुप्त–ज्वरं, ताप–ज्वरं, शीत–ज्वरं, माहेश्वरी–ज्वरं, वैष्णवी ज्वरादि सर्व–ज्वरान् छिन्दि–छिन्दि, भिन्दि–भिन्दि यक्ष–राक्षसान् भूत–प्रेत–वेताल–पिशाचन् उच्चाटोच्चाटय ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः आहो–आहो असई–असई एहि–एहि ॐ ओहो ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते पवनात्मजाय डाकिनी–शाकिनी–लाकिनी–काकिनी–साकिनी–हाकिनी पर–प्रभाव चूर्णय–चूर्णय त्रोट्य–त्रोट्य, उच्चाटय–उच्चाटय ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते सिंह–शार्दूल –व्याघ्र–गण्ड–भैरूण्ड पुरूषामृगाणां आसानिर्वासिनो आक्रमणं कुरू–कुरू, सर्व–रोगान् निवारय–निवारय, हरय–हरय, आक्रोशय–आक्रोशय, सर्व–शत्रून् मर्दय–मर्दय, उन्माद भयं छिन्दि–छिन्दि, भिन्दि–भिन्दि, विषादय–विषादय, मारय–मारय, शोषय–शोषय, मोहय–मोहय, ज्वालय–ज्वालय, प्रहराय–प्रहराय, मम सकल–रोगान् छेदय–छेदय ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते सर्व–रोग दुष्ट–ग्रहान् उच्चाटय–उच्चाटय पर–बलान् क्षोभय–क्षोभय सर्व–कार्याणि साधय–साधय, शृङ्खला–बन्धनं मोक्षय–मोक्षय, कारागृहादिभ्यः मोचय–मोचय, शिर–शूल, कर्ण–शूल, अक्षि–शूल, कुक्षि–शूल, पार्श्व–शूलादि महा–रोगान् निवारय–निवारय, सर्व–शत्रु कुलं संहारय–संहारय, नाग–पाशं काट्य–काट्य निर्मूलय–निर्मूलय ॐ अनन्त–वासुकि–तक्षक–कर्कोटकालीय– कुलिक– पद्म–महापद्म–कुमुद, जलचर, रात्रिचर, दिवाचरादि सर्व–विषं निर्विषं कुरू, निर्विषं–कुरू, सर्व रोगनिवारणं कुरू, निवारणं कुरू, सर्व–वश्यं कुरू, वश्यं–करू, सर्व–दुष्ट–जन मुख–स्तम्भनं कुरू, स्तम्भनं कुरू, सर्वराज–भयं, चोर भयं, अग्नि–भयं प्रशमनं कुरू, प्रशमनं कुरू, सर्व पर–यन्त्र, पर–मन्त्र, पर–तन्त्र, पर–विद्या प्रकाट्य–प्रकाट्य छेद्य–छेदय, सन्त्रासय–सन्त्रासय, मम सर्व–विद्या प्रकटय–प्रकटय, पोषय–पोषय, सर्वारिष्टं शमय–शमय मम सर्व–शत्रून् प्रहारय–प्रहारय, मर्दय–मर्दय, संहारय–संहारय, तापय–तापय, सर्व–रोग पिशाच–बाधान् निवारय–निवारय, विष–बाधा निवारय–निवारय, असाध्य–कार्य साधय–साधय ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा।

ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महा–बलाय हुं फट् घे घे घे स्वाहा। ॐ नमो भगवते श्री वीर–हनुमते अभीष्ट वर.पद्रदायकाय मम सर्वाभीष्ट सर्व–सम्पद्रक्षणाय ॐ जं जं जं जं जं जगज्जीवनाय हुं फट् ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे स्वाहा। ॐ श्री कपि–मुखाय नमः। ॐ श्री नरसिंहमुखाय नमः। ॐ श्री गरुड–मुखाय नमः। ॐ श्री वराह–मुखाय नमः। ॐ श्री अश्व–मुखाय नमः। ॐ पञ्च मुख श्री वीर–हनुमते नमः।

।। फल-श्रुति ।।

यं इदं कवचं नित्यं यः पठेत्प्रयतो नरः।
एक–वारं पठेन्नित्यं सर्व–शत्रु निवारणम्।।
द्विवारं तु पठेन्नित्यं सर्व–शत्रु वशीकरम्।
त्रिवारं तु पठेन्नित्यं सर्व–सम्पत्करं शुभम्।।
चतुर्वारं पठेन्नित्यं सर्व–रोग निवारणम्।
पञ्च–वारं पठेन्नित्यं पुत्र–पौत्र प्रवर्धनम्।।
षड्वारं पठेन्नित्यं सर्व–देव वशीकरम्।
सप्त–वारं पठेन्नित्यं सर्व–सौभाग्य दायकम्।।
अष्ट–वारं पठेन्नित्यं इष्ट–कामार्थ सिद्धिदम्।
नव–वारं सप्रकेन सर्व–राज्य–भोग समन्वितम्।।
दशवारं सप्तकेन् त्रैलोक्य–ज्ञान दर्शनम्।

एकादश–वारं पठणात् इमं मन्त्र त्रिसप्तकम्।।
स्वजनैहतु समायुक्तो त्रैलोक्य विजयी भवेत्।

सर्व–रोगान् सर्व–बाधान् सर्व–भूत–प्रेत–पिशाच ब्रह्म–राक्षस वेताल ब्रह्म–हत्यादि सम्बन्ध सकल बाधान् निवारय–निवारय दूरय–दूरय ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः हुं फट् घे घे घे स्वाहा। कवच स्मरण व महा–फलमवाप्तुयात्। पूजा–काले पठेद्यस्तु सर्व–कार्यार्थ सिद्धिदम्।

।।इति श्री सुदर्शन–संहितायां रुद्र–यामले अथर्वण–रहस्यं सीताराम मनोहर पञ्च–मुखी श्री वीर–हनुमत् कवच–स्तोत्रं सम्पूर्णम्।।

कुछ विशेष क्रियाएँ

।। हनुमन्त कृपा-प्राप्ति प्रयोग ।।

पुष्य नक्षत्र में गाय का गोबर हाथ में पात्र में उठाकर लायें, फिर ७ तालाब की मिट्टी मिलाकर उसमें केशर, लाल–चन्दन मिलाकर अङ्गुष्ठमय हनुमान् जी की प्रतिमा वनाले प्राण–प्रतिष्ठा करके एक डिबिया में रखकर सिन्दूर का चोला चढ़ावें। पूजन करके हनुमान चालीसा का १०८ बार पाठ करें। ४० दिन का प्रयोग है, इन दिवसों के अन्तर्गत श्री हनुमान् जी की कृपा व चमत्कार प्रत्यक्ष प्रकट होने लगते हैं।

।। भैरव कृपा-प्राप्ति-प्रयोग ।।

कुछ (थोड़ी) सौंफ, लौंग इलायची पीस कर एक सेर आटे में मिला दें। पाव भर शक्कर का घोल इतना ही पानी में बनावें ताकि आसानी से आटा गूंदा जा सके। एक रोटी ही बनावें। उसे भली प्रकार झाड़–पौंछ कर तेल से चोपड़ दें। बीच में सिन्दूर की टीकी लगा देवें। बीच में से दी हुई टीकी से कुछ दूरी पर गोलाकार टुकड़ा काटें। इस टुकड़े को बीच से काट कर दो बराबर भाग बनावें, जैसे (नींबू के दो भाग करते हैं)। फिर उनको वापस जोड़कर रोटी के बीच में बराबर रख देवें तथा भैरव जी के भोग रखें, धूप–दीप करें। भोग के पश्चात् बीच के गोल टुकड़े के ऊपर का हिस्सा टीका लगा हुआ वाले कुत्ते को देवें तथा नीचे का टुकड़ा किसी कुएँ में डाल देवें। बची हुई रोटी के टुकड़े करके अन्य कुत्तों को डाल देवें। उसमें से एक टुकड़ा घर लाकर अलग से थैले में रख देवें।

इस क्रिया के फल–स्वरूप श्री भैरव जी की कृपा से असाध्य कार्य सिद्ध होता है। इस क्रिया को कार्य सिद्धि के लिए ही करें– अन्यथा नहीं।

।। कामनापूर्ति काली-विधान ।।

एक डिब्बी में अधखिला गुड़हल अथवा नीली अपराजिता का पुष्प रखकर उसको माँ आद्या का स्वरूप मानते हुए पूजन करें तथा **ॐ ह्रीं श्रीं क्रीं स्वाहा** का १०८ बार जप करें। तत्पश्चात् ककारादि काली–सहस्रनाम का एक पाठ करें –– ११ दिन तक। हर स्थिति–परिस्थिति में भगवती की कृपा से साधक की मनोकामना पूरी होगी।

।। अति-शीघ्र धन-प्राप्ति हेतु शाबर-प्रयोग।।

मन्त्र

ग्लोड प्लाड धिन् धिन् सुड धेबिसन धनचर विक्रट रहा
ब्लैण्ड हबतायै, ॐ महारुद्राय नमः।

विधान

यह एक कपालिक मन्त्र है। पहले इस मन्त्र का ११ माला जप करें। पश्चात् कमलगट्टे के बीजों को गोघृत में डुबोकर उक्त मन्त्र के जप के दशांस संख्या का हवन् करें। कुल ११ दिन करें। समय निश्चित हो। ६–७ दिनों के अन्तर्गत ही धन–प्राप्ति होने लगती है। जितना आवश्यक है, उसी के अनुकूल धन–प्राप्ति के योग बनने लगते हैं। प्रयोग किसी भी शुभ दिन पर आरम्भ किया जाये। विधानक्रम २१ दिन में पूर्ण करें।

प्रस्तुत साधना–विधान विषयों के अध्यनोपरान्त कुछ पाठकों व जिज्ञासु साधकों को यदि कहीं कोई त्रुटि दृष्टि–गोचर हो अथवा कोई शङ्का प्रतीत हो, तो मुझ अकिञ्चन–अल्पज्ञ को अवश्य ही अवगत कराने की कृपा करें। यदि त्रुटि है, तो उस त्रुटि को अवश्य ही दूर किया जायेगा तथा शङ्का का निवारण भी अवश्य होगा।

सम्वत् २०६२ के **'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग'** में **'दुर्लभ–स्तोत्र, मन्त्र–विधान'** के अन्तर्गत प्रकाशित साधना विधान–विषयों में कुछ त्रुटियाँ हो गयी थी, कृपया उनको निम्न–प्रकार से शुद्ध करने का कष्ट करें, यथा––

'चित्र–माला–मन्त्र', पृष्ठ–१५३ में ऋष्यादि–न्यास में **'श्री आकाश–भैरव–देवतायै नमः हृदये'** मुद्रित होना छूट गया था, इसका पाठ–न्यास **गायत्री–छन्दसे नमः मुखे** के पश्चात् संयुक्त कर लें। पृष्ठ–१६४ **'वीर–गोपाल–कवच'** की पंक्ति–६ में **'श्रृब्ला'** के स्थान पर **'श्रृङ्खला'** तथा पृष्ठ–१६६ **'श्री तुलसी–आराधना'** के श्लोक–पाठ में **'वन्दा'** के स्थान पर शुद्ध **'वृन्दा'** पाठ कर लें।

इसी–प्रकार गत–सम्वत्–२०६३ के अङ्क में **'मुहूर्त–मुक्तावलि'** विषय के

अन्तर्गत पृष्ठ–१५४, श्लोक–१८ के अनुवाद में भी शब्द–त्रुटियाँ हो गई थी, कृपया उनको शुद्ध करने का कष्ट करें, यथा––

पृष्ठ–१५४, श्लोक–१८ के अनुवाद की प्रथम पंक्ति के उत्तरार्ध में **स्वाती–(शाक्र–इन्द्र)** अशुद्ध है, इसका शुद्ध क्रम–पाठ **स्वाती–(मरुत), ज्येष्ठा–(शाक्र)** है।

यहाँ इस बार यह स्पष्ट कर दें कि साधना–विषय के मार्ग–दर्शन–**(इष्ट–देवता चयन)** सहित कुछ व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के निवारण में मार्ग–दर्शन की इच्छा रखते हैं। उनसे यही प्रार्थना है कि इस हेतु वे अपनी जन्म–पत्रिका **'डाक–द्वारा'** प्रेषित करने की कृपा करें, जिससे जन्म–पत्रिका के अध्ययनोपरांत ही उचित मार्ग–दर्शन किया जा सके।

प्रिय पाठकों व जिज्ञासु साधकों, आगामी सम्वत्–२०६५ के **'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग'** में **'दुर्लभ–स्तोत्र, मन्त्र–विधान'** के अन्तर्गत विस्तृत परिचय व लेख के साथ श्री कार्त्तवीर्यार्जुन के साधना–विषय को प्रस्तुत किया जायेगा, जो विशेष पठनीय व साधनोपयोगी हो... साथ ही **'आसुरी–दुर्गा महा–कल्प'** व **'घण्टाकर्ण–कल्प'** का भी प्रस्तुतिकरण ह... सभी विषय अति–दुर्लभ व गोपनीय हैं, जो सामान्य साधक की खोज–दृष्टि से दूर ...हे हैं। साधना विषयक लुप्त प्रायः विषयों का संरक्षण हो तथा साधना क्षेत्र के अन्तर्गत इन विषयों का लाभ जन–साधारण तक पहुँचे, इसी हेतु मैं इन साधना–विषयों को प्रस्तुत–प्रकाशित करने का कारण मानता हूँ, जिसके प्रेरणा स्रोत आप सभी स्नेही पाठकजन व जिज्ञासु–साधक हैं। प्रस्तुत विषयों के सम्बन्ध में इस अल्पज्ञ, अकिञ्चन लेखक को आप सभी की टिप्पणियाँ–सम्मतियाँ अपेक्षित रहेंगी।

आपका स्नेहाकाँक्षी –
पं० भूपेन्द्र दत्त शर्मा
'ज्योर्तिविद'

सम्पर्क सूत्र –
पं० भूपेन्द्र दत्त शर्मा
'ज्योर्तिविद'
145–नया बाँस, नदी रोड,
मुजफ्फरनगर–(उ०प्र०) – 251 001
दूरभाष – (0131) 2451827, सचल – 09897185342, 09997025342

।। श्री बगला हृदय-स्तोत्रम् ।।

— यश प्रकाश

गत वर्षों के अनुभव से यह पाया कि सामान्य साधक महाविद्या से आकर्षित तो होते हैं, परन्तु अनेक भ्रम ग्रस्त भी रहते हैं, जिसका प्रमुख कारण उनके अनुभवी गुरू की कमी का होना है। गुरू महाविद्या साधक का होना ही अनिवार्य है। अध्यात्मिक गुरू से मक्सदपूर्ण नहीं होता जैसे गुरू कृपाचार्य व गुरू द्रोणाचार्य दोनों की अलग–अलग पहचान है। यहाँ पर स्थान अभाव वश अधिक नहीं लिखा जा सकता, परन्तु यह सलाह है कि पहले इस महाविद्या के बारे में अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें, केवल मूल ग्रन्थों को ही पढ़ें, तब अनुभवी साधक गुरू की तलाश करके इस साधना में अग्रसर हों।

यह तन्त्र–साधना है जो कि हम वेदाचार व तन्त्राचार से करते हैं, ताकि सामान्य जीवन में रहते हुए भी सम्पन्न कर पायें। अधिक कठोर नियम सामान्य अनुभवहीन साधक नहीं कर पाते और जल्दी फल सफलता न मिलने पर निराश हो जाते हैं। साधनालीन होने पर धैर्य भाव श्रद्धा महत्व है। इन सब से अधिक गुरू में विश्वास है। सामान्यतः पढ़े–लिखे साधक पुस्तकों के अनुसार अनुचरण करते हैं, परन्तु ये नहीं जानते कि अधिकतर पुस्तकें गैर साधकों के द्वारा लिखी गई हैं। हर लेखक साधक नहीं होता। यहाँ इस बार साधकों के लाभार्थ श्री बगलाहृदय स्तोत्र को प्रस्तुत किया जा रहा है, यह स्तोत्र 'सिद्धेश्वर–तन्त्र' के उत्तर–खण्ड से प्रेषित है तथा अत्यन्त प्रभावशाली है। साधकों को यही निर्देश है कि इसका पाठ–प्रयोग अच्छी प्रकार से समझकर, अपने श्री गुरुदेव की आज्ञा–निर्देश में प्रारम्भ करें। महाविद्या बगला के साधकों के लिए क्या–क्या नियम अपेक्षित हैं, यह सर्व–विदित है। सामान्य–रूप से साधक इस स्तोत्र को अपनी दैनिक साधना में सम्मिलित कर भगवती बगला का विशेष अनुग्रह प्राप्त कर सकता है। साधकों को यदि कहीं, कोई जिज्ञासा व शंका प्रकट हो, तो निःसङ्कोच पत्र व्यवहार अथवा दूरभाष से सम्पर्क कर अपनी जिज्ञासा व शंका का निवारण कर सकते हैं।

विनियोग

ॐ अस्य श्रीबगलामुखीहृदय–स्तोत्र मन्त्रस्य नारद ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीबगलामुखीदेवता, ह्ल्रीं बीजम्, क्लीं शक्तिः, ऐं कीलकम्, श्रीबगलामुखी प्रसाद सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

न्यासः

ॐ नारद ऋषये नमः शिरसि। ॐ अनुष्टुप्छन्दसे नमः मुखे। ॐ श्रीबगलामुख्यै देवतायै नमो हृदये। ॐ ह्ल्रीं बीजाय नमो गुह्ये। ॐ क्लीं शक्तये नमः पादयोः। ॐ ऐं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे।

कराङ्गन्यासः

ॐ ह्ल्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं तर्जनीभ्यां नमः। ॐ ऐं मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ह्ल्रीं अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादिन्यासः

ॐ ह्ल्रीं हृदयाय नमः। ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा। ॐ ऐं शिखायै वषट्। ॐ ह्ल्रीं कवचाय हुम्। ॐ क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ ऐं अस्त्राय फट्। ॐ ह्लीं क्लीं ऐ 'इति' दिग्बन्धः।

ध्यानम्

पीताम्बरां पीतमाल्यां पीताभरण – भूषिताम्।
पीतकज्पदद्वन्दां बगलाऽम्बां भजेऽहर्निशम्।।

प्रार्थना

पीत–शङ्ख–गदाहस्ते पीत–चन्दन–चर्चिते।
बगले ! मे वरं देहि शत्रुसङ्घ–विदारिणि ! ।।

प्रार्थना–मन्त्र

ॐ ह्लीं क्लीं ऐं बगलामुख्यै गदाधारिण्यै प्रेतासनाध्यासिन्यै स्वाहा। (११ बार)

।। पाठ ।।

वन्देऽहं बगलां देवीं पीत–भूषण–भूषिताम्।
तेजोरूपमयीं देवीं पीततेजः स्वरूपिणीम्।।
गदाभ्रमणभिन्नाभ्रां भृकुटी–भीषणाननाम्।
भीषयन्तीं भीमशत्रून् भजे भक्तस्य भव्यदाम्।।
पूर्णचन्द्रसमानास्यं पीतगन्धाऽनुलेपनाम्।
पीताम्बर–परीधानां पवित्रामाश्रयाम्यहम्।।
पालयन्तीमनुबलं प्रसमीक्ष्याऽवनीतले।
पीताचाररतां भक्तांस्तां भवानीं भजाम्यहम्।।
पीत–पद्म–पदद्वन्द्वां चम्पकारण्यरोपिणीम्।
पीतावतंसां परमां वन्दे पद्मज–वन्दिताम्।।
लसच्चारु शिञ्चत् – सुमञ्चीरपादां

चलत् – स्वर्णकर्णावतंसाञ्चितास्याम्।
चलत्पीत – चन्द्राननां चन्द्रवन्द्यां
भजे पद्मजादीडय – सत्पादपद्याम्।।
सुपीताभयामालया पूतमन्त्रं
परं ते जपन्तो जयं संलभन्ते।
रणे राग–रोषाप्लुतानां रिपूणां
विवादे बलाद् वैरकृद्धातमातः! ।।
भरत्पीत – भास्वत्प्रभाहस्कराभां
गदागञ्चितामित्रगर्वा गरिष्ठाम्।
गरीयो गुणागार – गात्रां गुणाढयां
गणेशादि–गम्यां श्रये निर्गुणाढयाम्।।
जना ये जपन्त्युग्रबीजं जगत्सु
परं प्रत्यहं ते स्मरन्तः स्वरूपम्।
भवेद् वादिनां वाङ् – मुख – स्तम्भ आद्ये
जयो जायते जल्पतामाशु तेषाम्।।
तव ध्याननिष्ठा प्रतिष्ठात्म – प्रज्ञा –
वतां पादपद्यार्चने प्रेमयुक्ताः।
प्रसन्ना नृपाः प्राकृताः पण्डिता वा
पुराणादिका दासतुल्या भवन्ति।।
नमामस्ते मातः ! कनक–कमनीयाऽङ्घ्रि–जलजं
बलद्–विद्युद्–वर्णघन–तिमिर–विध्वंसकरणम्
भवाब्धौ मग्नात्मोत्तरणकरणं सर्वशरणं
प्रपन्नानां मातर्जगति बगले! दुःखदमनम्।।
ज्वलज्जयोत्स्नारत्नाकर – मणिविषक्ताङ्ग्यभवनं
स्मरामस्ते धाम स्मर–हर–हरीन्द्रेदु– प्रमुखैः।
अहोरात्रं प्रातः प्रण्य–नवनीयं सुविशदं,
परं पीताकारं परिचित–मणिद्वीप–वसनम्।।
वदामस्ते मातः! श्रुतिसुखकरं नाम ललितं
लसन्मात्रावर्णां जगति बगलेति प्रचरितम्।
चलन्तस्तिष्ठन्तो वयमुपविशन्तोऽपि शयने
लभेमो यच्छेयो दिवि दुरवलभ्यं दिविषदाम्।।
पदर्च्चायां प्रीतिः प्रतिदिनमपूर्वा प्रभवतु
यथा ते प्रासन्नयं प्रतिपलमपेक्ष्यं प्रणमताम्।
अनल्पं तं मातर्भवति भृतभक्त्या भवतु नो
दिशातः सद्भक्तिं भुवि भगवतांभूरि–भवदाम्।।
मम सकलरिपूर्णां वाङ्मुखे स्तम्भयाशु
भगवति! रिपुजिह्वां कीलय प्रस्थतुल्याम्।
व्यवसित–खलबुद्धिं नाशयाऽऽशु प्रगल्भां
मम कुरू बहुकार्यं सत्कृपेऽम्ब! प्रसीद।।
व्रजन्तु मम रिपूणां सद्मनि प्रेतसंस्था
कर–धृत–गदया तां घातयित्वाऽऽशु रोषात्।
सधन–वसन–धान्यं सद्म तेषां प्रदह्य
पुनरपि बगला स्वस्थानमायातु शीघ्रम्।।
कर–धृत–रिपुजिह्वा – पीडन–व्यग्रहस्तां
पुनरपि गदया तांस्ताडयन्तीं सुतन्त्राम्।
प्रणत–सुरगणानां पालिकां पीतवस्त्रां
बहुबल–बगलां तां पीतवस्त्रां नमामः।।
हृदय–वचन–कायैः कुर्वतां भक्ति–पुञ्चं
प्रकटित–करुणार्द्रा प्रीणती जल्पतीति।
धनमथ बहुधान्यं पुत्र – पौत्रादि–वृद्धिः
सकलमपि किमेभ्यो देयमेवं त्ववश्यम्।।
तव चरण – सरोजं सर्वदा सेव्यमानं
द्रुहिण – हरि – हराद्यैर्देववृन्दैः शरण्यम्।
मृदुमपि शरणं ते शर्मदं सूरिसेव्यं
वयमिह करवामो मातरेतद् विधेयम्।।

ग्रहों के परस्पर अंशात्मक योग

संकेत चिन्ह :- सू. = सूर्य, चं. = चन्द्र, मं. = मंगल, बु. = बुध, गु. = गुरु, शु. = शुक्र, श. = शनि, ०° = युति या योग, ३०° = द्विर्द्वादश, दूसरा - बारहवाँ, ४५° = अर्द्धकेन्द्र, अष्टमांश, ६०° = त्रैकादश, तीसरा - ग्यारहवाँ, षष्टांश, षडष्टक, ९०° = केन्द्र, चौथा - दसवाँ, १२०° = नवम - पंचम, तृतीयांश, १३५° = अष्टमांश रहित प्रतियोग, १५०° = द्वादशांश रहित प्रतियोग, १८०° = प्रतियोग या समसप्तक, योग = अंशात्मक योग। ग्रहों के परस्पर विभिन्न योगों का समय भा. स्टे. टा. में घं. मि. में दिया गया है।

ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.
मार्च-२००७					
२०	चं.	३०	रा.	११	४७
"	चं.	४५	बु.	१३	३६
"	चं.	६०	मं.	१४	०४
"	चं.	१२०	श.	१७	४०
"	चं.	१२०	गु.	१७	५१
२१	चं.	३०	सू.	११	०८
"	चं.	४५	रा.	११	३४
"	चं.	६०	बु.	१५	०३
"	चं.	०	शु.	१७	४२
"	चं.	१३५	गु.	१७	५१
"	शु.	१३५	गु.	१९	१२
२२	चं.	६०	रा.	११	३९
"	च.	४५	सू.	१३	०३
"	चं.	९०	मं.	१६	४६
"	चं.	९०	श.	१७	१४
"	चं.	१५०	गु.	१८	११
२३	चं.	१८०	श.	०१	०५
"	चं.	६०	सू.	१५	३८
"	चं.	९०	बु.	१९	५२
"	चं.	६०	गु.	२१	३२
"	चं.	३०	शु.	२३	२६
२४	चं.	९०	रा.	१३	४०
"	चं.	६०	श.	१९	३४
"	चं.	१८०	गु.	२०	५५
"	चं.	१२०	मं.	२२	१३
२५	सू.	१३५	श.	००	२९
"	चं.	४५	शु.	०३	४४
"	चं.	४५	श.	२१	५९
"	चं.	९०	सू.	२३	४७

ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.
२६	चं.	१३५	मं.	०२	२६
"	चं.	१२०	बु.	०४	५५
"	चं.	६०	शु.	०१	१२
"	चं.	१२०	रा.	१८	५७
२७	चं.	३०	श.	०१	१८
"	चं.	१५०	गु.	०३	०४
"	चं.	१५०	मं.	०७	४५
"	चं.	१३५	बु.	११	२२
"	चं.	१३५	रा.	२२	५३
२८	चं.	१३५	गु.	०८	२८
"	चं.	१२०	सू.	१२	२४
"	चं.	१५०	बु.	१९	०३
"	चं.	९०	शु.	२३	३७
२९	चं.	१५०	रा.	०३	३६
"	चं.	०	श.	१०	२६
"	चं.	१२०	गु.	१२	३७
"	चं.	१३५	सू.	२०	१०
"	चं.	१८०	मं.	२१	१६
३०	शु.	६०	रा.	१५	०३
३१	चं.	१५०	सू.	०४	३९
"	चं.	१८०	बु.	१३	२६
"	चं.	१८०	रा.	१४	५०
"	चं.	१२०	शु.	१७	३४
"	चं.	३०	श.	२१	५८
अप्रैल-२००७					
१	चं.	९०	गु.	००	२९
"	बु.	०	रा.	०१	१९
"	सू.	४५	मं.	०४	५३
"	चं.	१५०	मं.	१३	२५
२	चं.	१३५	शु.	०३	१६

ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.
२	चं.	४५	श.	०४	१३
"	शु.	९०	श.	१२	३२
"	चं.	१३५	मं.	२१	५६
"	चं.	१८०	सू.	२२	४६
३	चं.	१५०	रा.	०३	१६
"	चं.	१५०	बु.	१०	०८
"	चं.	६०	श.	१०	३५
"	चं.	१५०	शु.	१३	०७
"	चं.	६०	गु.	१३	२१
"	बु.	१५०	शु.	१३	५०
"	शु.	१५०	गु.	१५	३१
४	चं.	१२०	मं.	०६	३०
"	चं.	१३५	रा.	०९	३४
"	बु.	९०	गु.	१२	४८
"	चं.	४५	गु.	१९	४७
"	चं.	१३५	बु.	२०	४५
५	सू.	३०	रा.	०२	१३
"	चं.	१२०	रा.	१५	४४
"	चं.	१५०	सू.	१७	०२
"	चं.	९०	श.	२३	०८
६	चं.	३०	गु.	०२	०२
"	चं.	१२०	बु.	०७	१४
"	चं.	१८०	शु.	०८	२६
"	चं.	९०	मं.	२३	०१
७	चं.	१३५	सू.	०१	४४
"	बु.	६०	शु.	२१	४१
८	चं.	९०	रा.	०३	०९
"	चं.	१२०	सू.	०९	५२
"	चं.	१२०	श.	१०	२९
"	चं.	०	गु.	१३	२६

ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.
८	सू.	१२०	श.	१७	२७
९	चं.	१५०	शु.	०१	४८
"	चं.	९०	बु.	०२	४६
"	चं.	६०	मं.	१३	२८
"	चं.	१३५	श.	१५	२०
१०	सू.	१२०	गु.	०५	३८
"	चं.	१३५	शु.	०९	११
"	चं.	६०	रा.	१२	१६
"	चं.	४५	मं.	१९	२६
"	चं.	१५०	श.	१९	२६
"	चं.	३०	गु.	२२	१३
"	चं.	९०	सू.	२३	३५
११	चं.	१२०	शु.	१५	२८
"	चं.	४५	रा.	१५	३९
"	चं.	६०	बु.	१८	३७
१२	चं.	३०	मं.	००	२२
"	चं.	४५	गु.	०१	२२
"	चं.	३०	रा.	१८	०९
१३	चं.	४५	बु.	००	४३
"	चं.	१८०	श.	०१	०२
"	बु.	१३५	श.	०३	१६
"	चं.	६०	गु.	०३	३८
"	चं.	६०	सू.	०१	००
१४	चं.	९०	शु.	००	३०
"	चं.	३०	बु.	०५	३८
"	चं.	०	मं.	०७	०३
"	चं.	४५	सू.	१२	०५
"	चं.	०	रा.	२०	३८
१५	बु.	३०	मं.	०२	०९
"	चं.	१५०	श.	०३	१४

ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.
१५	चं.	९०	गु.	०५	३८
"	चं.	३०	सू.	१४	१८
१६	चं.	१३५	श.	०३	२१
"	चं.	६०	शु.	०५	३५
"	चं.	३०	मं.	१०	१८
"	चं.	०	बु.	१२	३९
"	चं.	३०	रा.	२०	३६
१७	चं.	१२०	श.	०३	०५
"	चं.	१२०	गु.	०५	२०
"	चं.	४५	शु.	०७	१५
"	चं.	४५	मं.	११	१४
"	चं.	०	सू.	१७	०७
"	चं.	४५	रा.	२०	१०
१८	चं.	१३५	गु.	०४	५२
"	चं.	३०	शु.	०८	४८
"	चं.	६०	मं.	१२	०५
"	चं.	३०	बु.	१८	१४
"	चं.	३०	रा.	१९	४६
१९	चं.	९०	श.	०२	२३
"	चं.	१५०	गु.	०४	३३
"	बु.	३०	रा.	०६	२६
"	सू.	४५	रा.	१४	२१
"	चं.	३०	सू.	२०	०१
"	चं.	४५	बु.	२१	३२
२०	चं.	०	शु.	१२	५८
"	चं.	९०	मं.	१४	५६
"	चं.	९०	रा.	२०	०१
"	चं.	४५	सू.	२२	२०
२१	चं.	६०	बु.	०१	४८
"	चं.	६०	श.	०३	१६

ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.	ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.	ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.	ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.	ता.	ग्रह	योग	ग्रह	घं.	मि.
२१	चं.	१८०	गु.	०५	२२	२८	चं.	१३५	सू.	१२	१७	६	बु.	१५०	गु.	०४	५२	१३	चं.	४५	सू.	२०	०३	२१	मं.	१३५	श.	०२	१३
"	बु.	१२०	श.	१२	४१	"	शु.	१८०	गु.	१८	१५	"	चं.	१८०	शु.	१०	२१	१४	चं.	३०	रा.	०४	२६	"	चं.	१३५	रा.	०८	३२
२२	चं.	६०	सू.	०१	४०	२९	चं.	४५	श.	०१	५०	"	गु.	१२०	श.	१२	४३	"	चं.	१२०	गु.	१२	३१	"	चं.	६०	सू.	१३	१७
"	बु.	१२०	गु.	०४	१०	"	बु.	१३५	गु.	१०	३८	"	चं.	१३५	सू.	१५	५३	"	चं.	१२०	श.	१४	१३	"	बु.	६०	श.	१६	१९
"	चं.	४५	श.	०४	४९	"	चं.	१५०	बु.	११	२७	"	चं.	१३५	श.	२१	२४	"	चं.	४५	बु.	१८	३८	"	चं.	१३५	गु.	१६	४७
"	चं.	३०	शु.	२०	४९	"	चं.	१५०	सू.	२१	२९	७	चं.	१३५	बु.	००	५३	"	चं.	३०	सू.	२१	५७	"	चं.	४५	बु.	२१	२७
"	चं.	१२०	मं.	२१	१५	३०	चं.	१५०	रा.	०६	२६	"	चं.	६०	रा.	१५	३१	१५	चं.	४५	रा.	०४	२७	"	चं.	१२०	मं.	२१	५३
इजाराईल- कुम्भ लग्न के समय वर्ष प्रवेश होगा। लग्न का स्वामी रिपुभाव में वक्री होकर स्थित है अत: राष्ट्र विशेष से शत्रुता रहेगी तथा विरोधों एवं राष्ट्र विरोधी कार्रवाइयों का दृढ़तापूर्वक यह देश विरोध करेगा। धन स्थान का स्वामी केन्द्र में स्थित है तथा धनभाव में सप्तमेश रिपुभावेश के साथ स्थित है अत: आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी एवं लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। स्पर्धा में आगे उन्नति होगी। पराक्रमेश उच्च का द्वादश भाव में स्थित होने से अपनी दृढ़ नीति पर यह देश चलता रहेगा। चतुर्थ भाव का अधिपति तृतीय भाव में स्थित है इसके फलस्वरूप कृषि क्षेत्र एवं कुछ आवासीय क्षेत्रों की प्राकृतिक या अन्य कारणों से हानि सम्भव है किन्तु गुरु की चतुर्थभाव में दृष्टि होने से यह हानि अल्प होगी। पंचम भाव का अधिपति लग्न में स्थित है अत: विकास योजनाएं राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। शिक्षा एवं बाल विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन होगा। रिपुभावेश द्वितीय स्थान में स्थित है इससे राष्ट्र विशेष से सम्बन्धों में भारी गतिरोध होगा एवं रक्षा व्यय में भारी वृद्धि होगी। सप्तम भाव का अधिपति द्वितीय भाव में स्थित है अत: उद्योग व्यापार में वृद्धि होगी। अष्टमेश लग्न में है राजकोष की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। दशमभाव का अधिपति उच्च का होकर द्वादश भाव में है। इसके फलस्वरूप शासक की सत्ता पर पकड़ मजबूत रहेगी एवं विदेशों से सम्बन्धों में कुछ अपवादों को छोड़कर प्रगाढ़ता आयेगी तथा सैन्यशक्ति में वृद्धि होगी।

कनाडा- लग्नेश लग्न (तुला) को देख रहा है तथा द्वितीयेश चतुर्थ भाव में उच्च का होकर स्थित है इसके प्रभाववश राष्ट्र की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। आर्थिक सुदृढ़ता बढ़ेगी। पराक्रमेश द्वितीय भाव में स्थित है इससे राष्ट्रों से सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। चतुर्थेश चतुर्थ भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। अत: आवासीय क्षेत्र, कृषि क्षेत्र दोनों का ही विकास होगा एवं धनेश के चतुर्थ में उच्च का होने से आर्थिक समृद्धि होगी। पंचम भाव का स्वामी केन्द्र में स्थित है तथा पंचम भाव में राहु है अत: शिक्षा व तकनीक की दृष्टि से योजनाओं का अपेक्षित लाभ लोगों को नहीं मिलेगा। सप्तम स्थान का स्वामी उच्च का होकर केन्द्र में स्थित है अत: व्यापार वृद्धि व औद्योगिक विकास तेजी से व लाभप्रद होगा। तलाक के मामलों में एवं महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी किन्तु अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के लिए ग्रह स्थिति अनुकूल है। दशमाधिपति रिपुभाव में स्थित है इसके फलस्वरूप शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा तथा सत्ता पर पकड़ कमजोर होगी।

जर्मनी- धनु लग्न के समय वर्ष प्रवेश होगा। लग्नाधिपति व्यय भाव में स्थित है तथा प्लूटों लग्न में है। द्वितीय भाव में द्वादशेश मंगल उच्च का होकर स्थित है अत: यह राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में दृढ़ता का परिचय देगा। तृतीय भाव में राहु एवं बुध के स्थित होने से शोधपूर्ण विकास, संचार व्यवस्था में उन्नति होगी। किसी राष्ट्र विशेष से सम्बन्धों में गतिरोध उत्पन्न होगा। सुखभाव का स्वामी व्यय भाव में स्थित है एवं अष्टमेश भी चतुर्थभाव में स्थित है इसके फलस्वरूप लोगों को प्राकृतिक प्रकोपों, रोगों आदि से कष्ट होगा तथा कृषि एवं कृषि क्षेत्र की प्राकृतिक प्रकोपों, रोगों आदि से हानि होने का योग है। पंचम भाव का अधिपति एवं पंचम भाव शनि की दृष्टि से युक्त होने के कारण बालमृत्युदर में इस वर्ष वृद्धि होने की सम्भावना है। पंचमेश उच्च का होने से तकनीकी क्षेत्र में सुधार-प्रगति होगी। सप्तम भाव का अधिपति पराक्रम भाव में राहु के साथ स्थित है इसके प्रभाव से किसी देश विशेष के साथ व्यापारिक सम्बन्धों में गतिरोध उत्पन्न होगा एवं महिलाओं को कष्ट अधिक उठाने पड़ेंगे। आर्थिक दृष्टि से, राजकोष की स्थिति की दृष्टि से यह वर्ष अनुकूल नहीं है। प्रधान शासक को कुछ आन्तरिक विरोधों का भी सामना करना पड़ेगा।

रुस- मकर वर्ष लग्न है तथा लग्न का स्वामी सप्तम भाव में स्थित है एवं शनि-

मंगल का प्रतियोग भी लग्नस्थ मंगल से बना हुआ है अत: यह वर्ष विशेष घटनापूर्ण रहेगा तथा राष्ट्राध्यक्ष- प्रधान शासक दृढ़ता का परिचय देंगे एवं विश्वशान्ति स्थापना

व्यापारिक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। किसी रोग के महामारी का रूप लेने की सम्भावना है। दशमेश रिपु भाव में है अत: प्रधान शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा। निकट

मंगल का प्रतियोग भी लग्नस्थ मंगल से बना हुआ है अतः यह वर्ष विशेष घटनापूर्ण रहेगा तथा राष्ट्राध्यक्ष- प्रधान शासक दृढ़ता का परिचय देंगे एवं विश्वशान्ति स्थापना में इस राष्ट्र का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। द्वितीय भाव का अधिपति भौम से दृष्ट है तथा द्वितीय भाव में रिपुभावेश एवं राहु दोनों स्थित है इससे लोगों को राष्ट्र विरोधी, आतंकवादी, समाजविरोधी लोगों से कष्ट होगा तथा कुछ बड़ी दुर्घटनायें आतंकवादियों के कृत्यों का परिणाम होंगी। तृतीय भाव में अष्टमेश स्थित है अतः किसी राष्ट्र विशेष से सम्बन्धों में गतिरोध उत्पन्न होगा। चतुर्थभाव का अधिपति यद्यपि उच्च का होकर लग्नस्थ है किन्तु शनि की दृष्टि चतुर्थेश एवं चतुर्थ भाव दोनों पर पड़ रही है इसके फलस्वरूप आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी तथा कृषिक्षेत्र एवं कृषि की रोगों एवं प्राकृतिक प्रकोपों आदि से हानि होगी। संचार के क्षेत्र में इस वर्ष कोई विशेष उपलब्धि शोध आदि द्वारा सम्भव है। पंचम भाव का अधिपति शनि द्वारा दृष्ट है तथा गुरु की दृष्टि भी पंचम भाव पर पड़ रही है अतः शिक्षा व तकनीकी क्षेत्र में प्रसार, सुधार एवं उन्नति होगी। रिपु भावेश की स्थिति के कारण इस वर्ष कुछ आन्तरिक अशान्ति अधिक होने की सम्भावना है। सप्तमेश अस्त होकर तृतीयस्थ होने से महिलाओं के लिए यह वर्ष अनुकूल कम है तथा विदेश व्यापार में अपेक्षित वृद्धि इस वर्ष नहीं होगी। अष्टम स्थान में केतु व द्वितीय भाव में रिपुभावेश एवं राहु के स्थित होने से अर्थव्यवस्था में आकस्मिक उतार चढ़ाव होंगे। दशम भाव का स्वामी दशम भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अतः प्रधान शासक की सत्ता पर पकड़ मजबूत होगी एवं राष्ट्र प्रगति करेगा तथा राष्ट्र की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

चीन- मिथुन लग्न में वर्ष प्रवेश हो रहा है लग्नेश नवम भावस्थ है अतः राष्ट्र की प्रगति एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन भाव का अधिपति केन्द्र में यद्यपि अस्त होकर स्थित है किन्तु गुरु की शुभ दृष्टि धन भाव एवं धनेश दोनों पर है अतः आर्थिक प्रगति सन्तोषपूर्ण होगी। पराक्रम भाव का स्वामी मित्र के घर केन्द्र में स्थित है अतः औद्योगिक विकास द्रुतगति से होगा। चतुर्थेश राहु के साथ नवमस्थ है अतः कृषि एवं कृषि क्षेत्र का विकास होगा। प्राकृतिक प्रकोपों से कुछ भागों में कृषि, कृषिक्षेत्र एवं आवासीय क्षेत्र की भारी हानि होने का ग्रह स्थिति संकेत दे रही है। पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अतः सुविचारित योजनायें, शिक्षा में सुधार, बाल विकास एवं ऐश्वर्य प्रसाधनों के उत्पादन को ध्यान में रखकर बनायी जायेंगी। शुक्र ऐश्वर्य प्रसाधनों एवं मनोरंजन तथा वाहनों व सजावटी वस्तुओं का प्रतिनिधित्व करता है अतः शुक्र के पंचमेश होने से शुक्र की ये वस्तुएं योजनाओं का महत्वपूर्ण भाग होंगी। रिपु भावेश उच्च का होकर अष्टमस्थ है अतः किसी राष्ट्र विशेष से सम्बन्धों में तीव्र गतिरोध उत्पन्न होगा। सप्तमेश रिपुभाव में है अतः महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं होगी। व्यापारिक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। किसी रोग के महामारी का रूप लेने की सम्भावना है। दशमेश रिपु भाव में है अतः प्रधान शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा। निकट सहयोगी ही प्रबल विरोधी बनेंगे।

मैक्सिको- तुला लग्नाधिपति सप्तमस्थ होकर लग्न को देख रहा है अतः राष्ट्र की प्रतिष्ठा की दृष्टि से वर्ष अनुकूल है। द्वितीयभाव का अधिपति उच्च का होकर स्थित होने से आर्थिक दृष्टि से विशेष उन्नति होगी। पराक्रमेश धन भाव में मित्र के घर स्थित है अतः औद्योगिक विकास दर बढ़ेगी। चतुर्थेश चतुर्थ भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है तथा उच्च का भौम चतुर्थस्थ है अतः प्रकृतिक प्रकोपों, रोगादि से कृषि की हानि होगी तथा कृषि एवं आवासीय क्षेत्रों की भी हानि प्राकृतिक कारणों से होगी किन्तु कृषि उत्पादन पर्याप्त होगा। पंचम भाव का अधिपति केन्द्र में स्थित है तथा बुध नवमेश होकर पंचमस्थ राहु के साथ है अतः विकास योजनाओं का क्रियान्वयन अपेक्षित गति से नहीं होगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी अपेक्षित सुधार नहीं होंगे। सप्तमेश उच्च का होकर स्थित है अतः व्यापार में वृद्धि होगी एवं विदेशों से सम्बन्ध प्रायः सामान्य रहेंगे। राज्येश अस्त होकर रिपुभाव में स्थित है तथा राज्य स्थान पर भौम की दृष्टि है अतः शासक को भारी विरोधों का सामना करना पड़ेगा।

कोरिया प्रायद्वीप- लग्नेश नवमभाव में मित्र के घर स्थित है अतः राष्ट्र की प्रगति के लिए ग्रह अनुकूल है। धनभाव का अधिपति दशम भाव में स्थित है अतः आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। पराक्रमेश केन्द्रस्थ है तथा तृतीय भाव में केतु स्थित है अतः किसी राष्ट्र विशेष से सम्बन्धों में भारी गतिरोध होगा। शनि-मंगल का प्रतियोग शस्त्रास्त्रों के उत्पादन-परीक्षण एवं निर्यात के लिए प्रेरित करेगा। चतुर्थेश की नवमस्थ स्थिति औद्योगिक, कृषि, आवासीय, तकनीकी क्षेत्रों में प्रगति कराने वाली है। दशमेश रिपुभावस्थ होने से शासक को भारी विरोधों का भी सामना करना पड़ेगा।

ईरान- रिपुभाव का स्वामी लग्नस्थ होने से इस राष्ट्र को विरोधों का सामना करना पड़ेगा। धन भाव का स्वामी लाभ में उच्च का होकर स्थित होने से आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी। पराक्रमेश धन भाव में है तथा सुखेश व्यय भाव में राहु के साथ है तथा धन भाव पर शनि की अशुभ दृष्टि भी है इसके फलस्वरूप यह वर्ष इस राष्ट्र के लिए कुछ प्रतिकूल है। कुछ देशों से या किसी राष्ट्र विशेष से सम्बन्धों में भारी गतिरोध उत्पन्न होगा। जिसकी परिणती आर्थिक प्रतिबन्ध या अन्य किसी भारी विरोध के रूप में परिलक्षित होगी। पंचमेश लग्नस्थ है तथा भौम की दृष्टि पंचम भाव पर है इसके प्रभाव से इस देश की नीति में दृढ़ता रहेगी तथा शनि भी पंचम भाव में स्थित होकर भौम से समसप्तक योग बना रहा है जिसके फलस्वरूप नीति निर्धारण त्रुटिपूर्ण होगा। दशमेश नवमस्थ है अतः शासक की सत्ता पर पकड़ मजबूत रहेगी।

अफगानिस्तान- मेष लग्नेश उच्च का होकर दशमस्थ है अतः यह देश प्रगति करेगा। दशमस्थ भौम पर तथा लग्न पर शनि की दृष्टि भी है जिससे आतंकी गतिविधियों एवं विरोधों से शासक को विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पराक्रमेश लाभ में स्थित है अतः विकास की दर बढ़ेगी। चतुर्थ भाव में शनि स्थित है तथा भौम से दृष्ट है एवं चतुर्थेश व्यय भाव में स्थित है इसके फलस्वरूप लोगों को प्राकृतिक प्रकोपों या अन्य कारणों से कष्ट होगा। आवासीय तथा कृषि क्षेत्र की हानि होने की सम्भावना है। पंचम भाव में केतु स्थित है तथा पंचमेश व्यय भाव में है अतः शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित सुधार नहीं होंगे। व्यापारिक गतिविधियों एवं व्यापार में वृद्धि होगी।

जापान- लग्नेश नवम भाव में स्थित है अतः राष्ट्र की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनेश केन्द्र में स्थित है तथा गुरु की शुभ दृष्टि धन भाव व भावाधिप पर होने से आर्थिक प्रगति होगी। पराक्रम भाव में केतु है तथा पराक्रमेश केन्द्र में स्थित है अतः तकनीकी एवं आर्थिक विकास में भारी वृद्धि होगी किन्तु किसी राष्ट्र विशेष से सम्बन्धों में गतिरोध उत्पन्न होगा। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र, कृषि उत्पादन, आवासीय क्षेत्रों का विकास होगा। दशम स्थान का अधिपति रिपु भाव में स्थित है अतः शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा। अपने घनिष्ठ सहयोगी ही विरोध करेंगे। सप्तमेश रिपुभावस्थ होने से व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी। अष्टमेश अष्टम स्थान को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अतः राजकोष की स्थिति सुदृढ़ होगी।

प्रान्तीय राज्य संघ

इस पंचांग में प्रतिवर्ष ग्रह-गणना के आधार पर केन्द्र एवं प्रान्तों का संक्षिप्त भविष्य विवेचन यथामति विगत ६३ वर्षों से करा जा रहा है। अब यहाँ इस वर्ष सं. २०६४ वि. के वर्ष लग्न कुण्डली और केन्द्र एवं प्रान्तों की ग्रह स्थिति कूर्मचक्र विचारादि से संक्षेप में भारत के प्रमुख प्रान्तों का भविष्य विवेचन किया जाता है। प्रान्त एवं नगरों की प्रभाव राशियों पर प्रामाणिक निर्णय अभी तक सर्वसम्मत नहीं हो पाया है। कोई भारत की मकर राशि मानते हैं तो कुछ विद्वान कन्या राशि मानते हैं यही स्थिति प्रान्तों की भी है। यद्यपि अब राजतंत्र तो है नहीं, प्रजातंत्र में हर पांचवें वर्ष में मंत्रीमंडल एवं प्रधान शासक बदलते रहते हैं-उनकी प्रामाणिक जन्म कुंडलियां उपलब्ध न होने से केवल नाम राशि एवं सत्तारूढ़ लग्न से यथामति विचार लिखा जाता है, जिसके लिए यह नहीं कहा जा सकता कि यह विचार शत-प्रतिशत सही ही उतरेगा। तथापि गोचर स्थिति से मध्यम मानेन जो प्रान्तों का भविष्य लिखा जाता है वह ७५ प्रतिशत सही होता है ऐसा पंचांग पाठकों का मत है।

उत्तर प्रदेश- धनु राशि से प्रभावित इस राज्य का स्वामी द्वादश भाव में मित्र के घर स्थित है अतः यह राज्य असंतुलित प्रगति करेगा। द्वादशेश उच्च का होकर धन भावस्थ है तथा कुटुम्बेश अष्टमस्थ होकर मंगल-शनि का प्रतियोग बना रहा है अतः आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी व आर्थिक प्रगति अपेक्षित गति से नहीं होगी। तृतीय का अधिपति अष्टमस्थ है तथा तृतीय भाव में राहु स्थित है अतः संचार एवं यातायात साधनों में सुधार होगा तथा किसी राज्य या केन्द्र से मतभेद बढ़ेंगे। चतुर्थेश व्ययस्थ है तथा अष्टमेश चतुर्थ भाव में स्थित है। इस ग्रह स्थिति के प्रभाववश प्राकृतिक प्रकोपों, रोगादि कारणों से कृषि की हानि होगी तथा कृषि भूमि एवं आवासीय भाग भी प्रभावित होंगे किन्तु गुरु की चतुर्थ भाव पर दृष्टि होने से कृषि उत्पादन पर्याप्त होगा। पंचमेश उच्च का होकर स्थित होने से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से होगा। शनि की दृष्टि पंचम भाव में होने से विकास योजनाओं के लिए धन की उपलब्धता में बाधा होगी। जनसंख्या वृद्धि चिंता का कारण बनेगी। भ्रूण हत्या के मामलों में भी भारी वृद्धि होगी। शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित सुधार नहीं होगा। तकनीकी शिक्षा का विस्तार होगा। अनैतिकता, अनाचार एवं आपराधिक घटनाओं में भारी वृद्धि शनि की दृष्टि के कारण होगी। सप्तम भाव का अधिपति राहु के साथ स्थित होने से महिलाओं के शोषण, तलाक एवं अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। व्यापारिक, औद्योगिक विकास की दृष्टि से यह राज्य पर्याप्त विकास करेगा। रन्ध्रस्थान में शनि की स्थिति व मंगल से प्रतियोग आर्थिक स्थिति, राजकोष की स्थिति के चिन्ताजनक होने को दर्शा रहा है। नवम भाव का अधिपति केन्द्र में मित्र के घर है तथा नवम भाव पर भौम की दृष्टि है तथा नवम भाव में केतु भी स्थित अतः सामान्यतया कानून व्यवस्था की स्थिति सन्तोष जनक रहेगी किन्तु कुछ भागों में बड़ी दुर्घटनाएं होंगी एवं कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रित करने हेतु शासन को बलप्रयोग करना पड़ेगा। धर्म का राजनीतिक लाभ हेतु प्रयोग होगा तथा अधिकांश धार्मिक नेताओं का आचरण धार्मिक मर्यादाओं के अनुकूल नहीं होगा। राज्येश राहु के साथ तृतीय भाव में स्थित है तथा शनि की तृतीय दृष्टि भी राज्य स्थान पर है अतः शासक की शासन पर पकड़ कमजोर होगी एवं शासक को भारी विरोधों का सामना करना पड़ेगा। इस वर्ष इस राज्य में राजनीतिक अस्थिरता सम्भव है।

पंजाब- मीन राश्याधिप नवम भाव में मित्र के घर स्थित है अतः राज्य का चहुंमुखी विकास होगा। लग्न में रिपु भावेश स्थित है इसके प्रभाव से शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा। धन भाव का अधिपति उच्च का होकर लाभस्थान में स्थित है इसके प्रभाव से राज्य की आर्थिक स्थिति अनुकूल होगी एवं लोगों में धन-समृद्धि बढ़ेगी। पराक्रम भाव का अधिपति शुक्र धन भाव में स्थित है अतः संचार यातायात में उन्नति सुधार होगा तथा अन्य राज्यों से सम्बन्ध प्रायः सामान्य रहेंगे। चतुर्थ भाव का अधिपति व्यय भाव में राहु के साथ स्थित है अतः कृषि को प्राकृतिक प्रकोपों रोगादि

से हानि सम्भव है तथा कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि ... दृष्टि है अतः अलगाववादी संगठन सक्रिय रहेंगे एवं

से हानि सम्भव है तथा कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होगी। पंचमेश अस्त होकर लग्नस्थ है तथा पंचम भाव पर स्थित शनि पर मंगल की पूर्ण दृष्टि है तथा गुरु की पंचम भाव पर पूर्ण दृष्टि है अत: औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति होगी। तकनीकी शिक्षा का विस्तार होगा। भ्रूण हत्या के मामलों वृद्धि होगी। भौम की दृष्टि से बाल मृत्युदर में भारी वृद्धि हो सकती है। रिपु भाव के स्वामी की लग्न में स्थिति होने से शासक के निकट के लोग अप्रत्यक्ष रूप से शासक का विरोध करेंगे। सप्तम भाव का अधिपति व्यय भाव में राहु के साथ स्थित है तथा सप्तम भाव पर शनि की दृष्टि है अत: महिलाओं पर अत्याचार की बढ़ती घटनायें चिन्ता का कारण बनेंगी तथा तलाक के मामलों में भारी वृद्धि होगी। विदेश व्यापार निर्यात में वृद्धि होगी। अष्टम भाव का अधिपति अष्टम स्थान को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। इसके फलस्वरूप राजकोष की स्थिति सुदृढ़ होगी। नवमाधिपति लाभ स्थान में उच्च का होकर स्थित होने से कानून व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक रहेगी। दशमभाव का अधिपति नवम भाव में मित्र के घर स्थित है अत: शासक अपना कार्य सुचारू रूप से करेंगे। प्लूटोग्रह दशम भाव में स्थित है यह शासक को अधिनायकवादी प्रवृत्ति का बनायेगा।

हरियाणा- मिथुन राशि से प्रभावित इस राज्य का राश्याधिप नवम भाव में राहु के साथ स्थित है अत: यह राज्य प्रगति करेगा तथा राज्य के सर्वांगीण विकास के प्रयास होंगे। धन भाव में शनि स्थित है तथा धनेश अस्त होकर दशमस्थ है अत: विकास योजनाओं में आर्थिक समस्या कुछ बाधा उत्पन्न करेगी। पराक्रम भाव का अधिपति केन्द्र में स्थित है अत: औद्योगिक विकास की गति तेज होगी। भौम की अष्टम दृष्टि कुछ विवाद उत्पन्न करने वाली है। चतुर्थ भाव का स्वामी नवमस्थ होने से कृषि का उत्पादन पर्याप्त होगा। कुछ प्राकृतिक प्रकोपादि के कारण से कृषि की हानि चतुर्थेश के साथ राहु के स्थित होने से होगी। चतुर्थ स्थान पर शनि की दृष्टि किसी प्राकृतिक या अन्य कारण से लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से अन्य सुरक्षित स्थान में जाने को बाध्य करेगी ऐसा ग्रह स्थिति से संकेत है। शनि-मंगल का समसप्तक योग किसी बड़ी दुर्घटना आदि का भी संकेत दे रहा है। पंचम भाव का अधिपति पंचम भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है इसके फलस्वरूप शिक्षा में सुधार होगा। विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जायेगा। सप्तमेश रिपुभाव में स्थित होने से महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी तथा महिला कल्याण पर ध्यान दिया जायेगा। अष्टमेश की अष्टम पर दृष्टि राजकोष की स्थिति को सन्तोषजनक रखेगी। भौम के कारण कुछ अवधि चिन्ताजनक रहेगी। लग्नेश रिपु भाव में स्थित होने से शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा किन्तु शासक की सत्ता पर मजबूत पकड़ बनी रहेगी।

काश्मीर- तुला राशि से प्रभावित इस राज्य का लग्नेश लग्न को देख रहा है तथा लग्नेश पर दशमस्थ शनि की दृष्टि है अत: अलगाववादी संगठन सक्रिय रहेंगे एवं नित्य नयी समस्या उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे। धन भाव का स्वामी उच्च का होकर स्थित है तथा शनि से दृष्ट है तथा रिपुभाव का स्वामी धन भाव में स्थित है इसके फलस्वरूप आन्तरिक समस्याएं बनी रहेंगी तथा लोगों में भय एवं अशान्ति का वातावरण बनेगा। शत्रु इस राज्य में अशान्ति एवं अस्थिरता उत्पन्न करने का पूर्ण प्रयास करेगा। चतुर्थ भाव का अधिपति चतुर्थ भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है तथा शनि-मंगल का समसप्तक योग आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि, अग्निकाण्ड, बम्ब विस्फोट एवं आतंकी हमलों द्वारा हत्याओं की घटनाओं में वृद्धि का संकेत दे रहा है। ग्रह स्थिति कश्मीर समस्या के समाधान का संकेत नहीं दे रही है। तृतीय भाव का स्वामी द्वितीय भाव में है तथा तृतीय भाव का स्वामी ही रिपु भाव का भी स्वामी है अत: पड़ौसी देश आतंकवाद को पोषित एवं प्रोत्साहित करके इस राज्य की शान्ति को भंग कर भय का वातावरण उत्पन्न करके अस्थिरता उत्पन्न करने का प्रयास करेगा। पंचमेश वक्री होकर दशमस्थ है तथा पंचम भाव में राहु एवं बुध के स्थित होने से शिक्षा एवं बाल विकास कार्यक्रम एवं महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से नहीं हो पायेगा। सप्तम भाव का स्वामी चतुर्थ भाव में उच्च राशि का होकर स्थित है तथा शनि की सप्तम दृष्टि सप्तमेश पर एवं दशम दृष्टि सप्तम स्थान पर है। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। तलाक के मामलों में भी भारी वृद्धि होगी। नवम भाव का अधिपति पंचम भाव में राहु के साथ स्थित है इसके फलस्वरूप धर्म का राजनीति में विघटनकारी तत्त्वों द्वारा दुरुपयोग किया जायेगा। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति संतोष जनक नहीं होगी। दशम-भाव का स्वामी अस्त होकर रिपुभाव में स्थित है तथा रिपुभाव का अधिपति नवम दृष्टि से दशमभाव को देख रहा है जिसके प्रभाववश शासक को प्रबल विरोधों का सामना करना पड़ेगा तथा शासक की सत्ता पर पकड़ कमजोर होगी तथा हिंसक विरोध होने की प्रबल संभावना होगी। अत: शासक को सत्ता पर अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए प्रबल प्रयास करने पड़ेंगे।

हिमाचल प्रदेश- मीन राशि से प्रभावित इस प्रदेश का राश्याधिप नवम भाव में स्थित है इसके फलस्वरूप यह राज्य प्रगति पथ पर चलेगा। धन स्थान का अधिपति लाभस्थान में उच्च का होकर स्थित होने से आन्तरिक स्थिति सुदृढ़ होगी तथा राज्य की अर्थव्यवस्था में भारी प्रगति होगी। तृतीय भाव का स्वामी द्वितीय भाव में स्थित है इसके फलस्वरूप परिवहन व्यवस्था एवं संचार व्यवस्था में सुधार होगा। चतुर्थ भाव का स्वामी द्वादश भाव में राहु के साथ स्थित है इसके प्रभाव से कृषि एवं कृषि क्षेत्र की हानि प्राकृतिक प्रकोपों, ओलावृष्टि, रोगादि से होगी एवं लोगों को भी कष्ट होगा। पंचम भाव का स्वामी लग्न में स्थित है तथा पंचम भाव में शनि भी स्थित है। पंचम भाव का प्रभाव

जनसंख्या, शिक्षा, बालविकास एवं विकास योजनाओं पर होने से सामान्य शुभफलप्रद होगा। अत: शिक्षा में सुधार होगा, शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। भ्रूण हत्या में भारी वृद्धि होगी। रिपु भाव का स्वामी ग्रह धन भाव में स्थित है तथा अपने घर को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है इसके प्रभाववश समाज विरोधी, राष्ट्र विरोधी तत्व अशान्ति का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे या रोगों की वृद्धि होगी। सप्तम स्थान का स्वामी उच्च का होने से महिला कल्याण पर ध्यान दिया जायेगा। नवमेश पंचम में होने से कानून-व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक रहेगी। दशमाधिपति नवमस्थ होने से शासक की सत्ता पर पकड़ रहेगी एवं राज्य विकास के मार्ग पर अग्रसर होगा।

मध्य प्रदेश- लग्न का स्वामी शुभ ग्रह द्वादश भाव में स्थित होने से यह वर्ष सामान्य शुभ रहेगा। धन भाव का स्वामी दशम भाव में मित्र के घर स्थित होने से आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी एवं राज्य विकास के पथ पर अग्रसर होगा। तृतीय भाव का स्वामी लाभ स्थान में स्थित होने से तथा तृतीय भाव में स्थित शनि पर नवमस्थ भौम की दृष्टि होने से औद्योगिक विकास की दर बढ़ेगी तथा कुछ बड़ी दुर्घटनाओं के घटने की भी सम्भावना होगी। चतुर्थभाव में केतु स्थित है एवं चतुर्थभाव का स्वामी रवि लाभ स्थान में चन्द्र के साथ स्थित है अत: यद्यपि कृषि की हानि होगी किन्तु कृषि का उत्पादन पर्याप्त होगा। आवासीय क्षेत्र का भी विकास होगा। पंचम भाव का स्वामी दशम भाव में राहु के साथ स्थित है अत: शिक्षा में सुधार होगा एवं लोगों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। बाल मृत्युदर में भी वृद्धि होने की सम्भावना है। शनि की तृतीय दृष्टि पंचम भाव पर है इसके प्रभाव से रोगादि से बालक ज्यादा पीड़ित होंगे तथा विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से नहीं होगा। सप्तम भाव का अधिपति उच्च का है अत: महिला कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, निर्यात में वृद्धि होगी। नवमेश-दशमेश पराक्रम में स्थित होने से धर्म का राजनीति में उपयोग होगा। शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा तथापि शासक की सत्ता पर अपने पराक्रम से पकड़ बनी रहेगी।

गुजरात- लग्न का स्वामी अष्टम स्थान में स्थित है तथा लग्न में केतु भी है अत: शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा। कुटुम्ब भाव का अधिपति सप्तम भाव में स्थित है अत: आर्थिक दृष्टि से राज्य प्रगति करेगा। पराक्रम भाव का स्वामी पराक्रम भाव को देख रहा है अत: संचार व्यवस्था, यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। चतुर्थभाव का अधिपति रिपुभाव में उच्च का होकर स्थित है अत: लोगों का जीवन स्तर उठेगा तथा आवासीय योजनायें, कृषि क्षेत्र की विकास योजनायें, कृषि उत्पादन में वृद्धि आदि पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। चतुर्थभाव का विश्लेषण करने पर स्पष्ट हो रहा है कि चतुर्थेश यद्यपि उच्च का है किन्तु रिपुभाव में है, चतुर्थ भाव में गुरु है किन्तु गुरु अष्टमेश भी है तथा चतुर्थेश पर रिपुभावेश शनि की भी दृष्टि है, लग्न पर भौम की दृष्टि है तथा द्वितीय भाव शनि से दृष्ट है अत: इस वर्ष समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी, आतंकी तत्व षड्यन्त्र रचकर इस राज्य की शांति-व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेंगे। पंचम भाव का अधिपति गुरु केन्द्र में स्थित होने से शिक्षा के प्रचार-प्रसार, शिक्षा के स्तर में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जायेगा तथा विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जायेगा। सप्तमेश व्ययस्थ होने से महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। निर्यात में वृद्धि भी इस वर्ष होगी। नवमाधिपति उच्च का होने से कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी किन्तु शनि की दृष्टि नवमेश एवं नवम भाव दोनों पर होने से कानून-व्यवस्था की समस्या कुछ भागों में उत्पन्न होने की सम्भावना है। राज्येश नवम में स्थित होने से शासक की सत्ता पर पकड़ रहेगी किन्तु शासक को अस्थिर करने के गम्भीर प्रयास विरोधी करेंगे।

दिल्ली- राशि लग्न का स्वामी व्यय भाव में स्थित है तथा लग्नेश पर शनि की दृष्टि भी है अत: यह वर्ष शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। द्वितीय भाव का अधिपति केन्द्र में राहु के साथ स्थित है अत: आर्थिक दृष्टि से प्रगति होगी। तृतीयेश लाभ में अस्त होकर स्थित है अत: यातायात, दूरसंचर व्यवस्था में सुधार होगा। चतुर्थभाव का स्वामी लाभ स्थान में स्थित है तथा चतुर्थ भाव में केतु स्थित है अत: आवासीय क्षेत्र का विस्तार होगा। केतु की स्थिति एवं भौम की दृष्टि कुछ अशांति एवं कष्ट व भय का वातावरण उत्पन्न करेंगे। पंचमेश भी केन्द्रस्थ है अत: विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से होगा। शिक्षा में सुधार एवं शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं बाल विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सप्तम भाव का अधिपति उच्च का होकर नवम भाव में स्थित है इसके प्रभाववश महिला कल्याण योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए नये कानून पर विचार होगा। शनि की सप्तमेश पर दृष्टि होने से महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। अष्टमेश भी सप्तम भाव में स्थित है अत: तलाक के मामलों में वृद्धि होगी। नवम भाव एवं दशम भाव का अधिपति पराक्रम भाव में स्थित है अत: राजनीति का धर्म में उपयोग होगा। दशमेश चर राशि में है अत: शासक की सत्ता पर पकड़ कमजोर होगी एवं शासक को विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

राजस्थान- राशि का स्वामी राशि लग्न को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अत: यह राज्य विकास पथ पर अग्रसर होगा। धन भाव का अधिपति उच्च का होकर चतुर्थ भाव में है अत: लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा एवं आर्थिक प्रगति होगी। तृतीय भाव का स्वामी शुभ ग्रह होने से संचार व्यवस्था, यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। चतुर्थ भाव का स्वामी चतुर्थ भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अत: कृषि भूमि एवं आवासीय भूमि दोनों के विकास के प्रयास होंगे एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों के लिए नयी

योजनाएं लागू होंगी। पंचमेश केन्द्र में है अत: शिक्षा के स्तर में सुधार होगा तथा तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित किया जायेगा। रोगेश की पंचमेश पर दृष्टि होने से बाल रोगों में वृद्धि होगी एवं बालशोषण की घटनाओं में वृद्धि होगी। सप्तम स्थान का अधिपति उच्च का होने से महिला कल्याण योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। शनि की दृष्टि सप्तम भाव में होने से तलाक के मामलों में वृद्धि होगी। नवमेश पंचम में है अत: कानून व्यवस्था की स्थिति संतोष्जनक होगी। कुछ भागों की समाजविरोधी तत्व कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करेंगे। शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा तथा सत्ता पर अपनी पकड़ बनाये रखने के लिये शासक को विशेष प्रयास करने पड़ेंगे।

महाराष्ट्र- राशि का स्वामी अष्टम भाव में स्थित है तथा केतु भी लग्न में स्थित है इसके प्रभाववश शासक को शासन चलाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। द्वितीय भाव का अधिपति सप्तम भाव में राहु के साथ स्थित है इसके प्रभाववश आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी किन्तु अशांति एवं भय का वातावरण बनाने के लिए समाज विरोधी तत्व प्रयास करेंगे। तृतीय भाव का अधिपति नवम भाव में स्थित है इसके फलस्वरूप राज्य का चहुंमुखी विकास होगा। यातायात व्यवस्था एवं संचार साधनों में सुधार होगा। चतुर्थेश रिपु भाव में उच्च का होकर स्थित है तथा अष्टमेश चतुर्थ भाव में स्थित है तथा शनि की सप्तम दृष्टि चतुर्थेश पर होने से समाजविरोधी, देशद्रोही आतंकी गुट इस महत्वपूर्ण राज्य की शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेंगे। औद्योगिक क्षेत्र एवं आवासीय क्षेत्र का द्रुतगति से विकास होगा। पंचम भाव का अधिपति गुरु केन्द्र स्थान में चतुर्थ भाव में स्थित है इसके फलस्वरूप शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होगा एवं बाल विकास कार्यक्रम एवं साक्षरता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सप्तम भाव का अधिपति द्वादश भाव में स्थित होने से महिलाओं एवं वृद्धों पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। निर्यात में वृद्धि होगी तथा औद्योगिक व व्यापारिक विकास व निर्यात में वृद्धि होगी दशमेश नवम में स्थित है तथा शनि की दशमेश पर दृष्टि होने से यद्यपि शासक की सत्ता पर पकड़ मजबूत रहेगी किंतु शासक को विरोधों का भी सामना करना पड़ेगा तथा विपरीत स्थिति बनेगी।

बिहार- राश्याधिप द्वादश भाव में स्थित है तथा शनि से भी दृष्टि है अत: इस राज्य में शासक को नित्य नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। धन भाव का अधिपति केन्द्र में स्थित है इसके फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से यह राज्य प्रगति करेगा। पराक्रम भावाधिप लाभ स्थान में स्थित होने से संचार व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। सुख भाव का स्वामी लाभ स्थान में स्थित है अत: कृषिक्षेत्र का विकास होगा एवं आवासीय क्षेत्र का भी विस्तार होगा तथा औद्योगिक विकास की दर बढ़ेगी। पंचमेश केन्द्र में राहु के साथ स्थित है। शिक्षा में सुधार होगा। साक्षरता अभियान चलाकर एवं बाल विकास योजनाओं द्वारा शिक्षा का प्रचार-प्रसार होगा। बाल रोगों में वृद्धि होगी एवं बाल मृत्युदर भी बढ़ेगी। सप्तम स्थान का अधिपति उच्च का होकर नवमस्थ होने से महिलाओं को कार्यों के अधिक अवसर दिये जायेंगे तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कानून में नये प्रावधान किये जायेंगे तथा महिला कल्याण योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। अष्टमेश के सप्तमस्थ होने से महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी एवं तलाक के मामलों में वृद्धि होगी। नवम भाव का अधिपति पराक्रम भाव में स्थित होने से कानून व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक होगी किन्तु नवम भाव में मंगल स्थित होकर नवमेश शनि से समप्तक योग भी बना रहा है अत: कुछ भागों में कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होगी। जातीय हिंसा से जन धन हानि भी इस योग के फलस्वरूप होगी। दशम भाव का अधिपति पराक्रम भाव में वक्री होकर स्थित है तथा राहु भी दशमस्थ है इसके फलस्वरूप शासक को सत्ता पर अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ेंगे। अपने ही लोग अप्रत्यक्ष रूप से विरोध करेंगे। जिससे विषम स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनेगी।

दक्षिणी राज्य- आन्ध्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु- आंध्र का राश्याधिप उच्च का होकर स्थित है इससे यह राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर होगा। धन भाव का अधिपति लग्नस्थ होने से आर्थिक स्थिति अनुकूल होगी। तृतीय भाव का स्वामी लाभस्थान में स्थित होने से यातायात दूरसंचार के क्षेत्र में भारी प्रगति होगी। चतुर्थ स्थान का स्वामी व्ययस्थ है अत: कृषि-कृषि भूमि तथा आवासीय क्षेत्र की प्राकृतिक प्रकोपों से कुछ हानि होने की संभावना है। तकनीकी शिक्षा में सुधार होगा बाल विकास एवं महिला कल्याण योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। शासक को सत्ता पर पकड़ बनाये रखने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ेंगे। कर्नाटक एवं केरल का राश्याधिप त्रिकोण में राहु के साथ स्थित है अत: ये राज्य सुनियोजित तरीके से प्रगति योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे। कुटुम्बेश दशमस्थ है तथा अष्टमेश कुटुम्ब भाव में स्थित है तथा मंगल-शनि का प्रतियोग भी बना हुआ है इसके फलस्वरूप आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी एवं कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होगी। दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी। कुछ बड़ी दुर्घटनाएं होने की सम्भावना है। आतंकी गुट अशांति अव्यवस्था फैलाने के लिए षड्यन्त्र रचेंगे। शिक्षा के स्तर में सुधार करने के प्रयास होंगे तथा बालमृत्युदर घटेगी। यद्यपि रोगादि प्राकृतिक कारणों से कृषि की हानि होगी किन्तु कृषि का उत्पादन पर्याप्त होगा। कृषि क्षेत्र का विस्तार होगा तथा कृषकों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु प्रयास किये जायेंगे। आवासीय क्षेत्र का भी विकास होगा। आर्थिक दृष्टि से इन राज्यों की स्थिति संतोष जनक रहेगी। राज्य स्थान का अधिपति रिपुभाव में मित्र के घर बैठकर राज्य स्थान को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अत: शासक की यद्यपि सत्ता पर पकड़ बनी रहेगी किन्तु

अस्थिरता उत्पन्न करने के प्रयास भी होंगे। तमिलनाडु की राशि का स्वामी अपनी राशि को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अतः शासक दल की सत्ता पर पकड़ बनी रहेगी। धन भाव का स्वामी उच्च का होकर स्थित होने से आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी तथा लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। चतुर्थेश की चतुर्थ भाव पर दृष्टि तथा चतुर्थ भावस्थ भौम का शनि से प्रतियोग कुछ अशांति की ओर इंगित कर रहा है तथा कृषि उत्पादन प्राकृतिक प्रकोप के होने पर भी पर्याप्त होगा। शिक्षा, समाज कल्याण, बाल विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। महिलाओं को कार्यों के अधिक अवसर प्रदान होंगे। विकास द्रुत गति से होगा।

बंगाल, आसाम, उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश- उड़ीसा एवं बंगाल राश्याधिप व्यय भाव में चर राशि में स्थित है तथा शनि जो कि दशमाधिप है वक्री होकर पराक्रम भाव में स्थित है व्ययस्थ लग्नेश को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अतः शासक को सत्ता पर पकड़ बनाये रखने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ेंगे। धन भाव का अधिपति दशमभाव में स्थित है इसके फलस्वरूप राज्य के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। पराक्रमेश लाभस्थ होने से यातायात, दूरसंचार के क्षेत्र में यह राज्य प्रगति करेगा। सुखभाव का अधिपति लाभ भाव में स्थित है तथा सुखभाव में केतु स्थित है। अतः कृषि एवं भूमि विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कुछ भागों में प्राकृतिक प्रकोपों से कृषि की हानि भी होगी किन्तु कुल मिलाकर कृषि उत्पादन पर्याप्त होगा। पंचम भाव का स्वामी भी केन्द्रस्थ है अतः विकास योजनाएं सुविचारित होंगी एवं उनका क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जायेगा। शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं सबको शिक्षा प्रदान करने हेतु साक्षरता अनुपात बढ़ाने हेतु गम्भीर प्रयास किये जायेंगे बाल विकास कार्यक्रमों पर जोर दिया जायेगा। शनि की तृतीय दृष्टि भी पंचम भाव पर होने से भ्रूण हत्या बढ़ेगी एवं बच्चों पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। सप्तम भाव का अधिपति उच्च का होकर नवमस्थ है अतः महिला कल्याण योजनाएं चलायी जायेंगी तथा महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान होंगे।

अरुणाचल एवं आसाम का राश्याधिप उच्च का होकर केन्द्र में स्थित है तथा शुक्र राशि लग्न में स्थित है इसके प्रभावस्वरूप इन राज्यों का चहुंमुखी विकास होगा। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी एवं लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। औद्योगिक विकास की दर बढ़ेगी, दूर संचार एवं यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र एवं कृषि को इस वर्ष प्राकृतिक प्रकोपों, अतिवर्षण, अल्पवर्षण, रोगादि कारणों से हानि होगी तथा प्राकृतिक प्रकोप से आवासीय क्षेत्र भी प्रभावित होंगे एवं किसी भाग विशेष से लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से विस्थापित होना पड़ सकता है अतः आवासीय समस्या उत्पन्न होगी।

पंचमेश व्यय में है एवं पंचम भाव में केतु भी स्थित है अतः बाल रोग अधिक होंगे एवं बाल मृत्युदर में वृद्धि होगी। शिक्षा में अपेक्षित सुधार नहीं होगा। महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। शासक की सत्ता पर पकड़ रहेगी लेकिन शासक को विरोधों का भी सामना करना पड़ेगा।

खाद्यान्न समस्या

अन्नं प्राणोबलं चान्नमन्नं सर्वार्थ साधकम्।
देवासुरमनुष्याश्च सर्वे धान्योपजीविनः।

गेहूँ आदि खाद्य पदार्थों की महंगाई निरन्तर बढ़ते जाने की भविष्यवाणी गत ४० वर्षों से इस पंचांग में करते आ रहे हैं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शनैः-शनैः महंगाई बढ़ती गई और विगत अनेक वर्षों से तो सुरसा के मुख की भांति विकराल रूप से बढ़ती जा रही है। १०-११ वर्ष पूर्व गेहूँ चावल, चना, चीनी, चांदी, सोना आदि का जो भाव था वह दुगने तिगुने से भी अधिक हो गया है। मंहगाई रोकने और गरीबी दूर करने की राजनेताओं की चुनावी घोषणाएं निरर्थक सिद्ध हुई। भारत के प्राचीन महर्षियों ने अन्न की महिमा में कहा है कि राजा या राष्ट्रनायक को अपने राजकीय अन्न भंडार में तीन वर्ष तक राष्ट्र के पोषण योग्य संग्रह रखना चाहिए। सोना, चांदी, माणिक्य आदि रत्नों की ओर न भाग कर जैसे और जिस विधि से भी हो अधिक अन्न उपजाकर अपना तथा राष्ट्र का हित करना चाहिए।

वायु परीक्षा

यहाँ वर्षा दुर्भिक्ष उत्पातादि का विचार ग्रहयोगानुसार लिखा गया है। आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु परीक्षा और अन्य दिव्य अन्तरिक्ष-लक्षण जहाँ शुभ शकुन का संकेत देंगे, वहाँ अवर्षण उत्पात दुर्भिक्ष न होकर सामयिक सुवृष्टि एवं सुभिक्ष होगा। जहाँ आषाढ़ी पूर्णिमा को सूर्यास्त समय दक्षिण पश्चिम नैऋत्य कोण की वायु चलेगी वहाँ दुर्भिक्ष, उत्पात, रोग, भय, अधिक होंगे। विद्वान, दैवज्ञों को वर्ष भर के गर्भ लक्षण शकुन विचार नोट करने चाहिए। वर्ष भर के न हो सकें तो कम से कम इस वर्ष आषाढ़ी पूर्णिमा १३ जुलाई रविवार को सायं तक खुले स्थान में जाकर ध्वजा पूजन पूर्वक विधिवत वायु-परीक्षा करके अपने राष्ट्र के शुभाशुभ फल का निर्णय करें।

वाणिज्य व्यवसाय

इस वर्ष वाणिज्य व्यवसाय का प्रतिनिधि ग्रह बुध रसेश; भी है तथा वर्ष प्रवेश कुण्डली में लाभ स्थान में स्थित है। अतः व्यापारी वर्ग को रस पदार्थों के व्यापार में आर्थिक लाभ अधिक होगा एवं लाभ में वृद्धि होगी। कुण्डली में बुध राहु से युत है तथा बुध तृतीयेश एवं षष्ठेश भी है। इसके प्रभाव से व्यापारियों को विभिन्न समस्याओं का

भी सामना करना पड़ेगा। असमाजिक तत्वों से व्यापारी वर्ग को पीड़ा होगी। चोरी एवं

भी सामना करना पड़ेगा। असमाजिक तत्वों से व्यापारी वर्ग को पीड़ा होगी। चोरी एवं डैकैती की घटनाओं में वृद्धि होगी। धातु एवं लौह पदार्थ तथा तेल, खनिज आदि के भावों में भारी बढ़ोत्तरी होगी ऐसा ग्रह स्थिति संकेत दे रही है।

वायुमण्डल वर्षारोगोत्पादि

इस वर्ष की ग्रह स्थिति के आधार पर प्राचीन ग्रन्थों से सार्वत्रिक वर्षादि का सामूहिक विचार यहाँ लिख रहा हूँ। भौमान्तरिक्ष दिव्य निमित्तानुसार वर्षा वायु भिन्न प्रान्तों में विभिन्न रूपों में होती है। भारतीय वायुशास्त्र में प्रत्येक नगर या मंडल में प्रतिदिन की वायु मेघगर्जना बादल विद्युतादि की परीक्षा द्वारा व वृष्टि-गर्भ लक्षण का उल्लेख है। जैसे- आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु परीक्षा द्वारा तत्रदेशीय दुर्भिक्ष-सुभिक्ष का ज्ञान होता है, वैसे ही प्रत्येक मास की प्रमुख तिथियों की वायु वर्षा मेघ-गर्जन आदि अन्तरिक्ष निमित्त से भावी वर्षा का ज्ञान होता है। इस कार्य के लिए प्रत्येक प्रान्त व मंडल में एक वायु-वृष्टि विज्ञान केन्द्र की स्थापना हो जिसमें प्रतिदिन की वायु-वर्षा का रिकार्ड रखा जाये, उस अन्तरिक्ष दिव्य निमित्त और ग्रह योगों का मिलान करके वर्षादि की जो भविष्यवाणी की जायेगी वह उस स्थान के लिए सत्य सिद्ध होगी। भौमान्तरिक्ष दिव्य निमित्तों के बिना केवल ग्रहयोगों से की गई भविष्यवाणी सर्वत्र शतप्रतिशत सही हो यह निश्चित नहीं। यह बात विगत कई वर्षों से इस पंचांग में निरन्तर लिखी जा रही है परन्तु केन्द्रीय शासन ने राष्ट्र के लिए परमोपयोगी इस विषय पर ध्यान नहीं दिया। प्रतिवर्ष बाढ़ और सूखा से यत्र-तत्र भयंकर विनाश हो रहा है।

वर्षा योग

सूर्य के आर्द्रा प्रवेश से दस नक्षत्र वर्षाकारक माने गये हैं। भारत में २१ जून से मेघागमन (मानसून का प्रारम्भ) माना जाता है। समुद्र तटवर्ती दक्षिणवर्ती भारत में मृगशीर्ष नक्षत्र में सूर्य प्रवेश होने पर १० जून के लगभग मानसून सक्रिय हो जाता है। वर्षा एवं कृषि उत्पादन के लिए सूर्य आर्द्रा प्रवेश का विशेष महत्व है।

आर्द्रा प्रवेशे यदि भास्करस्य चन्द्रस्त्रिकोणे यदि केन्द्रगोवा।
जलाश्रये सौम्यनिरीक्षिते च सम्पूर्ण सस्या वसुधा तदा स्यात्।।

भारत में वर्षा के दिन

सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के दिन २२ जून से २३ अगस्त तक पूरी वर्षा ऋतु की अवधि में शुक्र एवं शनि शुभ एवं पाप ग्रह सूर्य के आगे भ्रमण करेंगे। पूरे मानसून की अवधि में यह अशुभ योग होने से अतिवर्षण अल्पवर्षण, प्राकृतिक प्रकोप होगा। कहीं-कहीं अधिक वर्षा से लोग त्रस्त होंगे। अप्रैल मास में कहीं हल्की बूंदाबांदी एवं कहीं-कहीं अच्छी वर्षा होगी। जून मास के उत्तरार्ध में कहीं छिटपुट बूंदाबांदी होगी। १ से १४ जुलाई के मध्य हल्की वर्षा व कहीं तेज बौछार पड़ेगी। १५ जुलाई से ३० जुलाई के मध्य कहीं अच्छी वर्षा, कहीं खण्ड वृष्टि होगी। ३१ जुलाई से १२ अगस्त के मध्य व्यापक वर्षा होगी। कुछ स्थानों में वर्षा का अवरोध या कम वर्षा होगी। १३ से २८ अगस्त के मध्य भी कहीं भारी वर्षा, कहीं हल्की वर्षा एवं तेज बौछार व कहीं-कहीं तेज आंधी चलेगी। २९ अगस्त से ११ सितम्बर के मध्य भी तेज वर्षा व तेज वायु की कहीं-कहीं सम्भावना है। कुछ स्थानों पर खण्डवृष्टि व हल्की वर्षा होगी। १२ से २६ सितम्बर के मध्य वर्षा में कमी होगी। कहीं-कहीं हल्की वर्षा होगी। २७ सितम्बर से २६ अक्टूबर के मध्य छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की वर्षा होगी। २७ अक्टूबर से ९ नवम्बर के मध्य शीत में वृद्धि होगी व तेज बादल चाल व बूंदाबांदी होगी। १० से २४ नवम्बर के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा की सम्भावना है। २५ नवम्बर से ९ दिसम्बर के मध्य शीत लहर के साथ छिटपुट बूंदाबांदी होगी। १० से २३ दिसम्बर के मध्य शीत बढ़ेगी। २४ दिसम्बर से ८ जनवरी के मध्य तेज शीत लहर के साथ भारी वर्षा की सम्भावना है। ९ से २२ जनवरी के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि की सम्भावना है तथा कहीं-कहीं वर्षा होगी। २३ जनवरी से ७ फरवरी के मध्य बूंदा-बांदी व ओलावृष्टि या हल्की वर्षा होगी। ८ से २१ फरवरी के मध्य मैदानी भागों में शीत लहर चलेगी। २२ फरवरी से ७ मार्च के मध्य बादल गर्जना के साथ खण्ड वृष्टि होगी। पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि या हल्की वर्षा की संभावना है। ८ से २१ मार्च के मध्य बादल चाल के साथ हल्की बूंदा-बांदी की सम्भावना है। २२ मार्च से ६ अप्रैल के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बूंदा-बांदी होगी। मैदानी भागों में गर्मी बढ़ेगी।

वर्तमान २१वीं शती का यह प्रथम चरण ग्रह-गणनानुसार संसार के इतिहास में अभूतपूर्व भयंकर उलटफेर कारक है। महामाया से प्रार्थना है कि वे युद्धोन्मादी राष्ट्रनायकों को सद्बुद्धि दें और विश्व को विनाश के गर्त में ले जाने से बचावें। भारत की तपोधन, आध्यात्मिक महान विभूतियाँ ही विश्व का कल्याण करेंगी।

स्वस्ति प्रजाभ्यः परिपालयन्तां न्याय्येनमार्गेण महीं महीपाः।
गोब्राह्मणेभ्यः शुभमस्तु नित्यं लोकास्समस्ताः सुखिनो भवन्तु।

मंगलाकांक्षी

गीता जयंती, मार्गशीर्ष शुक्ल ,११
शुक्रवार, संवत् २०६३ विक्रमी
दिनांक: १-१२-२००६ ई.

पं० सुधाकर शर्मा त्रिवेदी
ज्योतिष्मती निकेतन, सोलन (हि.प्र.)
फोन/ फैक्स- ०१७९२-२२०५९६
E-mail : rohitashw@gmail.com
web site : www.shrivishwavijay.com

संवत् २०६४ विक्रमी का सामूहिक व्यापार भविष्य

लेखक- विश्वबन्धु शर्मा सुपुत्र श्री ओंकार दैवज्ञ, (व्यापार अनुसंधान केन्द्र), हापुड़

अथ सम्वत् विचार:- सम्वत् २०६४ का वर्ष शर्वरी नाम का सम्वत् है। वर्ष का राजा चन्द्र, मंत्री- शनि, सस्येश- चन्द्र, धान्येश- सूर्य, मेघेश- शुक्र, रसेश- बुध, नीरसेश- चन्द्र, फलेश- शुक्र, धनेश चन्द्र, दुर्गेश- शुक्र हैं। इस प्रकार आकाशीय चक्र में दस अधिकारी विद्यमान हैं।

राजा- चन्द्र हैं साथ ही सस्येश और नीरसेश भी चन्द्र ही हैं। इस प्रकार तीन प्रमुख स्थानों पर चन्द्र का होना वर्ष को श्रेष्ठ फल देने वाला बनायेगा। मेघेश- शुक्र श्रेष्ठ वर्षाकारक होंगे। धान्यों की अच्छी उत्पत्ति होगी। शनि का मंत्री होना शुभ नहीं है। राजा और मंत्री के मध्य यदा-कदा तनाव की स्थिति बनती रहेगी। मंत्री पद पर शनि के विद्यमान होने से आतंकवादियों से मंत्रीगणों के सम्बन्ध अन्दरूनी तौर पर रहेंगे और आतंकवादी घटनाओं का जोर रहेगा। तथापि पूर्व वर्षों की अपेक्षा घटनाएं कम ही हो पायेंगी साथ ही धर्म परिवर्तन की घटनाएं बढ़ेंगी। अच्छे भले लोग भी मायावी चमत्कारों के आकर्षण में जकड़ा होने के कारण धर्म परिवर्तन करके निम्न कोटि के धर्म का अनुसरण करने का प्रयास करेंगे। धान्येश सूर्य होने से धान्यों के भावों में अधिक उतार-चढ़ाव न होगा।

चैत्र शुक्ल पक्ष सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

चैत्र शुक्ल सम्वत् २०६४ में प्रतिपदा तिथि का क्षय होना और मंगलवारी चन्द्र दर्शन का होना विशेष रूप से हाजिर व वायदा वस्तुओं में तेजीकारक होगा। यह माह दि. २० मार्च से आरम्भ होकर २ अप्रैल को समाप्त होगा। दि. २० मार्च की रात्रि में धनिष्ठा में मंगल लाल रंग के पदार्थों में विशेष तेजीकारक होगा। अत: वायदा वस्तुओं में मन्दी रहने पर नीचे भावों में विशेष रूप से लाल रंग की वस्तु, लाल मिर्च, मसूर, गुड़, तांबा, मूंगा, लाल राजमा, बादाम आदि के भावों में खरीद करनी लाभ देगी। यहां पर एक सप्ताह में ही लाभ उठा लेना चाहिए। आगे चैत्र शुक्ल एकादशी की शाम को कुम्भ राशि में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से मंगल के अधिकार की वस्तुओं में विशेष उतार-चढ़ाव होंगे अत: रुख देखकर व्यापार करें। यहां पर यह अवश्य ध्यान रखें कि दि. २९ मार्च व ३० मार्च के मध्य बने हाईएस्ट व लोएस्ट भावों में जो भी सबसे ऊँचा या सबसे नीचा हो, उसे काटकर जिस ओर दि. ३१ मार्च को या बाद मार्केट चले तब उसी ओर व्यापार करके लाभ उठाना चाहिए। यहाँ की चाल वैशाख बदी प्रतिपदा तक चलेगी। हाजिर गेहूं, जौ, चना, बाजरा, मटर, मूंग, मोंठ में मन्दी होगी। सोना-चांदी, तांबा आदि धातु गुड़, खांड, चीनी में तेजी का रुख इस माह में रहेगा। आलू स्टॉक करना लाभप्रद होगा।

वैशाख सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह में पांच मंगलवार तथा पांच ही बुधवार हैं। दि. ३ अप्रैल से यह माह आरम्भ होकर दि. २ मई तक समाप्त होगा। पांच मंगलवारों का होना तेजी के बल की वृद्धि करने वाला तथा पांच बुधवार भी तेजीकारक ही सिद्ध होगा। इस माह की विशेष घटना गुरु का चतुर्थी शुक्रवार की रात्रि में वक्री होना है। यह वक्री अवस्था गेहूं, जौ, चना, मटर, बाजरा के भावों में मन्दीकारक है। गुड़, खांड, चीनी के स्टाक में हाथ डालना लाभप्रद होगा। दि. ६ अप्रैल की रात्रि में वृष राशि पर शुक्र का संचरण रस पदार्थ, गुड़, खांड, चीनी, चांदी, कपास, रुई, ग्वार के भावों में तेजीकारक होने से नीचे स्तर पर भाव मिलने पर स्टाक करें। वायदा की इन्हीं वस्तुओं में लिवाली करनी चाहिए। यहां पर विशेष ध्यान यह रखें कि जिस वायदा वस्तु में दि. ७ अप्रैल को दि. ६ के बनें नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब डबल बेचकर दि. १० अप्रैल तक लाभ उठाना। हाजिर में रुई, कपास, सूत, सूती वस्त्र व नशे के पदार्थों के भावों में २६ दिन में मन्दी का ट्रेन्ड रहेगा।

आगे मेष संक्रांति के प्रभाव से दि. १५ अप्रैल से २० दिन में सोना-चांदी, चावल, तिलहन पदार्थ, वाहन, शेयर, धातु पदार्थ, लोहा, मशीन, चाय, कॉफी, चना, गेहूं के भावों में यहीं से तेजी बन जायेगी। अत: नीचे भावों में स्टाक करना लाभ्रद होगा। वैशाख शुदी में पंचमी शनिवार को बुधास्त के प्रभाव से सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, जूटपाट, बारदाना, ग्वार, चना, गेहूं, जौ के भावों में २० दिन में श्रेष्ठ तेजी की चाल बनेगी। वायदा मार्केटों के व्यापारियों हेतु विशेष सलाह है कि दि. २१ अप्रैल को २२ अप्रैल के बने ऊँचे भाव से जिस वस्तु के भाव ऊँचे हो उसमें विशेष तेजी एक सप्ताह की चलेगी।

प्रथम ज्येष्ठ सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

प्रथम ज्येष्ठ माह में पांच गुरुवारों का होना विशेष मन्दीकारक होने से यह ध्यान रखना कि चालू फसल की वस्तुओं में अगर शुरुआती तीन दिन मन्दी में रह जाएं तब उनमें विशेष नरमी की धारणा बनेगी। माह के आरम्भ होने की प्रात: से पूर्व मिथुन राशि में शुक्र के संचरण के प्रभाव से सफेद रंग की वस्तुओं के भावों में विशेष तेजी का दौर चलेगा। यहां पर चांदी, कपूर, ग्वार, उड़द, कपास, रुई के वायदा मार्केटों में तीन ही दिन में विशेष तेजी होगी। आगे मीने भौम दि. ७ मई की रात्रि में होने से सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, ग्वार, काष्ठ निर्मित वस्तुएं व सफेद व पीले रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी का दौर चलेगा। वायदा मार्केटों में दि. ८ मई को वृष बुध का प्रभाव व्यापारियों को विशेष लाभ देने वाला होगा। तिल, तेल, सूत, रुई, कपास, गेहूं, जौ, चना, मटर व धान्य के भावों में तेजी की धारणा बनेगी। आज के बने ऊँचे भाव से दि. ९ मई को जिस वायदा वस्तु के भाव कटेंगे उसी में जोरदार तेजी चार दिन में बन जायेगी। दि. १५ मई को वृष संक्रांति के प्रभाव से जूट, पाट, बारदाना, शेयर मार्केट, रुई, सूत, वस्त्र, चावल, गेहूं, शक्कर, कपूर, इलायची, बिनौला के भावों में तेजी का वातावरण बनेगा। आगे विशेष धारणा है कि दि. १४ मई से २० मई के बीच बने हाईएस्ट तथा लोएस्ट भाव नोट करें अगर हाईएस्ट भाव जिस वायदा या हाजिर वस्तु में क्रॉस हों तब तेजी की लम्बी लाईन उसी वस्तु में द्वितीय ज्येष्ठ बदी चतुर्थी मंगलवार तक बनेगी। दि. १४ मई को बुधोदय होने से वायदा मार्केटों

में आज दोपहर में बारह बजे के बाद दुतर्फा गली लगानी लाभ देगी। माह के दौरान शनि गुरु का नवपंचम दृष्टि योग चल रहा है। इसके प्रभाव से लौह पदार्थों में नरमी का प्र रहेगा। सोना-चांदी, हल्दी केशर में तेजी का वातावरण बना रहेगा। प्रथम ज्येष्ठ शुदी अष्टमी गुरुवार को शाम को मिथुन राशि में बुध के प्रभाव से हरे रंग की वस्तुओं के भावों में विशेष तेजी होगी। सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, ग्वार के भावों में मन्दी होगी जो आगामी बारह दिन चलेगी।

द्वितीय ज्येष्ठ सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

द्वितीय ज्येष्ठ माह में पांच शुक्रवार व पांच शनिवार हैं जो कि माह में मन्दी की प्रधानता को दर्शित करते हैं। यह महीना दि. १ जून को आरम्भ होकर दि. ३० जून को समाप्त होगा। इस माह में खास ग्रह योग अष्टमी शुक्रवार दि. ८ जून को शाम को मृगशिर में सूर्य का प्रवेश तथा मिथुन संक्रांति का १५ जून को होना तथा दि. १९ जून की शाम को बुधास्त का होना है। दि. ८ जून को मृगशिर में सूर्य के संचरण के प्रभाव से चौदह दिन में जलीय पदार्थ नारियल, फल, रुई, घी देसी, रेशम, वस्त्र, कपूर, चन्दन, सुगंधित पदार्थ, चना, धान्यों के भावों में तेजी का रुख बनेगा। बाद दि. १५ जून को वृष संक्रांति के प्रभाव से ग्वार, जीरा, घी, अजवायन, सौंफ, जायफल, कागज, बाजरा, ज्वार शेयरों के भावों में तेजीकारक होगा। दि. १६ जून को मेष में मंगल का प्रभाव दि. १८ जून से गेहूँ, जौ, चना, मटर, मूंग, मोंठ, अरहर, बाजरा के भावों में मन्दीकारक होगा। सोना-चांदी, तांबा, पीतल आदि धातु मूंगा, मोती आदि रत्न रसादि पदार्थ, गुड़, खांड, जूट, पाट, बारदाना के भावों में विशेष तेजी की चाल चलेगी। आगे बुधास्त दि. १९ जून को उपरोक्त वस्तुओं के साथ रुई, कपास में विशेष तेजीकारक होगा। वायदा मार्केटों में अचूक चांस हैं कि दि. २० जून को दि. १९ के बने ऊँचे भाव से जिस वस्तु में मार्केट बढ़ जाए तथा ऊँचा ही बन्द हो तब उसमें विशेष तेजी की धारणा बनाकर चार दिनों में ही लाभ उठा लेना चाहिए। इस माह में लोहा व काले रंग के पदार्थों में एक विशेष ध्यान रखने योग्य बात यह है कि दि. १८ जून को जिस काले रंग की वस्तु के भाव दि. १६ के बने ऊँचे भाव से बढ़ेंगे तब उसी में विशेष तेजी होगी। तमाम माह में ग्रह अलग-अलग छितराये रहेंगे जो भावों में विशेष उठा-पटक देंगे। दि. १९ जून की शाम को दुतर्फा गली लगानी विशेष लाभकारी होगी।

आषाढ़ सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह में पांच रविवार तथा पांच ही सोमवार हैं अतः प्रजा में सुख की विशेष अनुभूति होगी। आतंकवाद कम होगा। पांच रविवार तेजीकारक हैं साथ ही पांच सोमवार मन्दीकारक भी हैं। अतः विशेष तेजी आ जाने पर मन्दी के चांस भी रियेक्शन के रूप में आयेंगे। आषाढ़ बदी तीज की रात्रि में सिंह शुक्र के प्रभाव से सोना-चांदी, तांबा, पीतल आदि धातु गुड़, खांड, चीनी, गेहूं, जौ, चना, मटर, मूंग, मोंठ, चना, ग्वार, लाल मिर्च व लाल रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी होगी। दि. ८ जुलाई को १६ घटी १४ पल पर बुधोदय होने से पहले तो तेजी बाद मन्दी का चांस वह सभी वस्तुएं पकड़ेंगी जो पहले से तेज चली आ रही होंगी। इस माह की विशेष घटना आषाढ़ शुदी प्रतिपदा को शनि का सिंह राशि में प्रवेश होना है जो केतु के साथ हो जायेंगे। शुक्र भी साथ में रहेंगे। इसी दिन चन्द्रदर्शन का भी होना वायदा मार्केटों में उथल-पुथल कारक होगा। अति तेजी और अति मन्दी की चाल चलेगी जो आगामी एक सप्ताह में घटित होगी। दि. १६ जुलाई को रात्रि में कर्क संक्रांति के प्रभाव से चांदी, सोना, चाय, नारियल, धान्यों, गेहूं, जौ, चना, मटर, ग्वार व जल से उत्पन्न होने वाली वस्तुओं के भावों में मन्दी का वातावरण रहेगा। तथापि रुख दो दिन का अवश्य देखना चाहिए। यहां पर दि. १३ जुलाई से १९ जुलाई तक तिलहनों में विशेष चाल चलेगी। धारणा तेजी की है। आगे आषाढ़ शुदी चतुर्दशी को शाम को वृष में मंगल के संचरण के प्रभाव से जूट, पाट, बारदाना, रुई, सूत, कपास, अनाज, कपूर, सोना, चांदी, तांबा के भावों में तेजी होगी। शेयर मार्केट तेजी पर जायेगा।

श्रावण सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

श्रावण माह के प्रारम्भ में प्रतिपदा तिथि का क्षय होना तथा बाद में कृष्ण पक्ष में ही त्रयोदशी क्षय भारी उथल-पुथल कारक होंगे। माह में पांच मंगलवार विशेष तेजी बहुधा व्यापारिक वस्तुओं में करेंगे। श्रावण बदी तीज बुधवार को कर्क बुध के प्रभाव से गुड़, खांड, धान, दूध, दही, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी, मूंगफली, सोयाबीन के भावों में तेजी की चाल एक माह लगभग की चलेगी। श्रावण बदी पंचमी दि. ३ अगस्त को बुधास्त के प्रभाव से रुई, सूत, कपास, गुड़, सोना, चांदी, तांबा, पीतल आदि धातु जूट, पाट, बारदाना, सण के भावों में मन्दी की चाल दो सप्ताह की बनेगी। उपरोक्त वस्तुओं के वायदा मार्केटों में यह विशेष नोट अवश्य रखें कि दि. ४ अगस्त को दि. ३ के बने ऊँचे भाव से जिस वस्तु के भाव कटें और बढ़ जाएं तब उसी वस्तु में तेजी की चाल एक सप्ताह की बनेगी। दि. ४ अगस्त की प्रातः शनि के अस्त होने के प्रभाव से सोना, चांदी, लोहा, शेयर बाजार में तेजी की चाल बनने की धारणा है। यहां पर यह अवश्य ध्यान रखें कि दि. ४ अगस्त को दि. ३ के बने ऊँचे भाव से मार्केट बढ़े और ऊँचा ही बन्द हो तब तेजी लम्बी लाईन के रूप में चलेगी। आगे श्रावण शुदी चौथ शुक्रवार को सिंह संक्रांति का संचरण धान्यों के भावों में मन्दीकारक है। सोना-चांदी, तांबा, चना, सोंठ, केसर के भावों में तेजी का रुख बनेगा। गुड़, खांड के भाव में घटबढ़ साथ पूर्व रुख ही चलेगा। ग्वार, चना, उड़द, तुवर, सोयाबीन, सोयाबीन तेल, कालीमिर्च, जीरा, मेंथा, तांबा, क्रूड आयल, प्राकृतिक गैस, ग्वार, कपास, खल, बिनौला, चीनी के वायदा मार्केटों में विशेष व लम्बी लाईन के चांस बनेंगे। रुख देखें और व्यापार करें। इस माह में दि. ३ अगस्त को शाम के समय वायदा वस्तुओं में दुतर्फा गली लगानी लाभप्रद होगी। दूसरा चांस दि. १७ अगस्त को दोपहर में भी दुतर्फा गली लगानी चाहिए।

भाद्रपद सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

भाद्रपद का महीना पांच बुधवारों से युक्त है। पांच बुधवार समताकारक है। अत: इस माह में ऊँची तेजी देखने को नहीं मिलेगी। बदी पक्ष में चतुर्थी तिथि का क्षय होना विशेष मन्दीकारक है। बदी तृतीया को प्रात: पूर्वा फाल्गुनी में सूर्य का प्रवेश सोना में विशेष तेजीकारक है। चांदी, रुई, सूत, चावल, गेहूँ, गुड़, खांड, तिल, तेल, सरसों, ज्वार, घी व ऊन के भावों में तेजी का रुख बनेगा। बदी तीज को ही बुधोदय होना पिछली चाल को एक बार तेज करके फिर चाल पलट देगा। आगे दि. १ सितम्बर को शाम को कन्या राशि में बुध के प्रभाव से सोना, चांदी आदि धातु गुड़, खांड आदि रस पदार्थ, हल्दी, गेहूं, जौ, चना के भावों में तेजी होगी। रुई, सूत, कपास में मन्दी विशेष एक पक्ष में ही बनेगी। भाद्रपद बदी द्वादशी को रात्रि में शनि उदय के प्रभाव से तेजी का रुख बनेगा। शनि व सिंह राशि को लाल व काले रंग की वस्तुओं में तेजी का रुख बनेगा। आलू का स्टाक इस माह के प्रारम्भ में अवश्य बाहर कर देना चाहिए। भाद्रपद शुक्ल पक्ष में दि. १३ सितम्बर को चन्द्रदर्शन के प्रभाव से विशेष चाल मन्दी की हल्दी, केसर, स्वर्ण, कालीमिर्च, जीरा, अरहर, उड़द, तुवर के भावों में बनेगी। भादों शुदी पंचमी रविवार को मिथुन भौम के प्रभाव तथा सूर्य मंगल के चर्तुदश दृष्टि सम्बन्ध के प्रभाव से तिलहन पदार्थों में विशेष तेजी का रुख अगले ही दिन कन्या संक्रांति लगते ही बन जायेगा। यह तेजी विशेष प्रभावशाली होगी। कन्या संक्रांति भाद्रपद शुदी षष्ठी को लगेगी जो कि विशेष मन्दीकारक सिद्ध होगी। गुड़, खांड, चीनी, चावल, मेवा, लाल वस्तु, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल व शेयर बाजारों में मन्दी होगी। तथापि तीन दिन का रुख अवश्य देखते हुए व्यापार करना चाहिए। अगर दि. १० सितम्बर से १७ के मध्य बने हाईएस्ट भाव जिस वायदा मार्केट में कटें तब उसी में तेजी जोरदार होगी। वायदा बाजार दि. १ सितम्बर से पलटकर चलेंगे बाद में दि. ५ सितम्बर से पलट होकर दि. ११ तक चलकर १२ से पुन: पलटेंगे।

आश्विन सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

आश्विन माह में पांच गुरुवार व पांच ही शुक्रवार हैं। यहां पर दोनों वार ही मन्दी के सूचक हैं। इस पक्ष में विशेष बात कृष्ण पक्ष की यह है कि प्रथम षष्ठी क्षय बाद चतुर्दशी वृद्धि है। यह वस्तुओं के रुख को मन्दी होकर तेजी की ओर इंगित करती है। अत: नीचे भावों में वस्तुओं की खरीद लाभप्रद होगी। आश्विन बदी तीज को सिंह राशि में शुक्र के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना, मजीठ, लाल चन्दन, लाल मिर्च, लाल रंग की वस्तुएं गुड़, खांड, चीनी के भावों में सरकारी प्रभाव से वृद्धि होगी। सोना, चांदी आदि धातुएं भी तेज होंगी। शेष वायदा वस्तु दि. १ अक्टूबर तक मन्दी होकर तेज होनी आरम्भ हो जायेंगी। जो वस्तुएं दि. ३ अक्टूबर से तेज चलें उन्हें खरीदना लाभप्रद होगा। तथापि दि. ३ अक्टूबर को दि. १ अक्टूबर के बने नीचे भाव से टूटें उनमें लम्बी मन्दी चलेगी जो कम से कम एक सप्ताह की होगी। आगे दि. १० अक्टूबर को रात्रि में वक्री बुध होंगे जो क्रूड ऑयल, कपास, चांदी, सोना, गुड़, रुई, सूत, ग्वार, उड़द, जूट, पाट, बारदाना में तेजी की चाल देंगे। आगे दि. १८ अक्टूबर से तुला संक्रांति के प्रभाव से जोरदार घटबढ़ के साथ जोरदार तेजी की चाल गेहूँ, जौ, चना, उड़द, बाजरा, ज्वार, सोना के भावों में चलेगी। नारियल, सुपारी, लाल चन्दन तेज ही रहेंगे। रुई व चांदी में रुख देखकर व्यापार करना ठीक रहेगा। दि. १८ अक्टूबर को बुधास्त का प्रभाव विशेष रूप से पड़ेगा। यह बुधास्त तूफानी तेजी के चांस देने वाला होगा। खास तौर से सोना-चांदी, तांबा, पीतल आदि धातु गुड़, चीनी, रुई, पाट, कपास, गेहूँ, जौ, चना में विशेष तेजी तेरह दिनों में ही आयेगी। यहां पर दुतर्फा गली लगानी लाभ देगी।

कार्तिक सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह में पांच शनिवारों का होना खाद्यान्नों के भावों में तेजीकारक है। लौह पदार्थों में तेजी देखने में आयेगी। प्रतिपदा का क्षय माह के लगते ही होने से मन्दी का प्रभाव बढ़ायेगा। अत: जो वायदा वस्तुएं दि. २६ अक्टूबर तक तेजी में हों और दि. २७ को भी भाव बढ़ें तब तेजी में और २६ के नीचे भावों को काटकर मार्केट चले तब मन्दी में आगामी चार दिन रहेगी। कार्तिक बदी चतुर्थी की रात्रि में बुधोदय किराने की वस्तुओं में मन्दी कारक होगा। यहां पर जिन वस्तुओं में पहले से तेजी चली आ रही हो उनमें तेजी लगाना लाभप्रद होगा। आगे कार्तिक बदी पक्ष में दि. ३ नवम्बर को कन्या राशि में शुक्र के प्रवेश के प्रभाव से कपूर, चांदी, रुई, कपास, ऊन, जूट, पाट में तेजी बनेगी जो पन्द्रह दिन रहेगी। तब भी दो दिन तेजी रहने पर ही तेजी पक्की जानना। आगे दि. ४ नवम्बर को तुला में बुध का प्रभाव विशेष रूप से तूफानी चाल देगा। रुख नरमी का रहने की धारणा हरे उड़द, मूंग, जीरा, धनिया व किराना की वस्तुओं में रहने की है। कार्तिक शुक्ल पक्ष में रविवारी चन्द्रदर्शन तिलहन पदार्थों में विशेष तेजीकारक है। साथ ही अन्य वस्तुएं भी तेजी का रुख पकड़ेंगी। इस पक्ष में शुदी तीज की वृद्धि और अन्त में त्रयोदशी तिथि का क्षय होना विशेष रूप से मन्दी का सूचक है अत: ऊँचे भावों में बिकवाली करनी लाभप्रद होनी चाहिए।

कार्तिक शुक्ल पक्ष में कार्तिक शुदी छठ को दि. १६ नवम्बर को वृश्चिक संक्रांति के प्रभाव से अन्नादि के भावों में घटबढ़ के साथ समता रहेगी। सोना, चांदी, तांबा, रुई, ऊन, सरसों में तेजी होगी। लाल मिर्च, बादाम, लाल चन्दन, लाल रंग की वस्तुओं के भावों में मन्दी होगी। कार्तिक शुदी एकादशी की रात्रि में धनु राशि में गुरु प्रवेश करेंगे। उनके प्रभाव से विशेष मन्दी की चाल सोना, चांदी, रुई, कपास, सण, पाट, सूत, तिल, तेल, नमक, लोहा, तांबा, पीतल, गेहूं, जौ, चना, गुड़, खांड में लम्बी लाईन की मन्दी चलने की धारणा है। साथ ही दि. २४ नवम्बर को दोपहर पूर्व बुधास्त का होना भयंकर मन्दी का योग ही बनायेगा।

मार्गशीर्ष सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह में पांच रविवार व पांच ही सोमवार हैं। कुल मिलाकर पांच रविवार तेजी

कारक हैं तो पांच सोमवार मन्दीकारक हैं। निष्कर्ष रूप में बढ़े भावों में बिकवाली करनी लाभ देगी। लगते मंगशिर बदी तृतीया को वृश्चिक बुध के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना, मटर, सरसों, तिल, तेल, घी के भावों में मन्दी होगी। सोना, चांदी के भावों में स्थिरता या नरमी रहेगी। रुई, कपास में घटबढ़ ही होगी। मंगशिर बदी पंचमी का क्षय होना मन्दी के प्रभाव को बढ़ाएगा। मन्दी की लाईन लम्बी चलेगी। शुदी पक्ष में चन्द्र दर्शन मंगलवारी चलती मन्दी में तेजी के रियक्शन देगा जोकि बुधवार से तीन दिवसीय तेजी के रूप में सामने आयेगी। बाद पुन: चाल मंगशिर शुदी दोज की रात्रि में गुरु अस्त के प्रभाव से सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, मटर, ज्वार, बाजरा आदि धान्यों में जोरदार मन्दी होगी। तिल, तेल, घी, सरसों में मन्दी की विशेष चाल चलेगी। कपास सण, सोना आदि धातुएं मन्दी होंगी। आगे दि. १६ दिसम्बर को धनु संक्रांति के प्रभाव से अन्नादि के भावों में मन्दी ही होगी। सोना, चांदी, रुई, तिल, तेल, कपास में तेजी बनेगी। अत: नीचे स्तर पर लिवाली लाभ देगी। नोट- अगर दि. १७ दिसम्बर को दि. १५ के बने ऊँचे भाव से मार्केट बढ़े तब तेजी का चांस ही सम्पन्न होगा। आगे मार्गशीर्ष शुदी एकादशी को शनि वक्री हो रहे हैं जो धान्यों के भावों में तेजी कारक है अत: नीचे स्तर पर स्टाक करके बेचना लाभप्रद होगा। तथापि रुख अवश्य देखना चाहिए। देशी घी का स्टाक न रखें।

पौष सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

पौष माह में पांच मंगलवारों का होना जोरदार तेजी कारक है। इस माह के प्रथम पक्ष में जो वस्तु निम्न स्तर पर हों उनका स्टाक व खरीद करना लाभप्रद होगा। बदि प्रतिपदा का क्षय प्रारम्भ में मन्दी कारक है बदी दोज को शाम बाद वृश्चिक राशि में शुक्र का प्रवेश विशेष तौर पर मन्दी की चाल देगा। गेहूँ, जौ, चना, उड़द, ज्वार, बाजरा के भावों में मन्दी की चाल तेरह दिन की चलेगी। पौष बदि दशमी की वृद्धि के प्रभाव से धीरे-धीरे मन्दी से तेजी का रुख बनना प्रारम्भ हो जायेगा। बाद गुरु के पौष बदी एकादशी रविवार को उदय होने के बाद तेजी का प्रभाव बढ़ेगा। बुध अमावस्या के दिन उदय होगा, यहाँ से विशेष तेजी गेहूँ, जौ, चना, ग्वार, बाजरा, गुड़, खांड, चीनी, रुई, कपास, बिनौला के भावों में होगी। देशी घी में मन्दी का बिगुल बजेगा। क्रूड ऑयल, नेचुरल गैस, मेंथा ऑयल में नरमी रहेगी। रुख अवश्य देखते हुए ही व्यापार करना हितकारक रहेगा।

पौष शुदी षष्ठी को मकर संक्रांति के प्रभाव से रुई, सूत, कपास, तेल, तिल, सोयाबीन, घी, गुड़, खांड, शक्कर के भावों में अच्छी तेजी होगी। गेहूँ, जौ, चना, बाजरा, ग्वार, उड़द, मूंग, मोठ, तुवर में नरमी होगी। सोना, चांदी शेयर मार्केट व जूट, पाट, बारदाना में मन्दी होगी। तेजी की वस्तुओं में विशेष तेजी होगी। मन्दी वाली वस्तुओं में दो दिन रुख अवश्य देखना चाहिए। हल्दी का स्टाक अवश्य बाहर करना चाहिए। पौष शुदी द्वादशी दि. १९ जनवरी सन् २००८ को धनु राशि में शुक्र के प्रभाव से रुई, कपास, सूत वस्त्र, गेहूं, चना, सोना, चांदी, तांबा आदि धातुओं के भावों में तेजी होगी। इस माह में दि. २ जनवरी की प्रात: व दि. १८ जनवरी को प्रात: दुतर्फा गली लगानी लाभप्रद होगी।

माघ सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

माघ माह में वायदा बाजारों में भारी उथल पुथल चलेगी। तेजी को देखकर ऊँची तेजी में मत आना और भारी मन्दी को देखकर और मन्दी में भी नहीं आना चाहिए। पांच बुधवार व पांच गुरुवार बुध गुरु पचैकम योग बना रहे हैं। जो विशेष मन्दी का सूचक हैं। तथापि विशेष रूप से रुख को देखते हुए व्यापार करना लाभ देगा। माघ बदी पंचमी की रात्रि में वक्री बुध होकर माघ बदी नवमी की दोपहर में बुधास्त का होना, सोना, चांदी, गुड़, खांड, गेहूं, जौ, चना, बाजरा, ग्वार, जीरा, धनियां, रुई, सूत, कपास, जूट, पाट, बारदाना के भावों में तेजी जोरदार होगी। आगे दि. १ फरवरी की शाम को मार्गी भौम का होना लाल मिर्च, छुआरा, मैथी, मूंगफली, बादाम, किशमिश, मसूर, केशर, व लाल रंग की वस्तुओं में मन्दी होगी। माघ शुदी प्रतिपदा को चन्द्रदर्शन चांदी, रुई, कपूर, वस्त्र, सूती, स्फटिक के भावों में मन्दीकारक होगा। शुदी तीज का क्षय विशेष तेजीकारक है यह तेजी साधारण से अधिक ही होगी। शुदी षष्ठी को बुधोदय के प्रभाव से मन्दी की चाल चलेगी। तथापि मन्दी रियक्शन मात्र ही समझनी चाहिए। विशेष यहां पर यह विशेष नोट है कि दि. १३ फरवरी को दि. १२ के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव वायदा मार्केट में एन.सी.डी.ई.एक्स या एम.सी.एक्स. में टूटें उनमें मन्दी भयंकर चालू होगी। जो चार दिन में मोटा मुनाफा देगी। दि. १३ फरवरी की दोपहर में कुम्भ संक्रांति के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना, ग्वार, बाजरा, जई, रुई, पाट, बारदाना, गुड़, खांड, शक्कर के भावों में मन्दी जोरदार होगी। जो माह के अन्त तक चलती रहेगी। दि. १२ फरवरी की शाम को रुई, कपास, सरसों, गुड़, चीनी, चांदी, सोना, ग्वार, उड़द, तुवर में दुतर्फा गली लगानी लाभप्रद होगी।

फाल्गुन सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह में पांच शुक्रवार हैं जो कि किराना मार्केट में भारी उथल-पुथल के बाद भारी मन्दीकारक हैं। अधिकांश मार्केटों में पिछले रुख पर ही प्रथम पक्ष में बाजार चलते रहेंगे। इस माह में वायदा बाजारों में दि. २२ फरवरी की चालू चाल दि. २७ फरवरी तक चलकर दि. २७ से ही चाल पलट जायेगी और पलटकर ही चलेगी। फाल्गुन बदी दशमी को धनिष्ठा में शुक्र के प्रभाव से जोरदार तेजी होगी विशेष रूप से गुड़, चांदी, ग्वार में चलेगी। आगे दि. ४ मार्च को पूर्वाभाद्रपद में सूर्य के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना, रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, तिल, तेल, गुड़, खांड, घी, चावल, ज्वार, बाजरा, गुग्ल, रेशम के भावों में तेजी होगी। फाल्गुन शुक्ल पक्ष में बदी दोज को चन्द्रदर्शन का होना बहुधा वस्तुओं के भावों में तेजी का रुख बनेगा। फाल्गुन शुदी प्रतिपदा को कुम्भ राशि में शुक्र के संचरण का प्रभाव पड़ेगा जोकि विशेष रूप से चांदी, रुई, कपास, सूत, गेहूं, जौ, चना, उड़द, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों के भावों में मन्दी होगी। बाद १० मार्च को कुम्भ राशि में बुध प्रविष्ट होंगे। यहां पर सोना, चांदी, रुई, कपास में तेजीकारक है। वायदा मार्केटों में दि. १० मार्च को दि. ८ मार्च के बने नीचे भाव से जिस वस्तु में भाव टूटें तब उसी में दो दिन में विशेष मन्दी की चाल चलेगी और ऊँचे भाव से बढ़े तब तेजी की धारणा

बनाकर व्यापार करें। बदी अष्टमी की प्रात: मीन संक्रांति सरसों, तिल, तेल, अलसी, रुई, सूत, कपास, बिनौला, चांदी, सोना, गुड़, खांड में अच्छी तेजी कारक हैं। तथापि अन्नादि के भावों में तेजी के उछालों को देखकर घनी तेजी में नहीं आना चाहिए। द्वितीय पक्ष में लाल रंग की वस्तुओं का स्टॉक कतई नहीं करना चाहिए साथ ही अगर पीले रंग की वस्तु माह के प्रारम्भ में नीचे स्तर पर मिले तब उनका स्टॉक करना लाभप्रद होगा। इस माह में दि. ७ मार्च को बने ऊँचे भाव जिस वस्तु में दि. ८ मार्च को कट जाएं तब उसी वस्तु में तेजी का चांस दि. १२ मार्च तक सम्पन्न होगा।

चैत्र बदी सं. २०६४ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह में पांच रविवार व पांच ही शनिवार हैं जिनका प्रभाव परस्पर विरोधी है। अर्थात् तेजी और मन्दी का द्वन्द युद्ध चलेगा। अत: खींचतान रहने से मोटी मन्दी या तेजी तो नहीं होगी। हां खींचातानी अवश्य होगी। यद्यपि रुख कुल मिलाकर तेजी का ही रहेगा। चैत्र बदी पक्ष में बदी तीज को पूर्वा भाद्रपदा में बुध के प्रभाव से सोना, चांदी, तांबा आदि धातु तथा धान्यों के भावों में मन्दी होगी। रुई में घटबढ़ होगी। नोट:- जिस वायदा वस्तु में दि. २२ मार्च को दि. २१ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे तब उसी में मन्दी जोरदार एक सप्ताह चलेगी। आगे दि. ३० मार्च रविवार को मीने बुध का प्रभाव गेहूँ, गुड़, खांड के भावों में मन्दी कारक होगा। रुई में तेजी होगी। सोना चांदी में पहले तेजी बाद मन्दी का रुख बनेगा।

संवत् २०६४ विक्रमी का द्वादश राशिफल

लेखक- **महेश चंद राजेश चंद ज्योतिषी**, पं. मानचंद अमरचंद मार्ग, पुंगलवाड़ा, जोधपुर, फोन- ०२९१-२६२४८६४, मोबाइल- ९४१४४७५११३

मेष राशि :- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

इस वर्ष में ११ मई तक आपका भाग्य हर कार्य में आपका साथ देगा। सोचे हुए कार्य की सफलता से आप उत्साहित रहेंगे। दाम्पत्य जीवन सम्बन्धित विवादों का समाधान निकल आयेगा, जन सम्पर्क में वृद्धि होगी। मित्र वर्ग आपके सहयोग का आभार मानेंगे। १२ मई से २९ जून तक सोच समझ कर आगे कदम बढ़ाना उचित रहेगा। अपनी ही वाणी पर नियन्त्रण रखना हितकर रहेगा अन्यथा परेशानी रहेगी। रोजगार में अस्थिरता सी रहेगी। विरोधी पक्ष हानि पहुंचाने का प्रयास करेगा, सावधान रहें। ३० जून से ११ अगस्त तक अधिकारी वर्ग आपके कार्यों से प्रभावित रहेगा। आत्म विश्वास के साथ में कार्य करते रहें। योजना क्रियान्वित हो सकेगी। भविष्य उज्जवल है। पुराने विवादों का समाधान निकल आयेगा। अपने ही पराक्रम व पौरुष से धन, यश प्राप्त करेंगे। १२ अगस्त से २९ सितम्बर तक हर कार्य में सतर्कता रखें अन्यथा परेशानी रहेगी। सोच समझ कर आगे कदम बढ़ाना उचित रहेगा। दाम्पत्य जीवन में रुकावटें आयेंगी। लम्बी यात्रा रद्द हो जाने से चिन्ता रहेगी। आय से खर्च ज्यादा रहने से आर्थिक कमी महसूस करेंगे। ३० सितम्बर से २७ नवम्बर तक शुभ कार्य करने के आयोजन की भूमिका बनेगी। धार्मिक कार्यों के प्रति भावना जाग्रत होगी। कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। संबंधित व्यक्तियों के सहयोग से आपकी योजना सफल होगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तन होने से हर्ष रहेगा। २८ नवम्बर से २१ जनवरी तक घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। दूसरों का सहयोग करने पर भी यश नहीं मिलेगा। किसान वर्ग को हानि होने का भय महसूस रहेगा। राजनैतिक वर्ग परस्पर विरोध उग्र रूप धारण कर सकता है। २२ जनवरी से वर्षोपरान्त तक सुखद समाचारों से चिन्ता का निवारण होगा। विद्यार्थी वर्ग अपनी सफलता से उत्साहित रहेगा। इच्छित पद प्राप्त होने का योग बनता है। आय के नए स्रोत सामने आयेंगे जो लाभप्रद सिद्ध होंगे।

वृष :- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

इस वर्ष में २० मई तक आपके ही क्रोध से बनता-बनता कार्य रुक जाने से परेशानी रहेगी। आरोप प्रत्यारोप का सामना करना पड़ेगा। अपनी ही क्षमता से बढ़कर कार्य करना हितकर नहीं रहेगा। पारिवारिक समस्या उग्ररूप धारण कर सकती है। २१ मई से ७ जुलाई तक आप द्वारा लिया गया निर्णय लाभप्रद रहेगा। वैवाहिक अड़चने समाप्त होंगी। व्यापारिक वर्ग अपनी ही सफला से सन्तुष्ट रहेगा। योजना क्रियान्वित होगी। भविष्य उज्जवल रहेगा। ८ जुलाई से ३ सितम्बर तक आपकी सन्तान को राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थी व किसान वर्ग अपने ही कार्यों की सफलता से प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। मुकदमाबाजी से छुटकारा मिलेगा। समझौते द्वारा आपसी कटुता समाप्त होगी। ४ सितम्बर

से १ दिसम्बर तक आप प्रतिद्वन्दियों के लिये सिर दर्द बने रहेंगे। कारोबार में अपनी ही आशा से अधिक प्रगति होगी। अपने ही कार्यों की सफलता से आप उत्साहित रहेंगे। खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। समाज में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। २ दिसम्बर से २५ जनवरी तक आपका जरूरी कार्य अपूर्ण ही रहेगा। दाम्पत्य जीवन में परेशानी महसूस होगी। लम्बी यात्रा करना उचित नहीं रहेगा। मुकदमाबाजी से दूर रहना हितकर रहेगा। २६ जनवरी से १३ मार्च तक दाम्पत्य जीवन सम्बन्धित विवाद निपट जायेंगे। सुखद समाचारों से चिन्ता का निवारण होगा आपकी निराशा आशा में परिवर्तित होगी। जन सम्पर्क में वृद्धि होगी। अधिकारी वर्ग अपने ही कार्यों से प्रभावित रहेगा। १४ मार्च से वर्षोपरान्त तक शत्रु पक्ष की कुचेष्टा आपको संघर्षमय रखेगी। आपकी उदासीनता मित्रों को अखरेगी। व्यर्थ के विवाद से दूर रहना हितकर रहेगा। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कोई वस्तु खोई जा सकती है।

मिथुन राशि :- (क, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह)

इस वर्ष में १३ मई तक आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। आय के नये स्रोत सामने आयेंगे। विरोधी पक्ष पराजित रहेगा। अधिकारी वर्ग आपके कार्यों से प्रभावित रहेगा। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष रहेगा। समझौते द्वारा आपसी कटुता समाप्त होगी। १४ मई से ३ जुलाई तक दौड़धूप ज्यादा रहेगी। मुकदमाबाजी से दूर रहना हितकर रहेगा। आय में कमी महसूस होगी। आपका विश्वासपात्र व्यक्ति ही आपके साथ में विश्वासघात कर सकता है। ४ जुलाई से २७ अगस्त तक अपने ही बुद्धिबल से अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे। व्यापारिक वर्ग अपने ही कार्यों से सन्तुष्ट रहेगा। शुभ कार्य की भूमिका बनने से हर्ष रहेगा। मित्र वर्ग आपके सहयोग का आभार मानेंगे। किसान वर्ग अपनी ही सफलता से प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। परिवार में सुख समृद्धि होगी। २८ अगस्त से ९ अक्टूबर तक विरोधी पक्ष आपके लिये नई समस्या उत्पन्न कर सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। लम्बी यात्रा करना हितकर नहीं है। पारिवारिक समस्या से आपकी प्रगति में कमी आयेगी। लम्बी यात्रा करना हितकर नहीं है। खर्च ज्यादा रहने से आर्थिक समस्या बनी रहेगी। १० अक्टूबर से २० दिसम्बर तक सरकारी कर्मचारी अपने ही कार्यों की सफलता से प्रसन्न रहेंगे। सोचे हुए कार्य की सफलता से आप उत्साहित रहेंगे। दाम्पत्य जीवन सम्बन्धित विवाद निपट जायेंगे। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से मन में हर्ष रहेगा। २१ दिसम्बर से २९ जनवरी तक व्यर्थ के विवाद में उलझना उचित नहीं है। भाग्यवादी कार्यों में रुकावटें आने से परेशानी रहेगी। घरेलू खर्च ज्यादा रहने से कर्ज लेना पड़ सकता है। ३० जनवरी से वर्षोपरान्त तक नये कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। आपकी निराशा आशा में परिवर्तित होगी। किसान वर्ग इच्छानुसार लाभ मिलने से प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। गणमान्य व्यक्ति आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे।

कर्क राशि (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

इस वर्ष में २३ मई तक जन सम्पर्क में वृद्धि होगी। योजना क्रियान्वित हो सकेगी। भविष्य उज्जवल है। पुराने विवाद निपटाने में सफलता मिलेगी। सन्तान सम्बन्धित कार्य सफल होगा। आत्म विश्वास जाग्रत होगा। व्यापारी वर्ग अपनी ही सफलता से सन्तुष्ट रहेगा। आप द्वारा लिया गया निर्णय लाभप्रद रहेगा। २४ मई से १७ जून तक खर्च ज्यादा रहने से आर्थिक तंगी महसूस होगी। मित्रों की गतिविधियों से मानसिक तनाव बढ़ेगा। दाम्पत्य जीवन में रुकावटे आयेंगी। किसी भी विवाद में उलझना हितकर नहीं रहेगा। कोई नया व्यक्ति आपको प्रलोभन देकर विश्वासघात कर सकता है। १८ जून से १२ अगस्त तक आप अपने ही कार्यों की सफलता से प्रफुल्लित रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचा हुआ कार्य वक्त पर बन जाने से मन में हर्ष व उत्साह रहेगा। परिवार में सुख शांति रहेगी। १३ अगस्त से ३ अक्टूबर तक कोई वस्तु खोई जा सकती है, ध्यान रखें। इच्छानुकूल स्थानान्तरण होता-होता रुक जायेगा। लेनदेन के मामलों में सावधानी रखें। जमीन सम्बन्धित विवाद उग्ररूप धारण कर सकता है। ४ अक्टूबर से २९ नवम्बर तक वैवाहिक अड़चने समाप्त होंगी। विशेष कार्य निपटाने में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होने से आर्थिक समस्या का समाधान निकल आयेगा। शुभ कार्य तय हो जाने से मन में हर्ष रहेगा। ३० नवम्बर से २८ जनवरी तक अपने ही कार्यों की सफलता से आप फूले न समायेंगे। विरोधी पक्ष आपसे समझौता करने की इच्छा प्रकट करेंगे। कामकाज में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी। २९ जनवरी से वर्षोपरान्त तक विरोध व संघर्ष करते हुए समय व्यतीत होगा। व्यर्थ की पंचायती करना हितकर नहीं रहेगा। धर्मपत्नी से विवाद आपकी परेशानी में वृद्धि करेगा। विद्यार्थी वर्ग के लिये यह समय अनुकूल नहीं है।

सिंह राशि (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

इस वर्ष में २ मई तक सोच समझकर आगे कदम बढ़ाना उचित रहेगा। खर्च ज्यादा रहने से आर्थिक कमी महसूस होगी। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। पारिवारिक समस्या से चिन्ताग्रस्त रहेंगे। ३ मई से २८ जून तक शुभ कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय लाभप्रद सिद्ध होगा। जन सम्पर्क में वृद्धि होगी। खोई हुई वस्तु मिल जाने से मन में हर्ष रहेगा। सन्तान की सफलता से आप प्रफुल्लित रहेंगे। २९ जून से १५ अगस्त तक हर कार्य में सतर्कता रखना हितकर रहेगा। सन्तान के साथ में आपसी विवाद से परेशानी रहेगी। राजनैतिक वर्ग को विरोध का सामना करना पड़ेगा। रोजगार में अस्थिरता सी रहेगी। १६ अगस्त से २ अक्टूबर तक आत्म विश्वास जाग्रत होगा। मजदूर वर्ग रुके कार्य बन जाने से उत्साहित रहेंगे। इच्छित पद प्राप्ति हेतु व्यवधान समाप्त हो जायेगा। योजना क्रियान्वित होगी। विदेश जाने का योग भी बन सकता है। ३ अक्टूबर से १७ नवम्बर तक आपका जरूरी कार्य अपूर्ण रहेगा। घरेलू खर्च ज्यादा रहेगा। सन्तान से वाद-विवाद सा रहेगा। विरोधी पक्ष आपके लिये नई समस्या उत्पन्न कर सकता है। १८ नवम्बर से २ जनवरी तक आपका भाग्य हर कार्य में आपका साथ देगा। विरोधी पक्ष गुप्त रूप से आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे। सुख सुविधा के साधनों में खर्च रहने से मन में हर्ष रहेगा। समझौते द्वारा आपसी कटुता समाप्त होगी। ३ जनवरी से २५ फरवरी तक आपका सहयोगी मित्र आपके साथ में विश्वासघात कर सकता है, ध्यान रखें। आपको संयम रखना जरूरी है अन्यथा कटु आलोचना होगी। क्षमता से बढ़कर व्यापार करना उचित नहीं है। दौड़धूप व विवादों के साथ

में समय व्यतीत होगा। योजना बनाते रहें सफलता में देरी है। २६ फरवरी से वर्षोपरान्त तक सोचे हुए कार्य की सफलता से आप उत्साहित रहेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धित विवादों का समाधान निकल आयेगा। सुखद समाचारों से चिन्ता का निवारण होगा। धार्मिक कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी।

कन्या राशि (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

इस वर्ष में २० मई तक पारिवारिक समस्याओं से आपकी प्रगति में कमी आयेगी। खर्च ज्यादा रहने से आर्थिक समस्या बनी रहेगी। विरोधी पक्ष आपके लिये नई समस्या उत्पन्न कर सकते हैं। मित्रों से मन मुटाव रहेगा। २१ मई से ११ जुलाई तक सरकारी कर्मचारी अपने ही कार्यों की सफलता से उत्साहित रहेंगे। सोचा हुआ कार्य सफल होगा। दाम्पत्य जीवन सम्बन्धित विवाद निपट जायेंगे। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से मन में हर्ष रहेगा। १२ जुलाई से ५ सितम्बर तक व्यर्थ के विवादों में उलझना उचित नहीं है। भाग्यवादी कार्यों में रुकावटें आने से परेशानी रहेगी। खरेलू खर्च ज्यादा रहने से कर्ज लेना पड़ सकता है। आपका बनता-बनता कार्य भी रुक सकता है। ६ सितम्बर से २९ अक्टूबर तक नये कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। आपकी निराशा आशा में परिवर्तित होगी। किसान वर्ग इच्छानुसार लाभ मिलने से प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। गणमान्य व्यक्ति आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे। ३० अक्टूबर से २५ दिसम्बर तक दौड़धूप ज्यादा रहेगी। मुकदमाबाजी से दूर रहना हितकर रहेगा। आय में कमी महसूस होगी। आपका विश्वासपात्र व्यक्ति ही आपके साथ में विश्वासघात कर सकता है। २६ दिसम्बर से २१ फरवरी तक आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। आय के नये स्रोत सामने आयेंगे। विरोधी पक्ष पराजित रहेगा। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष रहेगा। समझौते द्वारा आपसी कटुता समाप्त होगी। मित्र वर्ग आपके सहयोग का आभार मानेंगे। शुभ व सुखद कार्यों में खर्च करने की भूमिका बनेगी। २२ फरवरी से वर्षोपरान्त तक क्षमता से बढ़कर कार्य न करें। स्वास्थ्य के प्रति कमजोरी महसूस करेंगे। बनता-बनता कार्य रुक जाने से मानसिक चिन्ता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों से मन-मुटाव सा रहेगा।

तुला राशि (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

इस वर्ष में १७ मई तक आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। नया कार्य आरम्भ करने की योजना बनेगी जो सफल होगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष रहेगा, राजनेता अपने ही क्षेत्र में यश प्राप्त करेंगे। १८ मई से ५ जुलाई तक आत्म विश्वास में कमी आयेगी। स्वास्थ्य की कमजोरी से आपकी प्रगति रुक सकती है। कोई अप्रिय समाचार मिलने से मानसिक चिन्ता रहेगी। ६ जुलाई से २९ अगस्त तक शुभ खर्च करने के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त होगा। देव, गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना जाग्रत होगी। पारिवारिक समस्या का समाधान हो जायेगा। अपने ही कार्यों की प्रशंसा से फूले न समायेंगे। ३० अगस्त से २१ अक्टूबर तक जोखिम उठाकर कोई भी कार्य करना उचित नहीं रहेगा। सन्तान की ओर से चिन्ता रहेगी। मित्रों से मनमुटाव सा रहेगा। सट्टा या शेयरों में धन लगाना उचित नहीं है। राजनैतिक वर्ग अपनी ही कटु-आलोचना से परेशान रहेगा। २२ अक्टूबर से १९ दिसम्बर तक जन सम्पर्क में वृद्धि होगी। शुभ सन्देश मिलने से चिन्ता का निवारण होगा। आय के नये स्रोत सामने आयेंगे। नये कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। आपकी निराशा आशा में परिवर्तित होगी। परिवार में सुख समृद्धि होगी। २० दिसम्बर से ७ फरवरी तक आपका जरूरी कार्य अपूर्ण रहेगा। लम्बी यात्रा करना उचित नहीं है। मुकदमाबाजी से दूर रहना हितकर रहेगा। दाम्पत्य जीवन में परेशानी महसूस करेंगे। बिना विशेषता के साथ में समय व्यतीत होगा। ८ फरवरी से वर्षोपरान्त तक खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। सत् पुरुषों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। बिगड़ा हुआ कार्य बनने से मन में हर्ष रहेगा।

वृश्चिक राशि (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

इस वर्ष में २९ अप्रैल तक आपकी उदासीनता मित्रों को अखरेगी। आपके मित्र ही आपके शत्रु बन जायेंगे। व्यर्थ के विवाद से दूर रहना हितकर रहेगा। सोच समझ कर आगे कदम बढ़ाना उचित रहेगा। ३० अप्रैल से २५ जून तक आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। शुभ सन्देश मिलने से चिन्ता का निवारण होगा। विरोधी पक्ष गुप्त रूप से आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे। कारोबार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। २६ जून से १० अगस्त तक आपको अपनी ही क्षमता से बढ़कर निर्णय लेना उचित नहीं है। किसान वर्ग चिन्ताग्रस्त रहेगा। शुभ कार्यों में रुकावटें आने से परेशान रहेगा। कोई वस्तु खोई जा सकती है। विरोधी पक्ष हानि पहुंचाने का प्रयास करेगा, सावधान रहें। ११ अगस्त से ४ अक्टूबर तक आप प्रतिद्वन्द्वियों के लिये सिर दर्द बने रहेंगे। खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त करेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। योजना क्रियान्वित होगी। भविष्य उज्ज्वल है। सुखद समाचारों से चिन्ता का निवारण होगा। ५ अक्टूबर से २९ नवम्बर तक भाईयों से विवाद उग्ररूप धारण कर सकता है। व्यर्थ की पंचायती करना उचित नहीं है। आपका जरूरी कार्य बनता-बनता रुक सकता है। मित्रों से मनमुटाव सा रहेगा। आपको संयम जरूरी है अन्यथा कटु आलोचना होगी। ३० नवम्बर से २१ जनवरी तक नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष रहेगा। सत्कर्म में अभिरुचि बढ़ेगी। आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। समय अनुकूल होने से लाभ उठाने में भूल न करें। २२ जनवरी से वर्षोपरान्त तक विरोधी पक्ष से टकराव सा रहेगा। जोखिम उठाकर कोई कार्य न करें। अधिकारी वर्ग से मन मुटाव सा रहेगा। अप्रिय समाचारों से आप चिन्ताग्रस्त रहेंगे।

धनु राशि (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा, भे)

इस वर्ष में २१ मई तक कामकाज में दिलचस्पी बढ़ेगी। अशुभ फलों में कमी आयेगी। आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विद्यार्थी व किसान वर्ग अपने ही कार्यों की सफलता से प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। शुभ कार्य करने की भूमिका बनेगी। २२ मई से ११ जुलाई तक आपके मित्र ही आपके शत्रु बन जायेंगे। व्यर्थ की पंचायती करना उचित नहीं है। स्वास्थ्य नर्म-गर्म सा रहेगा। विरोध व संघर्ष के कारण उत्साह में कमी आयेगी। बिना विशेषता के साथ में समय व्यतीत होगा। १२ जुलाई से ९ अगस्त तक सतपुरुषों से मिलने पर मन में प्रसन्नता रहेगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से आपका कार्य बन जायेगा। १० अगस्त से २ अक्टूबर तक मित्रों से मन मुटाव सा रहेगा। लेन-देन के

मामलों में सावधानी रखें। व्यय की अधिकता से कर्ज लेना पड़ सकता है। पारिवारिक क्लेश से मन में अशांत वातावरण रहेगा। जरूरी कार्य बनते-बनते रुक जायेगा। ३ अक्टूबर से २७ नवम्बर तक व्यापारिक वर्ग के कारोबार में निरन्तर प्रगति होगी। आप अपने ही कार्य कुशलता से औरों को प्रभावित करेंगे। राजनैतिक वर्ग का जनता में मान-सम्मान बढ़ेगा। खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त कर पायेगा। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आयेगा। २८ नवम्बर से २ फरवरी तक अधिकारी वर्ग से विचारों में भिन्नता रहेगी। पुराने विवाद फिर से आरम्भ होने से परेशानी रहेगी। नये परिचय पर ज्यादा विश्वास न करें। अपनी ही क्षमता से बढ़कर कारोबार में धन लगाना हितकर नहीं है। ३ फरवरी से वर्षोपरान्त तक सोचा हुआ कार्य सफल होगा। शुभ खर्च होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। मित्र मिलन से मन में हर्ष रहेगा। जमीन सम्बन्धित विवादों का समाधान निकल आयेगा। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

मकर राशि (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

इस वर्ष २४ मई तक नया कार्य आरम्भ होने के पहले कोई व्यवधान उत्पन्न होगा। व्यर्थ की लेन-देन करना उचित नहीं है। विरोध व संघर्ष का सामना करना पड़ेगा। आशा निराशा में परिवर्तित होगी। २५ मई से ९ जुलाई तक गणमान्य व्यक्ति आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे। सोचा हुआ कार्य वक्त पर बन जाने से मन प्रफुल्लित रहेगा अपने ही बुद्धि बल से अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे। कामकाज में प्रगति होगी। रुकी रकम प्राप्त होने से कर्जदारी में कमी आयेगी। १० जुलाई से ७ सितम्बर तक सोच समझकर कर आगे कदम बढ़ाना उचित रहेगा। विरोधी पक्ष आपकी प्रगति में रुकावटें लायेगा। आपका विश्वासपात्र व्यक्ति आपके साथ में विश्वासघात कर सकता है। व्यर्थ की पंचायती करना उचित नहीं है। ८ सितम्बर से ३ नवम्बर तक का समय महिलाओं के लिये सफलता का रहेगा। लम्बी यात्रा लाभप्रद रहेगी। शुभ अवसर से लाभ उठाने में भूल न करें। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आयेगा। शुभ खर्च करने की भूमिका बनेगी। ४ नवम्बर से २९ दिसम्बर तक अपनी क्षमता से बढ़कर कार्य न करें। व्यर्थ के विवाद से दूर रहना हितकर रहेगा। भाईयों से मन मुटाव सा रहेगा। नई समस्या उत्पन्न होने से आप चिन्ताग्रस्त रहेंगे। ३० दिसम्बर से ४ फरवरी तक शुभ कार्य की भूमिका बनने से चिन्ता का निवारण होगा। आत्म विश्वास के साथ कार्य करते रहें। योजना क्रियान्वित होगी। पुराने विवादों का समाधान निकल आयेगा। ५ फरवरी से २७ फरवरी तक सोच समझ कर कार्य करना ही हितकर रहेगा। व्यर्थ के खर्च से परेशानी रहेगी। २८ फरवरी से वर्षोपरान्त तक अधिकारी वर्ग के सहयोग से इच्छानुकूल स्थानान्तरण हो जायेगा। साहस से आगे बढ़ते रहें। भाग्य आपके साथ है। विरोधी पक्ष भी गुप्त रूप से आपके गुणों की प्रशंसा करेगा।

कुम्भ राशि (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

इस वर्ष में २९ मई तक अपने ही बुद्धिबल से किसी समस्या का समाधान कर पायेंगे। जमीन सम्बन्धित विवाद निपट जायेंगे। आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। आपकी निराशा आशा में परिवर्तित होगी। पुराने विवाद निपट जाने की आशा बनेगी। ३० मई से १७ जुलाई तक कारोबार में ज्यादा धन लगाना उचित नहीं है। आपका जरुरी कार्य अपूर्ण रहेगा। कोई अप्रिय समाचार मिलने से आप चिन्ताग्रस्त रहेंगे। अपनी ही क्षमता से बढ़कर निर्णय लेना हितकर नहीं है। १८ जुलाई से ९ सितम्बर तक भाग्यवादी प्रयास सफल होंगे। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से मन में हर्ष रहेगा। यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी। आत्मविश्वास जाग्रत होगा। अपने ही कार्यों की सफलता से आप उत्साहित रहेंगे। १० सितम्बर से व्यापारिक वर्ग सरकारी अधिकारियों से परेशान रहेगा। आपकी उदासीनता मित्रों को अखरेगी। रुकी रकम प्राप्त न होने से मानसिक चिन्ता रहेगी। अधिकारी वर्ग से मन मुटाव सा रहेगा। ११ सितम्बर से ५ नवम्बर तक इच्छित पद प्राप्ति हेतु व्यवधान समाप्त हो जायेगा। विद्यार्थी वर्ग अपने ही कार्यों से सन्तुष्ट रहेगा। धार्मिक कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। कामकाज में प्रगति होगी। ६ नवम्बर से २७ दिसम्बर तक विशेष कार्य निपटाने में ही समय बीत जायेगा। आय से खर्च ज्यादा रहने से आर्थिक कमी महसूस रहेगी। मन में भय का वातावरण रहेगा। २८ दिसम्बर से १० फरवरी तक राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ सन्देश मिलने से चिन्ता का निवारण होगा। सम्बन्धित वर्ग आपके सहयोग का आभार मानेंगे। ११ फरवरी से वर्षोपरान्त तक राजनैतिक वर्ग अपनी ही कटु आलोचना से परेशान रहेगा। योजना बनाते रहे। सफलता में देरी रहेगी। पारिवारिक परेशानी रहेगी।

मीन राशि (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

इस वर्ष में ७ मई तक देव, गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना जाग्रत होगी। राजनेता अपने ही क्षेत्र में यश प्राप्त करेंगे। प्रतिद्वन्द्वियों के लिये आप सिर दर्द बने रहेंगे। सुखद समाचारों से चिन्ता का निवारण होगा। ८ मई से २ जुलाई तक भाईयों से विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। भाग्यवादी कार्यों में रुकावटें आने से परेशानी रहेगी। शत्रु पक्ष की कुचेष्टा आपको संघर्षमय रखेगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह समय परेशानी का रहेगा। ३ जुलाई से २९ अगस्त तक शुभ कार्य आरम्भ करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आय के नये स्रोत सामने आयेंगे। किसान वर्ग उचित लाभ मिलने से उत्साहित रहेगा। समाज, परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। ३० अगस्त से १९ अक्टूबर तक सोच समझकर आगे कदम बढ़ाना उचित रहेगा। इच्छानुकूल स्थानान्तरण में रुकावटें आना सम्भव है। आरोप प्रत्यारोप का सामना करना पड़ेगा। सट्टा या लाटरी में धन लगाना उचित नहीं है। २० अक्टूबर से १७ दिसम्बर तक रुकी रकम प्राप्त होगी। मुकदमाबाजी से छुटकारा मिल जायेगा। व्यापारिक वर्ग लाभान्वित रहेगा। साहस से आगे बढ़ते रहें। भाग्य आपके साथ है। नया परिचय लाभप्रद रहेगा। सन्तान सम्बन्धित कार्य सफल होंगे। १८ दिसम्बर से २१ जनवरी तक आय में उतार-चढ़ाव सा रहेगा। दाम्पत्य जीवन में नई समस्या उत्पन्न हो सकती है। आवेश में आकर कम लाभ या अपनी हकदारी छोड़ना उचित नहीं है। २२ जनवरी से ७ मार्च तक आप अपनी ही कार्य कुशलता से औरों को प्रभावित करेंगे। नये कार्य की भूमिका बनेगी जो पूर्ण रूप से सफल होगी। विरोधी पक्ष भी गुप्त रूप से आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे। ८ मार्च से वर्षोपरान्त तक व्यर्थ की दौड़धूप व आय से खर्च ज्यादा रहेगा। कोई वस्तु खोई जा सकती है ध्यान रखें। विशेष कार्य निपटाने में रुकावटे आने से परेशानी रहेगी।

वैज्ञानिक अनुसंधान पर व्यापार भविष्य

परिलेखकर्ता- *श्री अखिलेश कुमार जैन,* पोरसा वाले

मार्च २००७

१ मार्च से ११ मार्च के बीच सरसों, अरण्ड, अलसी कडी, बिनौला तेल में भारी मंदी, तो ११ मार्च से २३ मार्च के बीच, तेल तिलहन में अच्छी तेजी, गुवार, कलौंजी में तेजी, चावल, हल्दी में तेजी आ सकती है तो २३ मार्च से २९ मार्च तक तेलों में एक बार अच्छी मंदी का झटका लग सकता है। २१ फरवरी २००७ से ५ अप्रैल के बीच लौंग, कालीमिर्च २७०७, हल्दी, धनियां, जीरा में तेजी आ सकती है। ७ से १८ मार्च तक चना में तेजी आ सकती है। गत् वर्ष के चना भाव जो ३३०० वाले नीचे में १४०१ और ऊँचे में २५०० फिर घटकर दो वर्ष में १२७५ के भाव रह सकते हैं। पिपरमेंट एक बार २१ जनवरी २००६ को ग्वालियर मण्डी में जो ९३५ के भाव थे वो एक बार कभी १२७५ या १६९९ रुपये/किलो के भाव होकर वापिस ३५५ के भाव रह सकते हैं। मूँग ४३०० वाली एक बार ११००-१२०० के भाव रह सकते हैं। जीरा नीचे से ६५-७५ ऊपर में ढाई साल में २११, सौंफ ९० वाली २५-३० रुपये रह सकती हैं। सन् २०१० में सूखा पड़ने की संभावना है। दालचीनी नीचे में ७५ रुपये/किलो व तीन साल में २७५ रुपये/किलो होने की संभावना है। गत् वर्ष काली मिर्च ७०-७५ रुपये/किलो वाली १२५ रुपये/किलो हो गयी। तीन वर्ष में कभी भी ३०१ से ५०१ होने की संभावना है। २५ अक्टूबर २००७ तक के बीच कभी भी चाँदी के नीचे भाव ८४९९ से ९२५५ रह सकने की संभावना है व सोना १२००० रुपये/तोला वाला ७५००-८१०० के नीचे भाव टच होने की संभावना है।

अप्रैल २००७

२० मार्च से १९ अप्रैल तक सींगदाना तेल २९९ की भड़कती तेजी, सरसों १५९, अलसी १९९, सोयाबीन तेल में तेजी आकर फिर बाद में मंदी आयेगी। १९ अप्रैल से ७ मई के बीच सरसों, तिल, अलसी, अरण्ड, कैस्टर, सोयाबीन, बिनौला में भारी मंदी आ सकती है। ५ अप्रैल से ५ मई तक लौंग में ३५ से ६५ की भारी तेजी आ सकती है। ११ मई से २१ मई तक मंदी, २७ मई तक तेजी आकर, १५ जून लौंग में जोरदार मंदी चल सकती है। १ से ७ अप्रैल तक चना में ४५ की, मसूर ६५, अरहर ४५ की मंदी तो २१ अप्रैल तक चना में ६५ की तेजी, अरहर ४५ की तेजी आ सकती है। २१ अप्रैल से ७ मई तक चना में ८५ की मंदी, अरहर, मस्टर लेंटिल में ६५ की मंदी चल सकती है। ३ से १६ अप्रैल तक चावल ७५ , जौ ४५, बाजरा २५, मूंग ४५ मंदी तो पिस्ता ३६, शक्कर ७५, तेल अरण्ड १०५ की भड़कती तेजी आ सकती है। ७ से ११ अप्रैल तक काली मिर्च २०५ तेज, सुपारी २०५ की मंदी, डालडा, तेल, बिनौला में भारी तेजी आ सकती है। ११ से २३ अप्रैल तक सौंठ ३०६ की तेजी, लाल मिर्च ५०५ की तेजी, सूजी २५ तेजी, तो २३ से ३० अप्रैल तक भारी मंदी चल सकती है। मगर हल्दी, जीरा में तेजी आ सकती है। १९ अप्रैल से १ मई तक, गुड़ ७५, चीनी ७५ की मंदी, किशमिस ४०५ की जोदार मंदी चल सकती है। इसके साथ साथ मूंग, उड़द में मंदी का दौर चल सकता है।

मई २००७

२७ अप्रैल से ४ मई तक या १२ मई तक तेल, तिलहन में भारी मंदी का झटका एक बार कभी भी आ सकता है। १६ से ३१ मई तक अरण्ड, अलसी, सरसों में तेजी आ सकती है। २९ मई से ११ जून के बीच तेलों में भारी मंदी आ सकती है। २३ अप्रैल से ११ मई के बीच कभी भी गोला २७५ की भड़कती तेजी, अरहर ७५, मक्का ३५, हल्दी में तेजी बन सकती है। १ से १५ मई तक चीनी ६५, गुड़ ५५ की तेजी आ सकती है। २७ अप्रैल से ५ मई तक सरसों ७५ की मंदी तो १ से १६ मई तक धनिया २०५ की मंदी, सोयाबीन तेल ६५ मंदी, मगर तिल २५० तेज, इमली १५५ बादाम ९९, चना ७५ तेजी, मसूर ५५ आ सकती है। ३ से १५ मई तक जौ ६५, गेहूं १९, गुड़, काली मिर्च ५००, मक्का ४५, गोला ५०१ तेज, इमली ५०५ की भड़कती तेजी, किशमिस ५०५, जीरा ५०५ की तेजी बन सकती है। १५ से २१ मई तक तिल तेल ५००, मसूर ६५, चावल ७५, काली मिर्च में ९०५ की भड़कती तेजी तो उड़द,मूंग में भारी मंदी आ सकती है। ११ से २३ मई के बीच जीरा, लाल मिर्च में मंदी का झटका लग सकता है। गेहूं ३५, चीनी में तेजी बन सकती है। २१ से ३१ मई के बीच कभी भी हल्दी ५०५ , पिस्ता २५, चावल ५५, सोयाबीन ७०७ तेजी आ सकती है। २३ से २९ मई तक गेहूं, चीनी ४५, जावित्री, उड़द में १७५, मोठ २०५, मूंग २९९ की जोरदार मंदी चल सकती है। २१ से ३१ मई तक पिस्ता ५५, राजमां १७५, इमली ५५१, चावल २५ तेजी तो मसूर ४५, अमचूर ९९९ की जोदार मंदी चल सकती है।

जून २००७

१९ मई से ३ जून के बीच सरसों ९९ की मंदी, ३ जून से ११ जून तक सरसों, फली तेल में तेजी, तो १८ जून तक मंदी आयेगी। २१ जून से १५ जुलाई के बीच फली तेल ३७७ की भड़कती तेजी, सरसों २७५, अरण्ड २०५ की तेजी आ सकती है। २५ मई से ७ जून के बीच हल्दी ५०७, गेहूं ५५, टरमरिक ५०७, उड़द, मूंग में मंदी चल सकती है। २७ मई से ५ जून तक चना ६५, इमली, मसूर में मंदी चल सकती है। १ से १५ जून के बीच सौंठ १५९९ की तेजी (१०० किलो पर होगी), लालमिर्च ७०७, अरहर पिगन पी २९९, मसूर १८७, किसमिश ५०५, इमली ५०५, चीनी ९९, गुड़ १०५ की तेजी आ सकती है मगर सोयाबीन डी ओ सी ४०५ की मंदी आ सकती है। ११ से १८ जून तक जीरा ५०५ की मंदी का झटका लग सकता है। ९ से २५ जून तक गेहूं, दड़ा ६५, अरहर में ९९ की भड़कती तेजी, इमली २०५, हल्दी ११९९ तेजी, अमचूर ९०९, चीनी ६५, सौंठ २७२७ की तूफानी तेजी, चावल, मटर १९९, काबली चना में तेजी आ सकती है। कालीमिर्च, लाल मिर्च में मंदी आ सकती है। २३ जून से १ जुलाई के बीच जीरा ७०७, कालीमिर्च ५०५, अरहर ७७, गेहूं ५५ की तेजी आ सकती है मगर उड़द, मूंग में मंदी चल सकती है। २३ से २९ जून तक चीनी ४५, खोपरा गोला ९९, राजमां में मंदी तो सौंठ ५००-७०७, अमचूर ९९९ की भड़कती तेजी, गुड़ ७१ की तेजी आ सकती है।

जुलाई २००७

२३ जून से ३ जुलाई २००७ तक फली तेल में १३६ की प्रचण्ड तेजी, सरसों ७७, सोयाबीन आदि में अच्छी तेजी, तो ९ जुलाई तक मंदी का झटका, तो ११ से १८ जुलाई तक सरसों फली तेल, अलसी, अरण्डी १७५ की भीषण तेजी, २० से २९ जुलाई तक फली तेल १७५, सरसों १५५ तथा अलसी, अरण्ड में अच्छी मंदी। २९ जुलाई से ७ अगस्त तक सरसों, सोयाबीन तेल में अच्छी तेजी आ सकती है। १ से ११ जुलाई तक गुड़ ७५, उड़द ७५, तेल गोला ५५, अरहर ७५, गेहूं ७७, मक्का ५५, काबली चना ५५, सोयाबीन ६०५ की जोरदार तेजी, जीरा २०५, सौंठ, चना ७९, हल्दी ५०५ की तेजी। चावल ३६ की मंदी, मसूर ५५ की मंदी आकर ७ से १८ जुलाई तक मसूर में ९९ की जोरदार तेजी आ सकती है। ३ से १५ जुलाई तक सौंठ, बादाम, खोपरा गोला, अरहर, तिल २५०, काली मिर्च १९०९ की भड़कती तेजी, किशमिस में अच्छी तेजी आ सकती है। ११ से १८ जुलाई तक इमली ९९ तेज, बादाम २०५ मंदी, धनिया, हल्दी, काली मिर्च में तेजी बन सकती है। खोपरा गोला ५५१ की जोरदार मंदी आ सकती है। १२ से २१ जुलाई तक सोयाबीन डीओसी ४०५ मंदी मगर लाल मिर्च में ५०७ तक तेजी आ सकती है। १५ से २७ जुलाई तक, अरहर, मसूर, मूंग, गेहूं, मक्का, मौंठ, चना में मंदी आ सकती है। २१ से ३१ जुलाई तक धनिया ५०५, इमली में मंदी आ सकती है।

अगस्त २००७

१ से ७ अगस्त तक तेलों में तेजी तो १५ अगस्त तक फली तेल ११५, सरसों ४५, सोयाबीन तेल १२१ की मंदी। १५ से २३ अगस्त तक फली तेल १६५, सरसों ७७ तेज, अलसी, अरण्डी, सोयाबीन में तेजी बनने की आशा है। २३ अगस्त से सितम्बर के मध्य तेलों में अच्छी मंदी चल सकती है। २५ जुलाई से ५ अगस्त के बीच सोयाबीन डी ओ सी ११०९ की जोरदार मंदी, मूंग २९९, उड़द ७५, काबली चना २५५ मंदी तो अमचूर में ७०७ की मंदी, छोटी इलायची में मंदी तो इमली ५०५ तेज, हल्दी ३०६, किशमिस ५०५, गुड़ ७७ तेजी आ सकती है। १५ से २१ अगस्त तक सोयाबीन डी ओ सी २०५, गेहूं २५, मक्का ३५, जई ६५, जौ ५९ मंदी। बादाम ९९ तेज, जीरा ९०५ तेज, हल्दी ७०७ की भड़कती तेजी आ सकती है। २१ अगस्त से २९ अगस्त के बीच कभी भी अरण्ड तेल में ४०७ की भारी तेजी बन सकती है। २१ अगस्त से १ सितम्बर २००७ के बीच उड़द ९१ तेजी, चीनी ७५ तेजी, सोयाबनी १०९९ की तूफानी तेजी, कालीमिर्च ९०९ की तेजी, गुड़ ७५ तेज, गेहूं ३५ तेज, अरहर ६५ तेजी, मसूर में ९५ तेजी मक्का में २५ की तेजी बन सकती है। १६ अगस्त से ७ नवम्बर तक तेलों में धमाके की मंदी आ सकती है।

सितम्बर २००७

२५ अगस्त से २१ सितम्बर के बीच अरण्ड १७५ तेज, जीरा ३९७५ की भारी तेजी, कलौंजी ९०९, लहसुन २५७७ की तूफानी तेजी, लाल मिर्च २७९९ तेज, चावल ६५ तेज, जौ ६५ की तेजी आ सकती है। ८ से १६ सितम्बर के बीच, जौ-जई, सरसों २७७ की भारी तेजी, बाजरा ५५ तेजी, गेहूँ ७७ तेज, हल्दी ११७७ की तेजी आ सकती है। २५-९-२००७ से ११-१०-२००७ के बीच मूंग, मक्का, बाजरा, गेहूँ, उड़द, सोयाबीन, चीनी में भारी मंदी का धमाका हो सकता है।

अक्टूबर २००७

१ से १५ अक्टूबर के बीच मूँगफली तेल ७०७ की भारी मंदी, मक्का, ज्वार, बाजरा ४५ मंदी, पिस्ता ५५ की मंदी, जीरा ११९९ की मंदी, मगर मगज तरबूज १४०१, कलौंजी, लहसुन, राजमा, बादाम, बड़ी इलायची में भारी तेजी आ सकती है। १६ से ३१ अक्टूबर तक सोयाबीन डीओसी ७०७ की भारी तेजी, लौंग १७५, मैदा १७५ तेज, तो मगज तरबूज, चीनी, जौ, गुड़ में भारी मंदी। गुवार में भारी मंदी आ सकती है। १८ से २५ अक्टूबर तक फली तेल, सोयाबीन ७५ मंदी, उड़द ३७७ जोरदार मंदी चल सकती है।

नवम्बर २००७

२७ अक्टूबर से ११ नवम्बर के बीच सरसों २७७ तेज, लहसुन में तेजी, अरण्डी १७५, सोयाबीन तेल २०७ तेज, बिनौला तेल १६१ की भारी तेजी आ सकती है। २५ अक्टूबर से १६ नवम्बर के बीच उड़द ३०५ तेजी, मगज तरबूज २५७५ तेज, बाजरा-मक्का, काली मिर्च ३९९९ की भारी तेजी, बड़ी इलायची, छोटी इलायची में तेजी आ सकती है। १५ से ३० नवम्बर तक गुवार, पिपरमेंट में भारी मंदी। सोयाबीन डोओसी, उड़द, मूँग, राजमा में मंदी, तेलों में घटबढ़ से मंदी चल सकती है तो चीनी, सौंठ ७०७, कलौंजी, लहसुन में तेजी बन सकती है। ११ नवम्बर से ५ दिसम्बर के बीच बड़ी इलायची, लहसुन में तेजी आ सकती है। १७ अक्टूबर से १५ नवम्बर के बीच काली मिर्च में अच्छी तेजी आ सकती है।

दिसम्बर २००७

३ से ११ दिसम्बर तक सरसों, अरण्ड, अलसी, सोयाबीन, करडी तेलों में भारी तेजी तथा काबली चना, चावल, जावित्री, बाजरा, लहसुन में अच्छी तेजी आ सकती है। २७-१०-२००७ से ५ जनवरी २००८ के बीच तिल ९९९ की भारी तेजी आ सकती है। पोस्तादाना, बड़ी इलायची, छोटी इलायची, चीनी, बाजरा, मक्का में तेजी। १५-१२-२००७ से २७ जनवरी २००८ के बीच सरसों २७७ की तूफानी मंदी, मूँगफली तेल ९९९ की तूफानी मंदी का दौर चल सकता है। २१ दिसम्बर २००७ से १ जनवरी २००८ के बीच जौ-जई में तेजी आ सकती है।

जनवरी २००८

२५ दिसम्बर २००७ से ११ जनवरी २००८ तक तिल ५०५ की भारी तेजी, बिनौला, अरण्ड, सोयाबीन में अच्छी तेजी आ सकती है। तो १५ जनवरी से ५ फरवरी तक अलसी, अरण्ड, सरसों में भयंकर मंदी का दौर चल सकता है। २७ दिसम्बर २००७ से ७-१-२००८ के बीच गुड़, सौंठ में भारी मंदी तो छोटी-बड़ी इलायची, गेहूँ, जावित्री में अच्छी तेजी चल सकती है। साथ लहसुन में तेजी आकर बाद में लहसुन में जोरदार मंदी चल सकती है। ३

से १५ जनवरी तक सोयाबीन डी ओ सी २०७ की मंदी चल सकती है। ३ से ३१ जनवरी तक मक्का ६५ तेज, पिस्ता ७५ खोपरा गोला, पोस्तादाना, बड़ी इलायची में भारी तेजी आ सकती है। ११ जनवरी से ५ फरवरी तक बाजरा, बादाम, ज्वार १२१, छोटी-इलायची में ७५ की भारी तेजी तो पिपरमेंट में मंदी आ सकती है।

फरवरी २००८

५ से ११ फरवरी तक फली, तेल, बिनौला तेल, अरण्ड में भारी तेजी तथा इसके साथ काली मिर्च १५७५ की भारी तेजी, जायफल, जावित्री, मगज तरबूज में अच्छी तेजी तो लहसुन में भारी मंदी का दौर चल सकता है। ३ फरवरी से १५ फरवरी तक मूंग, उड़द में तेजी, सोयाबीन ७७७ की भयंकर मंदी, किसमिस, गुड़ में मंदी आ सकती है। गुवार, पिपरमेंट में मंदी आ सकती है। ११ फरवरी से १८ मार्च तक कालीमिर्च, जीरा, लौंग, बड़ी इलायची में अच्छी तेजी आ सकती है।

मार्च २००८

२१ फरवरी से ९ मार्च के बीच कभी भी अरहर ४५ तेज, उड़द ९५, गेहूँ ४५ तेज, जीरा ९०५ की भारी तेजी तो इमली, सौंठ, अरण्ड, गुवार में जोरदार मंदी आ सकती है। २३ मार्च से १ अप्रैल के बीच बड़ी इलायची, जीरा, काली मिर्च, तिल, अरण्ड में भारी तेजी आ सकती हैं। ९ मार्च या १५ मार्च से २९ मार्च तक, अलसी, अरण्ड, सोयाबीन तेल, गुवार में भारी तेजी चल सकती है।

अप्रैल २००८

२३ मार्च से ९ अप्रैल के बीच गुवार ३०७ की भारी तेजी, मूंग ३०७, बाजरा, मक्का, गेहूं में भारी तेजी आ सकती है। मगर अरहर, इमली में मंदी तो ज्वार, मक्का ४५, गेहूं देशी ७५, मूंग ३०७, रुई में तेजी आ सकती है। २५ मार्च से १५ अप्रैल तक काली मिर्च, जीरा, गुवार, चावल, चांदी में तेजी आ सकती है।

तिलहन गोल्डन चांस

(१) १५ मार्च २००७ से ७ दिन पूर्व या १७ दिन बाद तक, सरसों हापुड़, तेल सोयाबीन इन्दौर में, बम्बई फलीतेल, बिनौलातेल में जोरदार तेजी चलने की संभावना है। मगर ७ मार्च के आसपास नीचे भाव हो तो आगे ११ दिन में तेलों व तिलहन में अच्छी तेजी आयेगी। मगर बाजार लाइन जैसे चल पड़े तो ५-७ दिन में व्यापार करके व्यापार से लाभ लेवें।

(२) २५ मार्च २००७ के आसपास २-३ दिन बाजार जोरदार चलेंगे। (३) १९-१२-२००७ (४) १५ फरवरी २००८ (५) २३ अगस्त २००८, (६) २१-१०-२००८ उपरोक्त लिखी विधि को उपयोग में लावें व नीचे और ऊंचे तेल के बाजार टच भी होने की संभावना है। उसके बाद लाइन बदल कर चलेगी।

खाद्य तेलों के स्पेशल चांस

१) १९ जनवरी २००७ से ५ फरवरी तक तेलों में भयंकर मंदी नीचे के भाव। २) ३ मार्च २००७ से १५-३-२००७ एडिबल ऑयल में कोई इकतरफा जोरदार झड़पी लाइन चलेगी। ३) ११ मई से २१ जून २००७ तक सरसों, एरण्ड, सोयाबीन में तूफानी चाल निकल सकती है। ४) ५ अगस्त २००७ से १६ अगस्त के बीच, ५) ७-९-२००७ से १९ सितम्बर तक तेलों में भयंकर मंदी आयेगी। ६) ३ या २३ जनवरी से ७ फरवरी २००८ तक तेल मंदी। ७) ३ मार्च से २००८ से ९ मार्च तक मंदी। ८) २९ अप्रैल २००८ से २७ मई २००८। ८) ७ जून से १८ जून २००८ तक, नीचे या ऊंचे बाजार टच हो सकते हैं। १०) ११ अगस्त से २३-८-२००८ तक कोई लाईन निकलेगी। ११) १५ जनवरी २००९ से ११ मार्च २००९ तक कोई लाईन निकल सकती है।

शेयर्स मार्केट

इंडेक्स बी.एस.ई. शेयर्स २९-४-२००३ को २९०९ था वो ११ मई २००६ को १२६७१ होकर जुलाई में ८९५०, यानी ३६०० प्वाइंट की मंदी होकर पुन: अक्टूबर २००६ में १२५७५ हो गया है। आशा है कि १२ फरवरी २००८ के बीच कभी भी इंडेक्स १७७७७ होकर वापिस ४९९९ के नीचे के स्तर को छूने की संभावना है। बीच में २५००-३८११ प्वाइंट भयंकर गिरावट भी हो सकती है। सावधानी से व्यापार करें।

१. २७ दिसम्बर २००६ से २३ जनवरी २००७ के बीच रिलायंस में ४५ की मंदी। ए.सी. सी. ४१ की मंदी, बी.एस.ई. इंडेक्स में ३७५ प्वाइंट की गिराबट आ सकती है। अथवा ये मंदी १८ फरवरी २००७ तक चल सकती है। बी.एस.ई. इंडेक्स में ७९९ प्वाइंट की जोरदार गिरावट आ सकती है।

२. २१ फरवरी २००७ से ७ मार्च २००७ तक, इंडेक्स में ३९९ प्वाइंट की भारी तेजी, रिलायंस इण्डस्ट्रीज में ४७ तेजी, ए.सी.सी. ५५ तेजी बनने की संभावना है। ७ से १५ मार्च २००७ तक शेयर्स मार्केट में भारी मंदी का झटका लग सकता है। १५ मार्च २००७ से ५ अप्रैल तक बी. एस.ई. इंडेक्स में ७८९ प्वाइंट की भारी तेजी आ सकती है। ५ अप्रैल २००७ से २१ अप्रैल तक रिलायंस शेयर ६५ की जोरदार मंदी, फिर बाजार लाईन जैसी चले वैसा ही व्यापार करें।

३. २३ अप्रैल २००७ से ५ मई तक शेयर्स मार्केट में तेजी का उछाला तो ९ तक मंदी तो १० मई २००७ से १८ मई तक रिलायंस शेयर्स २५ तेजी, ३१ मई तक ए.सी.सी. ४५ की मंदी बन सकती है। ३ जून २००७ से १ जुलाई के बीच, ए.सी.सी. ६५ तेज, रिलायंस १२५ तेज, इंडेक्स ३७७ प्वाइंट की बढ़ोतरी हो सकती है। बाजार रुख देखकर सदैव व्यापार करें। ७ जुलाई से २९ जुलाई के बीच कभी भयंकर मंदी का झटका लग सकता है। अथवा ये मंदी ९ अगस्त २००७ तक चल सकती है। ९ अगस्त २००७ से २७ अगस्त तक शेयर्स मार्केट में भारी तेजी २७ से ५ सितम्बर तक भारी मंदी आ सकती है।

४. ५ सितम्बर से ११ अक्टूबर २००७ के बीच ए.सी.सी. ७५ तेज, रिलायंस शेयर्स ८७ तेजी आ सकती है। तो ११-१०-२००७ से ७ नवम्बर २००७ तक भारी मंदी बी.एस.ई. इंडेक्स

७९९ प्वाइंट की भारी गिरावट का दौर चल सकता है।

५. ७ नवम्बर से ३१ दिसम्बर २००७ तक बी.एस.ई. इंडेक्स में ५७९ प्वाइंट की भारी तेजी आ सकती है। फिर यदि मंदी चले तो मंदी का व्यापार करें।

६. १ जनवरी २००८ से १७ जनवरी २००८ तक रिलायंस शेयर्स ३५ की मंदी तो २२ तक तेजी, २३ जनवरी २००८ से १९ फरवरी तक मंदी, १९ फरवरी २००८ से ३ मार्च तक तेजी, ७ मार्च तक मंदी, ९ मार्च २००८ से १५ मार्च तक तेजी, १५ मार्च से १ अप्रैल तक मंदी तो ३ अप्रैल २००८ से २१ अप्रैल २००८ तक, बी.एस.ई. इंडेक्स ३७७ प्वाइंट की भारी तेजी बन सकती है तो ७ मई तक मंदी आने की संभावना है।

७. क्रूड ऑयल अमेरिकन जो कभी अगस्त २००६ में ७५-७८ डालर के प्रति बैरल के भाव थे। वो १५-११-२००७ या १५-३-२००८ तक २९ से ३३ डालर के नीचे स्तर के भाव क्रूड ऑयल प्रति बैरल के रह सकते हैं। अत: सोनी-चांदी, पेट्रोल, डीजल के भाव एक बार जोरदार रूप से घट सकते हैं। सावधानी से बाजार रुख देखकर व्यापार करें।

८. तिल में नीचे में २३९९ ऊंचे में डेढ़ साल में कभी भी तिल ४५४५ से ५०१५ के टॉप भाव बन सकते हैं।

गुवार सीड में तेजी मंदी की इकतरफा लाइनें

९ फरवरी २००७ तक, ३९९ की गुवार में जोरदार मंदी तो ५ मार्च २००७ तक घटबढ़ से तेजी तो ९ मार्च तक गुवार में मंदी, ९ मार्च २००७ से १५ मार्च तक एकदम तेजी तो २५ मार्च २००७ के बीच गुवार २५५ से ७७९ की जोरदार मंदी, २५ मार्च से ७ अप्रैल २००७ तक, तेजी फिर जैसा बाजार चले वैसा ही व्यापार करें। ९ अप्रैल से १५ अप्रैल तेजी तो १५ अप्रैल से २१ अप्रैल मंदी। ७ मई २००७ से २१ मई तक गुवार में प्रचण्ड मंदी तो २३ मई तक तेजी बन सकती है।

क्रूड ऑयल तेजी मंदी (प्रति बैरल)

(१) ११ दिसम्बर २००६ से ३ जनवरी २००७ के बीच क्रूड ऑयल में ९ डालर प्रति बैरल में मंदी घटे तो २३ जनवरी २००७ तक घटे भाव एकदम बढ़ने की संभावना है। तो ३ फरवरी २००७ तक ७ डालर की मंदी आ सकती है।

(२) ३ फरवरी से १५ मार्च २००७ या ११ मई २००७ तक क्रूड ऑयल में १५ की जोरदार तेजी चल सकती है। १५ मार्च २००७ से ५ अप्रैल के बीच जोरदार मंदी आ सकती है। ५ अप्रैल से २५ अप्रैल या १५ जून २००७ तक क्रूड ऑयल में १०-२५ डालर की भारी तेजी बाद में अधिकतर अमेरिकन क्रूड ऑयल में मंदी आवेगी।

(३) २७ अप्रैल या २० जून २००७ से १५-२० दिन में कोई इकतरफा लाइन जैसी चले वैसा ही व्यापार करें। १५ जुलाई से २१ अगस्त २००७ के बीच भारी तेजी तो २० सितम्बर २००७ तक जोरदार मंदी चल सकती है।

(४) २० सितम्बर से २७ अक्टूबर २००७ तक, क्रूड ऑयल में भारी तेजी या मंदी चले तो मंदी का व्यापार करें। २७ अक्टूबर से ११ दिसम्बर २००७ तक भारी मंदी चल सकती है।

(५) १५ दिसम्बर २००७ से २१ मार्च २००८ तक, क्रूड ऑयल अमेरिकन के तेलों में २५ डालर/प्रति बैरल की भारी तूफानी तेजी, तो २१ मार्च से ११ मई २००८ तक २५-३१ की भारी मंदी, ११ मई से ३१ अगस्त २००८ तक २१-३३ की भारी तेजी तो ३१ अगस्त से ५ नवम्बर २००८ तक में भारी मंदी आ सकती है।